तत्र शास्त्रप्रक्रियानिर्वाहको वर्णस्फोटः। प्रकृतिप्रत्ययास्तत्तदर्थवाचका इति तदर्थः। उपसर्गनिपातधात्वादिविभागोऽप्येवमेव काल्पनिकः। तस्यैवान्वाख्यानस्य लाघवेन निर्वाहाय स्थानिनो लादय आदेशास्तिबादयश्च कल्पिता एव। तेषामर्था अपि कल्पिता एव। तत्र स्थानिनामर्था ऋषिभिः कण्ठत उक्ताः। आदेशानां च स्थान्यर्थाभिधानसमर्थस्यैवादेशतेति न्यायेन ते। मुख्यं वाचकत्वं तु तथा कल्पनया बोधिते तत्समुदायरूपे पदे वाक्ये वा, लौकिकानां तत एव बोधात्।

कु०—ननु वाक्यस्फोटस्य मुख्यत्वे स्फोटान्तरस्योच्छेद इत्यत आह—**तत्र शास्त्रेति**। प्रक्रियते प्रत्ययात् पूर्वं क्रियते इति प्रकृतिरिति केचित् तन्न। बहुपटुरित्यत्राव्याप्तेः। प्रत्ययोद्देश्यतयेति तु युक्तोऽर्थः। एवमेव शास्त्रप्रक्रियार्थमेव कल्पितः। लघोर्भावो लाघवमनायासेन प्रवृत्तिः। तत्साधने तूपचाराद्वृत्तिः। कण्ठत उक्ता इति। लः कर्मणि चेत्यादिना। न्यायेन ते इति। उक्तन्यायेनाऽऽदेशानामर्था उक्ता इत्यर्थः। तथा कल्पनयेति। अन्वयव्यतिरेकाभ्यां प्रकृतिप्रत्ययौ प्रकल्प्य तत्समुदायरूपे पदे इत्यर्थः।

इस स्थिति में लिङ्ग की अपेक्षा श्रुति के बलवती होने से गार्हपत्योपस्थान में ही इसका विनियोग माना गया, क्योंकि श्रुति बिना किसी की अपेक्षा किये स्वरूपसती ही गार्हपत्योपस्थान में विनियोग बता रही है। लिङ्गप्रमाण तो श्रुति की अपेक्षा करता है। इसलिये श्रुतिप्रमाण लिङ्ग की अपेक्षा प्रबल तथा श्रुति की अपेक्षा लिङ्ग दुर्बल है।

यहाँ पुनः यह शङ्का हो सकती है कि लिङ्गप्रमाण श्रुति की अपेक्षा से विनियोग कराता है, इस अंश में क्या युक्ति है? जब यह अंश सिद्ध हो, तब लिङ्ग का दौर्बल्य सिद्ध हो सके।

इसका समाधान यह है कि इस ऋचा से इन्द्र का उपस्थान करना चाहिये—ऐसा विनियोग लिङ्ग से स्वरसतः नहीं हो सकता; अपितु इन्द्र के प्रकाशन में सामर्थ्य वाली ऋचा की अन्यथा अनुपपत्ति के कारण 'इस ऋचा से इन्द्र का उपस्थान करना चाहिये' इस अर्थवाली—'अनयेन्द्र उपस्थातव्यः' इस श्रुति की कल्पना लिङ्गप्रमाण से की जाती है, जिससे विनियोग की व्यवस्था हो सके। ऐसी स्थिति में लिङ्गप्रमाण श्रुति की कल्पना के लिये जब तक उद्योग करेगा, उससे पहले ही प्रत्यक्षश्रुति गार्हपत्योपस्थान में विनियोग करा देगी। इस प्रकार वाक्यस्फोट की सखण्डत्व-कल्पना से पदस्फोट तथा प्रकृति-प्रत्यय स्फोट की कल्पना हुई, जिससे श्रुतिलिङ्गादि के बलाबल-विचार की सङ्गति हुई॥ २॥

एतदेवाभिप्रेत्य भूवादिसूत्रे भाष्ये 'भाववचनो धातुः' इति लक्षणे, सति प्रत्यये भाववचनत्वं, भाववचनाच्च प्रत्ययः, इत्यन्योन्याश्रयमाशङ्क्यानाश्रित्य भाववचनत्वं प्रत्ययः नित्यत्वाच्छब्दानामित्युक्तम्। पारमार्थिकं नाश्रीयते, कल्पितं त्वाश्रीयत एव इति कैयटः।

एवञ्च स्थानिनां वाचकत्वमादेशानां वा इत्यादिविचारो निष्फल एव, कल्पितवाचकत्वस्योभयत्रापि सत्त्वात्। व्याकरणभेदेन स्थानिनां भेदेऽपि न क्षतिः लिपीनां भेदे इवेति दिक्॥ ३॥

लक्षणे इति। क्रियमाणे इति शेषः। सति प्रत्यये इति। उत्पन्ने हि प्रत्यये भाववचनत्वं गम्यते, भाववचनाच्च प्रत्ययो भवतीत्यर्थः। शास्त्रव्यवहारात् प्राक् समुदाय एव नास्तीत्यन्वयव्यतिरेकलभ्यार्थवत्त्वविभागाभावाद् भाववचनत्वरूपं धातुत्वं दुर्ज्ञेयमिति भावः। ननु धातुसंज्ञायां भाववचनत्वस्याश्रितत्वादनाश्रित्येत्ययुक्तमत आशयं योजयति—पारमार्थिकमिति। व्यवहारगम्यं मुख्यं वाचकत्वं पदनिष्ठं वाक्यनिष्ठं वा, तदत्र नाश्रीयत इति तदर्थः। कल्पितमिति। भाष्यकृतान्वयव्यतिरेकाभ्यां धातुरेव क्रियावाचीत्युक्तत्वात् प्रकृत्यादिनिष्ठमेव वाचकत्वमाश्रीयत इति भावः। ननु प्रत्ययादिविभागस्य कल्पितत्वे 'को धातुः' इत्यादिश्रुतिविरोध इति चेत्, सत्यम्, कल्पिताभिप्रायेणैव तथोक्तेः। कल्पनाया अपि व्यवहारनित्यतया नित्यत्वात्।

एवञ्चेति। मुख्यवाचकत्वस्य पदे एव सत्त्वात्, व्याकरणभेदेन स्थानिनामनियतत्वान्न वाचकत्वमिति मतं निराकरोति—व्याकरणेति। लिपीनामिति। भिन्नानामपि लिपीनां बोधकत्ववदित्यर्थः॥ ३॥

क०—एवं मुख्यं पक्षं चरममुक्त्वा शास्त्रोपयोगित्वेन सर्वतोऽपकृष्टमाद्यमाह। **तत्रेति**। कल्पितपदतदैकदेशयोर्मध्ये इत्यर्थः। ननु वर्णस्फोट इत्यस्य वर्णा वाचका इत्यर्थः स्यात्, स चायुक्तः, तेषामानर्थक्यस्य भाष्ये एव बहुशः स्पष्टत्वात्। किञ्चात्र पक्षेऽर्थबोधानुकूला शक्तिर्वर्णसमूहे एव पर्याप्ता वाच्या, न प्रत्येकम्, तथा सति प्रत्येकमर्थवत्त्वात्प्रातिपदिकत्वाद्यापत्तौ धनं वनमित्यादौ नलोपाद्यापत्तेः। किञ्च प्रत्येकं शक्तिमत्त्वे प्रत्येकं वर्णादर्थबोधापत्तिः। किञ्च द्वितीयादिवर्णोच्चारणस्य वैयर्थ्यापत्तिः। न च प्रत्येकं वर्णैरर्थस्मरणमात्रं जन्यते, चरमेण पुनः स्पष्टं जन्यते, प्रत्यक्ष इव स्मरणेऽपि वैजात्याङ्गीकारादिति वाच्यम्, प्रतिवर्णमर्थस्मरणस्यानुभवविरुद्धत्वाद् गुरुत्वाच्च। न च प्रत्येकावृत्तेः कथं समुदायवृत्तित्वं, द्वित्वादिवदुपपत्तेः, अत आह—**प्रकृतीति**। तथा च वर्णपदं पदैकदेशपरमिति भावः।

अवास्तवप्रसङ्गेनान्यदपि तथा आह। **उपेति**। एतेषां मिथोविभाग इत्यर्थः, अन्यथा निपातपदानर्थक्यापत्तिः। आदिना नामाख्यातपरिग्रहः। एवमेव प्रकृति-प्रत्ययादिवत्। ननु प्रकृतिप्रत्ययादिकल्पनेऽपि न लाघवेन तदन्वाख्यानं तदानन्त्येन तेषामप्यानन्त्यादत आह—तस्यैवेति। प्रतिवाक्यान्वाख्यानस्यैवेत्यर्थः। उक्तफलार्थ-मेवाह। तेषामिति। स्थानिनामादेशानां चेत्यर्थः। तत्र। स्थान्यादेशयोर्मध्ये। अयं न्यायः स्थानेऽन्तरतमेतिसूत्रसिद्धः। ते अर्थाः। उपसंहरति—मुख्यमिति। यद्वा तत्र तत्र गमकान्तरं वक्तुमुक्तमेव पुनराह—मुख्यमिति। तथेति। प्रकृतिप्रत्ययादीत्यर्थः। तत्समुदायेति। प्रकृत्यादिसमुदायेत्यर्थः। पदस्यापि तत्त्वादाह। वाक्ये इति। लौकिका-नामिति। प्रियतद्धिता इति न्यायेन निर्देशः। यद्वा लोको व्यवहारस्तत्र स्थितानां-मित्यर्थः। तत एव। वाक्यादेव। बोधात्परिपूर्णार्थबोधात्। गमकमत्राह—एतदेवेति। मुख्यवाचकत्वस्य तत्रैव सत्त्वमित्यर्थः। सतीति। प्रत्यये सतीत्यन्वयः। केवलधातोर-प्रयोगादिति भावः। नित्यत्वादिति भावः। साधुत्वान्वाख्यानमात्रे शास्त्रव्यापारात्प्रा-गुक्तप्रणाडी सर्वापि सिद्धैवेति नान्योन्याश्रय इति भावः।

ननु धातुसंज्ञार्थं भाववचनत्वस्याश्रितत्वादनाश्रित्येत्ययुक्तमत उक्तमेवाशय-माह। **पारेति**। तस्य व्यवहारेण समुदायवृत्तित्वादिति भावः। कल्पितन्त्विति। भाष्यकृता तत्रैव पूर्वमन्वयव्यतिरेकाभ्यां धातुरेव क्रियावाचीत्युक्तेरिति भावः। अन्येषामज्ञानं प्रकटयन्फलितमाह एवञ्चेति। मुख्यवाचकत्वस्य तत्रैव सत्त्वे चेत्यर्थः। आदिना प्रकृतेरेवार्थोऽथवा प्रत्ययस्य, विकरणा अर्थवन्तोऽथवा निरर्थका इत्यादिग्रहः। उभयत्र—स्थान्यादेशयोः। ननु व्याकरणभेदेन स्थानिभेदात्कथं तन्निर्वाहोऽत आह—व्याकरणेति। स्थानिनाम् लडादीनाम्। क्वचित्क्यङ्चङादीनामुक्तेरिति भावः। न क्षतिरिति। यथा कल्पितवाचकत्वभ्रमात् लिपिषु इति तद्भेदे न दोषस्तथा कल्पित-वाचकत्वात्तेषां भेदेऽपीति भावः।

दिगिति। दिगर्थस्तु वृत्तिषु एकार्थीभावः नामार्थयोः, प्रकृतिप्रत्यययोरित्यादि-कमपि कल्पितमिति ॥ ३ ॥

सरला—सखण्डाखण्ड भेद से आठ प्रकार के स्फोटों में वर्णस्फोट से शास्त्रीय प्रक्रिया का निर्वाह होता है। प्रकृति तथा प्रत्यय तत्तत् = अपने-अपने अर्थ के वाचक हैं, यह वर्णस्फोट का तात्पर्य है। वर्ण ही स्फोट अर्थात् वाचक है, ऐसा नहीं। जहाँ वर्णरूप ही प्रकृतिप्रत्यय हों, वहाँ तो भले ही वर्णरूप स्फोट होवे; परन्तु जहाँ वर्णसमुदायरूप प्रकृतिप्रत्यय हों, वहाँ पर तो समुदाय ही वाचक होता है। उपसर्ग-निपात-धातु-प्रातिपदिक-सुप्-तिङ् आदि का विभाग भी इसी प्रकार काल्पनिक है।

वर्णस्फोट के ही अन्वाख्यान का लघुरूप से निर्वाह करने के लिये लट् लिट् इत्यादि लकार एवं सु-ङस् इत्यादि विभक्ति रूप स्थानी तथा तिप्, विसर्ग आदि आदेश भी कल्पित ही हैं। इनके कर्त्ता आदि अर्थ भी कल्पित हैं। इसमें स्थानियों का

अर्थ तो ऋषियों ने 'लः कर्मणि च' इत्यादि सूत्रों से साक्षात् कहा है। आदेशों का अर्थ यद्यपि साक्षात् तो नहीं कहा गया, तथापि 'स्थानी के अर्थबोधन में जो समर्थ हो, वही आदेश होता है' इस नियम से उनका भी अर्थ उक्तप्राय ही है। परन्तु यह कल्पित अर्थवत्त्व है। इस प्रकार की कल्पना से बोधित प्रकृति-प्रत्यय के समुदाय-रूप पद में अथवा पदसमूहरूप वाक्य में मुख्यरूप से अर्थवत्त्व माना जाता है; क्योंकि लोक में व्यवहार सिद्धि के लिये वाक्य से ही बोध होता है। कहीं-कहीं 'प्रविश पिण्डीम्' इत्यादि पदों से भी होता है। वहाँ पर उतने में वाक्यत्व का आरोप रहता है। केवल पदों से भी यद्यपि बोध हो जाता है; परन्तु वह निराकाङ्क्ष नहीं होता।

प्रकृतिप्रत्यय आदि के इस कल्पित अर्थवाचकत्व के अभिप्राय से भूवादयः इस सूत्र में भगवान् भाष्यकार 'भाववचनो धातुः' ऐसा न्यास करते हुए सति प्रत्यये भाववचनत्वम्, भाववचनाच्च प्रत्ययः इस प्रकार अन्योन्याश्रय की शङ्का किये हैं।

परस्पर दो वस्तुओं के सापेक्ष होने पर अन्योन्याश्रय दोष होता है। यहाँ पर तिबादि प्रत्ययों की उत्पत्ति हो जाने पर प्रकृति में भाववचनत्व (भाव = क्रिया-वाचकत्व) का ज्ञान होता है तथा क्रियावाचकत्व के ज्ञान होने पर ही प्रकृति की धातुसंज्ञा होने से तिबादि प्रत्ययों की उत्पत्ति हो सकती है।

इस प्रकार तिबादि की उत्पत्ति के अधीन भाववाचकत्व का ज्ञान, भाव-वाचकत्व ज्ञान के अधीन तिबादि प्रत्ययों की उत्पत्ति। यह ज्ञान तथा उत्पत्ति में अन्योन्याश्रय हुआ। इस दोष का परिहार भी स्वयं भाष्यकार ने इस प्रकार किया है कि वैयाकरणों के मत में शब्द नित्य माने जाते हैं। अतः भाववचनत्व के आश्रयण के बिना ही प्रकृति से पर प्रत्यय वर्तमान ही है। इस प्रकार प्रदीपकार कैयट का कथन है कि जिससे लोक में भी अर्थ की प्रतीति होती है, वह पारमार्थिक अर्थवत्त्व होता है, उसका प्रत्ययान्त में ही सम्भव होता है, वैसा भाववाचकत्व तो आश्रित नहीं होता, पर काल्पनिक तो आश्रित किया ही जाता है।

इस प्रकार स्थानी की वाचकता मानी जाय, अथवा आदेश की ? इत्यादि विचार निष्फल ही है। क्योंकि काल्पनिक वाचकत्व दोनों में है। व्याकरण के भेद से लट्-सु-इत्यादि का भेद होना सम्भावित है। ऐसी स्थिति में विनिगमनाविरह से सभी व्याकरण के स्थानी तथा आदेश में अर्थबोधकता मानने में यद्यपि गौरव है, फिर भी वह प्रामाणिक होने से दोषावह नहीं है। जैसे तत्तद्देश भेद से अथवा भाषाभेद से लिपियों का भेद तथा उन सभी लिपियों की शब्दविषयक संस्कार की उद्बोधकता प्रामाणिक है ॥ ३ ॥

वि० टि०—'शास्त्रीयप्रक्रियानिर्वाहको वर्णस्फोटः वर्णरूपः स्फोटः वर्णस्फोटः' इस विषय में मतभेद है। प्रकृति-प्रत्ययादि के प्रत्येक वर्ण उसी अर्थ के वाचक हैं। 'द्वौ ब्राह्मणौ' इस वाक्य में 'द्वि-औ'। ब्राह्मण–औ, यह चारों यद्यपि द्वित्व के बोधक हैं

फिर भी चार द्वित्व का बोध नहीं किया जाता, अपि तु एक ही द्वित्व शाब्दबोध में विषय होता है। अन्य की उपस्थिति मात्र होती है। इसी प्रकार प्रतिवर्ण से वही अर्थ उपस्थित होगा, पर एक ही अर्थ शाब्दबोध में विषय होगा।

अब विचारणीय है कि शाब्दबोध में कौन एक विषय होवे, ऐसी शङ्का में उचित है कि अन्त्यवर्ण से उपस्थित अर्थ ही शाब्दबोध में विषय हो; क्योंकि उसी के श्रवण के पश्चात् बोध का होना अनुभवसिद्ध है।

इसी दृष्टि से दूसरे पक्षवाले आचार्यों ने प्रतिवर्ण से अर्थोपस्थिति में गौरव समझकर उसे न मानते हुए अन्त्य वर्ण में ही वाचकत्व शक्ति मानी है। पूर्व-पूर्व वर्णों के श्रावणप्रत्यक्षरूप अनुभव से जायमान संस्कारों को अन्त्यवर्ण से अर्थबोध होने में सहकारी कारण माना गया है। अतः अन्त्यवर्ण के ही श्रवण से बोध नहीं होता।

वर्णस्फोटवादियों के ये दोनों पक्ष वैयाकरणभूषणसार के स्फोट निरूपण में ६१ से ६४ श्लोक में निरूपित हैं। मञ्जूषाकार श्री नागेशभट्ट तो वर्णस्फोट का तात्पर्य कुछ और ही कहते हैं। उनका कहना है कि प्रकृतिस्फोट प्रत्ययस्फोटरूप पदावयवस्फोट में वर्णस्फोट का तात्पर्य है। इसी आशय को व्यक्त करते हैं कि 'प्रकृतिप्रत्ययास्तत्तदर्थवाचका इति तदर्थः'।

अर्थात् जहाँ पर वर्णरूप प्रकृति-प्रत्यय हों, वहाँ पर तो वर्णरूप से वे दोनों वाचक माने जायँ। पर जहाँ वर्णसमुदायरूप हों, वहाँ उसी समुदाय रूप में माने जायँ। "तस्यैवाख्यानस्य लाघवेन" यहाँ पर 'तस्य' इस पद से वर्णस्फोट का परामर्श उचित प्रतीत होता है। रत्नप्रभा टीका में वाक्यस्फोट का ग्रहण किया गया है, वह प्रकरण विरुद्ध है; क्योंकि वर्णस्फोट के प्रस्ताव में वाक्यस्फोट को लाना कैसे उचित होगा? तथा स्थानी आदेश की कल्पना भी वर्णस्फोट का ही पक्ष सिद्ध कर रही है। अन्यथा प्रतिवर्ण की अर्थवत्ताकल्पना में महागौरव हो जाता। "स्थान्यर्थाभिधानसमर्थस्यैवादेशता"।

इस न्याय में—'स्थानेऽन्तरतमः' यह परिभाषासूत्र प्रमाण है। यद्यपि स्थानकृत-अर्थकृत—गुणकृत तथा प्रमाणकृत भेद से सादृश्य चार प्रकार का है। उसमें अर्थकृत सादृश्य में तो यह न्याय अनुकूल है; परन्तु स्थानकृत-गुणकृत इत्यादिरूपसादृश्य में स्थानी के अर्थ में आदेश की सम्भावना कैसे होगी? इसका समाधान यह है कि ऐसे स्थल में एक वर्ण के स्थान में अनेकवर्णरूप आदेश की प्राप्ति होने पर स्थानकृत—गुणकृत (प्रयत्नकृत) आदि सादृश्य लिये जाते हैं। वहाँ पर वर्ण के स्थान पर वर्णरूप आदेश करने पर शब्दानित्यत्ववाद उपस्थित हो जायेगा। अर्थात् जिस किसी शब्द के किसी वर्ण के स्थान पर कोई वर्णरूप आदेश करने पर उस शब्द के अवयवभूत एक वर्ण का विनाश तथा उसके स्थान में अन्य वर्णरूप आदेश की उत्पत्ति

माननी पड़ेगी। ऐसा होने से उस शब्द की अनित्यता अवश्य माननी पड़ेगी; क्योंकि जिस वस्तु में अवयव होता है, वह अनित्य होती है; ऐसा नियम है। इस प्रकार शब्द का अनित्यत्व पक्ष आ जाता है, जो व्याकरण-दर्शन के सिद्धान्त से विरुद्ध है। व्याकरण-दर्शन स्फोटवादी होने से शब्दों का नित्यत्व मानता है, अतः उसकी रक्षा के लिए शब्द के किसी अवयवरूप वर्ण के स्थान में अन्यवर्णरूप आदेश नहीं माना जा सकता। अपि तु उस वर्ण से घटित उस शब्द के अर्थ-बोध के लिये अन्यवर्णरूप आदेश घटित शब्दान्तर का प्रयोग करना चाहिए। ऐसा अर्थ आदेशविधायक सूत्रों का करना चाहिये। जैसे—'इको यणचि' इस सूत्र का इक् के स्थान में यण् हो अच् परे रहते ऐसा अर्थ होने से शब्दानित्यत्वपक्ष आ जायेगा। अतः—इग्घटित शब्द के स्थान में उसके अर्थ-बोध को कराता हुआ यण्घटित शब्द का प्रयोग हो—"अच् परे रहते" ऐसा अर्थ करना चाहिए। जैसे—'सुद्ध्युपास्यः' इस प्रयोग में 'सुधी+उपास्यः' यह इक् (ईकार) से घटित शब्द के स्थान में उसके अर्थबोध को कराता हुआ यण् 'यकार' से घटित "सुद्ध्युपास्यः" यह प्रयोग किया गया। यद्यपि ऐसा कहने में भी शब्दनित्यत्वपक्ष की सत्ता नहीं सिद्ध हो पाती, क्योंकि इग्घटित तथा यण्घटित व्यवहार करने से इक् तथा यण् रूप अवयव मानना ही पड़ेगा। इस शङ्का का यह समाधान है कि—इस पक्ष में-इक् यण् आदि में अवयवत्व व्यवहार काल्पनिक है। अर्थात् अखण्ड (अनवयव) शब्द में खण्ड (अवयव) की कल्पना करने से ऐसा व्यवहार किया गया है। यह वास्तविक नहीं है। इसी सिद्धान्त में स्थानी के अर्थ बोधन में समर्थ आदेश में आदेशत्व मानना चाहिए, अर्थात् स्थान्यर्थाभिधानसमर्थस्यैवादेशता' यह भाष्योक्त सिद्धान्त स्थिर होता है।

लट् लिट् लुट् इत्यादि लकारों का अर्थ "लः कर्मणि च भावे चाकर्मकेभ्यः" इस सूत्र से कर्म, कर्ता, एवं भावरूप से निर्दिष्ट ही है। उनके स्थान में आदेश रूप से होनेवाले तिबादियों का भी वही अर्थ उक्त नियम से मानना चाहिए। मुख्यरूप से अर्थबोधकता तो काल्पनिक प्रकृतिप्रत्ययघटित पद में अथवा पद घटित वाक्य में समझनी चाहिए। अन्ततोगत्वा अनवयव (अखण्ड) पद या वाक्य में ही सिद्धान्तभूत अर्थबोधकता माननी चाहिए; क्योंकि लोक में उसी से अर्थबोध होता है।

"सति प्रत्यये भाववचनत्वम्, भाववचनाच्च प्रत्ययः"।

यह अन्योन्याश्रय का बोधक वाक्य भाष्यकार का है। इसका—"प्रत्यय होने पर प्रकृति में भाव वाचकत्व अर्थात् क्रियावाचकत्व आयेगा। भाववाचकत्व आने पर उस प्रकृति से प्रत्यय होगा। यह सामान्य अर्थ है।

पर इससे अन्योऽन्याश्रय दोष की उत्पत्ति नहीं हो पा रही है; क्योंकि 'अन्योऽन्याश्रयदोष' ज्ञान में, उत्पत्ति में, अथवा स्थिति में होता है। दो पदार्थों के परस्पर सापेक्ष होने पर, जैसे—घटज्ञान के अधीन यदि घटत्वज्ञान हो तथा घटत्वज्ञान के

तत्राप्तोपदेशरूपः शब्दः प्रमाणम्। "आप्तो नामानुभवेन वस्तुतत्त्वस्य कार्त्स्न्येन निश्चयवान्, रागादिवशादपि नान्यथावादी यः सः" इति चरके पतञ्जलिः ॥ ४ ॥

कु०—प्रमाणमिति। अर्थान्तरवाचकस्य शब्दस्यार्थान्तरे प्रयोगे कृते श्रोतुः सत्यप्यर्थबोधे प्रमाजनकत्वरूपं प्रमाणत्वं नेति भावः। यत्तु मौनिश्लोकादितोऽपि बोधात्पदज्ञानं करणं न तु पदमिति, तन्न, आन्तरस्फोटस्य वाचकत्वस्वीकारेण तत्र लिपीनामेव स्फोटव्यञ्जकत्वात्।

अधीन घटज्ञान हो तो एक दूसरे के अधीन होने से कोई भी ज्ञान नहीं हो सकेगा। तथा देवदत्त की उत्पत्ति, यज्ञदत्त की उत्पत्ति के अधीन, एवं यज्ञदत्त की उत्पत्ति देवदत्त की उत्पत्ति के अधोन यदि हो जाय, तो परस्पर सापेक्ष होने से दोनों की उत्पत्ति रुक जायगी, किसी की न हो सकेगी। यही परस्पर सापेक्षत्वरूप अन्योन्याश्रय दोष आ गया।

ऐसे ही यदि एक की उत्पत्ति के अधीन दूसरे की ज्ञप्ति (ज्ञान) तथा दूसरे के ज्ञान के अधीन अन्य की उत्पत्ति हो, तो वहाँ पर भी परस्पर सापेक्षत्व होने से अन्योन्याश्रय दोष आ जायगा। प्रकृतस्थल में इसी प्रकार का यह दोष है—प्रत्यय की उत्पत्ति के अधीन प्रकृति में भाववाचकत्व का ज्ञान, तथा प्रकृति में भाववाचकत्व के ज्ञानाधीन उससे प्रत्यय की उत्पत्ति, इस प्रकार ज्ञान एवं उत्पत्ति में यह अन्योऽन्याश्रय दोष सम्भावित हुआ। इसका परिहार स्वयं भगवान् भाष्यकार करते हैं—"आश्रित्य भाववचनत्वं प्रत्ययो नित्यत्वाच्छब्दानाम्" इस वाक्य से। अर्थात् भाववचनत्व के ज्ञान की अपेक्षा न करके धातुरूप प्रकृति के अव्यवहित उत्तर प्रत्यय सदा वर्तमान ही है, उसके उत्पन्न होने की अपेक्षा नहीं करनी चाहिये, क्योंकि व्याकरण-दर्शन में शब्द नित्य माने जाते हैं, वे नित्य हैं। उनमें पचति—पच् + अति आदि विभाग काल्पनिक है, वास्तविक नहीं है।

इसलिये पच् में जब भाववाचकत्व का ज्ञान हो तो धातु-संज्ञा होवे, जब धातु संज्ञा हो जाय, तो तिबादि प्रत्यय आवे, ऐसी स्थिति नहीं है, क्योंकि शब्द नित्य है।

इस प्रकार यह शङ्का होती है कि फिर 'भूवादयो धातवः', 'लः कर्मणि' इत्यादि सूत्रों की क्या गति होगी? इस पर प्रदीपकार कैयट का कथन है कि पारमार्थिक रूप से अर्थ वाचकता नहीं आश्रित की जाती, पर कल्पित भाववाचकत्वादि तो माना ही जाता है, अतएव प्रक्रियांश की रक्षा होती है। पारमार्थिक अर्थवाचकत्व वही है, जिससे लोक में प्रतीति होवे, यह बात प्रत्ययान्त में ही सम्भव है, अतः वही पारमार्थिक है। इस रूप से स्थानी तथा आदेश में जो अर्थवाचकता का अनुभव हो रहा है, वह सभी कल्पित ही है ॥ ३ ॥

यत्तु पदार्थस्मृत्या अन्यथासिद्धत्वात्पदं न करणमिति, तन्न, तत्र व्यापाराभावेन करणत्वासम्भवात्। पदे तु पदार्थस्मरणमेव व्यापारः, अपौरुषेयस्य वेदस्य तु आप्तोक्तत्वाभावेऽपि स्वत एवाप्तत्वम्, पौरुषेयत्वे तु आप्तप्रणीतत्वादेवाप्तत्वम्। लोके तु यथार्थप्रवृत्तिजनकवाक्यप्रयोक्तृत्वादाप्तत्वानुमानम्। वेदे तु प्रतिनियतलोकान्तरफलस्य ज्योतिष्टोमादेः संवादाभावात् स्वत एव प्रामाण्यमभ्युपेयम्। **वस्तुतत्त्वेति।** तत्त्वशब्दोऽनारोपिते रूढः। रागादीति। रागश्चेष्टसाधनताज्ञानरूपसङ्कल्पनिमित्तः। आदिना द्वेषः। नान्यथावादीनि। यो नान्यथावादी स आप्त इत्यन्वयः। अर्थतत्त्वज्ञानमाप्तिः, तया प्रतीत इत्याप्तः॥ ४॥

क०—एवं वाक्यस्य शब्दस्य वाचकत्वमुक्त्वा तस्यैव प्रामाण्यमाह—तत्रेति। वाक्येष्वित्यर्थः। उपदेशपदे कर्मणि घञ्। यद्वा आप्तोपदेशेन वृद्धव्यवहारेणाप्तकर्तृककथनमात्रेण रूप्यते गृह्यत इत्यर्थः। तत्राप्तलक्षणमाह। **आप्त इति।** अनुभवेन अपरोक्षसाक्षात्कारेण। अनेनानुमित्यादिनिरासः। वस्तुतत्त्वस्य वस्तुतत्वावच्छिन्नस्य यथार्थस्वरूपस्य कात्स्र्न्येन साकल्येन। अनेनांशिकनिश्चयव्यावृत्तिः संशयव्यावृत्तये निश्चयेति सरागादिनिरासायाह–रागादिति। आदिना मोहादि। वशादित्यनेन स्वस्मिन् तदधीनत्वनिरासः। तेन बुद्धिपूर्वं तथाभूत्वा स्वेन नास्तिकादिमतप्रवर्तनमपि न दोषः। अपिनाऽज्ञानसमुच्चयः। असत्ख्यातिनिरासायाऽऽह—अन्यथेति। णिनिना ताच्छील्यं तथा च रागादिपराधीनतयान्यथाभाषणस्वभावरहितत्वे सति सर्ववस्तुयाथार्थ्यविषयकापरोक्षसाक्षात्कारजन्यसर्वांशिकनिश्चयवत्त्वं तत्त्वम्। तद्वांश्च 'क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः, इति पातञ्जलसूत्रोक्तः। तदीयशब्दसाजात्याल्लौकिकानां तत्त्वमिति भावः॥ ४॥

सरला—वर्ण-पद तथा वाक्यरूप त्रिविध स्फोटरूपशब्दों में आप्त (यथार्थ वक्ता) रूप पुरुष से उपदिश्यमान (उच्चार्यमाण) जो शब्द वही प्रमाण अर्थात् प्रमा का करण है। आप्तपुरुष का लक्षण बनाते हुए महामुनि पतञ्जलि का चरक ग्रन्थ में कहा हुआ लक्षण लिखते हैं जिसका आशय है कि अपने अनुभव से किसी भी पदार्थ का साकल्येन निश्चय जिसने कर लिया हो, राग-लोभ-मोह आदि के वश में होकर जो वस्तु के स्वरूप को अन्य प्रकार से वर्णन करके न बतावे, अर्थात् जो वस्तु जैसी हो, उसको वैसे ही बतावे, वही आप्त है॥ ४॥

वि० टि०—'तत्राप्तोपदेशरूपः शब्दः प्रमाणम्' वाक्यरूप शब्द की अर्थवाचकता संक्षेप में निरूपित करके अब उसका प्रामाण्य बताते हैं।

तत्र इस पद में निर्धारण सप्तम्यन्त से त्रल् प्रत्यय है। इसका अर्थ है "वाक्यों में"। 'उपदिश्यतेऽसौ' इस विग्रह में उपदेश शब्द में कर्म अर्थ में घञ् प्रत्यय हुआ। आप्तस्योपदेश उच्चारितः, अर्थात् आप्तकर्तृक उच्चारण क्रिया का कर्मीभूत शब्द। यही शब्दप्रमाण अर्थात् प्रमा का करण माना जाता है। प्रमा शाब्दीप्रमा

कही जाती है। अथवा 'उपदेशनमुपदेशः' इस विग्रह में भावार्थक घञ् प्रत्यय से उपदेशशब्द की निष्पत्ति माननी चाहिये। पुनः आप्तशब्द का उपदेशशब्द के साथ षष्ठीतत्पुरुष समास हुआ; फिर आप्तोपदेशेन रूप्यते बोध्यते इस विग्रह में रूप धातु से कर्म में घञ् प्रत्यय होता है। अतः आप्त के उच्चारण से बोध्य जो शब्द, वह प्रमाण होता है। इस स्थिति में यह जिज्ञासा होती है कि—वेद जिस मत में अपौरुषेय माना गया है, उस मत में उसमें आप्तकर्तृक उपदेशविषयता कैसे बनेगी ? क्योंकि वेद जब अपौरुषेय हैं, तो आप्तपुरुष के द्वारा आद्योच्चारण का विषय वह नहीं हो सकता। इसका समाधान यह है कि—आप्तोपदेश शब्द में षष्ठीसमास के अतिरिक्त कर्मधारयसमास भी करना चाहिये, जिससे 'आप्तश्चासौ उपदेशश्च' इस विग्रह में आप्त अर्थात् यथार्थ ज्ञान का जनक—जो उपदेश, यह अर्थ हुआ। इस प्रकार वेद यद्यपि आप्तपुरुष के द्वारा उच्चारित नहीं हैं, तथापि यथार्थज्ञान का जनक होने से आप्तोपदेश का विषय वह सरलतया कहा जाता है। अतः यथार्थज्ञानरूप प्रमा के करण को प्रमाण कहते हैं। इसलिये अन्यार्थक शब्द के द्वारा यदि अन्य अर्थ का बोध होता है तो शब्द 'प्रमाण' नहीं कहा जा सकता।

अब आप्त किसे कहते हैं, ऐसी जिज्ञासा होती है, उसका समाधान करते हैं—आप्तो नामानुभवेन—इत्यादि। अनुभवेन—यह हेतुतृतीयान्त अथवा करणतृतीयान्त है। मनन, निदिध्यासनादिरूप अनुभव से किसी वस्तु के स्वरूप का साकल्येन जिसको निश्चय हुआ हो, राग या द्वेष के वश में होकर भी जो अन्यथा न बोले, वह आप्त कहलाता है, अर्थात् किसी भी वस्तु का निदिध्यासन (अत्यन्त चिन्तन जनित एकाकार वृत्ति) से उसका साक्षात्कार हो जाता है। भृङ्गीकीटन्याय इसमें प्रमाण है। अस्तु तद्वस्तुविषयकसाक्षात्कार जिसने किया है, वह तद्वस्तु के विषय में आप्त कहा जाता है। आप्त का यही लक्षण आर्यम्लेच्छाधिकरण के प्रसङ्ग में इसी शक्ति निरूपण में—न्यायभाष्यकारोऽपि—'आप्तोपदेशः शब्दः' इस सूत्र में 'अर्थसाक्षात्कारवानाप्तः। स यथा दृष्टार्थबुबोधयिषया यं प्रयुङ्क्ते स प्रमाणशब्दः, इति ऋष्यार्यम्लेच्छानां समानमाप्तलक्षणम् इत्याह' इस रूप से कहा गया है। इस प्रघट्टक में आप्त का निष्कृष्ट लक्षण हुआ कि रागादिदोषपराधीन होकर किसी वस्तु के विषय में विपरीत कथन न करने वाला तथा उस वस्तु का सकल रूप से साक्षात्कारजन्य निश्चयवाला पुरुषधौरेय उस वस्तुविषयकज्ञान में आप्त कहा जाता है। वह पुरुष वस्तुतः "क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः" इस पातञ्जलसूत्र में सङ्केतित लक्षण से सम्पन्न हो सकता है। वह वस्तुतः ईश्वर नहीं तो किञ्चिन्न्यून तत्सदृश अवश्य होना चाहिये। 'इदं मदिष्टसाधनम्' 'यह मेरे इष्ट का साधन है' इत्याकारक इस प्रकार का जो ज्ञान, तद्रूप सङ्कल्पजन्य धर्म विशेष को राग कहते हैं।

यहाँ पर यह भी जिज्ञासा होती है कि—"आप्तोपदेशः शब्दः प्रमाणम्" इस वाक्य से यह आता है कि शब्द प्रमाण अर्थात् प्रमा का कारण होता है, न कि शब्द

का ज्ञान। जब कि न्यायादिदर्शन शब्दज्ञान को करण मानते हैं। इस विषय में व्याकरणदर्शन का सिद्धान्त है कि स्फोटरूप शब्द ही अर्थ का वाचक होता है। वर्णरूप ध्वनियों से अभिव्यक्त जो अन्तःकरणावच्छिन्न आत्मा, वही स्फोट कहा जाता है। यद्यपि वह स्वयं प्रकाशस्वरूप है, अतः उसके ज्ञान को करण कहना युक्तिसंगत नहीं है। अन्यदर्शन बाह्यध्वनि को ही शब्द कहते हैं। वह अचेतन है, जड है, अतः उसके ज्ञान को करण (प्रमाण) मानना पड़ता है।

व्याकरणदर्शन में भी किं वा इसी ग्रन्थ में ही अभी आगे चलकर "वृत्ति-विशिष्टज्ञानं हेतुः' यह जब कहा जायगा, वहाँ पर वृत्ति से विशिष्ट पद अर्थात् स्फोट के ज्ञान को ही प्रमा के प्रति हेतु कहा जायेगा। उसकी संगति कैसे होगी ?

इसका उत्तर यह समझना चाहिये कि व्याकरण-मत में यद्यपि स्फोटरूप शब्द चेतन होने से स्वयं प्रकाश है, तथापि वह अपनी अविद्या-शक्ति से आवृत होने से उसका स्वप्रकाशत्वलक्षणसामर्थ्य तिरोहित (ढका) रहता है। उसी आवरण को उच्चार्यमाण वर्णरूप ध्वनियों के द्वारा दूर करने पर वह (स्फोट) अर्थ का बोध कराता है। आवरण का दूर करना अर्थात् स्फोट की अभिव्यक्ति करना है। यह अभिव्यक्ति मानसप्रत्यक्षरूप है। जैसे वेदान्त-दर्शन में ब्रह्म की अभिव्यक्ति अर्थात् मानस प्रत्यक्ष माना गया है—"गृह्यते त्वग्र्यया बुद्धया" इस श्रुति से यह सिद्ध है। ऐसे ही व्याकरण-दर्शन भी ध्वनियों के सहकार से मन के द्वारा स्फोट का प्रत्यक्ष मानता है। अतएव 'स्फोटस्य ग्रहणे हेतुः प्राकृतो ध्वनिरिष्यते' 'स्फोटरूपाविभागेन ध्वनेर्ग्रहणमिष्यते' "कैश्चिद् ध्वनिरसंवेद्यः स्वतन्त्रोऽन्यैः प्रकाशकः" इत्यादिरूप श्रीहरि के वचन संगत हुए।

"शास्त्रेषु प्रक्रियाभेदैरविद्यैवोपवर्ण्यते" इस वाक्य से अविद्याशक्ति भी व्याकरण-सम्मत है। अथवा कालशक्ति के द्वारा स्फोट का आवरण माना जा सकता है। श्रीहरि ने 'अध्याहितकलां यस्य कालशक्तिमुपाश्रिताः' इस वाक्य से कालशक्ति का भी स्मरण किया है। यह कालशक्ति अविद्याशक्ति अथवा उसी का एक भेद है।

इस प्रकार स्फोट-तत्त्व की भी अभिव्यक्ति (मानस-प्रत्यक्ष) होने पर ही अर्थबोध होता है। अन्यथा आवृतावस्था में नित्य होने पर भी वह अर्थ का बोधन नहीं कराता।

ऐसी स्थिति में अब 'आप्तोपदेश' से रूप्यमाण अर्थात् अभिव्यज्यमान स्फोट-रूप शब्दप्रमाण होता है, ऐसा अर्थ हुआ—"आप्तोपदेशरूपः शब्दः प्रमाणम्" इस वाक्य का।

—इससे यह निष्कर्ष हुआ कि स्वरूपसन् स्फोट अर्थ का बोधक नहीं होता। अपितु ध्वनियों से अभिव्यक्त होकर ही। अब 'वृत्तिविशिष्टं ज्ञानम्' अर्थात् अर्थ-निरूपित वृत्ति का आश्रय होकर ध्वनिरूपरूषित स्फोट की अभिव्यक्ति (ज्ञान) से

तत्रागृहीतवृत्तिकस्य शाद्बबोधादर्शनात् "न हि गुड इत्युक्ते मधुरत्वं प्रकारतया गम्यते" इति समर्थसूत्रभाष्याच्च तद्धर्मावच्छिन्न-विषयकशाब्दत्वावच्छिन्नं प्रति तद्धर्मावच्छिन्ननिरूपितवृत्तिविशिष्ट-ज्ञानं हेतुः। यद्यपि गुड इत्युक्तेऽर्थप्रतीतौतद्गतं मधुरत्वं गम्यते, तथापि न तत् शब्दजप्रतीतिविषयः; किन्तु मानान्तरजन्यप्रतीति-विषयः।

कु०—अगृहीतेति। अगृहीतवृत्तिकपुरुषस्यागृहीतवृत्तिकपदार्थबोधादर्शनादि-त्यर्थः। धर्मांशेऽपि शक्तिरस्तीत्याह—न हीति। मधुरत्वमिति। मधुरत्वप्रकारकबोधाद-र्शनादित्यर्थः। तद्धर्मावच्छिन्नेति। घटत्वावच्छिन्नविषयकवृत्तीत्यर्थः। ज्ञाने वृत्तिवैशि-ष्ट्यं सामानाधिकरण्येन। ज्ञानाधिकरणता च विषयतया। तार्किका वृत्तिज्ञानपदज्ञानयोः पृथक् हेतुत्वमिच्छन्ति। अत्र तु लाघवाद्विशिष्टस्यैव हेतुत्वमुक्तम्। तत्रापि वृत्तिविषय-कोद्बुद्धसंस्कारसमानाधिकरणवृत्त्याश्रयपदविषयकज्ञानस्य हेतुत्वे गौरवमतः सामाना-धिकरण्यादीनां सम्बन्धकोटौ निवेशः। यस्य हि घटादिपदस्य वृत्तिर्ज्ञाता, तत्र पदे वृत्तिविषयकसंस्कारो ज्ञानं चेत्युभयमपि विषयतयास्ति वृत्त्याश्रयपदविषयकं च तज्ज्ञानम्।

अर्थ का बोध होता है, यह भी कहना ठीक हुआ। क्योंकि अभिव्यक्त स्फोट अथवा स्फोट की अभिव्यक्ति में केवल विशेष्यविशेषणभाव का व्यत्यास है। वस्तु एक है। अन्य दर्शनों में शब्द ध्वनिरूप होने से अचेतन है। इसलिए शब्द का ज्ञान ही अर्थबोधन के प्रति हेतु माना जाता है। न्यायसिद्धान्तमुक्तावल्यादि ग्रन्थों में कहा भी है कि—"पदज्ञानं तु करणं द्वारं तत्र पदार्थधीः" इत्यादि।

कलाटीका में आप्त का निष्कृष्ट लक्षण इस प्रकार किया गया है—"राग आदि के वश में होकर विपरीत भाषण के स्वभाव से रहित—वस्तुओं के यथार्थ-स्वरूप विषयक अपरोक्ष साक्षात्कार से उत्पन्न सर्वांशविषयक निश्चयवान् को आप्त कहते हैं। यह आप्त का लक्षण परमेश्वर में ही समन्वित हो सकता है। उसी को "क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः" इस लक्षण से महामुनि पतञ्जलि ने संकीर्त्तित किया है। परन्तु जीवों में इस लक्षण की संगति इस प्रकार करनी चाहिये कि अनुभव से जिस वस्तु के स्वरूप का सामस्त्येन निश्चयवाला जो पुरुष हो, राग आदि से अन्यथा-भाषण रहित हो, वह पुरुष उस वस्तु के विषय में आप्त है। सकल वस्तुओं का प्रवेश लक्षण में नही करना चाहिए। उसके प्रवेश से यह लक्षण परमेश्वरगामी ही होगा॥ ४॥

यत्र तु 'गुडो मधुरः' इति वाक्यार्थे गुड इत्येकदेशः प्रयुज्यते, तत्रापि मधुराभिन्नो गुड इत्येव बोधो न तु मधुरत्वप्रकारको गुड-विशेष्यकः । ध्वनितं चेदम् "अन्नेन व्यञ्जनम्" इति सूत्रे भाष्ये ॥५॥

यत्तु वृत्त्या पदजन्यपदार्थोपस्थितिः शाब्दबोधे कारणमिति, तन्न, तादृशोपस्थितित्वस्य गुरुतरस्य कारणतावच्छेदकत्वापेक्षया स्वजन्यपदार्थोपस्थितिसम्बन्धेन पदज्ञानस्य हेतुत्वे लाघवात् **मानान्तरेति**। मधुरत्वस्यानुमानादिनोपस्थितिरित्यर्थः । **तार्किकास्तु ज्ञानं लक्षणाजन्यं वदन्ति । आलङ्कारिकास्त्वत्र व्यञ्जनां वदन्ति ।**

ननु मधुरत्वप्रकारकशक्तिग्रहाभावाद् गुड इत्येकदेशप्रयोगे कथं तादृशबोध इत्यत आह। **यत्र त्विति ।** न त्विति। मधुरत्ववान् गुड इत्यन्वयो नेत्यर्थः। ध्वनितमिति। तत्र हि 'दध्योदन' इत्यत्र दधिशब्देनैव दध्युपसिक्तप्रतीतिः, 'गुड' इत्यत्र मधुरत्वस्य प्रकारान्तरेण प्रतीतावपि न तस्य शब्दवाच्यतेति स्पष्टम्।

अथ 'गुडं भुङ्क्ते' इत्यत्र गुडत्वस्येव मधुरत्वस्यापि प्रकारतया तत्प्रकारकशाब्दबोधवारणाय गुडत्वप्रकारकगुडविशेष्यशाब्दबोधं प्रति तादृशशक्तिज्ञानत्वेन कारणतया आकाशः शब्दाश्रय इति वाक्याच्छाब्दबोधानापत्तिः, तत्राकाशत्वस्य शब्दाश्रयरूपतयावच्छेदकताया निरवच्छिन्नत्वादिति चेन्न, आकाशपदान्निर्विकल्पकोपस्थितेरेव स्वीकारेण तत्रेदृशहेतुत्वाकल्पनात्। आकाशत्वस्यापि जातित्वाच्च। एतेन निर्विकल्पकस्वीकारे आकशो द्रव्यमित्यत्र भिन्नप्रकारकोपस्थित्यभावादभेदबोधानापत्तिरिति परास्तम्। यदपि आकाशस्यैकव्यक्तित्वेनानुगमकधर्मानिपेक्षणेऽपि नियतोपस्थितये शब्दाश्रयत्वमाकाशपदशक्यमिति, तन्न, **शाब्दिकमते आकाशत्वादेरपि जातित्वात् ।**

ननु घटघटत्वे इत्यादिर्निर्विकल्पकस्य घटत्वादिप्रकारकत्वाभावात्कथं घटादिपदार्थज्ञानजन्यत्वमिति चेन्न, निर्विकल्पकस्यातीन्द्रियतया तस्य कार्यतावच्छेदकत्वानभ्युपगमात् ॥ ५ ॥

क०—ननु प्रमाणत्वं प्रमाकरणत्वं तच्च तादृशशब्दस्य चेत्सर्वस्य श्रोतुस्तर्हि ततो बोधापत्तिरत आह-**तत्रेति**। तादृशतच्छब्दश्रोतॄणां मध्य इत्यर्थः। नन्वदर्शने मानाभावोऽत आह—**नहीति**। गम्यते बुध्यते। इतीति इत्यादीत्यर्थः। ननु वाक्यस्य वाक्यार्थे शक्तिस्वीकारे समभिव्याहारानन्त्येन गौरवमिति तन्त्रान्तरोक्तप्रकार एव सम्यगिति चेन्न, अप्रामाणिकत्वात्। तवापि तावत्कार्यकारणभावावश्यकत्वाच्च। न च घटप्रकारकशाब्दबोधमात्रे घटार्थकपदोत्तरसार्थकप्रत्ययनिपातान्यतरजन्योपस्थितिर्हेतुः, एवं कर्मत्वविशेष्यकशाब्दबोधमात्रे कर्मत्वार्थक 'अम्' प्रत्ययप्रकृतिजन्योपस्थितिर्हेतुरिति सामान्यत एव कार्यकारणभावः। न च घटः कर्मत्वमित्यतो विपरीतव्युत्पन्नस्य तथाबोधाद् व्यभिचारः। घटबोधकपदोत्तरपदजन्यज्ञानत्वेन कर्मत्वबोधकपदप्राग्वर्तिपदजन्यज्ञानत्वेन च हेतुत्वाददोषात्।

नचैवमपि पटादिलाक्षणिकघटपदघटितघटमानयेति वाक्यात्तथा बोधवारणाय

घटबोधकत्वं घटबोधफलोपहितत्वं निवेश्यम्। एवञ्चान्योन्याश्रयात्तादृशकार्यकारणभाव-ग्रहासंभव इति वाच्यम्, तत्र घटस्य वृत्तिजन्योपस्थित्यभावादेव तथाबोधवारणेन स्वरूपयोग्यत्वनिवेशेऽपि क्षत्यभावादिति वाच्यम्। कर्मत्वं घटः अम् घट इत्येतादृशसम-भिव्याहारव्युत्पन्नानां ततस्तथाबोधव्यभिचारात्। सद्व्युत्पन्नासद्व्युत्पन्नविभागोच्छे-दापत्तेश्च। न च यादृशबोधे यत्समभिव्याहारः कारणं तादृशबोधे तत्कारणत्वज्ञान-स्यापि कारणत्वान्न दोष इति वाच्यम्, सामान्यविधतज्ज्ञानस्यापि सत्त्वात्।

न च तद्व्युत्पत्तिविशिष्टशाब्दबोधे तद्व्युत्पत्तिर्हेतुः। तद्बीजनकत्वज्ञानं च व्युत्पत्तिः। व्युत्पत्तिवैशिष्ट्यं च स्वाव्यवहितोत्तरोत्पत्तिकत्वस्वसामानाधिकरण्योभय-सम्बन्धेनेति न दोष इति वाच्यम्, अनन्तकार्यकारणभावतादवस्थ्यात्। प्रत्ययत्व-निपातत्वाद्यजानतस्तथा कार्यकारणभावग्रहासम्भदाच्च। किञ्च सिद्धान्ते पदतदर्थादेः कल्पितत्वेन वस्तुतोऽसत्त्वेन भवदुक्तप्रकारस्य सर्वस्यापि दुर्वचत्वात्।

न चास्तु वाक्ये तद्बोधकतयेच्छाविषयत्वादि, परन्तु तस्य वृत्तित्वेऽपि किं मान-मिति वाच्यम्, विनिगमनाविरहस्य कार्यकारणभावलाघवस्य च तत्त्वसम्भवात्। वृत्तित्वं च सङ्केतविशेषसम्बन्धेन वृत्तिपदवत्त्वमिति बोध्यम्। विस्तरस्त्वन्यत्र द्रष्टव्यः। तदेतद् हृदि निधायैव लघुभूतं कार्यकारणभावमाह—तद्धर्मेति। मन्मतेऽयमेक एव कार्यकारणभावः, तव तु सांसर्गिकविषयताशालितद्विषयकशाब्दबुद्धौ आकाङ्क्षाज्ञान-कार्यकारणभावोऽधिकः। वृत्तिज्ञानकार्यकारणभावे च प्रकारताविशेष्यतयोर्विशिष्य निवेश इत्यपरं च गौरवम्।

एतेन घटमित्यानुपूर्वीज्ञानजन्यघटाद्युपस्थितिविशिष्टायां कर्मताविशेष्यकघटा-द्यन्वयबुद्धौ स्वप्रयोज्यघटाद्युपस्थितिसम्बन्धेन घटमित्यानुपूर्वीज्ञानत्वेन कारणत्वम्। एवं कलशमित्यानुपूर्वीज्ञानजन्यघटाद्युपस्थितिविशिष्टायां कर्मताविशेष्यकघटाद्यन्वय-बुद्धावपि तादृशोपस्थितिसम्बन्धेन कलशमित्यानुपूर्वीज्ञानत्वेनेति रीत्या प्रत्येकमेवा-नुपूर्वीज्ञानस्य कारणत्वं, वैशिष्ट्यं चैकक्षणावच्छेदेनैकात्मवृत्तित्वमिति नव्यनैयायि-कोक्तमपास्तमिति भावः।

उक्तभाष्योक्तावाशङ्कते—**यद्यपीति**। तत्र प्रत्यक्षेणोपदेशादिना वा माधुर्यग्रहवतः सर्वस्येति भावः। तत् माधुर्यम्। तच्छब्देति। गुडशब्देनेत्यर्थः। मानान्तरेति। अनुमानेन व्यञ्जनया मनसा वेत्यर्थः। वाक्यैकदेशन्यायेनापि न तथेत्याह—यत्र त्विति। मधुराभिन्नेति। प्राचां मतेनेदं सिद्धान्ते तु मधुरविशिष्टो गुड इत्येव बोध इति बोध्यम्। न त्विति। यदर्थे यत्प्रयोगस्तथार्थप्रतीतेरेव तदौचित्यमिति भावः। तत्र मानमाह—ध्वनितमिति। मानान्तरजन्यधीविषयत्वं (तथा ज्ञानं) चेत्यर्थः। तत्र हि दध्योदनादौ कथं सामर्थ्यमिति शङ्कायां 'युक्तार्थसम्प्रत्ययाच्च सामर्थ्यं' दध्ना युक्तार्थतासम्प्रतिपत्तेः, अन्यथा दधीत्युक्ते बहवोऽर्था गम्यन्ते इति लोपपक्षे स्यादि-त्युक्तम्। दध्नेति पदवाच्येन युक्तो योऽर्थ उपसेकक्रियादिरूपस्तदर्थता तस्य प्रतीयते इत्यर्थः। वाक्यैकदेशन्यायेन दध्नेत्यस्यैव सोऽर्थ इति तात्पर्यमिति भावः॥ ५॥

सरला—यदि आप्तोपदिष्ट शब्द प्रमा का जनक होता है, तो सभी श्रोताओं को वैसा शब्द सुनने से अर्थ बोध हो जाना चाहिये, पर होता नहीं है। इस शङ्का का समाधान ग्रन्थकार स्वयं करते हैं—

यहाँ भी 'तत्र' यह निर्धारण सप्तम्यन्त है, उसका अर्थ है—शब्दश्रोताओं के मध्य में। अगृहीतवृत्तिकस्य—न गृहीता वृत्तिर्येनेति बहुव्रीहिः।

"तद्धर्मावच्छिन्नविषयकशाब्दत्वावच्छिन्नं प्रति" स चासौ धर्मश्चेति कर्मधारयः, तेनाऽवच्छिन्न-इति तृतीया तत्पुरुषः, तद्धर्मावच्छिन्नो विषयो यस्येति बहुव्रीहिः। शाब्दः (शाब्दबोधः) अन्यपदार्थः। तद्धर्मावच्छिन्नविषयकश्चासौ शाब्दश्चेति कर्मधारयः, तस्य भावस्तत्त्वम्। तेनाऽवच्छिन्नः शाब्दबोध एव। तद्धर्मावच्छिन्न-निरूपितवृत्तिविशिष्टज्ञानम्, तद्धर्मावच्छिन्नेन निरूपिता वृत्तिस्तया विशिष्टं ज्ञानमिति विवरणम्।

शब्दश्रोताओं के मध्य में जिस श्रोता को जिस शब्द की वृत्ति उसके अर्थ में ज्ञात नहीं रहती, उस शब्द से उस अर्थ का बोध नहीं होता। इस कारण से तथा गुडशब्द के कहने पर मधुरत्व का प्रकारताविशिष्ट होकर बोध नहीं होता, ऐसा "समर्थः पदविधिः" इस सूत्र के भाष्य व्याख्यान से भी तद्धर्मावच्छिन्नविषयकशाब्दबोध के प्रति तद्धर्मावच्छिन्न से निरूपित जो वृत्ति, उससे विशिष्ट जो ज्ञान, वह कारण होता है।

यद्यपि गुडशब्द के उच्चारण करने पर गुडरूप अर्थ की प्रतीति होने से गुडरूप अर्थ में वर्तमान मधुरत्व (गुण) ज्ञात होता है। तथापि ज्ञात वह मधुरत्व शब्दजन्य शाब्दबोध का विषय नहीं हो सकता, अपितु उसे (मानान्तर) अनुमान प्रमाणजन्य बोध का विषय समझना चाहिये। अनुमान का आकार—"गुडो मधुर ऐक्षवत्वात् शर्करावत्" ऐसा होता है। अर्थात् गुड मधुर है, इक्षु (ईख) का विकार होने से, शर्करा के समान।

इस अनुमान में—गुड पक्ष है, मधुरत्व साध्य है, इक्षुविकार होना हेतु है, शर्करा दृष्टान्त है।

जहाँ पर 'गुडो मधुरः' गुड मधुर है, इस वाक्यार्थ के बोध के लिये 'गुडः' इस एकदेश का ही प्रयोग किया गया, वहाँ भी "वाक्यार्थबोधनेच्छया वाक्यैकदेशस्याऽपि प्रयोगः" इस न्याय से "मधुराभिन्न गुड है" यही बोध होगा, जो कि अभेद सम्बन्ध से मधुर-प्रकारकगुडविशेष्यक है। मधुरत्वप्रकारक गुडविशेष्यक बोध कदापि न होगा।

यह विषय "अन्नेन व्यञ्जनम्" (पा० २।१।३४) सूत्र के महाभाष्य में ध्वनित है ॥ ५ ॥

वि० टि०—पूर्व ग्रन्थ में "आप्तोपदेशः शब्दः प्रमाणम्" ऐसा कहा गया है, जिसका अर्थ है—आप्त से उपदिष्ट शब्दप्र माण अर्थात् प्रमा का करण है। यह प्रमा शब्द से जायमान होने से शाब्दी प्रमा कही जाती है। अतः शाब्दप्रमा के प्रति आप्तोपदिष्ट शब्द करण अर्थात् असाधारण कारण है। ऐसा सामान्य कार्यकारणभाव का ज्ञान होता है। इसमें शाब्दप्रमा कार्य है, आप्तोपदिष्ट कारण है। इस शाब्दप्रमा का निर्विषयक होना तो सम्भव नहीं; किन्तु यत्किञ्चिदर्थविषयक ही होगी। इसलिये—यत्किञ्चिदर्थविषयक शाब्दप्रमा के प्रति तादृश शब्द की हेतुता सिद्ध हुई। परन्तु इस कार्यकारणभाव से घटपदार्थविषयक शाब्दप्रमा के प्रति तादृश पट पद भी हेतु क्यों न हो जाय ? अतः तत्तत् पदार्थ एवं तत्तत् पद से नियन्त्रित ही कार्यकारण भाव होना उचित होगा। किन्तु पद पदार्थ विशेष का नियन्त्रण किस प्रकार किया जाय, इसी विषय को स्पष्ट बताने के लिए इस ग्रन्थ का अवतार करते हैं—तत्रागृहीतवृत्तिकस्येत्यादि।

यहाँ पर 'तत्र' यह सत्सप्तम्यन्त से भी अन्वित हो सकता है। अर्थात् पूर्वग्रन्थ से पदपदार्थविशेषघटित कार्यकारणभाव का कथंचित् लाभ होने पर भी जिस पद की जिस पदार्थ में वृत्तिरूप सम्बन्ध का ज्ञान नहीं होता, उस पद से उस पदार्थ का शाब्दबोध नहीं हो पाता, अतः "वृत्त्या प्रतिपाद्य एव पदार्थः" वृत्तिसम्बन्ध से प्रतिपाद्य जो अर्थ, वही पदार्थविशेष कार्यदल में ग्राह्य होना चाहिए, तथा अर्थनिरूपितवृत्तिसम्बन्ध का आश्रयीभूत पदविशेष कारणदल में गृहीत करना चाहिए। इसी बात का संकेत "अगृहीतवृत्तिकस्य शाब्दबोधादर्शनात्" इस वाक्य से कर रहे हैं। स्वार्थविषयक शाब्दप्रमा के प्रति वृत्तिविशिष्टज्ञान के हेतु होने में यह व्यतिरेक सहचार का प्रदर्शन है, जो वृत्तिज्ञान के अभाव में शाब्दप्रमा का अभावरूप है। तथा समर्थसूत्र के भाष्य में भी व्यतिरेक सहचार ही सूचित किया गया है। गुडपद के कथन से मधुरत्वप्रकारक गुडविशेष्यक बोध नहीं होगा, अपितु गुडत्वप्रकारक गुडविशेष्यक ही होगा; क्योंकि मधुरत्वविशिष्ट गुड में गुडपद की वृत्ति नहीं है। अतः वहाँ पर वृत्तिज्ञानरूप कारण का अभाव है, इसलिए मधुरत्वविशिष्ट गुड का बोध नहीं हुआ। इस प्रकार यहाँ पर दो व्यतिरेक सहचार दिखा कर वृत्तिज्ञान की हेतुता पुष्ट की गयी। तथा "तद्धर्माऽवच्छिन्नविषयकशाब्दत्वावच्छिन्नं प्रति" इस कार्य दल में तद्धर्मावच्छिन्नविषयकत्व का लाभ हुआ, क्योंकि गुडशब्द से मधुरत्वप्रकारक बोध नहीं होता, अपि तु गुडत्वप्रकारक होता है। वही तो गुडत्वावच्छिन्नविषयक अर्थात् "तद्धर्मावच्छिन्नविषयक" हुआ। यदि कार्यदल में तद्धर्मावच्छिन्न का प्रवेश नहीं रहेगा, तो 'तदर्थविषयकशाब्दप्रमां प्रति' इस प्रकार कार्यदल का स्वरूप होगा। ऐसा होने पर द्वितीय दोष बना ही रहेगा, क्योंकि तदर्थ पद से गुडपदार्थ का ग्रहण हो जायेगा, अतः गुडपदार्थविषयक शाब्दप्रमा के प्रति गुडपदार्थनिरूपितवृत्तिविशिष्टज्ञान होना चाहिये, वह तो है ही, क्योंकि गुडपदार्थ की वृत्ति गुडपद में हुई है। उस गुड-

पदार्थ की शाब्दप्रमा मधुरत्व को प्रकार बनाकर मधुरत्वविशिष्ट गुडविषयक हो जाय, तो भी इस कार्यकारणभाव से हटेगी नहीं। क्योंकि दोनों दलों में तदर्थ से विशेष्यभूत गुडपदार्थ का ग्रहण कर लिया जायेगा। अतः कार्यदल में 'तद्धर्मावच्छिन्न' का निवेश कर दिया गया, तो तद्धर्म कहने से मधुरत्व धर्म का ग्रहण किया जायेगा, तदवच्छिन्नगुडविषयक शाब्दप्रमा के प्रति तन्निरूपितवृत्तिविशिष्टज्ञान की हेतुता होने से दोष हट जायगा; क्योंकि गुडपद में मधुरत्वावच्छिन्न निरूपित वृत्ति नहीं है। यद्यपि कारणदलीय तत्पद से तद्धर्मावच्छिन्नगुडरूपधर्मी का ग्रहण करने पर पुनरपि दोष बना ही है, तथापि प्रथमोपस्थित कार्यदलीय तद्धर्म भी कारणदलीय तत्पद से लिया जा सकता है; क्योंकि सर्वनाम बुद्धिस्थपदार्थ के परामर्शक होते हैं। अतएव "दुःखत्रयाभिघाताज्जिज्ञासा तदपघातके हेतौ" इस कारिका के व्याख्यानप्रसङ्ग में दार्शनिकसार्वभौम श्रीवाचस्पति मिश्र—"उपसर्जनस्यापि तदा परामर्शः" कहते हुए तदपघातक के तच्छब्द से उपसर्जनीभूत दुःखत्रय का परामर्श माने हैं।

इस प्रकार कारणदलीयतच्छब्द से मधुरत्व का परामर्श करने पर तन्निरूपित वृत्ति का गुडपद में अभाव होने से दोष का निराकरण हो जाता है। अतः कारण-दलीय "तद्धर्मावच्छिन्न" के निवेश का फल अग्रिमग्रन्थ में दिखाया जायगा।

प्रसङ्गप्राप्त—'तद्धर्मावच्छिन्न' शब्द में अवच्छिन्न पदार्थ का विचार लघुरूप में आवश्यक प्रतीत हो रहा है। अतः उस पर ध्यान देना चाहिये।

अव उपसर्गपूर्वक छिदिर् द्वैधीकरणे इस रुधादिगण की धातु से कर्म अर्थ में क्तप्रत्यय होने से अवच्छिन्न शब्द बनता है। "अवाच्छेदि" इति अवच्छिन्नः। "रदाभ्यां निष्ठातो नः पूर्वस्य च दः" इस सूत्र से धातु के दकार तथा निष्ठा के तकार को नकारादेश हुआ है। इसका अर्थ हुआ—व्यावृत्त, पृथक्कृत अर्थात् काटा हुआ, अलग किया हुआ। तद्धर्म से जो अवच्छिन्न अर्थात् अलग किया गया, उसके प्रति तद्धर्म—अवच्छेदक अर्थात् व्यावर्तक अर्थात् अलग करने वाला हुआ। जैसे घटपदार्थ में घटत्वधर्म अवच्छेदक है। उसने घटरूप अर्थ को जगत् के सभी पट-कट-मठ आदि पदार्थों से अवच्छिन्न अर्थात् अलग किया। इसलिये घट के प्रति घटत्व अवच्छेदक तथा घटत्व से घट अवच्छिन्न हुआ। यह घटत्व धर्म घट अर्थ में रह कर ही उसका अवच्छेदक होगा, तथा घट उससे अवच्छिन्न होगा, अतः अवच्छिन्न का युक्त या विशिष्ट भी अर्थ फलित रूप में कह देते हैं। तथा अवच्छेदक का विशेषण भी अर्थ कहा जाता है; क्योंकि विशेषण भी अपने विशेष्य का विजातीयों से व्यावर्तक होता है। इसलिये घटत्वादिधर्मों से अवच्छिन्न घटादिपदार्थ हुए। "तद्विषयकशाब्दबुद्धित्वावच्छिन्नं प्रति" तद्धर्मावच्छिन्नघटादिविषयकशाब्दत्वाव-च्छिन्नं प्रति—यह अर्थ हुआ। इसमें शाब्दत्वशब्द शाब्दबोधत्व या शाब्दबुद्धित्वपरक

है। वह ज्ञानत्वव्याप्य जातिरूप है। उससे अवच्छिन्न शाब्दबोधरूप ज्ञान है[1]। उसके प्रति तद्धर्मावच्छिन्न से निरूपित जो वृत्ति, उससे विशिष्ट जो ज्ञान वह हेतु है। वैशिष्ट्य का नियामक सम्बन्ध आगे भी कहा जायेगा। "अर्थप्रतीतिस्तद्गते मधुरत्वे गम्यते" यहाँ तत्पद से गुड का ग्रहण होगा, इसलिये गुडगत मधुरत्व में अर्थप्रतीति प्राप्त होती है। अर्थात् गुडगत गुडत्व के समान मधुरत्व भी अर्थप्रतीति का विषय बनता है। इस प्रकार सप्तम्यन्त पाठ भी लग सकता है। फिर भो यदि "अर्थप्रतीतौ तद्गतं मधुरत्वं गम्यते" ऐसा प्रथमान्त पाठ मिलता है, तो वह युक्त है, क्योंकि इस पाठ में "अर्थप्रतीतौ" को सत्सप्तम्यन्त मान कर गम्यते पद का अर्थ स्वारसिक रूप से शक्तिवृत्ति से ही लभ्य होता है।

ध्वनितं चेदम्—'अन्नेन व्यञ्जनम्' इति सूत्रे भाष्ये" यहाँ पर इदम् शब्द का अर्थ है—"वाक्य के एकदेश के प्रयोग से भी सम्पूर्ण वाक्यार्थ का बोध होना"।

जैसे—'प्रविश' पदमात्र कहने से 'गृह में प्रवेश करो' ऐसा सम्पूर्ण वाक्यार्थ का बोध होता है। ऐसे ही 'गुडो मधुरः' इस वाक्यार्थ बोध की इच्छा से 'गुडः' इतना वाक्यैकदेश ही जहाँ प्रयुक्त हुआ, वहाँ भी "मधुराभिन्नो गुडः" यही बोध होता है, न कि "मधुरत्वविशिष्टो गुडः" यह बोध। अर्थात् अभेदसम्बन्ध से मधुरप्रकारक गुड-विशेष्यक ही बोध होता है। समवायसम्बन्ध से मधुरत्वप्रकारक गुडविशेष्यक बोध नहीं होता। "अन्नेन व्यञ्जनम्" सूत्र में दध्योदनादि उदाहरणों में दधि का ओदन के साथ कैसे सामर्थ्य होगा, क्यों कि दोनों कारक ही हैं। कारकों का परस्पर अन्वय नहीं होता; प्रत्युत क्रिया से ही होता है। इस आशङ्का में भगवान् भाष्यकार ने कहा कि—"युक्तार्थसम्प्रत्ययाच्च सामर्थ्यम्, दध्ना युक्तार्थतासम्प्रतिपत्तेः" अर्थात् युक्त अर्थ की प्रतीति से सामर्थ्य बन जायेगा। दधि से युक्त अर्थ की सम्प्रतिपत्ति (सम्यक् प्रतिपत्ति) होने से। इसलिए दधि से युक्त उपसेक क्रियादिरूप जो अर्थ, उसकी प्रतीति से सामर्थ्य उपपन्न हो जायेगा। वाक्यैकदेशन्याय से दध्ना इस पद का ही दधि से उपसिक्त यह अर्थ होगा। ऐसा भाष्य का तात्पर्य है। इस स्थिति में दधि पदार्थ का कारणतया उपसेक क्रिया में अन्वय हुआ, तथा उपसेक क्रिया का कर्मतया ओदन में अन्वय होने से दधि तथा ओदन का परस्पर सामर्थ्य उपपन्न हुआ। यह वाक्यैकदेशन्याय—"इग्यणः सम्प्रसारणम्" सूत्र के महाभाष्य में भी संकीर्तित है। "बहवः खल्वेवं लक्ष्यन्ते पदे प्रयोक्तव्ये पदैकदेशान् प्रयुञ्जानाः" तथा 'वाक्येषु वाक्यैकदेशान् प्रयुञ्जानाः' इति ॥ ५ ॥

---

१. मञ्जूषाकार के मत में शाब्दबोध परोक्षानुभव नहीं माना जाता, अपि तु परोक्षज्ञान माना जाता है। आगे चलकर इसका स्पष्टीकरण होगा।

विशेषणविशेष्यभावव्यत्यासेन गृहीतशक्तिकस्य पुंसो घटपदाद्घटत्वविशिष्टघटबोधवारणाय तद्धर्मावच्छिन्नेति। ज्ञाने वृत्तिवैशिष्ट्यं च स्वविषयकोद्बुद्धसंस्कारसामानाधिकरण्य-स्वाश्रयपदविषयकत्वोभयसम्बन्धेन बोध्यम्।

अतो नागृहीतवृत्तिकस्य बोधः, नापि विस्मृतवृत्तिकस्य, नापि तद्वाचकपदाज्ञानवतः, नापि घटपदादाश्रयत्वेनोपस्थिताकाशस्य, जनकतयोपस्थितचैत्रादेश्च बोधः। संस्काराजनकशक्तिग्रहसत्त्वे तेन शाब्दबोधजनेन च न मानम्। संस्कारकल्पिका च वृत्तिस्मृतिरेव शाब्दबुद्धिरेव वेत्यन्यदेतत् ॥ ६ ॥

कु०—व्यत्यासेनेति। घटत्वविशेष्यकशक्तिग्रहानन्तरं घटत्वप्रकारकशाब्दबोधवारणायेत्यर्थः। तद्धर्मावच्छिन्नेतीति। नन्वेवं तदादीनां बुद्धिस्थत्वावच्छिन्ने शक्तिग्रहात् तमानयेत्युक्ते बुद्धिस्थमानयेत्येव बोधः स्यान्न तु घटत्वादिविशेषरूपेण। अत एव वह्निव्याप्यधूमवत्पर्वतं तच्छब्देन परामृश्य स वह्निमानिति वाक्यजन्यशाब्दबोधे परामर्शजन्यत्वेनानुमितिलक्षणातिव्याप्तिरुक्ता दीधिताविति चेत्।

अत्राहुः। सामान्यरूपेण शक्तावपि त्यदादितो विशेषरूपेणैवोपस्थितिः, उपस्थितिशक्तिग्रहयोः समानाकारकत्वप्रवादस्तु त्यदाद्यतिरिक्तविषय इति घटत्वादिविशेष एव शक्यतावच्छेदकः। तदादीनां नानार्थत्वमिष्टमेवेत्यन्ये। स्वविषयकेति। वृत्तिविषयको य उद्बुद्धसंस्कारः, तत्सामानाधिकरण्यं वृत्त्याश्रयपदविषयकत्वं चेत्यर्थः। अस्ति च घटपदार्थनिरूपितवृत्तिविषयक उद्बुद्धसंस्कारः, विषयतया घटपदज्ञानं च।

अयम्भावः। घटादिपदस्य घटत्वादिविशिष्टे शक्तिरित्यादिवृत्तिविशेष्यकज्ञानानन्तरं तत्समानाकार एव संस्कार उत्पद्यते, तादृशसंस्कारविशिष्टं पदज्ञानं शाब्दबोधे हेतुः। नागृहीतवृत्तिकस्येति। वृत्तिविषयकसंस्काराभावात् पदान्तरविषयकवृत्तिसत्त्वेऽपि पदान्तराच्छाब्दबोधवारणाय सामानाधिकरण्यनिवेशः। सामानाधिकरण्यं च विषयतयेव समवायेनापि बोध्यम्। नातश्चैत्रीयशक्तिग्रहानन्तरं मैत्रस्य शाब्दबोधः। विस्मृतवृत्तिकस्येति। बोध इत्यनेनान्वयः उद्बुद्धसंस्काराभावादिति भावः। पदज्ञानवत इति। तत्र विषयतया ज्ञानस्याभावात्। हस्तचेष्टादिनाप्यर्थस्त्वात्त्रातिव्याप्तिवारणाय पदशब्दप्रयोगः। तन्निरूपितवृत्त्याश्रयत्वनिवेशस्य फलमाह—**आश्रयत्वेनेति।** तथा च शब्दस्याकाशगुणत्वाद्घटादिशब्दादाकाशस्योपस्थितावपि आकाशत्वावच्छिन्ननिरूपितवृत्तेर्घटादिशब्देऽभावान्न तद्बोध इत्यर्थः।

यद्यपिवृत्तिज्ञानस्य पदज्ञानस्य वाऽभावे कारणसमुदायरूपसामग्रीविरहादेव न कार्योत्पत्तिः सम्भवति, तथापि समुदायघटकसम्बन्धज्ञानार्थं सामानाधिकरण्यनिवेशः। स्यादेतत्। स्मृतिं प्रत्यनुभव एव कारणम् उपेक्षात्मकज्ञानात्तु संस्कारानुत्पत्त्यैवास्मरणसम्भवे किं संस्कारहेतुतया। अन्यथा भ्रमणाभावादेव घटादीनामनुत्पत्तौ दण्डादीनामपि हेतुतानापत्तेरिति चेन्न, उद्बोधकानां तत्तद्व्यक्तित्वेन हेतुत्वे गौरवाल्लाघवेन संस्कारस्यैव हेतुत्वकल्पनात्। व्यापारेण व्यापारिणो नान्यथासिद्धिरिति प्रवादस्तु निर्मूल एव। संस्कारशब्देनात्र वासनाविशेष उच्यते, न तु स्मृतिजनकतया तार्किकप्रसिद्धः। शाब्दबोधस्य स्मृतिरूपतया निराकरिष्यमाणत्वात्। चैत्रादेश्चेति— अस्ति हि पदव्यञ्जकतया चैत्रादेरुपस्थितिः।

ननु घटादिपदवृत्त्यनुभवाव्यवहितोत्तरं शाब्दबोधापत्तिः तत्पूर्वं संस्काराभावादत आह—**संस्काराजनकेति।** अनुभवस्य क्षणिकतया तत्रापि स्मरणादेव बोधादिति भावः। ननु उपेक्षात्मकशक्तयनुभवानन्तरं संस्कारानुत्पत्त्या शाब्दबोधानापत्तिरत आह—तेनेति। ननु संस्कारस्यातीन्द्रियतया तत्सत्त्वे मानाभाव इत्यत आह—संस्कारकल्पिका चेति। स्मृतिरूपकार्येणैव कारणस्य संस्कारस्यानुमानात्। यद्यपि स्वरूपसदेव कारणं कार्यजनकं, न ज्ञातं, तथापि कल्पिकेत्यस्य हेतुत्वकल्पकेत्यर्थः। ननु संस्कारस्य फलनाश्यत्वात् वृत्तिस्मृतौ संस्कारस्य नष्टत्वात् शाब्दबोधानापत्तिरत आह—शाब्दबुद्धिरेव वेति। चरमफलस्यैव संस्कारनाशकत्वमिति भावः। न चैवं स्मरणानन्तरं पुनः स्मरणानापत्तिरिति वाच्यम्, तत्र स्मरणस्यैव संस्कारजनकत्वात्। तदुक्तं दीधितौ "जायते च पुनः पुनः स्मरणाद् दृढतरः संस्कार" इति॥ ६॥

क०—तद्धर्मावच्छिन्नेति निवेशस्य फलमाह—**विशेषणेति।** एतत्प्रयोगोपपत्तिर्भावप्रकाशे स्पष्टा। घटावच्छिन्नघटत्वे घटपदं शक्तमित्यादिरूपेणेत्यर्थः। तन्निवेशे तु समानप्रकारकत्वलाभान्न दोष इति भावः। ननु विषयितासम्बन्धेन वृत्तिविशिष्टज्ञानस्य हेतुत्वे विस्मृतवृत्तिकस्य तत्तद्वाचकपदाद्यज्ञानवतश्च शाब्दबोधापत्तिरत आह—**ज्ञाने इति।** उभयत्र स्वपदेन वृत्तिः। तथा च तदुभयसम्बन्धेन तादृशवृत्तिविशिष्टं ज्ञानं हेतुरिति सिद्धम्। पदेति। पदादीत्यर्थः। आदिना वाक्यम्। यद्वा पदशब्दो यौगिको वाक्यपर एव। तथैव वाच्ये एवमुक्तेरस्य पदशास्त्रत्वसूचनाय मतान्तरसङ्ग्रहाय चेति बोध्यम्।

तत्समुदितस्य फलमाह—**अत इति।** उक्तसमुदितस्य करणत्वादित्यर्थः। तत्र वृत्तिज्ञानकारणत्वफलमाह—नागृहीतेति। स्वविषयकोद्बुद्धेत्यस्य फलमाह—नापि विस्मृतेति। केवलोद्बुद्धेत्यस्यापीदमेव फलम्। अन्यविषयकोद्बुद्धसंस्कारसामानाधिकरण्येनातिप्रसङ्गनिरासाय—स्वविषयेति। स्वाश्रयपदेत्यस्य फलमाह। तद्वाचेति। यत्किञ्चित्पदविषयत्वमादायानतिप्रसङ्गाय स्वाश्रयेति। निरूपकत्वेन स्वाश्रयार्थमा-

दायानतिप्रसङ्गाय—पदेति । विशिष्टस्य कृत्यं तु तदेव । वृत्तीत्यंशस्य फलद्वयमाह—नापि घटपदादाश्रयेति । सिद्धान्ते शब्दस्य द्रव्यत्वेन समवायासम्भवादिति भावः ।

एतेन घटपदादुपस्थिताकाशादेः शाब्दबोधविषयत्ववारणाय शाब्दबोधे वृत्तिग्रहजन्योपस्थितिर्हेतुः, वृत्तित्वं शाब्दबोधहेतुपदार्थोपस्थित्यनुकूलशब्दतदर्थसम्बन्धत्वमित्यपास्तम्, उक्तयुक्तेः । किञ्च तत्प्रकारकतद्विशेष्यकतत्संसर्गकबोधे तत्तत्समभिव्याहारज्ञानरूपाकाङ्क्षायास्तत्कारणत्वज्ञानस्य च कारणतायास्तार्किकादिसम्मततया तयैवाकाशादिवारणसम्भवेन पदार्थोपस्थितिकारणताशरीरे वृत्तिग्रहजन्यत्वनिवेशस्य विफलत्वात् । किञ्च शक्तिग्रहांशे उद्बुद्धसंस्कारस्य तदुपस्थितिं विनापि बोधानुभवेन पदार्थोपस्थितेः कारणत्वे मानाभावात् । किञ्च पदार्थोपस्थितित्वापेक्षया पदार्थविषयकत्वेनैव लाघवात्कारणत्वौचित्यात् तादृशश्च शक्तिसंस्कार एवेति भावः । शब्दस्य जन्यत्वमतेनाह—जनकेति ।

नन्वेवं यच्छक्तिग्रहात्संस्कारो नोत्पन्नस्तत्र स्वविषयकोद्बुद्धसंस्कारसामानाधिकरण्यसम्बन्धेन वृत्तिवैशिष्ट्याभावाच्छाब्दबोधानापत्तिरत आह । **संस्कारेति ।** ननु यत्र शक्तिग्रहः संशयात्मकस्तत्र संस्कारो नेति तत्सत्त्वमत आह—तेनेति । तादृशशक्तिग्रहेणेत्यर्थः । निश्चयस्यैव शाब्दबुद्धिजनकत्वात् शक्तिग्रहाव्यवहितोत्तरक्षणे तु शाब्दबोधो न शब्दज्ञानाभावादिति भावः । 'ननु यजेत स्वर्गकाम' इति श्रुत्या यागस्य कारणत्वे बोधिते कालान्तरभाविस्वर्गं प्रत्याशुतरविनाशिनो यागस्य कारणत्वानुपपत्तौ संस्कारस्तत्र कल्प्यते तद्वत्प्रकृते किं कल्पकमत आह—संस्कारकल्पीति । ननु तत्र वृत्तिस्मृतावेव किं मानमत आह । शाब्देति । अन्यथानुपपद्यमानकार्येण कारणकल्पनादिति भावः ॥ ६ ॥

सरला—"तद्धर्मावच्छिन्नविषयकशाब्दत्वाऽवच्छिन्नं प्रति तद्धर्मनिरूपितवृत्तिविशिष्टज्ञानं हेतुः" यही कार्यकारणभाव यदि माना जाय, तो भी मधुरत्वप्रकारकगुडविशेष्यक बोध की आपत्ति केवल 'गुड' ऐसा कहने से सुतरां वारित हो जायेगी; क्योंकि गुडपद में मधुरत्वप्रकारक शक्तिग्रह है ही नहीं तथा गुडत्वप्रकारकगुडविशेष्यकवृत्तिग्रह होने से गुडपद से गुडत्वप्रकारक गुडविशेष्यक ही शाब्दबोध होता है । इसी अंश का स्पष्टीकरण ग्रन्थकार कर रहे हैं—

विशेषण-विशेष्य भाव के व्यत्यास अर्थात् वैपरीत्य स्थिति में किसी को किसी पद का शक्तिग्रह हुआ, अर्थात्—घटप्रकारक घटत्वविशेष्यक शक्तिग्रह हुआ । उससे घटत्वप्रकारक घटविशेष्यक शाब्दबोध न हो जाय, अतः कारणदल में भी तद्धर्मावच्छिन्नत्व का प्रवेश किया गया, कार्यदल में तो पहले से ही निवेश था, अतएव घटपदाद् घटत्वविशिष्ट बोधवारणाय, ऐसा ग्रन्थकार को लिखना पड़ा ।

अब यह निश्चित हो गया कि कारणदल में भी तद्धर्मावच्छिन्न का निवेश करके "तद्धर्मावच्छिन्ननिरूपितवृत्तिविशिष्टज्ञानम्" ऐसे रूप से कारण को बोलना चाहिये।

इस पर यह जिज्ञासा होती है कि ज्ञान में वृत्ति का वैशिष्ट्य किस सम्बन्ध से माना जाय ? इसका समाधान किया गया है—"स्वविषयकोद्‌बुद्धसंस्कारसामानाधिकरण्य" तथा "स्वाश्रयपदविषयकत्व" इन दो सम्बन्धों से ज्ञान में वृत्ति का वैशिष्ट्य माना जाय। दोनो सम्बन्धों में स्वपद से वृत्ति का ग्रहण होगा, जिसका वैशिष्ट्य ले जाना होता है, सम्बन्धघटकस्वपद से वही लिया जाता है। अतः वृत्तिविषयक जो उद्‌बुद्धसंस्कार उसका सामानाधिकरण्य ज्ञान में होना चाहिये। इसका तात्पर्य हुआ कि उद्‌बुद्ध संस्कार का तथा ज्ञान का एक अधिकरण हो, वह कालरूप तथा देशरूप हो। अर्थात् एक काल तथा एक देश में दोनो होवें। देशपद से न्यायदृष्टि से आत्मा तथा वेदान्त एवं व्याकरण दृष्टि से अन्तःकरण लिया जायेगा।

एवं च संस्कार तथा ज्ञान ये दोनों समवाय सम्बन्ध से आत्मा में तथा तादात्म्य सम्बन्ध से अन्तःकरण में रहेंगे, क्योंकि ये दोनों अन्तःकरण की वृत्ति के रूप में होंगे, वह वृत्ति अन्तःकरण का परिणाम विशेष है। अतः परिणामरूप-वृत्तिविशेष का परिणामी अन्तःकरण के साथ तादात्म्य सम्बन्ध हुआ। स्वाश्रयपद—विषयकत्व—इस दूसरे सम्बन्ध में भी स्वपद से वृत्ति का ग्रहण करके वृत्ति का आश्रयीभूत जो पद, उसे तद्विषयकत्वज्ञान में होना चाहिये, अर्थात् वृत्त्याश्रयपदविषयक वह ज्ञान हो।

अब इन दोनों सम्बन्धों का फल बतलाते हुए पहले प्रथम सम्बन्ध का फल बताते हैं। "अतो नागृहीतवृत्तिकस्य बोधः" इत्यादि। अर्थात् प्रथम सम्बन्ध देने से जिसको तत्तत्पदों में तत्तदर्थनिरूपितवृत्ति का ज्ञान नहीं हुआ, उसको उन पदों से उन अर्थों का शाब्दबोध नहीं होता है। तथा जिसको कभी वृत्ति का ज्ञान तो हुआ, पर कालान्तर में वृत्ति की विस्मृति हो गयी, उसको भी वृत्ति-विस्मरण से उद्‌बुद्ध संस्कार न होने से उक्त संस्कारसमानाधिकरण्यरूप सम्बन्ध नहीं घटित हुआ, अतः शाब्दबोध नहीं होता। प्रथम कोटि में तो मूलतः वृत्तिज्ञान हुआ ही नहीं, अतः संस्कार की उत्पत्ति ही नहीं हुई। दूसरी कोटि में वृत्तिज्ञान होने से संस्कार की उत्पत्ति अवश्य हुई, पर उस संस्कार का उद्‌बोधन नहीं हुआ। इस प्रकार प्रथम सम्बन्ध के निवेश का दो फल बताकर अब द्वितीय सम्बन्ध का फल बताते हैं—'नापि तद्वाचकपदमजानतः' इत्यादि। अर्थात् जिस अर्थ का शाब्दबोध करना है, उसकी वृत्ति का उद्‌बुद्ध संस्कार तो है; परन्तु उस अर्थ के वाचक पद का ज्ञान जिसको नहीं है, उसको वृत्त्याश्रय पद का ज्ञान नहीं होने से शाब्दबोध नहीं होगा, तथा घटपद के श्रावण

प्रत्यक्ष से यदि किसी को समवाय सम्बन्ध की आश्रयता से आकाश की उपस्थिति हो गयी, अथवा स्ववाच्य घट के जनकतारूप इस सम्बन्ध से चैत्र आदि की उपस्थिति हो गयी, तो इस स्थिति में आकाश एवं चैत्रादि का शाब्दबोध नहीं होगा, क्योंकि इन अवस्थाओं में वृत्त्याश्रय पदविषयक ज्ञान न होने से द्वितीय सम्बन्ध का अभाव है। आकाश आदि की वृत्ति का आश्रयीभूत पद तो आकाशादि है। वह तो यहाँ है नहीं; अपितु घटपद है, जो आकाशादि निरूपित वृत्ति का आश्रय नहीं है।

प्राथमिक वृत्तिज्ञान दो प्रकार का होता है। व्यवहार दर्शन से अनुमितिरूप, तथा माता-पिता गुरु आदि के उपदेश से शाब्दबोधरूप। ये दोनों परोक्षानुभवरूप हैं, अतः इनसे संस्कार अवश्य उत्पन्न होगा। इसलिये कोई ऐसा शक्तिज्ञान नहीं, जो संस्कार का जनक न हो, यदि उपेक्षात्मक या संशयात्मक शक्तिज्ञान से संस्कार की उत्पत्ति नहीं होती, ऐसी शङ्का की जाय तो इसका उत्तर है कि उस शक्तिज्ञान से शाब्दज्ञान की उत्पत्ति भी नहीं होती। इसलिये सर्वत्र शाब्दबोधस्थल में उद्‌बुद्ध-संस्कारघटित प्रथमसम्बन्ध का असम्भव नहीं हुआ। अब पुनः शङ्का होती है कि शक्तिज्ञान से संस्कार की उत्पत्ति होने पर भी संस्कार के अतीन्द्रिय होने से तद्‌घटित सम्बन्ध का ज्ञान कैसे होगा, सम्बन्ध अज्ञात होने से अप्रयोजक हो जायेगा। इसका समाधान करते हैं कि—"संस्कारकल्पिका च" अर्थात् संस्कार अतीन्द्रिय होने पर भी अनुमिति का विषय अवश्य है। वृत्तिस्मृतिरूप कार्य से कारणीभूत संस्कार की अनुमिति हो जायेगी। "कार्यं दृष्ट्वा कारणमनुमीयते" इस न्याय से। इस पर पुनः जिज्ञासा होती है कि अच्छा-वृत्तिस्मृति होती है, इसी में क्या प्रमाण है ? इस पर कहते हैं कि "शाब्दबुद्धिरेव वा" अर्थात् शाब्दबोधरूप कार्य के ज्ञान से उसके कारणीभूत वृत्तिस्मृति की अनुमिति कर ली जायेगी। दूसरे के अन्तःकरण के शाब्दबोध का भो ज्ञान कैसे होगा, जिससे उसकी वृत्तिस्मृति की अनुमिति की जा सके ? इस पर कहते हैं कि "शाब्दबुद्धिरेव वा इत्यन्यदेतत्"। इस वाक्य में वाशब्द चशब्द के समुच्चय अर्थ में समझना चाहिये, जिससे चेष्टादिकार्य का भी समुच्चय हो जायेगा, अर्थात् दूसरे के घटानयन आदि विषयकशाब्दबोध की अनुमति कर ली जायगी। पुनः उस शाब्दबोध से वृत्तिस्मृति की अनुमिति, पुनः उससे वृत्तिविषयकोद्‌बुद्धसंस्कार की अनुमिति। इस प्रकार प्रथम सम्बन्ध के स्वरूप का पूर्ण स्वरूपज्ञान एवं समन्वय समझना चाहिये ॥ ६ ॥

वि० टि०—"विशेषणविशेष्यभावव्यत्यासेन गृहीतशक्तिकस्य" यहाँ व्यत्यास का वैपरीत्य अर्थ है। उसके आगे तृतीया का वैशिष्ट्य अर्थ है। "प्रकृत्यादिभ्य उपसंख्यानम्" इस वार्तिक से यह तृतीया हुई है। "विशेषणविशेष्ययोर्भावः तस्य व्यत्यासो वैपरीत्यं तेनेत्यर्थः"। गृहीता शक्तिर्येन स तस्य। ग्रह धातु से कर्म अर्थ में क्तप्रत्यय हुआ है। अतः गृहीतशब्द का ज्ञानविषय अर्थ हुआ। व्यत्यासेन के तृतीयार्थवैशिष्ट्य का स्वरूपसम्बन्ध से ग्रहधात्वर्थ ज्ञान में अन्वय हुआ। अतः वैपरीत्यविशिष्ट-

ज्ञान अर्थात् विपरीतज्ञान की विषयीभूत शक्ति है—जिसको, ऐसा पुरुष—यह अर्थ हुआ। विपरीतज्ञान भ्रमज्ञान होता है। वह तदभाववति तत्प्रकारक होता है। अनुकूलज्ञान तद्वति तत्प्रकारक होता है। अर्थात् अनुकूलविशेषणविशेष्यभाव से जो शक्तिग्रह होता है, वह प्रमारूप शक्तिग्रह होता है। जैसे घटत्वप्रकारकघटविशेष्यक शक्तिग्रह प्रमा है। उसमें घटत्व विशेषण है, घट विशेष्य है, यही उचित है। यदि किसी को घटप्रकारक घटत्वविशेष्यक शक्तिग्रह हो गया, तो उसमें विशेषणविशेष्यभाव विपरीत हो जायगा, इसलिए वह शक्तिग्रह भ्रमात्मक कहा जायगा। अर्थात् घटत्वविशिष्ट घट में घटशब्द की शक्ति होनी चाहिये, न कि घटविशिष्ट घटत्व में। यदि वह घटविशिष्ट घटत्व में हुई, तो शक्ति के अभाववाले पदार्थ में हुई। इसलिये उसका ज्ञान भ्रमात्मक हुआ। घटत्वविशिष्ट घट में होने से उसका ज्ञान प्रमारूप होता है।

तद्धर्मावच्छिन्नेतीति—कारणदल में तद्धर्मावच्छिन्न—पद का निवेश करने पर यद्यपि घटपद के विपरीत शक्तिग्रह से घटत्वप्रकारकघटविशेष्यकशाब्दबोध की आपत्ति का निरास हो गया, तथाऽपि त्यदादियों की बुद्धिस्थत्वाऽवच्छिन्न में शक्ति के पक्ष में 'तमानय' ऐसा वाक्य कहने पर 'बुद्धिस्थमानय' 'बुद्धिस्थ को लाओ' ऐसा शाब्दबोध होने लगेगा, घटत्वादिविशेषरूप से जो इष्ट शाब्दबोध—वह नहीं हो सकेगा। इस सिद्धान्त को करके ही दीधितिकार ने वह्निव्याप्यधूमवत्पर्वत को तत्–शब्द का अर्थ मानकर 'स वह्निमान्' इस वाक्य से जायमान शाब्दबोध में अनुमिति लक्षण की अतिव्याप्ति दिखलाई हैं; क्योंकि तत्–शब्द से (वह्निव्याप्यधूमवत्पर्वतरूप-अर्थविषयक उपस्थिति परामर्शरूप हो गयी) वह्निव्याप्यधूमवत्पर्वतरूप अर्थ बुद्धिस्थत्वावच्छिन्न है, उसकी उपस्थिति परामर्शरूप हुई। परामर्शनिष्ठजनकतानिरूपित-जन्यतावज्ज्ञानत्वरूप अनुमिति का लक्षण इस शाब्दबोध में अतिव्याप्त हुआ। तत्–शब्द के शक्तिग्रह से उक्त अर्थ की उपस्थिति ही परामर्शरूप है। उसकी जन्यता 'स वह्निमान्' इस वाक्य से जायमान शाब्दबोध में होने से अतिव्याप्ति सम्पन्न हुई। इस दीधिति ग्रन्थ से बुद्धिस्थत्वावच्छिन्न में त्यदादि की शक्ति मान लेने पर 'तमानय' इस वाक्य से बुद्धिस्थमानय इस शाब्दबोध की आपत्ति बनी ही रहेगी।

इसका समाधान यह है कि—बुद्धिस्थत्वाऽवच्छिन्न में सामान्यरूप से शक्ति मानने पर भी विशेषरूप से उपस्थिति तथा शाब्दबोध मानने में कोई बाधक न होने से उक्तदोष का निरास हो गया, क्योंकि अब तमानय इस स्थल में घट आदि विशेष का आनयनविषयकशाब्दबोध हो जायगा। परन्तु यह नियम त्यदादि से अतिरिक्त स्थल में नहीं जायेगा, अतएव द्रव्यपद से घटत्वादि विशेषरूप से शाब्दबोध नहीं होगा। वस्तुतस्तु—बुद्धिस्थत्वोपलक्षित तत्तद्धर्माऽवच्छिन्न में त्यदादि की शक्ति मानने से कोई दोष नहीं होगा; क्योंकि उपलक्षण तो परिचायकमात्र होगा, वह उपस्थिति या शाब्दबोध का विषय नहीं होता, अतः तत्तद्विशेषधर्म घटत्व–पटत्व

आदि ही त्यदादि के शक्यताऽवच्छेदक हुए, उन्हीं धर्मों को प्रकार मानकर घट-पट आदि विशेष अर्थ त्यदादि के शक्यार्थ होते हैं। ऐसी स्थिति में दीधिति ग्रन्थ की उक्त आपत्ति भी निरस्त हो गयी; क्योंकि अब तत्-शब्द से बुद्धिस्थत्वावच्छिन्न परामर्श का ग्रहण नहीं होगा, अपि तु वह्निव्याप्यधूमवत्पर्वतत्वावच्छिन्नविषयक परामर्श लिया जायगा। उससे 'स वह्निमान्' इस वाक्यजन्यबोध में अनुमितिलक्षण की अतिव्याप्ति नहीं होगी; क्योंकि यह शाब्दबोध सामान्यरूप से परामर्शरूप उपस्थिति से जन्य नहीं है; अपितु वह्निव्याप्यधूमवत्पर्वतविषयकोपस्थितिरूपपरामर्श से। इससे अनुमिति सामान्यलक्षण की अतिव्याप्ति का सम्भव नहीं है।

यद्यपि कुञ्जिकाकार ने इस प्रसङ्ग में त्यदादियों को नानार्थक मान लिया है; पर वह पक्ष उचित नहीं है क्योंकि–अननुगतनानाधर्माऽवच्छिन्नशक्तिनिरूपकताऽवच्छेदकैकधर्मवत्त्वं नानार्थत्वम्—इस लक्षण की अतिव्याप्ति यहाँ पर सम्भावित नहीं है। घटत्व-पटत्व आदि नानाधर्मों का अनुगमक बुद्धिस्थत्वरूप एक धर्म है। इसलिए ये सभी शक्यताऽवच्छेदक धर्म बुद्धिस्थत्वरूप एक धर्म से अनुगत हैं। अननुगत नहीं हैं। हरि-आदि पद नानार्थक हैं। वहाँ पर सिंहत्व-सूर्यत्व-सर्पत्व आदि नाना-शक्यताऽवच्छेदक धर्म अननुगत हैं; क्योंकि हरिपद से एक बार सूर्य-सर्प आदि में एक ही का बोध होता है, परन्तु त्यदादिशब्दों से एक ही बार संसार के सभी धर्मों के बोध होने की योग्यता है। इसलिये वे सब धर्म बुद्धिविशेषविषयत्व से अनुगत हो सकते हैं। अतः त्यदादिशब्द नानार्थक नहीं है।

"नाऽपि घटपदादाश्रयत्वेनोपस्थिताकाशस्य" घटपद से घटत्वावच्छिन्नविषयक शाब्दबोध करने में घटत्वावच्छिन्ननिरूपित वृत्तिविशिष्टज्ञान हेतु होता है। ऐसी स्थिति में वैशिष्ट्यनियामक द्वितीय सम्बन्ध (स्वाश्रयपदविषयकत्व) का प्रयोजन दिया गया—'नाऽपि घटपदादाश्रयत्वेनोपस्थितस्याकाशस्य' अर्थात् घटपद से आश्रयत्व-सम्बन्ध से उपस्थित आकाश का शाब्दबोध में भान न हो जाय, इसलिये द्वितीय-सम्बन्ध दिया गया। उसके देने पर यहाँ दोष नहीं है, क्योंकि आकाशनिरूपित-वृत्त्याश्रय घटपद नहीं है। यहाँ पर यह जिज्ञासा होती है कि जब तद्धर्मावच्छिन्न-निरूपितवृत्तिविषयकउद्बुद्धसंस्कार का सामानाधिकरण्य पदज्ञान में है, तब ऐसी स्थिति में आकाशविषयक शाब्दबोध की आपत्ति कैसे आ सकेगी? वह तो समवाय-सम्बन्धावच्छिन्नआश्रयतासम्बन्ध से उपस्थित हुआ है, तन्निरूपितवृत्तिरूपसम्बन्ध-विषयक उद्बुद्ध संस्कार का सामानाधिकरण्य घटपद के श्रावणप्रत्यक्ष आदि ज्ञान में सम्भव नहीं है। इस स्थिति में प्रथम सम्बन्ध के अभाव में ही आकाशविषयक शाब्दबोध की आपत्ति दूर हो जायेगी। तो यह द्वितीय सम्बन्ध का फल कैसे होगा? इसका समाधान दो प्रकार से है—एक तो यह कि कारण–"तद्धर्मावच्छिन्ननिरूपित-वृत्तिविशिष्टं ज्ञानं हेतुः" में वृत्ति का सम्बन्धत्वेन प्रवेश किया जाय, अर्थात्—"तद्धर्मा-वच्छिन्ननिरूपितसम्बन्धविशिष्टं ज्ञानं हेतुः" ऐसा कारण माना जाय, तो सम्बन्धत्वेन

रूपेण आश्रयत्व-जनकत्व आदि का भी ग्रहण होने से आकाश आदि के शाब्दबोध की आपत्ति आ जायेगी। अतः सम्बन्ध पद न देकर वृत्ति पद दिया गया, जिससे वृत्तिरूप ही सम्बन्ध लिया जायगा, न कि सम्बन्धसामान्य। यह विषय कलाटीका में स्पष्ट किया गया है—वृत्तीत्यंशस्य फलद्वयमाह—नापि घटपदादाश्रयेति।

समाधान का दूसरा प्रकार यह है कि कारणदल में वृत्तिपद रहते हुए भी यदि किसी को घटशब्द सुनने से 'घटपदं घटत्वावच्छिन्ननिरूपितवृत्तिमत्, आकाशपदमाकाशत्वावच्छिन्ननिरूपितवृत्तिमच्च' ऐसा समूहालम्बन ज्ञान हुआ, तो इसमें प्रथम-सम्बन्ध का समन्वय हो जायेगा, क्योंकि आकाशात्वावच्छिन्ननिरूपितवृत्तिविषयक उद्‌बुद्धसंस्कारसामानाधिकरण्यरूपप्रथमसम्बन्ध घटपद के श्रावणप्रत्यक्ष में रह गया।

द्वितीय सम्बन्ध देने से आपत्ति का निराकरण हुआ, क्योंकि आकाशत्वावच्छिन्ननिरूपितवृत्ति का आश्रय जो आकाशपद उसका श्रावणप्रत्यक्ष यहाँ नहीं है।

प्रथम समाधान में द्वितीय सम्बन्ध का यह फल नहीं है; अपि तु वृत्तिपद के प्रवेश का है। ऐसी स्थिति में सिंहावलोकितन्याय से यह दोनों फल मानने होंगे, अन्यथा वृत्तिपद का फल विना कहे तद्‌घटित प्रथमसम्बन्ध का फल पहले कैसे दिये? दूसरी बात यह कि द्वितीयसम्बन्ध का फल ग्रन्थकार ने एक ही कहा, यह न्यूनता होगी, जबकि प्रथम सम्बन्ध का दो फल कहा गया। प्रत्युत वृत्तिपद-प्रवेश का फल यदि कहना है, तो "नागृहीतवृत्तिकस्य" वृत्तिज्ञान रहित पुरुष को शब्दबोध न हो जाय, ऐसा कहना चाहिये, उस पर वृत्ति का प्रवेश यदि सम्बन्धत्वेन रूपेण किया जाय, तो आश्रयतयोपस्थिताकाशस्येत्यादि के शब्दबोध का व्यावृत्तिरूप फलद्वय कहते, तो समुचित होता। अतः 'नाऽपि तद्वाचकपदाज्ञानवतः, नाऽपि आश्रतयोपस्थिताकाशस्य' ये दोनों फल द्वितीय सम्बन्ध के व्यावर्त्यरूप हैं। "जनकतयोपस्थितचैत्रादेश्च" यह फल तो द्वितीय फल का पूरक है, अपूर्व नहीं है। केवल साक्षात्सम्बन्ध तथा परम्परासम्बन्ध के भेद से ऐसा कहा गया। आश्रयतासम्बन्ध साक्षात् है। जनकतासम्बन्ध परम्परारूप है, उसमें स्वार्थजनकतया, ऐसा स्वार्थघटित मानना होगा; क्योंकि शब्दशास्त्र में पद या वाक्य नित्य माने जाते हैं, अतः पद का जनक चैत्रादि नहीं हो सकता; अपि तु उसके घटरूप अर्थ का ही जनक हो सकता है।

यदि कहें कि प्रक्रिया पक्ष में तो कार्यरूप (अनित्य) भी शब्द माने जाते हैं, तो इस पर यह कहना है कि—हाँ अवश्य माने जाते हैं, परन्तु इस स्थल में वृत्ति का आश्रय पद लेना है, वह स्फोटरूप शब्द ही हो सकता है, जो नित्य है तथा द्रव्यरूप है। इसीलिये ग्रन्थकार ने आश्रतयोपस्थित कहा, न कि समवायसम्बन्धेनोपस्थितः; क्योंकि द्रव्यरूपशब्द का आकाश के साथ समवायसम्बन्ध नहीं हो सकता। इसीलिए भाष्यकार ने "आकाशदेशः शब्दः" कहा, न कि आकाशगुणः। यह आकाश वक्ता का हृदयाकाश समझना चाहिये, उसमें ध्वनिव्यङ्ग्य स्फोट की संयोगसम्बन्ध

से आश्रयता माननी चाहिये, "द्रव्ययोरेव संयोगः" संयोग दो द्रव्यों का ही होता है, ऐसा नियम है। यहाँ पर पद स्फोटरूप से गृहीत है, अतः उसका ज्ञान श्रावणप्रत्यक्ष या मानसप्रत्यक्ष रूप लिया जायगा, क्योंकि अणुदित्सूत्र में भाष्यकार का कथन है कि "उच्चरितः शब्दः प्रत्यायको भवति, नानुच्चरितः"। ऐसी स्थिति में वह ज्ञान उक्त दो प्रकार का ही लिया जाना चाहिये। वाक्यपदीयकार ने इसका स्पष्टीकरण किया है—

स्फोटरूपाविभागेन ध्वनेर्ग्रहणमिष्यते।
कैश्चिद्ध्वनिरसंवेद्यः स्वतन्त्रोऽन्यैः प्रकाशकः॥

अर्थात् ध्वनि के साथ ही अविभक्तरूप में स्फोट का ग्रहण इष्ट है। अथवा ध्वनि असंवेद्य है, गृहीत नहीं होता, केवल स्फोट ही गृहीत होता है। अथवा ध्वनि स्वतन्त्ररूप से स्फोट का व्यञ्जक हैं, यह तीन मत हुए, इनमें प्रथम तथा द्वितीय मत में स्फोट का श्रावण प्रत्यक्ष माना जाता है, तृतीय मत में ध्वनि स्वतन्त्र होकर व्यञ्जक है, अतः मानस प्रत्यक्षरूप अभिव्यक्ति माननी चाहिये।

उच्चरित ध्वनि स्थल में स्फोट का ज्ञान उक्त दो प्रकार का ही सम्भावित है। अतः जहाँ पर स्फोट की स्मृति या अनुमिति आदि ज्ञान होंगे, वहाँ शाब्दबोध नहीं होता। न्यायादिदर्शनों में तो वहाँ भी शाब्दबोध माना जाता है। पर शब्दशास्त्र में 'एकसम्बन्धिज्ञानमपरसम्बन्धिस्मारकं भवति' इस नियम से पदार्थ या वाक्यार्थ की स्मृति का ही वहाँ सम्भव है। यदि शाब्दबोध होगा, तो ध्वनि के सूक्ष्मोच्चारण से स्फोट की अभिव्यक्ति माननी ही होगी।

"संस्कारकल्पिका च" वृत्ति के स्मृतिरूप कार्य से उसके कारणीभूतसंस्कार की अनुमिति हो जाने से प्रथम सम्बन्ध की उपपत्ति होगी। अनुमान का आकार होगा— "अयं देवदत्तः घटत्वाऽवच्छिन्ननिरूपितवृत्तिविषयकोद्बुद्धसंस्कारवान्, वृत्तिस्मरणवत्त्वात्"। अब यह प्रश्न होता है कि दूसरे व्यक्ति का वृत्तिस्मरण कैसे जाना जाय? उसके अज्ञान में हेतु का अज्ञान होने से अनुमिति नहीं हो सकेगी। इस पर कहते हैं कि शाब्दबुद्धिरूप कार्य से उसके कारणीभूतवृत्तिस्मरण की अनुमिति कर लेंगे। अनुमान का आकार होगा–अयं देवदत्तः घटत्वावच्छिन्ननिरूपितवृत्तिमान्, घटत्वावच्छिन्नविषयकशाब्दबोधवत्त्वात्। अव पुनः यह जिज्ञासा होती है कि—दूसरे का शाब्दबोध भी कैसे जाना जाय? इस पर यह समझना चाहिए कि उस शाब्दबोध के कार्य चेष्टा आदि को देखकर शाब्दबोध की भी अनुमिति कर लेनी चाहिये।

'अयं घटविषयकशाब्दबोधवान् घटविषयकचेष्टादिमत्त्वात्" यह अनुमान होगा। अब हस्त-पाद आदि का व्यापाररूपचेष्टा आदि का ज्ञान तो चक्षुरादि इन्द्रियद्वारा सुकर है। यद्यपि "क्रिया नामेयमत्यन्तापरिदृष्टा न शक्या पिण्डीभूता निदर्शयितुम्" इस भाष्यकथन से हस्त-पाद आदि की क्रियाओं का भी प्रत्यक्ष सम्भावित नहीं है, तथाऽपि पिण्डीभूत अर्थात् समुदित का प्रत्यक्ष न होने पर भी

सा च वृत्तिस्त्रिधा । शक्तिर्लक्षणा व्यञ्जना च । तत्र शक्तिः कः पदार्थ इति चेत् ?

"अस्माच्छब्दादयमर्थो बोद्धव्यः" इत्याकारा, "इदं पदमिममर्थं बोधयतु" इत्याकारा वेश्वरेच्छा । तस्याश्च यद्यपि विषयत्वलक्षणः सम्बन्धः पदे, अर्थे, जन्यजनकभावे, बोधे च; तथापि तस्यां बोधनिष्ठजन्यतानिरूपकजनकतावत्त्वेन विषयो वाचकः, तस्यां बोधविषयत्वेन विषयो वाच्य इति नातिप्रसङ्गः । यद्यपि प्रथमशक्तिग्रहो वाक्य एव, तथापि आवापोद्वापाभ्यां शास्त्रकृत्कल्पिताभ्यां तत्तत्पदे शक्तिग्रह इति बोध्यम् । यद्वा, तादृशबोधविषयको बोध एव सेति नैयायिकाः । ७ ॥

कु०—**वृत्तिस्त्रिधेति ।** त्रिधेति धाप्रत्ययः प्रकारे । स च सामान्यस्य भेदको विशेषः । इह च वृत्तित्वं सामान्यं, शक्तित्वादिर्विशेषः । तथा च विशेषत्रयवती वृत्तिरित्यर्थः । एतच्च स्वरूपकथनमात्रम् । शक्तिज्ञानलक्षणाज्ञानयोः कार्यकारणभावस्त्वेक एव । तथा हि शक्तित्वावच्छिन्नसांसर्गिकविषयतानिरूपितपदनिष्ठप्रकारतानिरूपितार्थनिष्ठविशेष्यताकज्ञानत्वेन शाब्दबोधं प्रति कारणता, शक्तिसम्बन्धेन शक्यसम्बन्धेन वा पदप्रकारकज्ञाने शक्तेः संसर्गत्वात् । यत्तु शक्तिलक्षणान्यतरत्वं वृत्तित्वमिति, तन्न, द्योतकानामसङ्ग्रहापत्तेः । तार्किकमतमनुवदति—अस्माच्छब्दादिति । ननु बोध्यत्वप्रकारकेश्वरेच्छायाः शक्तित्वेऽर्थधर्मत्वापत्तिरित्यरुचेराह—इदमिति ।

अवयवरूप में प्रत्यक्ष का सम्भव है। इसलिए प्रदीपकार श्रीकैयट ने" अवयवशः साक्षात्करोमि" ऐसा माना है। "पश्य मृगो धावति" इत्यादि वाक्य से भी क्रिया का प्रत्यक्ष समर्थित होता है। अथ च "परोक्षे लिट्" सूत्र से भी क्रिया का प्रत्यक्ष होना सिद्ध होता है। अन्यथा उसका परोक्षत्व ही रहने से परोक्षपद अव्यावर्तक होकर व्यर्थ हो जायगा।

यद्यपि संस्कार स्वरूप-सन् ही वृत्तिस्मरण में कारण होता है। उसके ज्ञान की आवश्यकता नहीं हैं, तथापि "वृत्तिस्मरणम् संस्कारहेतुकम्" वृत्ति का स्मरण वृत्ति के संस्कार से जन्य है, इस व्यवहार में उसके ज्ञान की आवश्यकता होने से उसकी अनुमिति आवश्यक है।

जैसे आशुतर विनाशी याग की स्वर्गकारणता संस्कार के बिना अनुपपन्न है, अतः संस्कार की कल्पना प्रकृत में आवश्यक है, इसीलिये वृत्तिज्ञानजन्य पदार्थोपस्थिति को ग्रन्थकार व्यापारविधया कारण नहीं मानते। इनके मत में उक्तसंस्कार ही व्यापारविधया कारण होता है। वृत्तिविषयकत्व ही लाघवात् कारणतावच्छेदक धर्म माना जाता है। वृत्तिज्ञानजन्यपदार्थोपस्थिति को हेतु मानने पर तादृश पदार्थोपस्थितित्व को कारणतावच्छेदकधर्म मानने पर गौरव होगा ॥ ६ ॥

तस्याश्चेति। ईश्वरेच्छा पदे अर्थे जन्यजनकभावे चेति सर्वत्र शक्तिः प्राप्तेत्यर्थः। यद्यपि मुख्यविशेष्यतार्थनिष्ठैव तथापि लोमवान् पशुपदाद् बोध्य इति शक्तिग्रहे मुख्यविशेष्यतारहितस्य लोमादेरपि बोधात्र तथोक्तम्। तस्यामिति। बोधनकत्वेनेच्छाविषयो वाचक इत्यादिरर्थः। नातिप्रसङ्ग इति–न सम्बन्धादौ वाचकत्वापत्तिः। प्रथमशक्तिग्रह इति, बालानां वाक्यादेवार्थबोधात्। आवापः पदान्तरप्रक्षेपः। उद्वापः निष्कासनम्। घटमानय, घटं नय इत्यादि। शास्त्रकृदिति। पदविभागस्य काल्पनिकत्वात्। वस्तुतो घटमानय घटं नयेत्यादिवाक्यमखण्डमेवेति भावः। यद्यपि तार्किकमते नाखण्डं वाक्यम्, तथापि पदविभागेन कल्पित एवार्थविभाग 'वाक्येनैवार्थसमाप्ति' रिति प्रागेवोक्तत्वात्।

ननु ईश्वरेच्छैव शक्तिरित्ययुक्तमीश्वरज्ञानकृत्योरपि विनिगमनाविरहेण शक्तिरूपत्वसम्भवादतस्तत्रेष्टापत्तिमाह। **यद्वेति।** सा शक्तिः। तन्नेति। घटमानयेत्यादिवाक्यं श्रुतवता प्रयोज्येनानीतं घटं पश्यन् बालोऽनुमिमीते अयं घटानयनकार्यताज्ञानवान् घटविषयकचेष्टावत्त्वादिति। ततः कारणं विना कार्यानुत्पत्त्या अखण्डवाक्यस्य तत्कार्यकारणत्वमधारयति। ततो वाक्यार्थयोः सम्बन्धाभावे बोधकत्वासम्भवात् कल्पनाया बोधजनकत्वज्ञानोत्तरकालभावित्वाद् बोधजनकत्वस्य सम्बन्धत्वं कथमित्यर्थः। प्रथमतो हि बोधजनकत्वग्रहो भवति, पश्चात् सम्बन्धः कल्प्यत इति भावः॥ ७॥

क०—मतान्तरासामञ्जस्यसूचनाय तां विभजते = **सा चेति।** अनेन सङ्गतिः सूचिता। तत्र-तासु वृत्तिषु। दूषयितुं तावदाह अस्मादिति शब्दात्—पदात्। बोद्धव्ये ण्यर्थान्तर्भावः। अर्थविशेष्यकेच्छामुक्त्वाविनिगमनाविरहात्पदनिष्ठत्वाच्च शक्तेः पदविशेष्यिकामाह। इदं पदमिति। ईश्वरेच्छेति। शक्तिरित्यस्यानुषङ्गः। अयमेव तदीयसङ्केत इति व्यवह्रियते नैयायिकैः। नन्वेवं वाच्यवाचकव्यवस्थानुपपत्तिस्तस्याः सर्वत्राविशेषादित्याशयेन शङ्कते। तस्याश्चेति। इच्छाया इत्यर्थः। एवमग्रेऽपि। जनकतेति। प्राधान्येन बोधविषयत्वानवच्छिन्नेत्यपि जनकताविशेषणं बोध्यम्। यथाश्रुतेऽतिप्रसङ्गस्तदवस्थ एव। नातीति। पदं वाच्यमर्थो वाचक इत्यादीत्यर्थः। एतेनेश्वरेच्छाया अतिप्रसक्तत्वान्न तस्याः शक्तित्वमित्यपास्तम्। ननु पदे शक्तिग्रहस्यैवाभावेन कथं पदघटिता सेत्याशयेन शङ्कते। यद्यपीति। आवापः–पदान्तरप्रक्षेपः। उद्वापो–विद्यमानपदत्यागः। तयोरवास्तवत्त्वादाह–शास्त्रकृदिति। विनिगमनाविरहादेवाह–यद्वेति। एतच्छब्दजन्यार्थबोधविषयकेश्वरज्ञानमेव शक्तिरित्यर्थः॥ ७॥

सरला – पूर्व ग्रन्थ में शाब्दबोध के कारणदल "तद्धर्मावच्छिन्ननिरूपितवृत्तिविशिष्टं ज्ञानं हेतुः" में घटकतया प्रविष्ट वृत्ति का भेद बतलाते हैं।

वह वृत्ति तीन प्रकार की है। शक्ति, लक्षणा और व्यञ्जना भेद से। इन तीनों में शक्ति कौन पदार्थ है? अर्थात् शक्तिरूपवृत्ति का स्वरूप क्या है, इस जिज्ञासा में

न्यायशास्त्र का मत कहते हैं—ईश्वर की इच्छा को ही शक्ति कहते हैं। वह इच्छा दो प्रकार की है—इस शब्द से अर्थ का बोध होना चाहिये, इस आकारवाली ईश्वर की इच्छा—जो शब्दजन्यबोधविषयत्वप्रकारिका अर्थविशेष्यिका है। तथा यह पद इस अर्थ का बोध करावे—इस आकारवाली अर्थविषयकबोधजनकत्वप्रकारिका पदविशेष्यिका ईश्वर की इच्छा। इन दोनों प्रकार की ईश्वरेच्छाओं का विषयतारूपसम्बन्ध पद-पदार्थ—जन्यजनकभावसंसर्ग तथा—बोध इन चार विषयों में है। अतः इन चारों में वाचक या वाच्य का लक्षण अतिप्रसक्त है; क्योंकि विषयतासम्बन्ध से ईश्वरेच्छावत्त्व ही वाचक या वाच्य का लक्षण माना जा सकता है, तथापि बोधनिष्ठजन्यतानिरूपितजनकतावत्त्वेन रूपेण जो ईश्वरेच्छा का विषय, वह वाचक कहा जाता है, तथा बोधविषयत्वेन रूपेण जो ईश्वरेच्छा का वह वाच्य कहा जाता है, ऐसा मानने से अतिप्रसङ्ग का निरास हो गया। यद्यपि पहले शक्ति का ज्ञान वाक्य में ही होता है, तथापि शास्त्रकारों से कल्पित जो आवाप (पद का रखना) तथा उद्वाप (उन पदों में से किसी पद का उठा लेना) की प्रक्रिया से तत्तत्पदों में शक्ति का ज्ञान सुलभ होता है। अथवा इस पद से अर्थ का बोध होता है, इस प्रकार के बोध को विषय करनेवाला जो ईश्वरीयबोध, वही शक्ति है। यह नैयायिक मत है ॥ ७ ॥

वि० टी०—सा च वृत्तिस्त्रिधा—वृत्ति का सामान्य लक्षण विना बताये उसके भेद का कथन उचित नहीं है; क्योंकि विशेषविषयकजिज्ञासा में सामान्यज्ञान कारण होता है। इसका समाधान यह है कि—पूर्वोक्त कार्यकारणभाव से ही वृत्ति का सामान्यज्ञान हो जायेगा; क्योंकि तदर्थविषयक शाब्दबोध में तदर्थनिरूपितवृत्तिविशिष्टज्ञान के कारण होने से "शाब्दबोधजनकज्ञानविषयपदपदार्थसम्बन्धत्वं वृत्तित्वम्" अर्थात् शाब्दबोधजनकज्ञान के विषयभूत पद-पदार्थ के सम्बन्ध विशेष को वृत्ति कहते हैं। इस प्रकार सामान्यज्ञान सुलभ है। अतः व्यञ्जनावृत्ति से सामान्यज्ञान न कराकर भेद का निरूपण किया गया। सा च वृत्तिस्त्रिधा—इस वाक्य में "सा" इस तद्-शब्द से भी यह बात जानी जाती है; क्योंकि ज्ञात अर्थ ही तद् शब्द से कहा जाता है। अतः पूर्वोक्त कारणदल में प्रविष्ट होने से लक्षण को कल्पना से ज्ञात है। "शक्तिर्लक्षणाव्यञ्जना च" यहाँ पर लक्षणा का कथन न्यायादिशास्त्रों के अनुरोध से किया गया। व्याकरणशास्त्र में तो लक्षणा को स्वतन्त्रवृत्ति न मानकर शक्ति में ही गतार्थ करते हैं। आगे चल कर लक्षणा-निरूपण में शक्यताऽवच्छेदकारोपरूप लक्षणा कहते हुए इसी बात को बतायेंगे।

अतः व्याकरणदर्शन शक्ति तथा व्यञ्जना इन दो ही वृत्तियों का समर्थक है।

"अस्माच्छब्दादयमर्थो बोद्धव्यः" यह ईश्वरेच्छा बोधविषयत्वप्रकारिका अर्थविशेष्यिका है। प्रथमान्तार्थमुख्यविशेष्यकबोधवादी नैयायिकों के मत में उक्त वाक्य

से अर्थविशेष्यक ही बोध होगा, क्योंकि "अर्थः" यह प्रथमान्तपद उस वाक्य में है। बोद्धव्यपद में बुध धातु का बोध अर्थ है, उसके उत्तर तव्य प्रत्यय का कर्म अर्थ हैं, वह विषयरूप है। इसलिये 'बोद्धव्यः' का अर्थ हुआ "बोधविषयः"। अयं पद का यह अर्थ है, उसका अर्थपदार्थ में अभेदसम्बन्ध से अन्वय होता है। शब्दात् पद में पञ्चमी का प्रयोज्यत्व अर्थ है। वह "विभाषा गुणेऽस्त्रियाम्" सूत्र से हेतुवाचक शब्द से हुई है। उस प्रयोज्यत्व में शब्दरूपप्रकृत्यर्थ का निरूपितत्वसम्बन्ध से अन्वय होता है। तथा प्रयोज्यत्व का स्वरूपसम्बन्ध से बुध-धात्वर्थबोध में अन्वय होता है। इसलिये अमुक शब्द से प्रयोज्य जो बोध (शाब्दबोध) तन्निरूपितविषयतावान् (यह अमुक) अर्थ होवे। ऐसा आकार प्रथम ईश्वरेच्छा का हुआ। इसमें बोधनिरूपितविषयता स्वरूपसम्बन्ध से प्रकार तथा अर्थ विशेष्य है।

"इदं पदमिममर्थं बोधयतु"—विनिगमनाविरह से यह ईश्वरेच्छा भी शक्ति है। इसमें बुध धातु का अर्थ बोध, उसके उत्तर णिच् प्रत्यथ का अर्थ जनकत्व है। (हेतुमति च) इस सूत्र से यह णिच् प्रत्यय हुआ है। कर्त्रर्थक लोट् लकार का लक्षणावृत्ति से आश्रयता अर्थ है। इमम् का अर्थ अभेद सम्बन्ध से इसी अर्थपदार्थ में', 'अर्थम्' पद में अम् विभक्ति का कर्मत्वरूपविषयत्व अर्थ है। अर्थ पदार्थ का वृत्तित्वसम्बन्ध से अमर्थविषयता में अन्वय, तथा विषयता का निरूपकता सम्बन्ध से बुधधात्वर्थ बोध में, बोध का निरूपितत्व सम्बन्ध से जनकता में, जनकता का निरूपितत्वसम्बन्ध से लोडर्थ आश्रयता में, आश्रयता का स्वरूपसम्बन्ध से पद में, तथा इदम् अर्थ का भी अभेदसम्बन्ध से पद में अन्वय होता है। इसलिये "इदमभिन्नार्थवृत्तिविषयतानिरूपितबोधनिरूपितजनकतावान् यह (अमुक) पद होवे" इस आकार दूसरी वाली ईश्वरेच्छा हुई।

ज्ञान-इच्छा-द्वेष-कृति संस्कार ये सविषयक पदार्थ हैं। अर्थात् यत्किञ्चित् अर्थनिष्ठ विषयता के निरूपक हैं। ऐसी स्थिति में यहाँ ईश्वरेच्छा भी सविषयक होने से पद-अर्थ-जन्यजनकभाव संसर्ग, तथा बोध ये चार इसके विषय माने जायेंगे। यदि विषयतासम्बन्ध से ईश्वरेच्छावत्त्वं वाचकत्वम्—ऐसा कहेंगे तो इन चारों में वाचक का लक्षण चला जायगा। इसमें पद में तो इष्ट है, पर अन्य तीन में अनिष्ट होने से अतिव्याप्त कहा जायगा। इसी प्रकार यदि विषयतासम्बन्धेन ईश्वरेच्छावत्त्वं वाच्यत्वम्, ऐसा वाच्य का लक्षण कहेंगे, तो अर्थ में इष्ट होने पर भी अन्य तीन में अतिप्रसक्त हो जायगा। अतः "बोधनिष्ठजन्यतानिरूपितजनकतावत्त्वेनरूपेण ईश्वरेच्छावत्त्वम्" यह वाचक का लक्षण कहना चाहिये तथा बोधविषयत्वेन रूपेण जो ईश्वरेच्छा का विषय वह वाच्य कहा जायगा। इस प्रकार से अतिप्रसङ्ग का निराकरण हो गया।

तन्न, प्रयोज्यप्रयोजकवृद्धव्यवहारं पश्यता बालेन प्रयोज्यस्य प्रवृत्त्या तस्य ज्ञानमनुमाय ज्ञानस्य चोपस्थितत्वाच्छब्दमेव कारणत्वेन गृहीत्वा असम्बद्धस्य कारणत्वानुपपत्तिज्ञानपूर्वकं कल्प्यमानस्य सम्बन्धस्य स्वयमनुपपद्यमानत्वेन गृहीतजनकत्वघटितस्य ग्रहीतुमशक्यत्वात्। एतेन बोधजनकत्वमेव पदपदार्थयोः सम्बन्ध इत्यपास्तम्। विनिगमनाविरहेणेच्छाबोधयोरुभयोः शक्तित्वकल्पने गौरवाच्च। किञ्चैवमिदमस्माद्भवत्वितीच्छाविषयत्वमेव जनकत्वं स्यादिति बहूपप्लवः। किञ्च प्रमाणानां जनकत्वतद्घटितसमूहातिरिक्तसम्बन्धेनैव प्रमेयसम्बद्धानां ज्ञानजनकत्वदर्शनेनेह तयोः सम्बन्धत्वानौचित्यम्। अन्यथा 'धूमाद्वह्निज्ञानं जायताम्' इति इच्छाविषयत्वमेव तद्बोधजनकत्वमेव वा हेतुसाध्ययोः सम्बन्धः स्यादिति व्याप्त्युच्छेदः।

किञ्च इच्छाया जनकत्वस्य वोभयवृत्तित्वाभावः। इच्छाविषयबोधीयविषयतायामिच्छाश्रयतानियामकत्वाभावात्। 'सम्बन्धो हि सम्बन्धिभ्यां भिन्न उभयाश्रितः' इति, 'द्विष्ठः सम्बन्धः' इति च, 'विशिष्टबुद्धिनियामकः' इति चाभियुक्तव्यवहारात्। न हि तत्र 'विषय इच्छावान्' इत्यादिव्यवहारोऽस्ति। जनकता शक्तिरिति पक्षे बोधजनकतायाः पदेऽर्थे च सत्त्वेऽपि तयोः परस्परं सम्बन्धस्य दुरुपपादत्वात्। ज्ञाने विषयस्य कर्तुश्च कारणत्वेऽपि तयोः परस्परं विशिष्टबुद्ध्यदर्शनात्। अर्थपदयोः सम्बन्धस्य दुरुपपादत्वात्॥ ८॥

कु०—प्रयोज्यस्य प्रवृत्त्या। घटाद्यानयनेन। तस्य ज्ञानमिति। एतद्वाक्यार्थज्ञानं प्रयोज्यस्य जातमित्यनुमायेत्यर्थः। ज्ञानस्येति। प्रयोज्यनिष्ठज्ञानस्य तु तद्वाक्यमेव कारणं वाक्यवाक्यार्थयोश्चासम्बन्धे बोधकता न स्यादिति तयोः सम्बन्धः कल्प्यत इत्यर्थः। स्वयमनुपपद्यमानत्वेनेति। प्रथमतोऽसम्भवादित्यर्थः। गृहीतेति। ज्ञातेत्यर्थः। बोधजनकत्वरूपसम्बन्धस्य ज्ञातुमशक्यत्वादिति यावत्। अपास्तमिति। बोधजनकत्वज्ञानानन्तरमेव सम्बन्धत्वकल्पनात्। किञ्च बोधकत्वस्यैव वाचकत्वे माधुर्यादिव्यञ्जके स्पर्शादिवर्णेऽतिव्याप्तिः। (स्पर्शसंज्ञके वर्णेऽतिव्याप्तिः)

यद्यपि प्रथमं शक्तिग्रहो वाक्ये एव—व्याकरणदर्शन की दृष्टि में तो यही वाक्य में शक्तिग्रह मुख्य है; क्योंकि इस दर्शन में वाक्यस्फोट अर्थात् शक्ति का आश्रय है; परन्तु न्यायदर्शन में वाक्य में शक्तिग्रह भ्रमात्मक है। इस मत में

विनिगमनाविरहेणेति। ईश्वरेच्छाया ईश्वरज्ञानस्य वा शक्तित्वमित्यत्र विनिगमनाविरह इत्यर्थः। **किञ्चैवमिति।** दण्डाद् घटो जायतामितीच्छाविषयत्वमेव दण्डादौ कारणत्वं स्यादित्यर्थः। तस्माद्दण्डादिनिष्ठा शक्तिः स्वरूपसती कार्योत्पादिका, शब्दनिष्ठा तु ज्ञातैव शाब्दबोधोपयोगिनीति वैलक्षण्यमावश्यकमिति भावः। किञ्च स्वर्गादिजनकत्वमेव यागादौ कारणत्वं वाच्यं, तथा च स्वर्गजनकत्वेन पूर्वंग्रहाभावात् स्वर्गकामो यजेतेतिवाक्याच्छाब्दबोधानापत्तिः। बहूपप्लव इति। अन्यत्रापि कारणत्वस्यातिरिक्तस्य सिद्धचनापत्तिरित्यर्थः। तस्मादीश्वरेच्छा कारणत्वस्यैव नियामकेति भावः। प्रमाणानामिति। संयोगादिसम्बन्धेन घटादिसम्बद्धानामेव चक्षुरादीनां घटादिबोधकत्वदर्शनादिहापि प्रमाणप्रमेययोः सम्बन्धान्तरमेवोचितम्, जनकत्वस्य जनकत्वघटितस्य वा सम्बन्धत्वं नोचितमित्यर्थः।

अन्यथा। जनकत्वादेः सम्बन्धत्वे सति। ज्ञायमाने धूमे। धूम एव हेतुर्न तु धूमज्ञानमित्यभिप्रेत्य धूमादित्युक्तम्। व्याप्त्युच्छेद इति। व्याप्तिर्नाम साहचर्यनियमः, तस्या हेतुत्वमुच्छिद्येतेत्यर्थः। तस्माज्जनकत्वघटितः सम्बन्धो नोचित इति भावः। इच्छाया जनकत्वस्य वेति। यो हि घटभूतलयोः संयोगवत्तदुभयस्मिन्नपि सम्बन्धिनि वर्तते, स एव सम्बन्धो भवति। जनकत्वादि तु पदमात्रवृत्तीत्युभयवृत्तित्वाभावान्न सम्बन्धत्वमित्यर्थः। इच्छाया उभयवृत्तित्वाभावमुपपादयति-इच्छेति। इच्छाविषयीयो बोधस्तदीयविषयताया इच्छाश्रयतानियामकत्वाभावादित्यर्थः। तव हि न पदं नापि पदार्थ इच्छाविषयः; किन्तु बोध एव, बोधविषयतयैव च इच्छाश्रयता वाच्या, सा च न सम्भवति, अयं शब्दः अयमर्थो वा इच्छावानिति प्रतीत्यभावादिति भावः।

सम्बन्धत्वाभावं वक्तुं प्रथमतः सम्बन्धस्वरूपं दर्शयति-**सम्बन्धो हीति।** यद्यपि विशिष्टबुद्धिनियामकत्वं विशेष्यविशेषणयोरपि, तथापि तयोरविशिष्टबुद्धावपि विषयत्वात्तद्व्युदासः। घटवद् भूतलमित्यादिविशिष्टबुद्धिवत्प्रकृते विशिष्टबुद्धिर्नास्तीत्याह—न हीति। तत्रेति। इच्छाविषयो यो बोधस्तदीयविषय इत्यर्थः। ननु शब्दवदर्थस्यापि

प्रकृति-प्रत्यय में ही शक्ति मानी जाती है। प्रकृत्यर्थ का प्रत्ययार्थ में संसर्ग का भान आकाङ्क्षा से हो जाता है। उसमें शक्ति मानने में गौरव समझा जाता है। अतः गौरवदोष के भय से वाक्य में भी शक्ति का ज्ञान प्रमारूप नहीं; अपितु भ्रमरूप ही होता है। लोकव्यवहार में प्रथमतः वाक्य बोलने से उसी से बोध होता है, अतः उसी में शक्ति मान ली जाती है।

तादृशबोधविषयको बोध एव सा—ईश्वरेच्छा रूप शक्ति के पक्ष में "इस शब्द से इस अर्थ का बोध होवे" ऐसा इच्छा का आकार होता है। परन्तु बोधविषयकबोध-रूप शक्ति पक्ष में— इस शब्द से इस अर्थ का बोध होता है, ऐसा ईश्वरीयबोध का आकार होगा ॥ ७ ॥

शाब्दबोधे निमित्तत्वादस्त्युभयत्र बोधजनकत्वाख्यः सम्बन्ध इत्यत आह—सत्त्वेऽपीति। दुरुपपादत्वादिति। नहि दण्डचक्रयोरुभयोर्घटजनकत्वेऽपि परस्परं सम्बन्धोऽस्तीत्यर्थः। सम्बन्धाभावादिति पाठेऽप्ययमेवार्थः। एतदेवाह-ज्ञाने इति। अन्यथा विषयपुरुषयोरपि बोधहेतुत्वात् पुरुषविषययोः सम्बन्धे तयोर्विशिष्टबुद्ध्यापत्तिरित्यर्थः। ननु बोधजनकत्व-स्याश्रयतया पदे, निरूपकतया चार्थेऽपि सत्त्वादस्तु सम्बन्धत्वमिति चेन्न; निरूपकता-सम्बन्धस्य वृत्त्यनियामकत्वात् ॥ ८ ॥

क०—प्रयोज्यस्येति प्रयोजकवृद्धोच्चारितशब्दश्रवणानन्तरमित्यादिः। तस्य प्रयोज्यस्य। शब्दमेव प्रयोजकवृद्धोक्तमेव। असम्बद्धस्य शब्दस्येति शेषः। कल्प्येति। पदपदार्थयोरिति भावः। सम्बन्धस्य भवदुक्तस्येति शेषः। स्वयमात्मनेत्यर्थकं गृहीतेत्य-त्रान्वेति। घटितस्य तादृशेच्छाज्ञानान्यतररूपस्य। आद्यं पञ्चम्या जनकत्वमुक्तम्, द्वितीये बोधयत्विति ण्यन्तस्य तद्विषयकबोधं जनयत्वित्यर्थेन तदुक्तम्। तथा च स्वसामाना-धिकरण्येन तस्य तत्प्रतिबन्धकत्वेन तद्रूपकारणाभावेन दुष्करस्तद्ग्रह इति भावः।

दीक्षितभूषणोक्तं मतं निराचष्टे। **एतेनेति**। उक्तदोषेणेत्यर्थः। सम्बन्धः शक्ति-पदवाच्यः। एतेन वैयाकरणमतत्वेन तदनूद्य नव्यनैयायिककृतं तत्खण्डनमपास्तम्। वैयाकरणभाष्यकारादीनां तन्मताभावात्। आद्ये दोषान्तरमाह। विनीति। ननु ज्ञानेच्छाकृतीनामन्यत्र क्रमदर्शनेन प्राथम्यमेव ज्ञानस्य तत्त्वे विनिगमकम्। अत-एवोत्तरपक्षत्वेन तदुक्तम्। यद्वा इच्छात्वस्याविवक्षणेन तस्यापि शक्तित्वमिष्टम्। किञ्चाधुनिकसङ्केतस्येच्छात्वदर्शनेन तस्या एव तत्त्वमत एप मुख्यपक्षत्वेन प्राक् तदुक्तिरत एवाह—किञ्चैवमिति। इच्छायाः शक्तित्वाङ्गीकारे इत्यर्थः। यद्यपि प्राग्वदत्रापि विषयत्वं जनके जन्ये जन्यजनकभावे भवने च, तथापि भवनाश्रयत्वेन यस्तद्विषयः, स जन्यः तदुपादानत्वेन यस्तद्विषयः स जनकः इति नातिप्रसङ्ग इति भावः। इच्छेति। तादृशविषयत्वावच्छिन्नेत्यर्थः। एतेन तदन्यत्वव्यावृत्तिः।

तेन स च सङ्केतस्तद्विषयत्वरूपो न तद्रूपः। एतदाशयेनैव शक्तिः पदार्थान्तर-मित्युक्तिर्नव्यानां, विषयत्वस्य पदर्थान्तरत्वादिति नव्यनैयायिकोक्तमपास्तम्। **बह्वपेति**। सकलशास्त्रव्यवहारोच्छेद इत्यर्थः। एवं तयोः पदार्थसम्बन्धत्वमुरीकृत्य तद्ग्रहासम्भवा-दिरूपदोषजातमुक्त्वा तयोस्तत्सम्बन्धत्वमेवायुक्तमित्याह—किञ्च प्रमाणानामिति। प्रत्यक्षादीनामित्यर्थः। जनेति। जनकत्वं तद्घटितश्चेच्छारूपो ज्ञानरूपो वा यः सम्बन्धस्तदुभयान्येत्यर्थः। सम्बन्धेनैव। संयोगादिनैव। घटादीत्यर्थः। इह—शब्द-स्थले। तयोः—जनकत्वतद्घटितयोः। सम्बन्धत्वेति—तत्सम्बन्धत्वेत्यर्थः। विपक्षे दोषान्तरमाह—अन्यथेति। अत्र तथाङ्गीकारे इत्यर्थः। इच्छाविषयेति। सांसर्गिक-विषयतयेच्छा इत्यर्थः। एवं प्रागपि। द्वितीये आह। तद्बोधेति। आदिना परामर्शः। उच्छेद इति। इष्टापत्तिस्तु तेन कर्तुमशक्येति भावः।

इत्थं तयोः सम्बन्धत्वमभ्युपेत्योक्तम्। वस्तुतस्तल्लक्षणानाक्रान्तत्वात्तत्त्वमेव तयोर्न सम्भवतीत्याह। **किञ्चेच्छाया इति।** तयोरुभयवृत्तित्वाभावे हेतुमाह। विषयतायामिति। तत्सामान्ये इत्यर्थः। एवमग्रेऽपि। ननु तयोराश्रयतानियामकत्वाभावेऽपि सम्बन्धत्वे किं बाधकमत आह। सम्बन्धो हीति। हि यतः सम्बन्धस्तादृशस्तादृशस्तादृश इत्यभियुक्तव्यवहारस्तस्मात्तस्य तत्त्वेनेत्यर्थः। तत्र मध्यमव्यवहारो हरेः, अन्यौ तु तान्त्रिकाणाम्। तथा च सम्बन्धिभिन्नत्वे सति उभयाश्रितत्वे सति विशिष्टबुद्धिनियामकत्वं सम्बन्धत्वम्। अस्ति च समवायादौ रूपवानित्यादिप्रतीतेः। तत्राद्येनाभेदस्य सम्बन्धत्वनिरासः। द्वितीयेन केवलजन्यत्वादेः। तृतीयेन वृत्त्यनियामकविषयत्वादेः। एवञ्च तयोरपि सम्बन्धत्वासम्भव इति भावः।

ननु तयोस्तदनियामकत्वे एव किं मानमत आद्ये आह। **न हीति।** तत्र तयोर्मध्ये। प्रकृताशयेनाह। इच्छेति। इच्छाया विषयो यो बोधस्तदीया या विषयता अर्थनिष्ठा तस्यामित्यर्थः। सत्त्यामिति शेषः। यद्वा तत्रेत्यस्यैव व्याख्या–इच्छेति। अनेनैव हि सम्बन्धेनेच्छाविषयस्य वाच्यत्वमुक्तमिति भावः। आदिना विषयो ज्ञानवानित्यस्य परिग्रहः। ननु सामान्यतो जनकताया जन्याश्रयतानियामकत्वाभावेन तदसम्बन्धत्वेऽपि पद–अर्थोभयवृत्तित्वेन तद्भिन्नत्वेन च पद-अर्थयोः सम्बन्धत्वं कुतो न ? अतो द्वितीयेऽपि तदेव वक्तुमाह। बोधेति। सम्बन्धस्य दुरुपेति। घटादिजनकत्वस्य दण्डादिसर्वनिष्ठत्वेऽपि तस्य तेषां मिथोऽसम्बन्धत्ववत्। नन्वत्र तस्याः पदवृत्तित्वेऽपि अर्थवृत्तित्वे मानाभावः, किञ्च तथा सति तत्सम्बन्धत्वमपि स्यादत आह। ज्ञाने इति। विषयस्यार्थस्य। कर्तुः शब्दस्य। तयोः कर्तृविषययोः। सम्बन्धस्य बोधजनकतारूपस्य। तस्मात् जनकत्वस्यापि न सम्बन्धत्वमिति तयोस्तत्त्वं दूरापास्तमेवेति भावः॥ ८॥

सरला–न्यायदर्शनसम्मत शक्ति के स्वरूप का खण्डन करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि "तन्न" उक्त न्यायमत युक्त नहीं है। क्योंकि—जब तक जनकता स्वयं अनुपपन्न है, उस स्थिति में उक्त जनकता से घटित ईश्वरेच्छारूप शक्ति पद-पदार्थ का सम्बन्ध कैसे हो सकेगी ? उक्त जनकता की अनुपपत्ति बताते हैं–प्रयोज्यवृद्ध तथा प्रयोजक वृद्ध के व्यवहार को देखता हुआ व्युत्पित्सु बालक प्रयोज्य की प्रवृत्ति (चेष्टा) को देखकर उसके ज्ञान की अनुमिति करता है। "अयं प्रयोज्यवृद्धः घटकर्मकानयनविषयकबोधवान् घटानयनविषयकचेष्टावत्त्वात्। इस प्रकार ज्ञान की अनुमिति के पश्चात् यह विचार करता है कि शब्द के सुनने से जिस अर्थ का ज्ञान हुआ, उस अर्थ का उस शब्द से सम्बन्ध यदि नहीं है, तो असम्बद्ध में कारणता उत्पन्न नहीं हो सकती। अतः शब्द में किसी सम्बन्ध की कल्पना करनी चाहिये, जिससे कारणता नियन्त्रित हो जाय, वह सम्बन्ध जनकताघटित कैसे हो सकेगा ? क्योंकि जनकता अभी तक अनुगत नहीं हो सकी, वह अनुपपन्न है। उसी की उपपत्ति के लिये तो अर्थनिरूपितसम्बन्ध की शब्द में कल्पना करनी है। इस प्रकार बोधजनकता-

घटित ईश्वरेच्छा जब शक्ति नहीं हो सकती, तो प्राचीन वैयाकरणों से अभिमत बोधजनकता कैसे शक्ति हो सकेगी ? यदि किसी प्रकार ईश्वरेच्छा को शक्ति मान लें, तो विनिगमना के अभाव से वैसा ईश्वरीय बोध भी शक्ति क्यों न माना जाय ? अतः इच्छा एवं बोध दोनों को शक्ति मानने में गौरव हो जायगा। यह गौरव ही नहीं, अपितु यह (पदार्थ) इस (पदार्थ) से उत्पन्न होवे इस प्रकार से इच्छाविषयत्व ही जनकत्व होने लगेगा, अर्थात् जब आपने अपने इस शब्द से इस अर्थ का बोध होवे– ऐसीइच्छा विषयता को ही शब्दनिष्ठजनकता मान ली; तो सभी स्थल में कारणता उक्त इच्छाविषयता ही क्यों न मानी जाय ? इस पर दोष देते हैं—"बहूपप्लवः" कार्यकारणभावस्थल में बहुत बड़ी उथल-पुथल मच जायगी। किसी कार्य का कोई नियत कारण हो ही नहीं सकेगा। इच्छा में तो सभी स्वतन्त्र हैं, कोई इच्छा कर देगा कि दण्ड से घट उत्पन्न हो जाय, बस यही इच्छा ही दण्ड के जनकत्व की नियामिका होगी। दण्ड में भ्रमणक्रिया के द्वारा मृत्तिका लेकर घटनिर्माण की क्या आवश्यकता है। यदि यह कहें कि ज्ञान जहाँ कार्य होता है, वहाँ पर उसकी कारणता की नियामक इच्छा को सम्बन्ध मानेंगे, अन्यत्र नहीं। इस पर कहते हैं कि—ज्ञानरूप कार्यस्थल में भी यह बात नहीं बनेगी, क्योंकि प्रमारूप ज्ञान के करण चक्षुः आदि इन्द्रिय जनकता, या जनकताघटितसम्बन्ध से भिन्न संयोग, संयुक्तसमवाय आदि सम्बन्ध से ही घट-पट आदि प्रमेय के साथ सम्बद्ध होकर उनके ज्ञान के जनक होते हैं, अतः ज्ञानस्थल में भी जनकता या तद्घटितसमूह को सम्बन्ध नहीं माना जा सकता। अन्यथा यदि ऐसा माना जाय, तो धूम से वह्नि का अनुमितिरूपज्ञान हो जाय, ऐसी इच्छा की विषयता ही हेतु तथा साध्य का सम्बन्ध मान लिया जाय, इस प्रकार से व्याप्तिरूपसम्बन्ध का मानना व्यर्थ हो जायगा। उसके विना ही इच्छा मात्र से अनुमिति की उत्पत्ति हो जायगी।

वस्तुतः विचार करने पर इच्छा अथवा जनकता को सम्बन्ध कहना ही अनुचित है, क्योंकि सम्बन्धी वही होता है, जो दोनो सम्बन्धियों में रहने वाला हो, स्व (इच्छा) विषयबोधविषयता सम्बन्ध से इच्छा अपने विषय पर वृत्ति (वर्त्तमान) नहीं हो सकती, क्योंकि उक्तविषयतासम्बन्ध वृत्तिता (आश्रयता) का नियामक नहीं है। हाँ समवायसम्बन्ध से इच्छा ईश्वर तथा जीव में रहती है। इस लिये समवायसम्बन्ध वृत्तिता का नियामक माना जाता है।

सम्बन्ध का लक्षण शिष्टों के द्वारा इस प्रकार किया गया है कि दोनों सम्बन्धियों से भिन्न तथा दोनों सम्बन्धियों में रहने वाला जो हो, वह रहने वाला सम्बन्ध कहलाता है। किसी आचार्य ने केवल—"दो सम्बन्धियों में रहने वाला सम्बन्ध होता है, इतना ही लक्षण किया है। तथा किसी ने 'विशिष्ट बुद्धि के नियामक को सम्बन्ध कहते हैं, ऐसा लक्षण किया है'। ये तीनों लक्षण शिष्टों के व्यवहार से मान्य हैं। ऐसी स्थिति में "विषय" (घट आदि) इच्छा वाले हैं। ऐसा शिष्टव्यव-

हार नहीं है। इसलिये अर्थरूपविषय तथा शब्द का इच्छारूपशक्तिसम्बन्ध होना सम्भव नहीं है।

प्राचीन वैयाकरण बोधजनकता को शक्ति मानते हैं। पर इस मत में भी बोध-जनकता को सम्बन्ध नहीं मान सकते; क्योंकि वह पद एवं पदार्थ में रहते हुए भी विशिष्टबुद्धि की नियामिका नहीं है। बोधजनकतासम्बन्धेन पदं पदार्थवत् अर्थात् बोधजनकता सम्बन्ध से पद पदार्थ से विशिष्ट है, ऐसी बुद्धि नहीं होती, ज्ञान में तादात्म्य सम्बन्ध से विषय तथा समवाय-सम्बन्ध से कर्ता देवदत्तादि के कारण होने पर भी विषय तथा कर्ता की परस्पर विशिष्ट बुद्धि नहीं देखी जाती। इस प्रकार अर्थ तथा पद का परस्पर सम्बन्ध उपपन्न नहीं होता ॥ ८ ॥

वि० टि०—प्रयोज्यस्य प्रवृत्त्या तस्य ज्ञानमनुमाय—

प्रयोज्यवृद्धः घटानयनविषयकज्ञानवान्, "घटानयनविषयकप्रवृत्तिमत्त्वात्, यो यद्विषयकप्रवृत्तिमान्, "स तद्विषयकज्ञानवान् यथा देवदत्तादिः, अयं प्रयोजकवृद्धोऽपि तथा, तस्मात्तद्विषयकज्ञानवान्। अर्थात् यह प्रयोज्यवृद्ध घटानयनविषयकज्ञानवाला है; क्योंकि घटानयनविषयकप्रवृत्ति इसमें देखी जा रही है। जो जिस विषय की प्रवृत्ति (चेष्टा) वाला होता है, वह उस विषय का ज्ञानवान् अवश्य होता है। क्योंकि उस विषय की प्रवृत्ति उस विषय के ज्ञान के बिना हो नहीं सकती, प्रवृत्ति के प्रति ज्ञान कारण होता है, ऐसा नियम है। देवदत्त आदि में यह बात देखी जाती है। इस प्रयोज्यवृद्ध में भी तद्विषयक प्रवृत्ति से तद्विषयकज्ञान इसमें है, ऐसा समझ लेना चाहिए। प्रयोजकवृद्ध ने "घटमानय" घड़ा लाओ—ऐसा वाक्य प्रयोज्यवृद्ध से कहा, उसको सुनकर प्रयोज्यवृद्ध, घड़ा लाया। इस प्रयोज्यवृद्ध की घड़ा लाने की प्रवृत्ति को देखकर समीपस्थ व्युत्पित्सु बालक ने समझा कि प्रयोज्यवृद्ध को घड़ा लाने के लिए प्रयोजकवृद्ध ने कहा, उसके कहने से "घटानयनं मदिष्टसाधनम्" घड़ा लाना मेरे इष्ट का साधन है, ऐसा घटानयनविशेष्यक इष्टसाधनत्व-प्रकारक ज्ञान होने से प्रयोज्यवृद्ध ने घढ़ा लाने की प्रवृत्ति किया। क्योंकि जो-जो प्रवृत्ति होती है, वह इष्टसाधनत्वप्रकारकज्ञान से जन्य होती है। यह प्रवृत्ति का स्वभाव है। अतः प्रयोज्यवृद्ध की यह प्रवृत्ति भी तादृशज्ञानजन्य है। अब यह जिज्ञासा होती है कि जिस ज्ञान से प्रवृत्ति हुई, वह ज्ञान नित्य तो है नहीं, तो वह किससे उत्पन्न हुआ है ? इसका उत्तर स्वयं ग्रन्थकार दे रहे हैं—"ज्ञानस्य चोपास्थित-त्वात् शब्दमेव कारणत्वेन गृहीत्वा" अर्थात् उस ज्ञान का कारण उसके पहले सुना हुआ शब्द ही हो सकता है, जो प्रयोजकवृद्ध से उच्चरित हुआ है। यहाँ भी "गृहीत्वा" का अर्थ अनुमाय है। अर्थात् उपस्थित कारण को छोड़कर अनुपस्थित कारण की कल्पना करना उचित नहीं है। इसलिये शब्दरूप कारण का अनुमान करके—यह अर्थ हुआ। अनुमान का आकार-प्रयोज्यवृद्धस्य ज्ञानम् प्रयोजकवृद्धोच्चारितवाक्य-जन्यम्, तादृशवाक्यान्वयव्यतिरेकानुविधायित्वात्, यद् यदन्वयव्यतिरेकानुविधायि भवति,

तत् तज्जन्यं भवति। यथा दण्डान्वयव्यतिरेकानुविधायी घटः। तात्पर्य यह कि—प्रयोज्य का ज्ञान प्रयोजकवृद्ध से उच्चरित वाक्य से जन्य है, क्योंकि उस वाक्य के अन्वयव्यतिरेक का अनुगमन करता है। जो जिसके अन्वयव्यतिरेकसहचार का अनुगमन करते हैं, वे उसके जन्य होते हैं। जैसे दण्ड के अन्वयव्यतिरेक का अनुविधायी घट, दण्ड से जन्य होता है। प्रकृत में प्रयोज्यवृद्ध का ज्ञान प्रयोजकवृद्ध से उच्चरितशब्द के अन्वयव्यतिरेक का अनुविधायी है, अतः तादृश शब्द से जन्य है, अर्थात् तादृशशब्द-प्रयोज्यवृद्ध के ज्ञान में हेतु है। वही प्रयोज्यवृद्ध के ज्ञान के पूर्व में उपस्थित है। उसको छोड़कर अनुपस्थित को हेतु कहना उचित नहीं। अब यह निर्णीत हो गया कि प्रयोजकवृद्ध से उच्चरित जो शब्द, वह प्रयोज्यवृद्ध के ज्ञान के प्रति कारण है, अतः शब्द में बोधकारणता (बोधजनकता) रहेगी। अब यह विचार करना है कि जिस अर्थ पर विषयतासम्बन्ध से विषय है, उस अर्थ पर किस सम्बन्ध से शब्द सम्बन्धी है, क्योंकि यदि शब्द उस अर्थ से सम्बन्ध नहीं रखता, असम्बद्ध होकर शब्द कारण बन ही नहीं पायेगा "या या कारणता सा सा किञ्चिद्धर्मावच्छिन्ना" अर्थात् जो जो कारणता होती है वह जिस किसी धर्म से अवच्छिन्न होती है। तथा किसी सम्बन्ध से भी अवच्छिन्न होती है, ऐसा नियम है। जैसे कि घट के प्रति दण्ड कारण है—दण्ड की कारणता दण्डत्वरूप से अवच्छिन्न है, तथा स्वप्रयोज्यसंयोगवत्त्वसम्बन्ध से भी अवच्छिन्न है। इसी सम्बन्ध से कपालद्वय के संयोगसम्बन्ध के द्वारा वह घट के उत्पन्न करने में समर्थ है।

प्रकृत में विषयनिष्ठप्रत्यासत्ति से अर्थरूपविषय पर बोधरूपकार्य विषयता-सम्बन्ध से होता है। वहाँ पर शब्द को शक्ति सम्बन्ध से यदि सम्बन्धी माना जाय, तो यही शक्तिसम्बन्ध उक्तबोध की कारणता का अवच्छेदक अर्थात् नियामक माना जायगा। ऐसी स्थिति में दो दोष आयेंगे, एक तो यह कि अर्थबोध के प्रति शक्तिज्ञान कारण है, यदि शक्ति बोधकारणतारूप है, तो बोध होने से पहले पद में बोध-कारणता का अभाव निश्चित है। अतः पद में बोधकारणता से घटित इच्छा रूप शक्ति का ज्ञान नहीं हो सकेगा, क्योंकि उस के प्रति "बोधकारणत्वाभाव-वदिदं पदम्" यह बाधनिश्चय प्रतिबन्धक हो जायगा। दूसरा दोष यह होगा, कि बोधकारणता का अवच्छेदक बोधकारणता से घटित शक्तिसम्बन्ध यदि माना जायगा, तो अपने का अपना ही अवच्छेदक होने लगेगा, जो सर्वथा अनुचित है, अवच्छेद्य-अवच्छेदक भावभिन्न पदार्थ में होता है, न कि एक में। अन्यथा आत्माश्रय-दोष आ जायगा। इस प्रकार से पद-पदार्थ में बोधजनकतारूपशक्ति मानने वाले प्राचीन वैयाकरणों का मत भी निरस्त हो गया।

यदि अवच्छेदकदल में स्वरूपयोग्यतारूप में बोधजनकता को मान लें, तथा अवच्छेद्यदल में फलोपधायकतारूप में उसे स्वीकार कर लें, तो दोनों में भेद हो जाने से अवच्छेद्यावच्छेदकभाव बन जायगा।

अथवा पद स्वजन्योपस्थितिविषयत्वसम्बन्ध से पदार्थ को सम्बन्धी बनायेगा, वही सम्बन्ध बोधनिरूपितकारणता का नियामक होगा। इस प्रकार से अवच्छेद्याव-च्छेदकभाव सुस्थिर हो गया, तथा आत्माश्रयदोष का निरास हो गया। अब बोध-जनकताघटित इच्छा रूप शक्ति सम्बन्ध निर्दोष हो गया। इस पर मञ्जूषाकार पुनः दोष का उत्थापन करते हैं कि "इच्छाबोधयोरुभयोः शक्तित्वकल्पने गौरवाच्च" इसका आशय यह है कि आप ईश्वरीय-इच्छा को जैसे शक्तिरूप में मानते हैं, ऐसे ही ईश्वरीयबोध को भी तो शक्तिरूप में माना जा सकता है, आप के पास ऐसा कोई विशेष-प्रमाण नहीं है कि ईश्वरीय इच्छा पद-पदार्थ का शक्तिरूप सम्बन्ध है, ईश्वरीय बोध वह सम्बन्ध नहीं है। अतः ईश्वरीय इच्छा तथा ईश्वरीयबोध दोनों को तादृश सम्बन्ध के रूप में मानना होगा, ऐसी दशा में गौरव दोष हो जायगा। यदि यह कहें कि 'जानाति, इच्छति, ततो यतते, ततः प्रवर्तते' अर्थात् पहले किसी पदार्थ का कोई ज्ञान करता है, उसके पश्चात् उसकी इच्छा करता है कि यह मेरा हो जाय, फिर तदर्थ प्रयत्न करता है, पुनः उसमें प्रवृत्ति करता है। इस प्रक्रिया में ज्ञान का प्राथम्य होने से ईश्वरीयबोध ही शक्तिरूप में माना जायगा, अतः दोनों को शक्ति मानने का भार समाप्त हो गया, तो यह कथन भी युक्त नहीं है, क्योंकि "अस्मात् पदादयमर्थो बोद्धव्यः, 'इदं पदमिमर्थं बोधयतु' अर्थात् इस पद से यह अर्थ बोधनीय है, 'यह पद इस अर्थ का बोध करावे, इस रूप से जो व्यवहार होता है, वह इच्छा का ही सम्भावित है, न कि बोध का; क्योंकि 'इच्छार्थेषु लिङ्लोटौ' इस पाणिनीय सूत्र के आधार पर इच्छार्थक धातुघटित पद के उपपद रहने पर अन्यधातु से लिङ् अथवा लोट्लकार होता है, उक्तस्थल में 'बोधयतु' इस लोट् लकार के प्रयोग से इच्छार्थक-धातु का ही उपपद होना उचित है, न कि ज्ञानार्थक धातु का। तात्पर्य यह कि 'यह पद इस अर्थ का बोध करावे' ऐसी ईश्वर की ईच्छा है, यह स्वरूप हुआ। यदि ईश्वरीय ज्ञान का स्वरूप कहना होता तो 'यह पद इस अर्थ का बोध कराता है, 'इदं पदमिमर्थं बोधयति' ऐसा ईश्वर का ज्ञान है, ऐसा व्यवहार होता, वह तो होता नहीं, किन्तु पूर्व कथित 'इदं पदमिमर्थं बोधयतु' यही व्यवहार शिष्टसम्प्रदायसिद्ध है, अतः ईश्वरीय इच्छा को ही शक्ति मानना न्यायदर्शन को अभिमत है।

इस पर ग्रन्थकार दोष देते हैं कि ऐसा मानने पर 'इदमस्माद् भवतु' अर्थात् यह घट आदि पदार्थ इस दण्ड आदि पदार्थों से उत्पन्न हो जाय, ऐसी इच्छा की विषयता ही दण्ड आदि की कारणता मान ली जाय, चक्र पर दण्ड के भ्रमण की क्या आवश्यकता ? इस रूप से कार्य-कारणभाव का वास्तविक स्वरूप ही भग्न हो जायगा, इस प्रकार नानाविध अनर्थ की परम्परा आ जायेगी।

यदि ज्ञानरूप कार्य के प्रति ही इच्छा विषयता को जनकतारूप में माना जायगा, इसलिये घट-पट आदि कार्यों के प्रति उक्त सम्बन्ध की उक्तापत्ति समाप्त हो गयी। इस अरुचि से ग्रन्थकार कहते हैं "किं च प्रमाणानामित्यादि" अर्थात् चक्षुः

(नेत्र) आदि प्रमाण अपने प्रमेय घट-पट आदि के साथ संयोग-सम्बन्ध से सम्बद्ध होकर प्रत्यक्ष-ज्ञान के जनक होते हैं, न कि जनकता या तद्घटित इच्छा आदि सम्बन्ध से सम्बद्ध होकर उक्त प्रत्यक्ष को उत्पन्न करें। अतः ज्ञान की कार्यता में भी उक्त सम्बन्ध की कारणता-नियामकता नहीं सिद्ध हुई। इस पर यदि कहा जाय कि परोक्ष-ज्ञान की कार्यता में ही उक्त सम्बन्ध की कारणाता-नियामकता मानेगें।

इस अरुचि से कहते हैं कि 'धूमाद् वह्निज्ञानं जायतामित्यादि' अर्थात् 'धूमरूप हेतु से अग्नि की अनुमिति हो जाय, इस प्रकार की इच्छा की विषयता ही हेतु तथा साध्य का सम्बन्ध हो जाय, व्याप्तिरूप सम्बन्ध का क्या प्रयोजन ? इस रूप से उसका उच्छेद ही प्राप्त हो गया। अर्थात् अनुमिति के प्रति व्याप्ति-सम्बन्ध के ज्ञान की हेतुता का विलोप हो गया, इसमें तात्पर्य है। इस पर यदि यह कहें कि शाब्दबोध रूप परोक्ष-ज्ञान में ही जनकता अथवा तद्घटित इच्छा को पद-पदार्थ का सम्बन्ध मानेंगे, इस पर ग्रन्थकार ने कहा कि उक्त सम्बन्ध में उभयवृत्तित्व (दो पदार्थों में रहना) का अभाव है, प्रतियोगी तथा अनुयोगी (विशेषण तथा विशेष्य) रूप दो सम्बन्धियों में उक्त सम्बन्ध रहता नहीं; क्योंकि स्वविषय (इच्छाविषय) जो बोध तद्विषयता-सम्बन्ध में इच्छा की आश्रयता का नियामकत्व नहीं है, अर्थात् उस सम्बन्ध से इच्छा का कोई आधार नहीं होता। इसलिये इच्छा या बोधजनकता को सम्बन्ध नहीं मान सकते।

विशेषण तथा विशेष्यरूप दोनों सम्बन्धियों में रहता हुआ दोनों से भिन्न होकर जो विशिष्ट बुद्धि का नियामक हो, वह सम्बन्ध कहलाता है। यह लक्षण इच्छा या बोधजनकता में नहीं घटता है। उक्त सम्बन्ध-लक्षण में दोनों सम्बन्धियों से भिन्न कहने से अभेद की सम्बन्धता अमान्य हो गयी। 'दोनों सम्बन्धियों में रहने वाला, ऐसा कहने से जनकत्व, जन्यत्व, स्वत्व आदि की सम्बन्धता समाप्त हो गयी। विशिष्ट बुद्धिनियामकत्वरूप तृतीय अंश से वृत्त्यनियामक विषयविषयिभाव, स्वस्वाभिाव आदि की सम्बन्धता निरस्त हो गयी।

यदि 'सम्बन्धिभ्यां भिन्नः, उभयाश्रितः' अर्थात् 'दोनों सम्बन्धियों से भिन्न, तथा दोनों में आश्रित, इतना ही अंश रहे, तो घट-पट के संयोग सम्बन्ध में तो सम्बन्ध का लक्षण समन्वित हो जायगा, क्योंकि संयोग में घट-पट दोनों सम्बन्धियों की भिन्नता है तथा दोनों में वह आश्रित भी है। परन्तु साथ ही इन दोनों से भिन्न द्रव्यत्व-सत्ता आदि भी हैं, उन में भी सम्बन्व-लक्षण की अतिव्याप्ति हो जायगी।

यदि द्विष्ठः सम्बन्धः 'दोनों सम्बन्धियों में रहनेवाला' इतना ही लक्षण रहे, तो घट-पट सम्बन्धिद्वय में आश्रित पूर्वोक्त द्रव्यत्व-सत्ता आदि में भी सम्बन्धलक्षण की अतिव्याप्ति हो जायगी।

यदि "विशिष्टबुद्धिनियामकः" यही अंश लक्षण मान लिया जाय, तो दिक्,

काल, ईश्वर आदि में उस लक्षण की अतिव्याप्ति हो जायगी, क्योंकि कार्यमात्र में सामान्यकारण होने से ये भी विशिष्टबुद्धि के नियामक हैं ही।

प्रकृतस्थल में इच्छा को पद तथा पदार्थ का सम्बन्ध नहीं माना जा सकता, क्योंकि पद-पदार्थरूपसम्बन्धी पर इच्छा की आश्रयता नहीं सम्भव है, समवाय-संबन्ध से इच्छा का आश्रय आत्मा होता है, वही इच्छावान् कहलाता है, पद-पदार्थ तो इच्छा के विषय हैं' विषयतासम्बन्ध से इच्छा के सम्बन्धी कहे जा सकते हैं, आश्रय (अधिकरण) नहीं। इसलिये 'विषय इच्छावान् है' ऐसा व्यवहार लोक में नहीं होता। इस प्रकार उभयाश्रित न होने से न्याय-सम्मत इच्छा रूप शक्ति-सम्बन्ध का निरास हो गया।

अब रही बोधजनकतारूप शक्ति-सम्बन्ध की चर्चा, यद्यपि बोधजनकता पद तथा पदार्थ में स्वरूपसम्बन्ध से रहती है, तथापि इन दोनों के सम्बन्धरूप में इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता, जैसे ज्ञानमात्र में विषय तथा कर्ता दोनों कारण होते हैं; परन्तु ज्ञानकारणता सम्बन्ध से उन दोनों में परस्पर विशिष्ट बुद्धि नहीं देखी जाती, क्योंकि ज्ञानजनकतासम्बन्ध से कर्ता विषयवान्, अथवा 'विषयः कर्तृमान्' ऐसा व्यवहार नहीं होता। ऐसे ही पद तथा पदार्थ में भी बोधजनकतासम्बन्ध से परस्पर विशिष्टबुद्धि न होने से उन दोनों का यह शक्तिरूपसम्बन्ध जो प्राचीन वैयाकरणों को अभिमत है, नहीं उत्पन्न हुआ।

विचारणीय विषय यह है कि—वृत्तितानियामक सम्बन्ध से जो उभयसम्बन्धी में रहता हो, वह सम्बन्ध होता है, इसीलिये इच्छा को पद-पदार्थ का सम्बन्ध नहीं माना गया, क्योंकि वह वृत्तिता के अनियामक विषयतासम्बन्ध से पद-पदार्थ में रहती है। ऐसी स्थिति में बोधजनकता को भी सम्बन्ध नहीं माना जा सकता, पद में स्वरूपसम्बन्ध (वृत्तितानियामक) से रहने पर भी पदार्थ में तो वृत्तिता के अनियामक निरूपकतासम्बन्ध से वह रहती है।

इस का समाधान यह है कि—व्याकरण-दर्शन में सभी ज्ञानों में विषय तादात्म्यसम्बन्ध से कारण माना जाता है, क्योंकि इस दर्शन में सभी पदार्थ बौद्ध अर्थात् बुद्धिरूप अन्तःकरण में सूक्ष्मरूप से स्थित माने जाते हैं, ज्ञान भी अन्तःकरण की वृत्ति ही है, यह तादात्म्यसम्बन्ध से अन्तःकरण में रहती है अतः उसके प्रति अन्तःकरण में स्थित विषय तादात्म्यसम्बन्ध से कारण माने जाते हैं। जैसे न्यायदर्शन में लौकिकप्रत्यक्ष के प्रति विषय (घट-पट आदि) तादात्म्यसम्बन्ध से कारण माना जाता है।

इसीलिये ग्रन्थकार ने "ज्ञाने विषयस्य कर्त्तुश्च कारणत्वेऽपि" ऐसा लिखा न कि 'लौकिकप्रत्यक्षमात्रे'।

लघुशब्देन्दुशेखर की श्रीपर्वतीय जी की टीका में 'कृत्तद्धितसमासाश्च' सूत्र में

तस्मात् पदपदार्थयोः सम्बन्धान्तरमेव शक्तिः वाच्यवाचकभावापरपर्याया। तद्ग्राहकञ्चेतरेतराध्यासमूलकं तादात्म्यम्। तच्च सङ्केतः। तस्यापि च पदनिष्ठशक्त्युपकारकत्वाच्छक्तिरिति व्यवहारः। तस्य सम्बन्धत्वाभावात्, भेदाभेदरूपस्य तस्य तत्त्वासम्भवात्, तद्घटकभेदस्याभेदस्य वा तत्त्वादर्शनात्। अभेदस्यापि तत्वं खण्डयिष्यते ॥ ९ ॥

कु०—वाच्यवाचकेति। कारणतारूपा शक्तिः शब्दे प्रसिद्धैव, अर्थे शक्तिर्वाच्यतारूपैव। अध्यासेति। 'अन्यस्मिन्नन्यधर्मावभासोऽध्यासः' तन्मूलकं तादात्म्यं, न तु वास्तवमित्यर्थः। ननु सङ्केत एव तादात्म्यमिति व्याख्यास्तु सङ्केतग्रहानन्तरमेव तादात्म्याध्यासादिति चेन्न, देवदत्तोऽयमिति तादात्म्यमेव सङ्केत इत्यर्थः। तस्यापीति। तादात्म्यस्यापीत्यर्थः। पदपदार्थयोरारोपिततादात्म्यस्य शक्तिग्राहकत्वात् शक्तित्वमपीति भावः।

ननु तादात्म्यमेव शक्तिरस्तु, किं भेदस्वीकारेणात आह—तस्येति। तादाम्यस्येत्यर्थः। सम्बन्धत्वाभावमुपपादयति। **भेदाभेदेति**। वास्तविकभेदे सति आरोपिताभेद एव हि तादात्म्यं, तस्य च सम्बन्धत्वं न सम्भवतीति भावः। अत्रैव हेतुमाह—तद्घटकस्येति। तादात्म्यघटकस्य भेदस्य अभेदस्य वा सम्बन्धत्वमन्यत्र न दृष्टमित्यर्थः। ननु भेदस्य सम्बन्धत्वाभावेऽपि नीलो घट इत्यादावभेदस्य सम्बन्धत्वं दृष्टमत आह—खण्डयिष्यत इति। सम्बन्धिभेदनियतत्वात् सम्बन्धस्येति भाव. ॥ ९ ॥

समास ग्रहण के नियामकत्व वर्णन-प्रसङ्ग में भी ज्ञानसामान्य के प्रति विषय को कारण बताया गया है[1]।

यद्यपि यह शङ्का हो सकती है कि जब सभी पदार्थ सूक्ष्मरूप से बुद्धि में ही स्थित हैं, वही पर वृत्तिरूप ज्ञान होता है, तो सभी ज्ञान विषय की सन्निहित वर्तमानता से प्रत्यक्ष ही क्यों न हो? इसका समाधान यह है कि—बाह्य पदार्थों के साथ चक्षुरादि इन्द्रियों का संयोग भी व्याकरण-दर्शन में प्रत्यक्ष के प्रति आन्तरपदार्थों के संस्कार के उद्बोधक रूप से स्वीकृत किया गया है ॥ ८ ॥

१—"स्वप्नानुरोधेन बौद्धपदार्थस्य आवश्यकत्वम्, शब्देन्दुशेखरस्य मूलवाक्यमिदम्। अत्र दीपकनामिका टीका— आवश्यकत्वमिति ज्ञानमात्र प्रति विषयस्य कारणत्वेनातीतानागतविषयकज्ञानोपपत्तये बौद्धविषयकल्पनाऽऽवश्यकीति भावः।

क०—तदाह । **तस्मादिति ।** सम्बन्धान्तरम् । उक्तेच्छादिभिन्नम् । अस्योभयनिष्ठत्वायाह । वाच्येति । प्राचीनादिमतासंगत्यायाऽऽह । तद्ग्राहकमिति । वृद्धव्यवहारादिदमपि तद्ग्राहकमित्यर्थः । इतरेतरेति बहुव्रीहिः । तादात्म्यपदार्थमाह । तच्चेति । तादात्म्यं चेत्यर्थः । सङ्केत इति । भेदाभेदरूपो द्विविधः सङ्केतः संबन्धः । तार्किकाणां कथं शक्तिव्यवहारोऽत आह—तस्यापि चेति । सङ्केतरूपतादात्म्यस्यापि चेत्यर्थः । पदनिष्ठोक्तरूपशक्तिग्राहकत्वाद् भाक्तव्यवहार इति भावः । ननु मुख्य-एव कुतो नेत्यत आह । तस्येति—सङ्केतस्येत्यर्थः । सम्बन्धत्वाभावादिति । तयोः सम्बन्धत्वाभावादित्यर्थः । तत्त्वमेव च शक्तिपदस्य मुख्यप्रवृत्तौ निमित्तमिति भावः । ननु तदेव कुतो न ? इत्यत आह । भेदेति । तस्य—तादात्म्यस्य । ननु तदपि कुतो नात आह—तद्घटकेति । तादात्म्यघटकेत्यर्थः । यद्यपि उभयोरसम्बन्धत्वेन चेत्युचितं तथाप्यन्यतरस्यासम्बन्धत्वेऽपि विशिष्टस्य सम्बन्धत्वशङ्का-निरासायाह-चेति । अदर्शनादिति । अन्यत्रेति शेषः । तथा च यद्यन्यत्र तथा स्यात्तर्हि अवयवान्यावयव्यभावेन तद्रूपतादात्म्यस्य तत्त्वेन तद्रूपस्य सङ्केतस्यापि तत्त्वात् मुख्य एव व्यवहारः स्यान्न च तथेति भावः । ननु तद्घटकभेदस्य तत्त्वेन तत्त्वस्यान्यत्रादृष्ट-त्वेऽप्यभेदस्य-तत्त्वेन सम्बन्धत्वं नीलोत्पलादौ दृष्टमत आह । भेदेति । अपिरुक्तेच्छादेः संयोगस्य च समुच्चायकः । तत्त्वम्—सम्बन्धत्वम् । सुबर्थनिर्णय इति भावः ॥ ९ ॥

सरला—न्यायदर्शन में सम्मत इच्छारूप शक्ति का, तथा प्राचीन वैयाकरणों से अभिमत बोधजनकतारूपशक्ति का सयुक्तिक-खण्डन हो जाने से, इन दोनों से भिन्न वाच्यवाचकभावरूपसम्बन्ध को ही पद-पदार्थ का शक्तिरूपसम्बन्ध मानना उचित है । शब्द तथा अर्थ के तादात्म्यरूप सम्बन्ध से इस शक्ति का ज्ञान होता है । उस तादात्म्य का ज्ञान-शब्द अर्थ के परस्पर अध्यास से होता है, इस तादात्म्य को संकेत भी कहते हैं । पद में रहनेवाली शक्ति का प्रकाशक होने से इसको शक्तिपद से भी व्यवहृत किया जाता है । ऐसी दशा में इसे ही शक्तिरूपसम्बन्ध क्यों न मान लिया जाय ? इस शङ्का पर समाधान करते हैं कि "तस्य सम्बन्धत्वाभावात्" इस तादात्म्य में सम्बन्धत्व का अभाव है । इसको सम्बन्ध नहीं कहा जा सकता; क्योंकि भेद सामानाधिकरण अभेदरूप होने से उसमें सम्बन्ध पद की व्यवहार्यता सम्भव नहीं है । इसके भीतर अवयव रूप से वर्तमान भेद अथवा अभेद में सम्बन्धत्व धर्म का दर्शन नहीं होता, केवल अभेद का भी सम्बन्धत्व आगे खण्डित किया जायगा ॥ ९ ॥

वि० टि०—सम्बन्धान्तरम्—अन्यः सम्बन्धः = सम्बन्धान्तरम् । इच्छा अथवा बोधजनकता से भिन्न सम्बन्ध । इस कथन से यह ध्वनित होता है कि इच्छा अथवा बोधजनकता में भी सम्बन्धत्व है ।

जैसे किसी ने कहा कि ब्राह्मणान्तर (अन्य ब्राह्मण) को लाओ, इसका अर्थ होगा इस ब्राह्मण से भिन्न ब्राह्मण को लाओ । इसी प्रकार प्रकृत में सम्बन्धान्तर पद

से तात्पर्य है इच्छारूप तथा बोधजनकतारूपसम्बन्ध से भिन्न सम्बन्ध। अब यह जिज्ञासा होती है कि जब इच्छा या बोधजनकता को सम्बन्ध माना ही नहीं गया, तो यह कथन कैसे संगत होगा ? इस पर समाधान है कि मतान्तर दृष्टि से ऐसा कहा गया। "वाच्यवाचकभावापरपर्याया" वाच्यवाचकभाव है अपरपर्याय जिसका, ऐसा शक्तिरूप सम्बन्ध व्याकरण-दर्शन को अभिमत है।

इसमें वाच्य पद से बोध-विषय, वाचकपद से बोधजनक ऐसा अर्थ करने पर प्राचीन वैयाकरणों पर जो आक्षेप ग्रन्थकार ने किया, वह इन पर भी आ जायगा, अर्थात् जब बोधजनकता में सम्बन्धता का निराकरण कर आये, तो स्वमत में तद्घटित वाच्य-वाचकभाव में सम्बन्धता कैसे मान रहे हैं ?

इसका समाधान है कि ग्रन्थकार वाच्य-वाचकभाव को सखण्ड-धर्म नहीं मान रहे हैं, अपितु अखण्ड उपाधिरूपधर्म अथवा निरूप्यनिरूपकभावापन्न वाच्यवाचकभाव, अर्थात् स्वनिष्ठ (पदार्थनिष्ठ) वाच्यतानिरूपित वाचकता अथवा स्वनिष्ठ-(पदनिष्ठ) वाचकतानिरूपित वाच्यता। इस रूप से विश्लेषण करने पर पद-पदार्थ का सम्बन्ध 'वाच्यवाचकभाव' सिद्ध हो जाता है।

अब इसके अन्तर्गत वाचकता को बोधजनकतारूप यदि माना जायेगा, तो पूर्वकथित आत्माश्रय-दोष आ जायगा, अतः बोधजनकतासमनियत एक अखण्ड धर्म-रूप में वाचकता को मानना चाहिए। ऐसे ही वाच्यता भी बोधविषयता के समनियत एक अखण्ड धर्म है। बोधजनकता तथा बोधविषयता में प्रविष्ट जो बोध, वह शब्दनिष्ठ-शक्तिज्ञानजनित बोध है।

न्यायदर्शन में जन्यजलत्व जाति की अखण्डता का भी सादृश्य समझना चाहिए।

"वाच्यवाचकयोर्भावः" इस विग्रह से भी ध्वनित होता है कि वाच्य (अर्थ) तथा वाचक (शब्द) का भाव[1] (सम्बन्ध)। इसमें 'वाच्य-वाचकयोः' इस द्विवचन निर्देश से दो का बोध होता है, पुनः पुनः 'सम्बन्धः (भावः)' इससे एक सम्बन्ध का बोध होता है। दो पदार्थों को मेलित करने वाला सम्बन्ध स्वभाव से एक होगा, न कि दो के लिये दो हो।

लघुशब्देन्दुशेखर में 'षष्ठी शेषे' सूत्र की व्याख्या में स्वयं ग्रन्थकार ने 'स्वस्वा-मिभाव' से स्वत्व तथा स्वामित्व का एक समूह (समुदाय) अर्थ बताया है, जिससे दोनों मिलकर सम्बन्ध हुए, न कि पृथक् रूप से। अतः वाच्यवाचकभाव का द्विष्ठत्व (दो सम्बन्धियों में रहना) सिद्ध हुआ। तथा इस सम्बन्ध से पदविशिष्ट पदार्थ एवं

१. कृत्तद्धितसमासेभ्यः सम्बन्धाभिधानं भावप्रत्ययेन। कृदन्ततद्धितान्त तथा समास के उत्तर भावार्थक प्रत्यय अथवा भावशब्द से सम्बन्ध का बोध होता है।

पदार्थविशिष्ट पद, यह विशिष्टबुद्धि भी सिद्ध हुई। इसलिए सम्बन्ध का लक्षण इसमें पूर्णरूप से समन्वित हुआ। "तद्ग्राहकं चेतरेतराध्यासमूलकं तादात्म्यम्" उस वाच्यवाचकभावरूप सम्बन्ध का ग्राहक (ज्ञापक) पद-पदार्थ का तादात्म्य है, वह तादात्म्य पद-पदार्थ के परस्पराध्यास से ज्ञात होता है। "इतरेतराध्यास है ज्ञापकरूप से मूल जिसमें, ऐसा जो तादात्म्य, यह वाक्यार्थ है। इस कथन से सिद्ध होता है कि वाच्यवाचकभावरूप शक्ति का ज्ञान ही शाब्दबोध में कारण है, न कि स्वरूपमात्र से उसकी वर्तमानता। अतः अग्नि की दाहकता शक्ति जैसे दाह के प्रति स्वरूप से ही कारण है, ऐसे ही वाच्यवाचकभावरूप शक्ति भी स्वरूपमात्र से ही अर्थ का बोध करा देगी, उसके ज्ञान की क्या आवश्यकता है ? इस शङ्का का निरास हो गया।

"तच्च संकेतः" वह तादात्म्य संकेत रूप है। इस कथन का तात्पर्य है कि संकेत को अभिप्राय अथवा इच्छाविशेषरूप से कहा जाता है, वह जैसे शक्तिरूप सम्बन्ध का ज्ञापक है, ऐसे ही तादात्म्य भी शक्ति का ज्ञापक (ग्राहक) होने से संकेतपद से व्यवहृत किया गया है। अन्यथा चेतनमात्रवृत्ति इच्छाविशेषरूप अर्थ-बोधकसंकेत पद से तादात्म्य का ग्रहण कैसे होता ? "अभेदस्यापि तत्त्वं खण्डयिष्यते" अभेद का भी सम्बन्धत्व आगे ग्रन्थ में सुबर्थनिर्णय के प्रसङ्ग में खण्डित करेंगे। यहाँ पर अपिशब्द आया है, इससे संयोग तथा इच्छाविशेष आदि का संग्रह समझना चाहिए।

"सुबर्थनिर्णय में मञ्जूषाकार ने अभेद, संयोग आदि का सम्बन्धत्व खण्डित किया है। उसका संक्षिप्तरूप यह है—प्रथमतः सम्बन्धिद्वयभिन्नत्वरूप अंश अभेद में न होने से अभेद सम्बन्ध नहीं हो सकता। भेदसमानाधिकरण अभेदरूप तादात्म्य के अन्तर्गत जो अभेद है, वह व्यासज्यवृत्तिधर्मानवच्छिन्नप्रतियोगिताकभेद का भेद-समानाधिकरण अभाव रूप है, अतिरिक्त नहीं है, ऐसा कथन उचित नही हैं, क्योंकि तद्वृत्ति असाधारणधर्मरूप अर्थ में तादात्म्यशब्द की योगशक्ति होने से उक्त अर्थ का शब्दमर्यादा से लाभ नहीं हो सकता, यदि उसमें रूढिशक्ति मानी जाय, तो गौरव तथा अक्लृप्तकल्पना का प्रसङ्ग हो जायगा। दूसरी बात यह कि भेद तथा अभेद परस्पर विरोधी हैं, इन दोनों का एकत्र अवस्थान सम्भव नहीं है। यदि एक अंश आरोपित दूसरा वास्तव, ऐसा माना जाय, तो कौन आरोपित है ? भेद अथवा उसका अभावरूप अभेद। यदि भेद आरोपित है, तो यह आरोप ईश्वरकृत है, अथवा अन्य किसी आधुनिक से किया हुआ ? यदि ईश्वरकृत है, तो इसका व्यावहारिक होना सिद्ध हो गया, क्योंकि सारा जगत् ही ईश्वर के किये हुए आरोप (अध्यास) का विषय है, इसलिये दोनों के व्यावहारिक होने से भेद तथा अभेद में कोई वैषम्य नहीं आया।

यदि किसी आधुनिक से किया हुआ आरोप मानें, तो व्यवहार का नियमन नहीं हो सकेगा, अर्थात् व्यवहार नहीं बन पायेगा। जिसने भेद का आरोप किया है, वह आरोपित भेद तथा अनारोपित अभेद का सामानाधिकरणरूप में व्यवहार करेगा, जिसने आरोप नहीं किया, वह इन दोनों का उक्त रूप से व्यवहार नहीं कर सकेगा।

दूसरी बात यह कि भेदाभाव को प्रतियोगिताऽवच्छेदकरूप माना जाता है, ऐसी दशा में रूपादि में उसके आरोप से आपका सिद्धान्त भग्न हो जायेगा; क्योंकि "नीलं रूपम्" इस स्थल में नील का भेदाभाव अर्थात् प्रतियोगिताऽऽवच्छेदकरूप-नीलत्वधर्म का रूप में आरोप नहीं बन सकेगा, रूप में रूपत्व के समान तद्विशेष नीलत्व धर्म भी वर्तमान ही रहेगा। कारण कि वह रूप नील है। आरोप तो तब बने, जब कि वह धर्म उसमें न हो।

यदि अभेद को उस भेदसमानाधिकरण अभाव से भिन्न माना जाय, तो गौरव दोष आ जायगा। तथा इस पक्ष में भी अभेद को भेदसमनियत ही मानना चाहिए, क्योंकि एक ही तादात्म्य में दोनों वर्तमान हैं। अतः आरोप के बिना व्यवस्था नहीं बनेगी। यदि भिन्न होकर असमनियत है, तो अतिरिक्त कल्पना में अतिशयित गौरव होगा।

तादात्म्य को सम्बन्धरूप से जो व्यवहार है, वह पर मत के अभिप्राय से समझना चाहिए।

इसी प्रकार संयोग को भी सम्बन्ध नहीं मानना चाहिए; क्योंकि क्रियाकारक भावपूर्वक आधाराधेयभावमूलक ही सम्बन्ध होता है, संयोग आधाराधेयभावमूलक नहीं होता, प्रत्युत आधाराधेयभाव ही संयोगमूलक होता है।

अथ च सम्बन्ध का स्वभाव होता है कि वह स्वयं पदार्थरूप में न होकर दो पदार्थों की योजना में कारण होता है। संयोग तो स्वतः पदार्थ है, सांसर्गिक विषयता-रूप से इसका भान नहीं होता। अपि च सम्बन्ध का यह भी स्वभाव होता है कि उसका बोध षष्ठ्यादि प्रत्ययों से ही होता है, पद की शक्ति से उसका बोध नहीं होता। संयोग तो कभी भी षष्ठी का वाच्य नहीं होता। वह 'इमौ संयुक्तौ' (संयोग-वन्तौ) इत्यादि पद से ही बोध्य होता है। इसीलिये भगवान् भाष्यकार ने मतुब्विधा-यक सूत्र में 'वृक्षवान् पर्वतः' इस प्रयोग की सिद्धि के लिये 'अस्मिन्' इस सप्तम्यन्त का ग्रहण किया है। अर्थात् 'वृक्षोऽस्ति अस्मिन् पर्वते' इस विग्रह में मतुप्प्रत्यय कर के उक्त प्रयोग की सिद्धि किये हैं। इसीलिये 'भूतले घटः' इस स्थल में अवच्छेद्यावच्छेदकभाव सम्बन्ध को ही आधारतानियामक माना गया है। विस्तृत वर्णन इसी लघुमञ्जूषा के सुबर्थनिर्णय में देखना चाहिये ॥ ९ ॥

तदुक्तं पातञ्जलभाष्ये—"सङ्केतस्तु पदपदार्थयोरितरेतराध्यासरूपः स्मृत्यात्मको योऽयं शब्दः सोऽर्थो, योऽर्थः स शब्दः" इति। (इतरेतराध्यासो रूप्यतेऽनेनेति करणे घञ् ?)। स्मृत्यात्मक इत्यनेन ज्ञातस्यैव सङ्केतस्य शक्तिबोधकत्वं दर्शितम्। किञ्च पाणिन्यादिस्मार्तसङ्केतस्यैव वाचकतानियामकत्वं न त्वाधुनिकस्येत्यपि दर्शितम्। एवञ्चाधुनिकसङ्केतस्थले द्वादशेऽह्नि क्रियमाणनामस्थले च लक्षणा। तत्र घटगोविन्दादिगुणाद्यारोपेण तन्मूलकतत्प्रवृत्तिनिमित्तारोपेण च बोधः। सम्बन्धश्च स्वशक्तसङ्केतविषयत्वम्। एतदर्थमेव सङ्केतोपयोगः।

अत एव "तस्य भावः" (पा० सू० ५।१।११९) इति सूत्रे भाष्ये 'डित्थादिषु' प्रकृत्यर्थव्यतिरिक्तप्रत्ययार्थाभावाद्भावप्रत्ययान्तवृत्तिर्न प्राप्नोति 'डित्थत्वम्' इत्याशङ्क्य "प्राथमकल्पिकडित्थेन कृतां क्रियां गुणान् वा यः कश्चित् करोति, स उच्यते 'डित्थत्वं ते एतद्' एवं डित्थाः कुर्वन्ति ॥ १० ॥

कु०—नन्वस्यार्थस्यायं शब्दो वाचक इत्याकारकसङ्केते शब्दार्थयोस्तादात्म्यभङ्ग इत्यत आह। **सङ्केतस्त्विति**। इतरेतराध्यासः—परस्परात्मकतारोपः। इतरेतराध्यासो रूप्यतेऽनेनेति करणे घञ्। इतरेतराध्यासग्राह्य इत्यर्थः। स्मृत्यात्मक इति। स्मृतौ आत्मा यस्येत्यर्थात् स्मृतिविषय इत्यर्थः। अत एव वक्ष्यति ज्ञानस्यैवेत्यादि। शक्तिबोधकत्वम्—शक्तिग्राहकत्वम्। स्मृतिपदस्यार्थान्तरमाह। किञ्चेति। त्रयी शब्दानां प्रवृत्तिरिति पक्षे संज्ञामात्रस्य व्युत्पन्नतया योगलभ्यक्रियायास्तत्रारोप, एव। न हि तत्र शक्तिरस्ति, पाणिन्यादिस्मृतिप्रकाशितेश्वरसङ्केताभावात्—एवञ्चेति। गोविन्देति। प्रसिद्धगोविन्दगुणारोपेणाधुनिकगोविन्दप्रयोग इत्यर्थः। आरोपहेतुं सम्बन्धं दर्शयति। स्वशक्तेति। गोविन्दे शक्तो यो गोविन्दशब्दः, तत्सङ्केतस्य विषयआधुनिकगोविन्दः। ननु गोविन्दादिपदानां लक्षणाश्रयणे सङ्केतानुपयोग इत्यत आह। एतदर्थमेवेति। उक्तसम्बन्धज्ञानार्थमेवेत्यर्थः।

आरोपे भाष्यसम्मतिं दर्शयति। **अत एवेति**। प्रत्ययार्थाभावादिति। यदृच्छाशब्दे पुरुषेच्छाया एव निमित्ततयाऽर्थगतस्य कस्यचित् प्रवृत्तिनिमित्तस्यानपेक्षणात् त्वप्रत्ययो-न प्राप्नोतीति भावः। भावप्रत्ययान्तेति। भावार्थकप्रत्ययान्ता वृत्तिरित्यर्थः। कृतद्धितेत्यादिवृत्तिगणनायां तद्धितशब्दस्य तद्धितान्तपरत्वात् ॥ १० ॥

क०—तस्य तन्मूलत्वे मानमाह—**तदुक्तमिति**। व्यासेनेति शेषः। इतरेतरेति। सङ्केतकर्तुराहार्यतरेतराभेदारोपरूपो य इतरेतराध्यासस्तद्रूप इत्यर्थः। अभेदारोपे बीजं-त्वविभाग एव, त्रयाणामपि बुद्धिधर्मत्वेन परस्परमविभागात्। अध्यासस्वरूपमाह-योऽयमिति। 'ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म' इत्यादिश्रुतिषु वृद्धिरादैजित्यादिव्याकरणे, 'कम्बुग्रीवादिमान्घट' इत्यादौ लोके, 'अमरा निर्जरा देवाः' इत्यादौ कोशे, च योऽयं शब्दः सोऽर्थो योऽर्थः स शब्द इत्येवमितरेतराध्यासरूपस्यैव सङ्केतस्य दर्शनात्। शब्दवाच्यत्वलक्षणायां प्रमाणाभावात् गौरवाच्चेति भावः। एवंभूते एव सङ्केते मुख्ये सति कथञ्चिद् भेदं परिकल्प्यास्यार्थस्यायं वाचक इति कदाचित्सङ्केतः, तथा उञः प्रगृह्यमिति पाणिनेरिति बोध्यम्। स्फुटीभविष्यति चेदं सर्वमनुपदमेव।

अत्रेतरेत्यादिघञित्यन्तोऽपपाठः, तद्भाष्यादिविरोधात्। **ज्ञातस्यैवेति**। ज्ञान-विषयस्यैवेत्यर्थः। तत्र स्मृत्यात्मकत्वं तूक्तरीत्यैव विषयविषयिणोरभेदात्। एवमग्रेऽपि। कर्मणि क्तिन् वा एवेन स्वरूपतो व्यावृत्तिः। बुद्ध्यात्मक इति वाच्ये तथोक्त्या। शक्तीति। गौणमुख्यशक्तीत्यर्थः अविशेषेण विनिगमनाविरहात्तस्यान्यदपि फलमाह। किञ्चेति। पाणिन्यादिप्रणीतस्मृत्यनूदितेश्वरसङ्केतेत्यर्थः। वाचकतेति। तस्य पदस्य। एतावतां वर्णानामेवमानुपूर्वीकमेलनमस्यार्थस्य वाचकमिति प्रविभागरूपविषयव्यवस्थेत्यर्थः। एवव्यावर्त्यमाह—न त्विति। अनियतत्वादिति भावः। अपिरुक्तदर्शितसमुच्चायकः। आधुनिकेत्यनेनोभयसङ्ग्रहेऽपि स्पष्टार्थं भेदेन पाणिन्यादिस्मार्तेत्युभयव्यावर्त्यमाह। एवञ्चेति। तस्यैव तत्त्वनियामकत्वे चेत्यर्थः। तत्र स्मार्तेत्यनेनाद्यव्यावृत्तिः। पाणि-न्यादीत्यनेनान्त्यस्य। अन्त्यभिन्नो यस्सोऽत्राद्यः। लक्षणा च न शुद्धा; किन्तु गौणीत्याह—तत्रेति। उभयत्रेत्यर्थः। घटेति। मुख्यघटगोविन्दादिनिष्ठगुणादीत्यर्थः। आदिना क्रियापरिग्रहः। तावन्मात्रेणानिर्वाहादाह। तन्मूलकेति। तदारोपमूलक-घटत्वादिप्रवृत्तिनिमित्तेत्यर्थः। सोऽपि लक्षणातो नातिरिक्त इति सूचयितुमाह सम्बन्धश्चेति। स्वेति। घटाद्यर्थशक्तघटादिपदाधुनिकादिसङ्केतविषयत्वमित्यर्थः। नन्वेवमत्रोक्तसङ्केतानुपयोग शक्तत्वभावेन तद्ग्रहरूपफलाभावादत आह—एतदर्थ-मेवेति। उक्तरूपसम्बन्धार्थमेवेत्यर्थः। अत्रार्थे मानमाह। अत एवेति। उक्तरीत्या तत्र लक्षणाङ्गीकारादेवेत्यर्थः। डित्थादीति। संज्ञाशब्दविषये इत्यर्थः उक्तमित्यत्रा-स्यान्वयः। प्राथमेति। एतत्कल्पप्राक्तनकल्पभवेनेत्यर्थः। करोति। अस्मिन्कल्पे ॥१०॥

सरला—पतञ्जलिमुनि से निर्मित योगसूत्रों पर किया हुआ व्यासरचित भाष्य को पातञ्जलभाष्य शब्द से भी कहा जाता है। उस भाष्य में संकेत को इतरेतराध्यासमूलक तादात्म्यरूप से कहा गया है। तथा हि—शक्तिसम्बन्ध का ग्राहक जो (प्रकाशक) संकेत वह, पद तथा पदार्थ का इतरेतराध्यासरूप है। अर्थात् इतर में इतर का (शब्द में, अर्थ का अथवा अर्थ में शब्द का) जो अध्यास (तादात्म्य का मिथ्याज्ञान) उसका निरूपक है। "इतरेतराध्यासो रूप्यतेऽनेन" इस व्युत्पत्ति से इतरे-

तराध्यास का रूप (निरूपक) तादात्म्य रूप संकेत हुआ; क्योंकि ज्ञान अपने विषय से निरूपित, एवं च विषय को ज्ञान का निरूपक माना जाता है, अतः अध्यास (मिथ्या-ज्ञान) का निरूपक तादात्म्य सिद्ध हुआ। यह तादात्म्य वास्तविक नहीं; अपि तु इतरेतराध्यास के कारण होने से इतरेतराध्यासमूलक कहा जाता है। इसी अध्यास से ही तादात्म्य का प्रकाशन होता है। यह संकेत स्मृत्यात्मक भी है। "स्मृतौ आत्मा यस्य" इस व्युत्पत्ति से 'स्मृति में विषयतया स्थित है स्वरूप जिसका, अर्थात् स्मृति-विषयीभूत स्वरूप वाला यह संकेत है, जो शब्द वह अर्थ। घट यह शब्द, वही घटरूप अर्थ, जो घट इत्याकारक अर्थ, वही घट इत्याकारक शब्द, इस प्रकार शब्द अर्थ का तादात्म्य-संकेत है।

'स्मृत्यात्मकः' इस पद से ज्ञात ही संकेत शक्तिसम्बन्ध का प्रकाशक होता है, ऐसा सूचित हुआ। तथा 'स्मृतिः पाणिन्यादिस्मृतिः, आत्मा यस्य' इस व्युत्पत्ति से पाणिन्यादि ऋषियों का जो स्मृतिरूप संकेत, वही वाचकतारूप शक्ति का नियामक है, आधुनिक संकेत नहीं—यह भी ध्वनित हुआ।

इस प्रकार आधुनिक संकेत स्थल में तथा बारहवें दिन किये हुए बालक के नामकरण स्थल में लक्षणा माननी चाहिये।

घट-गोविन्द आदि के गुण-क्रिया आदि के आरोप से तथा तन्मूलक उन-उन प्रवृत्तिनिमित्तों के आरोप से अर्थ का बोध होता है। वहाँ पर मुख्यार्थ का लक्ष्यार्थ के साथ 'स्वशक्तसंकेतविषयत्व' सम्बन्ध होता है। यहाँ स्वशब्द से मुख्यार्थ (शक्यार्थ) का ग्रहण करना चाहिये। उसमें शक्त अर्थात् शक्तिसम्बन्ध से वर्तमान जो पद, गोविन्द आदि पद, उसके संकेत का विषयत्व लक्ष्यरूप अर्थ में रहेगा। इसके लिये ही संकेत का उपयोग है, अर्थात् वह संकेत सम्बन्ध घटक होता हुआ सम्बन्ध के स्वरूप का निर्माण करे।

इसीलिये 'तस्य भावस्त्वतलौ' इस सूत्र के भाष्य में प्रकृत्यर्थ से अतिरिक्त प्रत्ययार्थ न होने से भावप्रत्ययान्त वृत्ति (तद्धितप्रत्ययान्तवृत्ति) डित्थत्वरूप को नहीं सिद्ध कर पा रही है ? इस शङ्का पर 'प्रथमकल्प के डित्थ से की हुई क्रिया अथवा गुण को जो कोई करता है, वह कहा जाता है कि यह तुम्हारा डित्थत्व (डित्थपना) है, इसी प्रकार का आचरण डित्थ किया करते हैं ॥ १० ॥

वि० टि०—"इतरेतराध्यासरूपः" यहाँ पर मूलकार करणघञन्त रूपशब्द मानकर षष्ठीतत्पुरुष का ध्वनन करते हैं। वस्तुतः कर्मघञन्त रूपशब्द के साथ षष्ठी-तत्पुरुष से भी अर्थसंगति हो जाती है। करणघञन्तपक्ष उचित नहीं है, करणार्थक ल्युट् प्रत्यय से घञ् प्रत्यय का बाध हो जाता है।

कलाटीकाकार ने भी 'करणे घञ्' से घटित वाक्य को अपपाठ बताया है, उसमें वहाँ के व्यासभाष्य का विरोध हेतु बताया है।

"स्मृत्यात्मकः" 'स्मृतिः आत्मा यस्य सः' यह व्युत्पत्ति विषय-विषयी के अभेद के उपचार से मानी गयी है। स्मृति (ज्ञानविशेष) विषयी है, तादात्म्यरूप संकेत विषय है, दोनों का आरोपित अभेद मानकर इस विग्रह में बहुव्रीहिसमास किया गया, अथवा स्मृति के विषय में स्मृति शब्द की लक्षणा करके उक्त समास करना चाहिये। अथवा 'स्मर्यते या सा स्मृतिः' कर्म में क्तिन् प्रत्यय करके उक्त समास की निष्पत्ति करनी चाहिये। इसलिये स्मृति का विषय है आत्मा (स्वरूप) जिसका, ऐसा 'तादात्म्यरूप संकेत' यह अर्थ हुआ।

इससे स्मृत अर्थात् ज्ञात संकेत ही शक्ति का ग्राहक होता है, न कि अज्ञात होकर स्वरूप से, ऐसा सिद्ध हुआ। तथा—'स्मृतिषु पाणिन्यादिस्मृतिषु आत्मा स्वरूपं-यस्य' इस व्यधिकरण बहुव्रीहि से भी अर्थ होता है कि पाणिनि आदि स्मृति (व्याकरण आदि शास्त्र) में स्वरूप है जिसका, ऐसा ही संकेत यहाँ लेना चाहिये। इस द्वितीय अर्थ से आधुनिक संकेत तथा द्वादश दिवस में माता पित्रादि से क्रियमाण संकेत की व्यावृत्ति समझनी चाहिये।

इसलिये इन दोनों स्थलों में संकेत न रहने से लक्षणा मानी जाती है। आधुनिक संकेत स्मृति से प्रतिपादित नहीं होता। द्वादश दिवसीय क्रियमाण संकेत श्रुति अनुमोदित होने से ईश्वरानुमोदित तो है; परन्तु वह पाणिनि आदि ऋषियों से निर्मित स्मृतियों से अनूदित ईश्वर संकेत नहीं है; क्योंकि सभी शब्दों का तत्तदर्थों में जो संकेत है, वह ईश्वर का ही है। पाणिन्यादिस्मृतियाँ उसी संकेत की अनुवादिका (ज्ञापिका) हैं। द्वादशेऽह्नि नामस्थल में देवदत्त आदि नाम पिता के संकेत से किये जाते हैं। ये ईश्वरेच्छा के अधीन माता-पित्रादि की इच्छा के विषय हैं। यह ईश्वर-संकेत पाणिन्यादिस्मृति से अनूदित नहीं हैं, अतः इसकी भी व्यावृत्ति हो गयी।

पाणिनि आदि ऋषियों से प्रणीत स्मृतियों से प्रकाशित ईश्वरसंकेत का ग्रहण करना चाहिये, ऐसा कुञ्जिकाटीका का भी मत है। वाच्यवाचकभावरूप शक्ति का भी मत है। वाच्यवाचकभावरूप शक्ति का ज्ञान स्वाभाविक रूप से ईश्वर-संकेत से ही होता है।

ईश्वर ने जैसे हम लोगों के लिये वायु-अग्नि-जल आदि को दिया, वैसे ही सामाजिक-संघटन के लिये भाषा भी दी, तथा उसमें शब्दों का अपने-अपने अर्थों में शक्ति का संकेत भी किया। इसलिये केवल पाणिन्यादिस्मार्त संकेत तक ही सन्तोष नहीं करना चाहिये; अपितु उससे अनूदित ईश्वरसङ्केत का ग्रहण करना चाहिए। अर्थात् जो पाणिनि आदि ऋषियों की स्मृतियाँ ईश्वरसङ्केत की अनुवादिका (अनुवाद करनेवाली) उनका ग्रहण करना चाहिए।

आधुनिक सङ्केत अर्थात् यदृच्छा से कहे हुए शब्द में ईश्वरसङ्केत न होने से अतिव्याप्ति का निरास हो गया। द्वादशेऽह्नि क्रियमाणानामस्थल में यद्यपि ईश्वर-

सङ्केत की अनुवादिका स्मृति हो सकती है, फिर भी वह पाणिनि आदि से प्रणीत न होने से वह स्थल भी व्यावृत्त हो गया। अतः इन दोनों स्थलों में लक्षणावृत्ति ही मानी जाती है। प्रथम उदाहरण घट शब्द है। किसी ने अपने पुत्र का घट नाम रख लिया, तो वह शब्द उस अर्थ में लाक्षणिक होगा। यह लक्षणा गौणी कही जाती है, क्योंकि जो घट का गुण है, स्थूल उदर का होना, वह उसमें वर्तमान है, अर्थात् उसका भी उदर ऐसा ही है। इसी प्रकार द्वादशेऽह्नि किया हुआ नाम गोविन्द है, यहाँ भी गोविन्द के गुणों का आरोप करके तथा तन्मूल गोविन्दत्वरूप प्रवृत्तिनिमित्त का आरोप करके बोध होता है।

इन दोनों स्थलों में गौणी लक्षणा मतान्तर दृष्टि से कही जाती है। व्याकरण-दर्शन की दृष्टि से तो वह शक्ति में ही अन्तर्भूत है, यह बात आगे लक्षणानिरूपणप्रसङ्ग में कही जायगी।

"घटगोविन्दादिगुणाद्यारोपेण तन्मूलकप्रवृत्तिनिमित्तारोपेण च बोधः।" घटश्च गोविन्दश्चेति इतरेतरयोगद्वन्द्वः, घटगोविन्दौ, आदिश्च आदिश्च आदी, (एकशेषः) घटगोविन्दौ आदी येषां ते घटगोविन्दादयः, गुणा आदि र्येषान्तेगुणादयः, घटगोविन्दादीनां गुणादयः (षष्ठीतत्पुरुषः) तेषामारोपेण पुनः षष्ठीतत्पुरुषः।

तन्मूलकप्रवृत्तिनिमित्तारोपेण—सः पूर्वोक्त आरोपो मूलं यस्पासौ तन्मूलकः, तेषां घटगोविन्दादीनां प्रवृत्तिनिमित्तानि—तत्प्रवृत्तिनिमित्तानि, तेषामारोपः, तेन घटगोविन्द आदि यहाँ आदि पद से कट, पट, मुकुन्द, कृष्ण आदि का ग्रहण करना चाहिए। गुणादि में आदि पद से क्रिया का ग्रहण करना चाहिए। आरोप, ज्ञान-विशेष को कहते हैं। वह 'बाधनिश्चय समकालिक इच्छा' से जन्य होता है। जो पदार्थ जिसमें न हो, वहाँ पर उसके अभाव का निश्चय रखते हुए उसमें उस वस्तु के रहने के ज्ञान की इच्छा से वैसा ज्ञान आरोप कहलाता है। जैसे "चन्द्रत्वाभाववन्मुखं-चन्द्रत्वेन जानीयाम्" इस इच्छा से मुख में चन्द्रत्व धर्म का आरोप होता है, वैसे ही घट में स्थूलोदारत्व है। अब जिसका नाम घट रखा गया है, उसमें स्थूलोदारत्व न रहने पर भी वह स्थूलोदारत्ववाला है, ऐसा जानने की इच्छा से जो ज्ञान किया जाय, अर्थात् 'स्थूलोदरत्वाभाववन्तममुं जनं स्थूलोदरत्वेन जानीयाम्' इस इच्छा से जायमान वह ज्ञान है, इसलिए उसे आरोपात्मक ज्ञान कहा जाता है। यही मूल अर्थात् कारण है घट के प्रवृत्तिनिमित्त घटत्व के आरोप में। इसलिए घटत्वरूप प्रवृत्तिनिमित्त का आरोप करके "घट" इस नाम से उसका बोध किया जाता है। जिस का घट यह नाम रखा गया है, यहाँ पर गुणपद रूप-रस-गन्ध आदि न्याय-शास्त्रोक्तगुणपरक ही नहीं हैं; अपितु विशेषणीभूतधर्समात्रपरक हैं। अतः स्थूलोदरत्व या कम्बुग्रीवादिमान् आकारविशेष आदि भी गुणपद से गृहीत हो जाते हैं। इसी प्रकार गोविन्द की गोपालन क्रिया का आरोप करके गोविन्दत्वरूप

प्रवृत्तिनिमित्त का आरोप करके अर्थबोध हो जाता है। जैसे किसी का गोविन्द नाम रक्खा गया; परन्तु उसमें गाय के पालन का स्वभाव नहीं है, ऐसी स्थिति में गोपालन का उसमें आरोप समझ कर फिर गोविन्दत्वरूप प्रवृत्तिनिमित्त का आरोप करके उस स्थल में गोविन्द शब्द से उस व्यक्ति का बोध लक्षणा से किया जाता है।

अब प्रवृत्तिनिमित्त किसको कहते हैं, इसका थोड़ा विचार करते हैं। घट आदि शब्द का अपने अर्थ के बोध कराने में जो प्रवृत्ति, उसका निमित्त घटत्वरूप धर्म है, क्योंकि एकबार किसी को घटशब्द का अर्थ घड़ा बताया गया, वह एक ही बार बताने पर सभी घड़ों का घटशब्द से समझकर व्यवहार करता है। पुनः पुनः यह घड़ा है, या इसको घट कहते हैं, ऐसा बताने की आवश्यकता नहीं पड़ती, इसमें क्या कारण है? ऐसी जिज्ञासा पर यही कहना होगा कि उसने घट अर्थ में एक ऐसा कोई धर्म अवश्य जान लिया है, जो सभी घड़ों में है, उसी के ज्ञान के बल से सभी घड़ों को बिना बताए भी समझ लिया। वह धर्म है घटत्व (घटपना)। यह जातिरूप धर्म है। सभी घड़ों में त्रिकाल में त्रिलोकी के यावद् घड़ों में विद्यमान है। उसी को उसने प्रथम बार में समझ लिया, अब जहाँ-जहाँ उसको देखता गया, घट शब्द का वहाँ-वहाँ निःसन्देह व्यवहार करता गया। वह यह भले ही न कह पाये कि मैंने घटत्व जाति समझ ली है, पर समझा अवश्य है। अन्यथा अन्य घड़ों को बिना बताए कैसे समझ पाता। यदि यह कहा जाय कि कम्बुग्रीवादिमती आकृति अर्थात् प्रथम घट की जो एक आकृति विशेष रूप की है, उसके जान लेने से उसी के सदृश आकृति अन्य घड़ों में भी देखकर वह व्यवहार कर लिया। इस पर यह समाधान है कि आकृति समान अवश्य होती है, पर वह एक नहीं है, वस्तुस्थिति भिन्न-भिन्न है। अननुगत तथा अनित्य है। ऐसी स्थिति में यदि उसको बोध की प्रवृत्ति में निमित्त माना जाय, तो गौरव दोष सुतरां आ जायगा। तथा वह सर्व घट का सामान्यधर्म न होने से सभी घट का ज्ञान एकबार में असम्भव हो जायगा।

हमारे मत में शक्तिज्ञान तथा शाब्दबोध में समानप्रकारकत्वेन कार्यकारण-भाव मानने से सकल घट का शाब्दबोध एकबार में भी सम्भावित है। सामान्य-लक्षणा प्रत्यासत्ति शाब्दिक मत में नहीं मानी जाती है, इसका स्पष्टीकरण देखिए— "पाणिनीयव्याकरणे प्रमाणसमीक्षा" नामक मेरे ग्रन्थ के पृ० सं० ७६–७७।

यह व्यवस्था अनित्य एवं अननुगत (भिन्न-भिन्न) आकृत्तियों से कैसे बन पायेगी। हाँ वह आकृति, जाति की व्यञ्जिका अवश्य है 'आकृतिग्रहणा जातिः' इस सिद्धान्त से। अब निश्चित हो गया कि प्रवृत्तिनिमित्तरूप धर्म-विशेष जाति अथवा अखण्डोपाधि आदि रूप होता है। सभी व्यक्ति में रहता है। वही धर्म ज्ञात होकर शब्दों के अर्थबोध कराने की प्रवृत्ति में निमित्तकारण होता है; क्योंकि शाब्दबोधादि विशिष्टबुद्धि में विशेषणज्ञानविधया उसकी कारणता आवश्यक है।

प्रवृत्ति-निमित्त का परिष्कृतरूप शास्त्राचार्यों ने इस प्रकार किया है— "वाच्यत्वे सति वाच्यवृत्तित्वे सति वाच्योपस्थितीयप्रकारताश्रयत्वं प्रवृत्तिनिमित्त-सामान्यलक्षणम्" अर्थात् प्रवृत्तिनिमित्त वह धर्म है, जो शब्द की शक्ति से वाच्य हो, तथा शब्दशक्ति से वाच्य अर्थ में वृत्ति (वर्तमान) हो तथा शब्दशक्ति से वाच्य की जो उपस्थिति (स्मृति), उस ज्ञान में प्रकारता का आश्रय हो। जैसे घटत्वरूप धर्म घटशब्द का प्रवृत्तिनिमित्त है; क्योंकि वह इस शब्द की शक्ति से वाच्य है। तथा वाच्य अर्थ घट व्यक्ति में समवाय सम्बन्ध से वर्तमान है, तथा घटशब्द की शक्ति से होने वाली घटरूप अर्थ की उपस्थिति में प्रकारता का आश्रय भी है। क्योंकि घटशब्द की शक्ति से घटत्वप्रकारकघटविशेष्यक उपस्थिति होती है। उसमें घटत्व धर्म प्रकार अर्थात् प्रकारता का आश्रय है। विशेषविवरण मनोरमाशब्दरत्न ग्रन्थादि के कारक प्रकरण में देखिए।

यहाँ पर गुण आदि का आरोप तथा तन्मूलक घटत्व गोविन्दत्व आदि प्रवृत्ति-निमित्त का आरोप—इन दोनों को शाब्दबोध में कारण बताया गया। प्रथम आरोप ज्ञान प्रवृत्तिनिमित्तारोप शक्यतावच्छेदकारोपरूपलक्षणाज्ञान में साक्षात् कारण होता हुआ शाब्दबोध में प्रयोजक है। द्वितीय आरोप शाब्दबोध में साक्षात् कारण है; क्योंकि शाब्दिक मत में शक्यतावच्छेकारोप ही लक्षणा है। वह एक प्रकार शक्ति ही में समाविष्ट है।

"सम्बन्धश्च स्वशक्तसंकेतविषयत्वम्" शक्यसम्बन्ध को लक्षणा मानकर शक्यार्थ का लक्ष्यार्थ के साथ सम्बन्ध बताते हैं। स्वपद से शक्य अर्थ घट आदि उसी में शक्त अर्थात् शक्तिसम्बन्ध से वर्तमान जो घटआदि शब्द, उसके सङ्केत का विषय हुआ, जिसमें घटशब्द का संकेत किया हुआ है। अर्थात् जिसका घट यह नाम रखा गया है। अतः उस सङ्केत का विषयत्व उस अर्थ में गया। वह लक्ष्य रूप अर्थ हुआ; परन्तु शक्यसम्बन्धरूप लक्षणा शाब्दिक सिद्धान्त में न होने से यह व्याख्या उचित नहीं है। अतः इस सम्बन्ध को यहाँ पर दिखाने का रहस्य यह है कि असम्बद्ध अर्थ में आरोप होना असम्भव है, इसलिए जिस अर्थ में प्रवृत्तिनिमित्त का आरोप होगा, वह शक्यार्थ से सम्बद्ध होना चाहिए। जैसे गौर्वाहीकः इत्यादि स्थलों में वाहीक में गोत्व का आरोप तभी होता है, जब कि गौ का जाड्यादि गुण से वाहीक में सादृश्य सम्बन्ध है। इसीलिए प्रकृत में भी "स्वशक्तसङ्केतविषयत्व" सम्बन्ध बताया गया; क्योंकि गौणी लक्षणा होते हुए भी यहाँ गौर्वाहीकः जैसा सादृश्य नहीं है; अपितु आरोपित गुण के द्वारा सादृश्य भी आरोपित है। उसी को इस शब्द से कहते हैं, यदि आरोपित सादृश्य ही सम्बन्ध कहते, तो फिर यह जिज्ञासा होती कि असम्बद्ध में आरोप सम्भव नहीं, अतः सम्बन्ध की जिज्ञासा आ ही जाती, उसी की पूर्ति इस रूप में की गयी। इसीलिए

सङ्केत का भी पूर्णरूप से साफल्य हुआ। उसके द्वारा सम्बन्ध के स्वरूप की पूर्णता हुई।

प्रवृत्तिनिमित्त का लक्षण-विमर्श—१. वाच्यत्वरूप प्रथम विशेषण देने से आकाशपद के प्रवृत्ति-निमित्त का लक्षण शब्दाश्रयत्वरूप धर्म में अतिप्रसक्त नहीं हुआ; क्योंकि वह आकाश पद का वाच्य नहीं है। आकाश पद का आकाश रूप अर्थ वाच्य है। उसमें शब्दाश्रयत्व धर्म है। इसलिए वाच्यवृत्ति हुआ, तथा शब्दाश्रयत्वेन आकाश की उपस्थिति होने से वाच्योपस्थितीयप्रकारता का आश्रय हुआ, पर वाच्य नहीं है। यदि कहा जाय वाच्योपस्थितीयप्रकारता जब उसमें है, तो वाच्यता अर्थात् शक्ति भी रहनी चाहिए। तो इस पर यह समाधान है कि शाब्दबोध में जो विषय होता है, वही वाच्य कहा जाता है। आकाशपद से स्वरूपतः आकाशविषयक ही शाब्दबोध होता है। ऐसा प्राचीन नैयायिकों का मत है, शक्तिज्ञान तथा वाच्योपस्थिति में शब्दाश्रयत्व का प्रकार-तया भान होने पर भी शाब्दबोध का विषय न होने से वाच्यता उसमें नहीं मानी जाती, ऐसा शक्तिवादग्रन्थ में स्पष्ट है। वस्तुतः संसर्गानवगाही (संसर्गाविषयक) ज्ञान में शाब्दत्व जाति नहीं मानी जाती, अर्थात् वह शाब्दबोधरूप नहीं होता, अतः शब्दा-श्रयत्वरूप से ही आकाशविषयक शाब्दबोध होता है। इसलिए उसमें प्रवृत्तिनिमित्त का लक्षण जाना इष्ट ही है। रूप ग्रन्थ की गुण टिप्पणी में दीधितिकार ने "अभेद-त्वम्" ऐसा उपक्रम करके गोत्वादि धर्मों से शब्दाश्रयत्व की समानता बनाकर पक्षधर मिश्र कृत प्रकाश ग्रन्थ के प्रवृत्तिनिमित्त लक्षण में वाच्यत्व विशेषण को निरस्त कर दिया है। "व्यक्त्याकृतिजातयस्तु पदार्थः" इस न्यायदर्शनसूत्र के अनुरोध से गो आदि पदों के वाच्य अवयव-संयोग-विशेषरूप आकृति में अतिव्याप्ति को वारण करने के लिए वाच्यवृत्तित्व रूप द्वितीय विशेषण दिया गया है। आकृति-समवाय सम्बन्ध से अवयव में है, गोरूपवाच्य में वृत्ति नहीं है।

वाच्योपस्थितीयप्रकारताश्रयत्वरूप तृतीय विशेषण के देने से हर्यादिपद के प्रवृत्तिनिमित्त का लक्षण इन्द्ररूप अर्थ में अतिव्याप्त नहीं हुआ; क्योंकि हरिपद वाच्य अश्व में संयोग सम्बन्ध से इन्द्र बैठा है। इसलिए वाच्यवृत्ति हुआ स्वयं हरि पद का वाच्य भी हैं। वस्तुतस्तु वाच्य में वृत्तिता का विचार वाच्यसम्बन्ध से ही करना चाहिए। अश्व पर इन्द्र हरिपद के वाच्यसम्बन्ध से वृत्ति नहीं है, संयोग सम्बन्ध हरिपदवाच्य नहीं है।

यह लक्षण घटादिपदवाच्यपुंस्त्वादिलिङ्ग में भी अतिप्रसक्त हो जायगा, इष्टापत्ति कर नहीं सकते; क्योंकि ऐसा करने से प्रातिपदिकार्थसूत्र में लिङ्गग्रहण व्यर्थ हो जायगा। उसको प्रवृत्ति-निमित्त न मानकर ही सूत्रकार ने पृथक् से ग्रहण किया है।

अतः "स्वविशिष्टत्वं स्वप्रवृत्तिनिमित्तत्वम्" ऐसा परिष्कार करना चाहिए। इसमें वैशिष्ट्य स्ववाच्यत्व, स्ववाच्यनिष्ठविशेष्यतानिरूपितोपस्थितीयप्रकारतावत्त्व, स्वप्रयोज्यधर्मितानिरूपितप्रकारताऽनवच्छेदकत्व, इन तीन सम्बन्धों से लिया जायेगा। द्वितीय सम्बन्ध के देने से पुंस्त्वादि लिङ्ग में अतिव्याप्ति का वारण हुआ, क्योंकि घटादिशब्दों से घटत्वेन घट की तथा पुंस्त्वत्वे पुंस्त्व की उपस्थिति होती है, न कि पुंस्त्वेन घट की, इसलिए उपस्थितीयप्रकारता पुंस्त्व में नहीं गयी, अपितु उपस्थितीया विशेष्यता ही उसमें रहेगी।

तृतीय सम्बन्ध देने से पुंस्त्वत्व में अतिव्याप्ति का निरास हुआ, क्योंकि पुंस्त्व-निष्ठोपस्थितीयविशेष्यता से निरूपित प्रकारता का वह आश्रय है। इसलिए द्वितीय-सम्बन्ध घटित हो गया, प्रथम सम्बन्ध स्ववाच्यत्व है ही, परन्तु घटादिशब्दप्रयोज्य-धर्मिता (घटनिष्ठा) से निरूपित प्रकारता पुंस्त्वनिष्ठा, उसकी अवच्छेदकता ही पुंस्त्वत्व में है, न कि अनवच्छेदकता।

"एतदर्थमेव सङ्केतोपयोगः"

इस स्वशक्तसंकेतविषयत्वरूपसम्बन्ध की स्वरूपनिष्पत्ति के लिए तथा इस सम्बन्ध के ज्ञान के लिए ही उक्तसंकेत का उपयोग समझना चाहिए। एवकार से शक्तिज्ञान का व्यच्छेद हुआ, अर्थात् तादृश संकेत से शाब्दबोधोपयोगी शक्तिज्ञान होता, तो वह संकेत उपयोगी होता, परन्तु प्रकृत स्थल में तो शक्ति को स्वीकार ही नहीं किया गया है, अतः उक्त सम्बन्ध के ज्ञान में हो उसका प्रयोजन माना गया, न कि शक्तिज्ञान में। अतएव "तस्य भावस्त्वतलौ" इस सूत्र के भाष्य में उक्त आरोप में प्रमाण दिखलाने के लिए "तस्य भावः" इस सूत्र का भाष्य प्रस्तुत कर रहे हैं— डित्थाडिषु इति। डित्थादि शब्दों से "डित्थस्य भावः" इस विग्रह में भाव अर्थ में "तस्य भावः" सूत्र से त्वप्रत्यय होकर डित्थत्व प्रयोग नहीं बन सकता, क्योंकि डित्थ शब्द का एक कोई शक्तिविशेष ही एक अर्थ होता है। उसमें प्रकारतया भासमान कोई धर्म रूप अर्थ (शक्यतावच्छेदक) नहीं होता, जैसे—'घटस्य भावः घटत्वम्' यहाँ पर त्व-प्रत्यय का अर्थ घट व्यक्ति में प्रकारतया भासमान घटत्वजाति रूप धर्म है। वह घटरूप प्रकृत्यर्थ जो व्यक्तिभूत है उससे भिन्न है। वही घटशब्द का प्रवृत्ति-निमित्त या शक्यतावच्छेदक कहा जाता है। डित्थादिशब्दों में यह स्थिति नहीं है। ये तो यदृच्छा शब्द हैं, अपनी इच्छा से वक्ता किसी भी एक वस्तु (कुत्ता, बिल्ली, घोड़ा आदि) को डित्थादिशब्द से सम्बोधित कर सकता है। उसमें शक्यतावच्छेदक-धर्म मानने की आवश्यकता ही नहीं होती, क्योंकि एक ही वस्तु का बोध करना है, अनेक व्यक्तियों के बोध में अननुगम दोष को हटाने के लिए अनुगमक धर्म माना जाता है। अतएव घटादिस्थल में घटत्वधर्म माना गया—इसलिए भाव अर्थ में जो तद्धितप्रत्यय है, उसका तदन्त वृत्ति में डित्थत्वरूप नहीं बन सकेगा ऐसी शङ्का करके

"प्राथमकल्पिके तर्हि कथम् ? यथा तस्य काथञ्चित्कः प्रयोगस्तथा वृत्तिरपि" इत्युक्तम्। तत्र "शब्दरूपस्यार्थे आरोपात् तत्प्रकारमाश्रित्य यथा शब्दप्रयोगस्तथा वृत्तिरपीत्यर्थः" इति कैयटः।

कु०—प्राथमकल्पिकेति। प्राथमकल्पिको मुख्यो यो डित्थस्तदीयां क्रियां गुणान् वा यः करोति स डित्थ इत्युच्यते। डित्था ईदृशीं क्रियां कुर्वन्ति सा, च त्वयीति तव डित्थत्वमेतादृशक्रियारूपमित्त्यर्थः। एवञ्च डित्थसहचरितक्रियादर्शनात्तादृशक्रियागुणादिकमेव प्रवृत्तिनिमित्तमिति भावः। अत्रेदं तत्त्वम्। यस्य गुणस्य भावाद् द्रव्ये शब्दाभिनिवेश इति भाष्यतो गुणो नाम भेदकः, भेद्यञ्च द्रव्यमित्येतदेव लक्षणमनुसरणीयम्। एवञ्च विशेष्यमात्रवाचकाद्विशेषणमात्रे गुणे भावप्रत्ययः। गोशब्दस्य जात्यवच्छिन्नद्रव्यवाचित्वे जातौ गोत्वमिति भावप्रत्ययः। जातिमात्रवाचित्वे तु तत्समनियते शब्दस्वरूपे भावप्रत्ययः। यद्धि स्वरूपेण परमुपरञ्जयति तद्विशेषणम्। एवञ्च स्वरूपेणार्थं प्रत्यायतः शब्दस्योपरञ्जकत्वात् स्वरूपमेव प्रवृत्तिनिमित्तं तद्रूपाध्यासेन चार्थप्रतीतिः। एवञ्च डित्थादिशब्दानामपि स्वरूप एव भावप्रत्ययः। स्वरूपाध्यासेन संज्ञायाः संज्ञिप्रत्यायनात्तदेव प्रवृत्तिनिमित्तम्। तदेतत्ते डित्थत्वमित्यत्र तु क्रियागुणाध्यासादन्यत्र वृत्तौ डित्थत्वसहचरितयोः क्रियागुणयोर्भावप्रत्ययः। एवञ्च क्रियागुणयोरभेदाध्यासाभिप्रायं डित्थत्वमिति।

भाष्यकार ने समाधान किया कि—प्रथमकल्प के डित्थ ने जो किया तथा उसमें जो गुण रहे, इस कल्प में वैसी क्रिया जो कोई करता है, या वैसे गुण जिसमें पाये जाँय, उसको कहा जाता है, यह तुम्हारा डित्थत्व है। डित्थ भी ऐसी क्रिया करते हैं। अर्थात् डित्थत्व यह शब्द उन्हीं के लिए सफल होता है। सिद्धान्तकौमुदी में 'कृत्तद्धितसमासैकशेषसनाद्यन्तधातुरूपाः पञ्चवृत्तयः' ऐसा पाँच भेद वृत्ति का बताया गया है, यहाँ पर भावप्रत्ययान्त से तद्धितान्त को वृत्ति पद से ग्रहण कर रहे हैं, इन दोनों पक्षों में यहीं का पक्ष उचित है। कौमुदी में भी तदन्त विधि से यही पक्ष लेना चाहिए; क्योंकि परार्थाभिधान को वृत्ति कहते हैं, परार्थ का अभिधान (बोधन) पदोद्देश्यकविधि में ही सम्भव है। वह विधि समर्थाश्रित होती है। जैसा कि 'समर्थःपदविधिः' सूत्र से संकेतित है। सामर्थ्य दो प्रकार का माना जाता है। एकार्थीभाव तथा व्यपेक्षा। इनमें लाघवात् एकार्थीभाव रूप सामर्थ्य ही वृत्ति का विषय है। यह एकार्थीभाव प्रत्ययमात्र में सम्भावित नहीं हो सकता, क्योंकि उसमें एक ही अर्थ रहेगा, प्रत्ययान्ततदादि में प्रत्यय के साथ प्रकृति भी रहती है, अतः दोनों का अर्थ विशेषणविशेष्यभावरूप से एक ही शक्ति से बोध्य होता है। यही एकार्थीभाव का स्वरूप है। इसलिए तद्धितान्त को ही वृत्ति पद से कहना उचित है, न कि तद्धित को। इसलिए कौमुदीग्रन्थ में भी कृत्तद्धितशब्द तदन्त परक ही होना चाहिए॥ १०॥

तत्पक्षे कथञ्चित्पदस्य न तथा स्वारस्यम्, अन्यत्राप्यारोपस्यानुपयोगश्च इति । अन्ये व्याचक्षते—"व्यक्तावेव शक्तिः, तस्या एव च विषयताद्वयेन भानमिति, यथा शक्तिग्रहप्रयोगयोरुपपत्तिस्तथा त्वप्रत्ययस्यापि" इति । एवं रीतेरन्यत्र क्वाप्यदर्शनेनात्र पक्षे कथञ्चिदित्युक्तिरत्यन्तं समञ्जसेति बोध्यम् ।

कथमिति । प्राथमिकडित्थे आरोपासम्भवाद् वृत्तिः कथमित्यर्थः । समाधत्ते । यथेति । काथञ्चित्क इति । विनयादित्वात्स्वार्थे ठक् । अवस्थाभेदात्तत्रापि जातिं कल्पयित्वा यथा तत्प्रकारको बोधस्तथा त्वप्रत्ययेऽपीत्यर्थः । आनन्त्यव्यभिचारयोरभावेन तत्र जातिकल्पने मानाभावान्निष्प्रकारक एव बोध उचित इत्यभिप्रायेणोक्तम् । कथञ्चिदिति । तत्रेति । अयं शब्द; अस्मिन्नर्थे शक्तः, अस्मिन्नर्थे वृद्धैः प्रयुज्यमानत्वादित्यनुमानेन शक्तिग्रहे जायमाने धर्मितावच्छेदकस्यावश्यकत्वात् शब्दस्यार्थे आरोपाच्छब्दप्रकारको यथा बोधस्तथा शब्दस्वरूपे प्रवृत्तिनिमित्ते त्वप्रत्यय इत्यर्थः । तत् = शब्दस्वरूपम् । प्रकारम् = प्रवृत्तिनिमित्तम् ।

तत्पक्षे इति । कैयटव्याख्याने इत्यर्थः । न स्वारस्यमिति । घटादिपदादपि शब्दप्रकारकबोधस्य दर्शनेनास्य प्रकारस्य सार्वत्रिकत्वात्कथञ्चित्पदस्य भाष्यस्थस्य स्वारस्यं न भवतीत्यर्थः । अन्यत्रेति । आधुनिकडित्थेऽपि संज्ञास्वरूपे वाच्ये त्वप्रत्ययसम्भवात्प्राथमिकडित्थगतक्रियारोपेण प्रवृत्तिरिति भाष्यस्य निष्फलत्वापत्तिश्चेत्यर्थः । संज्ञाशब्दे शब्दस्वरूपस्यैव प्रवृत्तिनिमित्तत्वात्तत्रैव प्रत्यय इति व्याख्याने तु भाष्ये कथञ्चिच्छब्दप्रयोगोऽसमञ्जस एव स्यात् ।

इत्यन्ये इति । इति पूर्वोक्तदोषाद्धेतोरन्ये भाष्यमन्यथा व्याचक्षते इत्यर्थः । विषयताद्वयेनेति । व्यक्तिरेवात्र डित्थशब्दार्थः । तस्या एव प्रकारतया विशेष्यतया च भानम् । तथा च प्रकारताविशिष्टा व्यक्तिस्त्वप्रत्ययार्थ इत्यर्थः । अस्या रीतेरन्यत्र दृष्टत्वाभावात् कथञ्चिदिति भाष्योक्तिः सङ्गतेति भावः ।

प्रयोगादीत्यादिना शक्तिग्रहभावप्रत्ययौ । अस्मदादीनां दुर्ग्रहत्वमत्रास्वरसः । **तत्रेति ।** शक्त्याद्यभावेऽपि बोध इत्यन्वयः । पदान्निर्विकल्पकशक्तिग्रहशाब्दबोधयोरभावात्तत्र शक्तिर्नास्तीति मतं निराकरोति । तत्तदिति । वृत्तित्वानभ्युपगमे तु दोषमाह । वृत्तिजन्येति । कथं तर्हि अनुकार्याणां बोध इति चेत्तस्य स्मरणात्मकत्वेन शाब्दबोधत्वाभावात् । तथोपस्थितस्यापि पदार्थान्तरेऽन्वयित्वं तु भूसत्तायामित्यादिनिर्देशादेव । ननु आधुनिकसंज्ञास्थले शक्त्यभावेऽपि नामस्थले शक्तिरस्त्येव द्वादशेऽह्नीति वचनात्तथा च तत्र लक्षणेति प्रागुक्तमयुक्तमित्याशङ्कामपाकरोति । द्वादशेऽह्नीति । **तत्तद्रूपेणेति ।**

अनादित्वात् संसारस्य ततोऽपि पूर्वतनडित्थादिगुणाद्याश्रित्य प्रयोगादीति कश्चित् । तत्र तत्सङ्केतज्ञानादेव बोधः । शक्त्याद्यभावेऽपीति तु न युक्तम् । वृत्त्यन्तरत्वापत्तेः वृत्तिजन्योपस्थितिं विना

चैत्रत्वादिनेत्यर्थः । अन्यथा । 'नापभाषितवै' इत्येवमपभ्रंशत्वेनोच्चारणादपभ्रंशेऽतिव्याप्तेः । तस्मात्तत्तद्रूपेणेश्वरोच्चरितत्वमेव शक्तिमत्त्वनियामकं तच्च नामस्थले नास्तीति भावः । तत्रापीति । आधुनिकसंज्ञावन्नामस्थलेऽपीत्यर्थः (१) ईश्वरस्य सर्वज्ञत्वान्नामस्थले विशिष्याप्युच्चारणं कल्प्यते इत्यन्ये । ननु तत्र शक्तिसत्त्वे किं मानमस्य सुबन्तादौ प्रसिद्धत्वाद्वाचकशब्दमात्रग्रहणाद्वा अस्ति प्रकृत्यादिकल्पनया शक्तिरित्याह । अत्रेति । बोधकः शब्द इति । तथा च शक्त्यभावे बोधो न स्यादिति भावः ॥ ११ ॥

क०—प्राथमकल्पिके स्वर्हीत्यादिग्रन्थस्य प्रकृतानुपयुक्तत्वेऽपि विशेषं वक्तुमुक्त इति सूचयितुमाह । **तत्रेति ।** काथञ्चित्क इति प्रतीके इत्यर्थः । **आरोपात् । तादात्म्याध्यासात् ।** यथाशब्देति । अन्यथा शब्दान्निर्विकल्पकाभावेन निर्धर्मितावच्छेदकशक्तिग्रहाभावेन च प्रयोग एव न स्यादित्यर्थः । जात्यतिरिक्तपदार्थे विशेष्यताप्रकारतयोः सावच्छिन्नत्वनियमादिति भावः । तं खण्डयति । तत्पक्षे इति । कैयटोक्तव्याख्यानपक्षे इत्यर्थः । तथा । अत्यन्तम् । नन्वध्याससापेक्षत्वादेव क्लिष्टत्वमत आह । अन्यत्रापीति । एतत्कल्पस्थडित्थादावपीत्यर्थः । इतिर्हेतौ । अन्ये इति । उक्तभाष्यमन्यथेत्यर्थः । तस्या एव च । व्यक्तेरेव । विषयतेति । प्रकारताविशेष्यताख्यविषयताद्वयेनेत्यर्थः । भाष्यस्थप्रयोगपदमुपलक्षणमित्याह । शक्तीति । इतिव्याख्यानसमाप्तौ ।

एकदेशीयव्याख्यानमाह—**अनादीति ।** गुणादीत्यादिना क्रिया । प्रयोगादित्यादिना त्वप्रत्ययादिः, कश्चिदित्यनेन कथञ्चित्पदघटितोक्तभाष्यविरोधरूपा, संसारस्य नानादित्वमित्याशयकप्राथम्येत्यादिशङ्कासमाधानरूपसर्वभाष्यविरोधरूपा, अन्यत्र प्रतिपादितप्रलयसत्त्वेनानादित्वं न तस्येत्येवंरूपा चारुचिः सूचिता । सङ्केतस्य ज्ञातस्यैवेत्युक्तस्य विशेषकथनायात्रानुवादमाह—**तत्रेति ।** आधुनिकसङ्केतस्थले इत्यर्थः । तत्तदर्थनिरूपितो यः सङ्केतस्तज्ज्ञानादित्यर्थः । प्रयोगसाधुता प्राग्वत् । नन्वेवं मध्ये सम्बन्धरूपा शक्तिः किमर्थमत आह । शक्त्यादीति । आदिना लक्षणादिग्रहः । वृत्त्यन्तरेति । तुर्यवृत्तित्वेत्यर्थः । संकेतस्येति भावः । ननु कार्यस्य तेनैव सिद्धेः । किमिति तस्य वृत्त्यन्तरत्वमत आह—वृत्तीति । पदार्थस्येति शेषः । घटादिपदादाश्रयत्वादिनोपस्थिताकाशादेः शाब्दविषयत्ववारणाय वृत्त्या पदजन्यपदार्थोपस्थितेस्तत्र कारणत्वाङ्गीकारादिति भावः ।

---

१. ईश्वरस्य सर्वज्ञत्वादित्यारभ्य तथा च शक्त्यभावे बोधो न स्यादित्यन्तोऽन्यमतप्रतिपादको ग्रन्थः । अनेन ग्रन्थेन "अत्र नामपदेन चाह्वानकरणीभूतो बोधकः शब्द उच्यते' इति मूलस्य द्वादशेऽह्नि क्रियमाणनाम्नां शक्तिमत्वबोधकत्वाशयो वर्ण्यते । परन्त्वेवं व्याख्यया नागेशस्य पूर्वापरग्रन्थविरोधप्रसङ्गादुपेक्ष्येयं व्याख्या ।

शाब्दबोधविषयत्वासम्भवाच्च। "द्वादशेऽह्नि पिता नाम कुर्यात्" इति श्रुत्या स्मृत्या वा नामत्वेन नामबोधेऽपि तत्तद्रूपेणेश्वरेण सङ्केताकरणेन तत्रापि शक्तेर्दुरुपपादत्वात्। अत्र नामपदेन चाह्वानकरणीभूतो बोधकः शब्द उच्यते ॥ ११ ॥

ननु सङ्केतज्ञानजन्यबोधे शक्तिजन्योपस्थितेरेव हेतुत्वमास्तां कृतं वृत्तिजन्यत्वनिवेशेन। किञ्च द्वादशेऽह्नि क्रियमाणनामस्थले स्मार्तसङ्केतस्य सत्त्वेनेश्वरसङ्केतसम्भवेन तद्वत्तस्यापि वाचकतानियामकत्वमेवेति किमर्थं तत्रापि लक्षणाऽत आह। **द्वादशे इति।** श्रुतित्वे मानाभावादाह—स्मृत्येति। तत्तद्रूपेण विशेषरूपेणेश्वरकृतः सङ्केत इत्यस्याबोधनेन। तत्रापि। द्वादशेऽह्नि क्रियमाणनामस्थलेऽपि। अपिस्तदन्याधुनिकसङ्केतस्य, लक्ष्यस्य गङ्गायां घोष इत्यादेश्च समुच्चायकः। तथा चात्र सर्वत्र बोधार्थं तत्त्वेन निवेश आवश्यक इति भावः। ननु 'नामाख्यात' (निरु०) इत्यादौ नामपदेन सुबन्तग्रहणवदत्रापि तथात्वे सर्ववर्णसाधारणसाध्वसाधुसाधारणशब्दग्रहणस्येष्टस्य न लाभोऽत आह—अत्रेति। उक्तस्मृतिवाक्ये एवेत्यर्थः। चस्त्वर्थे। आह्वानेति। यत उक्तसङ्केतज्ञानाल्लक्षणया बोधकः, अतः आह्वानकरणीभूत इत्यर्थः। तस्मादतिरिक्तोक्तरूपशक्तिरावश्यिकेति सिद्धम् ॥ ११ ॥

सरला—पुनः भाष्यकार ने शङ्का की—अच्छा तो मान लिया इस कल्प में तो इस रूप से डित्थत्वप्रयोग बन जायगा; पर प्रथमकल्प के डित्थ को उद्देश्य करके डित्थत्व प्रयोग कैसे बन सकेगा ? स्वयं इसका समाधान करते हैं कि जैसे उसका प्रयोग कथञ्चित् किया जाता है, ऐसे ही वृत्ति भी कथञ्चित् समझनी चाहिए। इस पर भाष्य के टीकाकार कैयटोपाध्याय ने कहा कि डित्थ आदि शब्दों से जायमान शाब्दबोध में डित्थ व्यक्तिविशेष होता है। तथा घटत्वादि के समान प्रकारीभूत कोई शब्द न होने से डित्थ शब्द को ही अर्थ में आरोप करके शक्तिग्रह तथा शब्दप्रयोग की उपपत्ति हो जाती है। ऐसे ही त्वप्रत्ययान्तवृत्ति भी उसी आरोपित शब्दस्वरूप को प्रवृत्तिनिमित्तरूप मानकर सम्पन्न हो जायेगी—ऐसा भाष्य का अभिप्राय बताया। परन्तु इस पक्ष में कथञ्चित् पद का भाष्यानुगुण-स्वारस्य नहीं बन रहा है। तथा अन्यत्र भी आरोप का उपयोग नहीं हो सकेगा। अन्यत्र आधुनिक डित्थ में भी शब्दस्वरूप से ही त्वप्रत्यय की आपत्ति हो जायगी, अतः वहाँ क्रिया या गुण का उपयोग निष्फल ही हो जायगा। इसलिए अन्य आचार्यों का ऐसा व्याख्यान है कि डित्थादि शब्दों की व्यक्ति में हो शक्ति होती है, उसी व्यक्ति का विषयताद्वय से भान होता है। इस प्रकार शक्तिग्रह एवं शब्दप्रयोग की उपपत्ति हो जायगी, ऐसे ही त्वप्रत्यय की भी उपपत्ति समझनी चाहिए, ऐसी रीति अन्यत्र कहीं भी नहीं देखी जाती। अतः कथञ्चित् पद का इस पक्ष में सुतरां स्वारस्य हो जाता

है। किसी आचार्य का इस विषय में ऐसा मत है कि संसार के अनादि होने से कोई भी कल्प प्रथम हो ही नहीं सकता, अतः उससे भी पूर्वकल्पीयडित्थादि को प्रयोगादि व्यवस्था समझनी चाहिए। वहाँ पर शक्ति, लक्षणा आदि के अभाव में भी उसके सङ्केतज्ञान से बोध हो जायगा। ऐसा कहना युक्त नहीं है; क्योंकि ऐसी स्थिति में उस सङ्केत को चतुर्थवृत्ति कहने लगेंगे। यदि वृत्ति न मानेंगे तो वृत्ति ज्ञानजन्योपस्थिति के न होने से शाब्दबोध की विषयता का सम्भव न होगा। यदि कहें कि शाब्दबोध के प्रति वृत्तिज्ञानजन्योपस्थिति को कारण न मानकर शक्तिज्ञानजन्योपस्थिति को कारण मानेंगे, इस पर दोष देते हैं कि 'द्वादशेऽह्नि' क्रियमाणनामस्थल में नामत्वेन सामान्यरूपेण नाम का बोध होने पर देवदत्तत्वादि विशेषरूप से ईश्वर द्वारा सङ्केत न होने से वहाँ शक्ति मानकर निर्वाह नहीं कर सकते, इसलिए वहाँ तथा 'गङ्गायां घोष' इत्यादि लक्षणास्थल में शाब्दबोध की सत्ता न हो सकेगी, द्वादशेऽह्नि पिता नाम कुर्यात्, इस श्रुति में नामपद से आवाहन में कारणीभूत जो बोधक शब्द उसका ग्रहण होता है, न कि प्रातिपदिकमात्र का या सुबन्तमात्र का, इसलिए दृष्ट अर्थ का ग्रहण सम्पन्न होता है॥ ११॥

वि० टि०—शब्दरूपस्यार्थे आरोपात्—यद्यपि अर्थ में वाच्य-वाचकभाव रूप सम्बन्ध से शब्द का सम्बन्ध है ही, परन्तु यहाँ पर शब्द को प्रवृत्तिनिमित्त बनाने के लिए घटत्वादि धर्मों के समान प्रकार बनाना है। अतः समवाय या स्वरूप सम्बन्ध से उसे अर्थ में समझाने पर ही वह घटत्वादि के समान प्रकार बनकर प्रवृत्तिनिमित्त कहलायेगा। इसलिए कहा है कि 'शब्दरूपस्यार्थे आरोपात्' अर्थात् शब्दस्वरूप की अपने अर्थ में वृत्तिनियामकसमवाय या स्वरूपसम्बन्ध से स्थिति मानकर उसकी प्रकारता का निर्वाह करना चाहिए। इसीलिए आरोप शब्द का प्रयोग किया गया है। जिस सम्बध से जो जिसमें न हो, उस सम्बन्ध से वहाँ उसको समझना आरोप कहलाता है। "यथा शब्दप्रयोगः" यहाँ शब्दप्रयोग शक्तिग्रह का भी उपलक्षण है, अर्थात् उसको प्रकार मान कर शक्तिग्रह तथा शब्दप्रयोग की आपत्ति होती है। क्योंकि शब्द का प्रयोग शक्तिग्रह के द्वारा शाब्दबोध में समान-प्रकारकत्वेन कार्यकारणभाव निर्णीत है। यदि शक्तिग्रह में कोई प्रकारभूतधर्म विषयरूप में न माना जायगा, तो वह शक्तिग्रह निर्धर्मितावच्छेदक कहा जायगा, जो इष्ट नहीं है तथा इस स्थिति में उक्त कार्यकारणभाव का भी भङ्ग-प्रसङ्ग हो जायेगा।

"तस्या एव विषयताद्वयेन भानम्" प्रकारता तथा विशेष्यता रूप दो विषयतायें विषयताद्वय का अर्थ है। इसमें प्रकारत्वाख्यविषयताविशिष्ट डित्थव्यक्ति त्वप्रत्यय का अर्थ है, तथा विशेष्यतारूपविषयताविशिष्ट होकर डित्थव्यक्ति प्रकृति का अर्थ है। इस पक्ष में भी निर्धर्मितावच्छेक, अर्थात् धर्मितावच्छेदक से रहित शक्तिग्रह

नहीं हुआ; क्योंकि व्यक्ति ही प्रकार होने से धर्मितावच्छेदक है, विशेष्य होकर वही धर्मी है। उसी में धर्मिता है। ये दोनों विषयताएँ एक ही काल में एक पदार्थ में आरोप द्वारा ही सम्भावित होती हैं। अन्यत्र ऐसी रीति नहीं देखी जाती। अतः कथंचित् पद का पूर्णस्वारस्य बन जाता है। "विषयताद्वयेन भानम्" यहाँ पर तृतीया विभक्ति "प्रकृत्यादिभ्यः उपसंख्यानम्" से हुई है। उसका वैशिष्ट्य अर्थ है, उसका अन्वय तत्पदार्थ व्यक्ति में स्वरूप सम्बन्ध से है। अतः विषयताद्वय विशिष्ट व्यक्ति ऐसा अर्थ हुआ। कैयटोपाध्याय ने तो अन्यत्र महाभाष्य में डित्थत्व को जाति ही माना है। एक ही डित्थ में अवस्थाभेद लेकर उस डित्थत्व को अनेकवृत्ति माना। "अनादित्वात् संसारस्य" "जोव ईशो विशुद्धा चित्तथा जीवेश्वरयोर्भिदा। अविद्या तच्चितोर्योगः षडस्माकमनादयः"। इस वेदान्तसिद्धान्त के आधार पर माया (अविद्या) के अनादि होने से उसका कार्यभूत संसार भी अनादि है। "सर्ववेदपारिषदं हीदं शास्त्रम्" इस भाष्य उक्ति से व्याकरण शास्त्र में भी उक्त वेदान्तसिद्धान्त मान्य है—पूर्वतन-पूर्वशब्द अव्ययसंज्ञक नहीं है। इस स्थिति में "सायं चिरम्" आदि सूत्र से यु-प्रत्यय तथा तुडागम का होना सम्भव नहीं है। अतः तनु विस्तारे धातु से तनोति आत्मानं विस्तारयति असौ तनः, पचाद्यच्प्रत्यय करके तनशब्द निष्पन्न करना चाहिए। 'पूर्वस्मिन् काले तनः पूर्वतनः' ऐसा समास "सुपा" योग से करना चाहिए, जिसका अर्थ हुआ, पूर्वकालिकविस्तारवाला, इस प्रकार उपस्थित की गति चिन्तनीय है।

"प्रयोगादीति"। यहाँ प्रयोग आदिर्यस्य तत्—बहुव्रीहि समास है। आदि पद से शक्तिग्रह तथा त्वादि प्रत्यय का ग्रहण करना चाहिये। द्वादशेऽहनि पिता नाम कुर्यात् यह श्रुतिवाक्य अथवा स्मृतिवाक्य है। इसमें ईश्वर का सङ्केत ही प्रयोजक है। अतः गवादिशब्दों के समान यहाँ भी शक्ति मान लेनी चाहिए। इस पर समाधान करते हैं कि गवादिस्थल में तत्तद्गोत्व आदि का विशेषरूप से सङ्केत है। पर यहाँ तो देवदत्तत्वादि का विशेषरूप से सङ्केत नहीं है; किन्तु नामत्वेन रूपेण होने से संकेत रूप ही है। अतः गवादि दृष्टान्त के अभाव में शक्ति मानना युक्त नहीं है। "नम्रीभवन्ति—नमन्ति आख्यातार्थं प्रति विशेषणीभवन्ति इति नामानि" जो शब्दार्थ धात्वर्थ व्यापार के प्रति विशेषण बनें, तद्बोधक शब्दों को नाम कहा जाता है। नम्धातु से कर्ता अर्थ में मनिन् प्रत्यय तथा नम् को ना आदेश होकर नामशब्द की निष्पत्ति होती है। इस दृष्टि से नामपद प्रातिपदिक हुआ। अथवा चत्वारि पदजातानि "नामाख्यातोपसर्गनिपाताश्च" इस निरुक्त के अनुसार नामपद से सुबन्त का ग्रहण होता है। परन्तु प्रकृतस्थल में ये दोनों अर्थ उचित नहीं हैं। किन्तु नामपदेन आह्वानकरणीभूतो बोधकः शब्दः। अर्थात् नाम पद से (आह्वान = बुलाने अर्थ में) करणीभूत अर्थ का ग्रहण करना चाहिए। इस स्थिति में नत-आकृष्टो भवति येन तन्नाम इस व्युत्पत्ति के अनुसार नम् धातु से करण अर्थ में मनिन् प्रत्यय तथा नादेश होने से नामन् शब्द निष्पन्न हुआ है॥ ११॥

यत्तु पदपदार्थयोर्बोध्यबोधकभावनियामिका शक्तिरेव सम्बन्ध इति, तन्न, शक्तेरपि कार्यजनकत्वे सम्बन्धस्यैव नियामकत्वात्। दीपगतप्रकाशकत्वशक्तावपि सम्बन्धे सत्येव वस्तुप्रकाशकत्वं नान्यथेति दृष्टत्वात्। तदुक्तं हरिणा—

उपकारः स यत्रास्ति धर्मस्तत्रानुगम्यते।
शक्तीनामप्यसौ शक्तिर्गुणानामप्यसौ गुणः ॥ इति।

"उपकार इति। उपकार्योपकारकयोरुपकारस्वभावः सम्बन्धो यत्रास्ति, तत्र धर्मः शक्तिरूपः कार्यं दृष्ट्वाऽनुमीयते। असौ सम्बन्धः शक्तीनामपि कार्यजनने उपकारकः, गुणानामपि द्रव्याश्रितत्वनियामकः सम्बन्ध इति तदर्थः" इति हेलाराजः। सम्बन्धः पदे वाक्ये च।

कु०—शक्तेः सम्बन्धो बोध्यबोधकभावनियामको भवति, न तु शक्तिरित्याह—**शक्तेरपीति**। घटजननशक्तेः सम्बन्धोऽस्तीऽत्यत एव हि दण्डनिष्ठशक्तेर्घटजनकत्वमित्यर्थः। शक्तेस्तु पुनः शक्त्यन्तरं नास्ति, अनवस्थापत्तेः। उपकार इति। यत्रोपकारस्वभावः सम्बन्धोऽस्ति, तत्र शक्त्याख्यो धर्मोऽनुमीयते। असम्बद्धानामुपकाराभावात्। न च शक्तिरेव सम्बन्धः शक्तीनामप्याधारपारतन्त्र्ये कार्यजनने च सम्बन्धस्यैव नियामकत्वात्। यतो गुणानामपि च द्रव्याश्रितत्वनियामकः सम्बन्ध एवेति परतन्त्राणामप्युपकारकत्वादित्यर्थः।

उपकार्योऽर्थः। उपकारकः शब्दः। उपकारकताऽत्र परस्परं द्वयोरपि। कार्यम्-उपकारम्। असौ-सम्बन्ध उपकारकताख्यः। **शक्तीनामपीति**। सम्बन्धसत्त्वे एव शक्तेरपि कार्यजनकत्वादित्यर्थः। अर्थलक्षणम्-अर्थप्रतिपादकं शास्त्रम्। अनेनेति। "वाक्यलक्षणायाः समयग्रहार्थम्" इत्यनेन वाक्येऽपि शक्तिसूचनानर्थकत्वोक्तिरयुक्तेति भावः ॥ १२॥

क०—यत्त्वत्र कौस्तुभादावुक्तं 'नेदं युक्तं गौरवात्, किन्तु लाघवात्। घटबोधजननसामर्थ्यमेव घटादिपदानां शक्ति''रिति तत्खण्डयति—**यत्त्विति**। उक्तक्रमेणाह—बोधेति। शक्तिरेव = सामर्थ्यविशेष एव। एवमग्रेऽपि। 'तदभावे तदभावात्' तस्यास्तन्नियामकत्वम्। एवंच धर्मःक्लृप्तस्तत्सम्बन्धत्वमात्रं कल्प्यमिति लाघवम्। एतेन वाच्यवाचकभावापरपर्यायशक्तिरूपसम्बन्धनिरासः। शक्तेरपि क्लृप्ताया उक्तरूपायाः' अपिः उक्तसमुच्चायकः। सम्बन्धस्यैव। तदन्यसम्बन्धस्यैवेत्यर्थः। तत्र मानमाह। दीपेति। सम्बन्धे दीपवस्तुनोरित्यादिः। प्रकाशकत्वं दीपस्येत्यादिः। उपकारस्येति। कार्योत्पादनं स्वभावो यस्येत्यर्थः। शक्तिरूपः। सामर्थ्यरूपः एवमग्रेऽपि। कार्यम्—

तदाह न्यायभाष्यकारः—"समयज्ञानार्थं चेदं पदलक्षणाया वाचोऽन्वाख्यानं व्याकरणं, वाक्यलक्षणाया वाचोऽर्थलक्षणम्" इति । अनेन हि पदेष्विव वाक्येष्वपि ऐश्वरः सङ्केत इति स्पष्टमेवोक्तम् । वाक्यविषये समयग्राहकमाकाङ्क्षाद्यपि । समयग्रहार्थमित्यस्य साधूनामित्यादिः । १२ ॥

बोधम् । शक्तिरित्यस्यार्थमाह । उपकारक इति । गुणानाम्-रूपादीनाम् । गुण-इत्यस्यार्थमाह । द्रव्येति । असावित्यर्थः । सम्बन्ध इति । एवमतिरिक्ततत्सिद्धौ तदाधारजिज्ञासायां तन्त्रान्तरमतासंगत्यायाऽऽह—स इति । वाच्यवाच्यकभावरूपः । कल्पितत्वेन तन्त्रान्तरमतेनाह—पदे इति । वस्तुतः स्वमतेनाह-वाक्ये इति । उभयत्र संमतिमाह–तदाहेति । इदम्–व्याकरणम् । पदलक्षणाया वाचः संङ्केतज्ञानार्थमन्वाख्यानं करणे ल्युट्, व्याकरणस्य मध्यमणिन्यायेनान्वयः । वाक्यरूपवाचः अर्थलक्षणम् । करणे ल्युट् । अर्थबोधजनकताबोधकमित्यर्थः । अनेन हीति । उक्तभाष्यग्रन्थेनेत्यर्थः । अस्य सूचितमित्यत्राप्यन्वयः । उक्तमिति । ऐश्वरः सर्गादौ ईश्वरकृतः समयेत्यस्योभयत्रान्वयादिति भावः । तदभिप्रेत्य वाक्यविषये न्यूनतां पूरयति—वाक्येष्वपि । अपिः व्याकरणसमुच्चायकः । वक्ष्यमाणरीत्या सङ्केतस्यापभ्रंशेष्वपि सत्वात्तज्ज्ञानस्य ताभ्यामसम्भवादाह—समयेति ॥ १२ ॥

सरला—आचार्य कहते हैं कि पद-पदार्थ के बोध्य-बोधकभाव की नियामिका शक्ति ही सम्बन्ध है। उससे भिन्न कोई भी सम्बन्ध उन दोनों में कारणता का नियामक नहीं है, उनके मत का खण्डन करते हैं कि वह मत युक्त नहीं है; क्योंकि शक्ति को भी बोध आदि कार्यजनन में सम्बन्ध ही नियामक माना जाता है। दीपक में घट-पट आदि की प्रकाशिका शक्ति रहने पर भी घट आदि का संयोगरूप अन्य सम्बन्ध रहने पर ही वह घटादि पदार्थों का प्रकाशन कर पाता है, अन्यथा नहीं, ऐसा सिद्धान्त निर्णीत है। इस बात को वाक्यपदीयकार श्रीभर्तृहरि भी समर्थित करते हैं।

उपकार्य तथा उपकारक का उपकारस्वभाव सम्बन्ध जहाँ रहता है, वहाँ शक्ति का निरूपक तादात्म्य आदि सम्बन्ध की अनुमिति कर लेनी चाहिए; क्योंकि शाब्दबोधरूप कार्य की आपत्ति तभी सम्भव है। यह सम्बन्ध शक्ति की भी शक्ति है, अर्थात् उससे बोध करने में उपकारक है तथा गुणों का भी गुण अर्थात् द्रव्याश्रितत्व का नियामक है। ऐसी व्याख्या वाक्यपदीय के टीकाकार हेलाराज आचार्य ने की है। यह शक्ति सम्बन्ध और उसका सहकारी सम्बन्ध केवल पदों में ही नहीं; अपितु वाक्यों में भी होता है।

इस विषय को न्यायभाष्यकार समर्थित करते हैं। शक्तिसम्बन्ध के ज्ञान के लिए ही पदरूप शब्दों का अन्वाख्यान व्युत्पादन व्याकरण शास्त्र से होता है। तथा

वाक्यरूप शब्द का अन्वाख्यान अर्थलक्षण अर्थात् मीमांसाशास्त्र से होता है। इस व्याख्या से सुस्पष्ट हो जाता है कि पदों के समान वाक्यों में भी ईश्वर का अनादि सङ्केत है। वाक्य के विषय में शक्ति के ग्राहक आकाङ्क्षा, योग्यता आदि का भी ज्ञान कारणरूप में अपेक्षित होता है। यह ईश्वरीय सङ्केत व्याकरणशास्त्र से व्युत्पादित जो साधु शब्द उन्हीं के लिए ही कहा गया है, न कि अपभ्रंशरूप असाधु शब्दों के लिए ॥ १२ ॥

वि०टि०—यत्तु इत्यादि ग्रन्थ का दो प्रकार से लापन किया जाता है। एक प्रकार तो कहा गया, जिसमें वाच्यवाचकभावरूप शक्ति का प्रकाशक तादात्म्य-सम्बन्ध बताया गया, जो कि पूर्वग्रन्थ से अनुमोदित है। दूसरा यह है कि—शब्द-कौस्तुभ के मत में पदपदार्थ के बोध्यबोधकभाव की नियामिका शक्ति, अर्थात् सामर्थ्यविशेष ही दोनों का सम्बन्ध है। इसके अतिरिक्त वाच्यवाचकभावरूप सम्बन्ध मानने में गौरव है। अतः उसे यहाँ सम्बन्ध नहीं मानना चाहिए। हमारे द्वितीय मत में तो सामर्थ्य–विशेष निश्चित ही है। केवल उसके सम्बन्धत्व की कल्पना करनी ही है। अतः लाघव है। इसका खण्डन करने के लिए मञ्जूषाकार 'यत्तु' से उपक्रम करते हुए "तन्न" से खण्डन करते हैं। इसमें प्रथम मत में "शक्तिरेव सम्बन्धः" यहाँ पर एवशब्द से तादात्म्यसम्बन्ध की व्यावृत्ति होती है। तथा शक्तिरेव में शक्तिपद से वाच्यवाचकभाव का ग्रहण होता है। दूसरे मत में एवकार से वाच्यवाचकभाव की व्यावृत्ति होती है तथा शक्तिपद से सामर्थ्य-विशेष लिया जाता है। यद्यपि ये दोनों व्याख्याएँ रमणीय हैं, पर प्रथम व्याख्या रमणीयतर है—क्योंकि इसी ग्रन्थ में वह शक्ति पूर्व से उपक्रान्त है। अतः उपस्थित होने से वह व्याख्या प्रथम विधेय है। अब 'तन्न' से दूसरे मत का यद्यपि खण्डन भी हो जाता है, तो भी वह व्याख्या तन्त्र द्वारा द्वितीयकोटि में उपयुक्त ही है।

'उपकारः स यत्राऽस्ति' दीपक में घटादि पदार्थों के उपकार अर्थात् प्रकाशन की शक्ति है। उस शक्ति का चारितार्थ्य दीपक का घट के साथ संयोगसम्बन्ध रहने पर ही होता है, अन्यथा नहीं। इसी दृष्टान्त से पद में पदार्थ की बोधन शक्ति का चारितार्थ्य किसी अन्य सम्बन्ध के रहने पर ही हो सकता है। अतः उस धर्म, अर्थात् सम्बन्ध की कल्पना करनी चाहिए। प्रथम मत में वह सम्बन्ध तादात्म्य है, दूसरे मत में वाच्यवाचकभाव है। यहाँ पर कारिका में धर्मपद से सम्बन्ध का ग्रहण होता है; क्योंकि 'वृत्तिमत्त्वं धर्मत्वम्' जो वृत्तिमान अर्थात् आश्रित होता है, वह सभी अपने आश्रय का धर्म कहा जाता है। सम्बन्ध भी सम्बन्धी में आश्रित होकर ही विशिष्ट बुद्धि का नियमन करता है, अतः वह भी धर्म कहा जाता है।

अतः कारिका की व्याख्या करते हुए स्वयं ग्रन्थकार कहते हैं—धर्मः शक्तिरूपः, शक्तिरूपधर्म अर्थात् प्रथम मत में 'शक्तिः रूप्यते प्रकाश्यतेऽनेन' इस व्युत्पत्ति से

रूप धातु से करण में घञ् प्रत्यय करने से शक्ति का प्रकाशक जो धर्म (सम्बन्ध) तादात्म्यरूप उसकी कल्पना (अनुमिति) करनी चाहिए। दूसरे मत में वाच्यवाचक-भावरूप सम्बन्ध की कल्पना करनी चाहिए। यहाँ दोनो मतों में 'शक्तिः रूपं स्वरूपं यस्यासौ शक्तिरूपः' यह भी व्याख्या सम्भावित है; क्योंकि तादात्म्य के लिए ग्रन्थकार ने पीछे कहा भी है कि—तस्याऽपि शक्त्युपकारकत्वाच्छक्तिरिति व्यवहारः। अर्थात् तादात्म्य भी शक्ति का उपकारक होने से शक्ति पद से व्यवहृत होता है। दूसरे मत में तो वाच्यवाचकभावसम्बन्ध साक्षात् शक्त्या ही अर्थात् शक्ति पद से बोध्य है। इन दोनों व्याख्याओं में धर्मशब्द से सम्बन्ध लिया गया है। अनुगम्यते—अनुमीयते इत्यर्थः।

"सर्वेऽपि गत्यर्थाः ज्ञानार्थाः" इस नियम से गम् धातु ज्ञानार्थक होने से अनु-पूर्वक गम् का अनुमितिरूप अर्थ यहाँ पर हुआ। अनुमान का आकार प्रथम पक्ष में इस प्रकार है—शब्दः स्वार्थनिरूपिततादात्म्यवान् स्वार्थप्रतियोगिक-वाच्यवाचकभावरूपशक्तिमत्त्वात्। यो यदर्थप्रतियोगिकशक्तिमान्, स तदर्थनिरूपित-शक्त्यन्यसम्बन्धवान्, दीपवत्। शब्द अपने अर्थ से निरूपित तादात्म्यसम्बन्ध वाला होता है, क्योंकि उसमें स्वार्थप्रतियोगिकशक्तिसम्बन्ध रहता है। जो जिसके प्रकाशन की शक्ति वाला है, वह उस शक्ति से भिन्न एवं उपकारक सम्बन्ध वाला भी होता है, जैसे—दीपक, इसमें वस्तु की प्रकाशकत्वशक्ति अवश्य है। पर उससे भिन्न संयोगसम्बन्ध भी आवश्यक है। उसके न होने से दीपक की शक्ति सार्थक नहीं हो पाती है। इसलिए इस अनुमीयमान सम्बन्ध को शक्ति की भी शक्ति कहा गया है तथा गुणों का भी गुण कहा जाता है। यहाँ गुणों का भी गुण की व्याख्या करते हुए आचार्य हेलाराज ने कहा कि—"गुणानामपि द्रव्याश्रितत्व-नियामकः सम्बन्ध इति तदर्थः"। इसका भाव यह है कि सम्बन्ध जैसे शक्ति की शक्ति, अर्थात् शक्ति के वास्तविक स्वरूप का व्यवस्थापक है, (नियामक है) ऐसे ही सम्बन्ध गुण का भी गुण अर्थात् गुण के वास्तविक स्वरूप का संरक्षक है। यह बात तभी बनेगी, जब 'गन्धः पृथिव्यामेव' गन्ध पृथ्वी में ही रहता है। "शीतस्पर्शो जले एव" शीतस्पर्श जल में ही रहता है। 'उष्णस्पर्शस्तेजस्येव' उष्ण स्पर्श तेज में ही रहता है। इस प्रकार नियन्त्रण हो जाय, यह नियन्त्रण (नियमन) तभी सम्भव है, जब गन्ध आदि का पृथ्वी आदि में जो समवायसम्बन्ध है, वही एक ऐसा बन्धन है (नियामक है), जो गुणों को गुण बनाए रहता है, अन्यथा सभी गुण व्यभिचरित होकर अपने स्वरूप में सुरक्षित न हो पाते। अमुक गुण अमुक द्रव्य के ही आश्रित है। यही गुणों के द्रव्याश्रितत्व का नियमन है। वह सम्बन्ध के ही अधीन है। "सम्बन्धः पदे वाक्ये च"। प्रकृति तथा प्रत्यय में शक्ति सभी दर्शन मानते हैं; परन्तु तत्समुदाय रूप पद जो सुबन्त तथा तिङन्तरूप है, उसमें तथा पदसमुदायरूप वाक्य में भी शक्ति व्याकरणदर्शन ही मानता है। इसी अंश में ग्रन्थकार का कहना है हि न्याय-शास्त्र के भाष्यकार वात्स्यायन की दृष्टि से पदसमूहरूप वाक्य में भी शक्ति सिद्ध

एतेन पदार्थे सम्बन्धग्रहवन्त्यपि पदानि वाक्यार्थे सङ्गतिग्रहानपेक्षाण्येवेति वाक्यस्फोटो नैयायिकासम्मत इति परास्तम् । एतच्चोपरिष्टाद्वक्ष्यामः । पदस्यैवार्थबोधकमवयवार्थद्वारा व्याकरणमिति च सूचितम् ।

कु०—एतेनेति । पदार्थसम्बन्धग्रहणसापेक्षाण्यपि पदानि, न वाक्यानि वाक्यार्थसम्बन्धग्रहसापेक्षाणि आकाङ्क्षादिवशादशक्यस्यैव वाक्यार्थस्य प्रतीतेरित्यर्थः । **परास्तमिति ।** पदद्वयघटिताकाङ्क्षादिभिर्वाक्यार्थबोधे वाक्यस्फोटस्य दुर्वारत्वात् । **अवयवार्थद्वारा**—प्रकृत्याद्यर्थद्वारा । सूचितमिति । पदलक्षणायाः समयग्राहकमित्यनेन पदस्य वाचकत्वं सूचितम्, अन्वाख्यानत्वोक्त्या च प्रकृत्यादिकल्पना सूचिता ।

क०—यदर्थमिदमुक्तं तदाह–एतेनेति । उक्तभाष्येणेत्यर्थः । पदार्थे । पदार्थेषु यद्वा । तत्तत्पदार्थे । सङ्गतिः-सम्बन्धः, वाक्यवाक्यार्थयोः सम्बन्धरूपशक्तिग्रहं, विनैव मिथः समभिव्याहारात्ततो वाक्यार्थबोध इति भावः । **परास्तमिति ।** नैयायिकशिरोमणेस्तद्भाष्यकारस्येष्टत्वादिति भावः । ननु तं विनैव निर्वाहस्यानार्षतद्ग्रन्थे कृतत्वात्किमर्थं सोऽत आह—एतच्चेति । तत्संमतमावश्यकत्वं च । उपरिष्टात् = शब्दनिरूपणे । ननु व्याकरणे साक्षात्पदतदर्थयोरनुक्तत्वात्कथं तत् ? अत आह—

हो जाती है। क्योंकि "उन्होंने समयज्ञानार्थं वाक्यलक्षणाया वाचोऽन्वाख्यानम्" इत्यादि कहा है, जिसका भाव होता है कि अर्थलक्षणशास्त्र तर्क-मीमांसादि शास्त्र वाक्यलक्षण शब्दों का अन्वाख्यान (व्युत्पादन) वाक्यों की शक्ति के ज्ञान के लिए करते हैं। "अर्थो वाक्यार्थो लक्ष्यते अनेनेति अर्थलक्षणम्" तर्कशास्त्रं पूर्वोक्तमीमांसाशास्त्रञ्च, यहाँ लक्षणशब्द करणल्युडन्त होकर इस अर्थ में विद्यमान है। वाक्यलक्षणायाः—'वाक्यं लक्षणं स्वरूपं यस्याः' वाक्य है स्वरूप जिसका, ऐसी वाक्, यहाँ लक्षण शब्द स्वरूपपरक है। ऐसे ही पद-लक्षण में भी लक्षण शब्द की स्थिति है। यहाँ "पद्यते गम्यते अर्थोऽनेन" इस व्युत्पत्ति से पद-शब्द शक्तिमत् परक होकर प्रकृति एवं प्रत्यय को भी कहता है। "सर्वे सर्वपदादेशाः दाक्षीपुत्रस्य पाणिनेः"। एकदेशविकारे हि नित्यत्वं नोत्पद्यते" इस परिभाषा में भाष्यकार ने पदशब्द से उक्त यौगिक अर्थ ही लिया है। उसका निर्वचन व्याकरणशास्त्र में पूर्णतया किया गया है। साथ ही सुबन्त तथा तिङन्तरूप पदों का भी तथा वाक्यों का भी निर्वचन है, परन्तु "प्राधान्येन व्यपदेशाः प्रकल्पन्ते" इस नियम से वाक्यों का प्रधानतया विवेचन मीमांसा आदि शास्त्रों में होने से 'वाक्यलक्षणाया वाचोऽर्थलक्षणम्' ऐसा कहा गया। "समयज्ञानार्थमित्यस्य साधूनामित्यादिः"। साधु शब्दों के शक्तिज्ञान के लिए यह व्यवस्था कही गयी है, ऐसा मत न्यायभाष्यकार का है; क्योंकि उनके मत में अपभ्रंशों में शक्ति नहीं मानी जाती। साधु शब्दों के स्मरण अथवा शक्ति-भ्रम से वे शब्द बोधक होते हैं। यह आगे कहा जायगा। यहाँ पर 'साधूनामित्यादिः' यह योजना न्यायशास्त्र की दृष्टि से समझनी चाहिए। ॥ १२ ॥

कः शब्दः ? कोऽर्थः ? इति प्रश्ने 'घट' इत्ययं शब्दः, 'घट' इत्ययमर्थ इत्येकाकारोत्तरदर्शनात्तयोरध्याससिद्धिः। घट इत्याकारं ज्ञानमिति व्यवहाराच्छब्दज्ञानयोरपि सः। इतिशब्दस्य शब्दस्वरूपपरतातात्पर्यग्राहकत्वात्। अत एव पदं श्रुतम्, अथार्थं शृणु, अर्थं वदतीत्यादिव्यवहारः।

शब्दार्थयोरितरेतराध्यासादेव "वृद्धिरादैच्" (अष्टा० सू० १-१-१) "ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म" इति शक्तिग्राहकश्रुतिस्मृत्योः सामानाधिकरण्येन प्रयोगः॥ १३॥

सः अध्यासः। एतदेवोपपादयति। इतिशब्दस्येति। इतिशब्देन घटशब्दस्य परामर्शाच्छब्दज्ञानयोरभेद इत्यर्थ। साकारवादिनस्तु पदार्थमात्रस्य ज्ञानरूपतां वदन्ति। तन्मते आकारभेदादेव भेदः। अर्थं शृणु इति। शब्दस्यैव श्रावणत्वादर्थे आरोप एवेति भावः।

सरला—पूर्व सन्दर्भ में संकेत विद्यमान शक्ति का ग्राहक (प्रकाशक) है, शक्ति रूप नहीं है। ऐसा निर्णीत हो जाने से न्यायवर्तिकतात्पर्यटीका में सार्वभौम श्री वाचस्पति मिश्र का कथन भी अनुकूल हुआ, वहाँ पर उन्होनें कहा है कि सृष्टि के आदि में महर्षियों एवं देवताओं को ईश्वर ने साक्षात् ही तत्तदर्थ में तत्तच्छब्द का संकेत किया, उनके व्यवहार से हम 'लोगों को' भी उस ईश्वरीय संकेत का सरलतया ज्ञान हुआ।

यहाँ यह जिज्ञासा होती है कि जब ईश्वर-संकेत पद में पदार्थ की विद्यमान शक्ति का ही प्रकाशक है, तो जिस पद में जिस अर्थ की शक्ति नहीं हैं, उसके विषय में संकेत से बोध नहीं होना चाहिये। इस पर समाधान करते हैं कि योग-दर्शन की तत्त्ववैशारदी टीका में स्वयं वाचस्पति मिश्र ने कहा है कि "सभी शब्द सभी अर्थों के अभिधान (बोधन) में समर्थ हैं"। इसलिए सभी अर्थों से सभी शब्दों का सम्बन्ध है, ईश्वरीयसंकेत प्रकाशक है। इसीलिये वाक्यपदीयकार ने भी व्याकरण तन्त्र में शब्द अर्थ के सम्बन्ध को नित्य बताया है। यद्यपि सभी शब्दों का सभी अर्थों से शक्ति-रूप सम्बन्ध हैं, फिर भी उसका ज्ञान योगियों को ही हो सकता है। क्योंकि उनको योग-सामर्थ्य से शब्द अर्थ उभय रूप परावाक् का साक्षात्कार रहता है, यह बात युक्त ही है एक ही स्फोट जो शब्दब्रह्मरूप है, वही सभी शब्दों एवं अर्थों का विवर्त्युपादान होने से उभयरूप है, अतः उसके ये दोनों कार्य भी परस्पर उभयरूप अर्थात् अभिन्न हैं। "तदभिन्नाभिन्नस्य तदभिन्नत्वम्" इस न्याय से विवर्तभूत उपादेय शब्द से अभिन्न परा वाक् है, तथा उससे अभिन्न उसका उपादेय अर्थ है, इस लिये शब्द एवं अर्थ भी परस्पर अभिन्न हुये।

सभी शब्द एवं अर्थ की उपादानभूता परा वाक् है, इस विषय में आगम-शास्त्र की कारिका प्रमाणरूप से प्रस्तुत की जा रही है—'क्रियाशक्तिप्रधानायाः'—इत्यादि। सृष्टि की उत्पादनरूप क्रिया का सामर्थ्य प्रधानरूप से जिसमें रहता है, ऐसी जो विन्दुरूपिणी प्रकृति उससे सकल शब्द एवं अर्थ की उपादानभूत परा वाक् उत्पन्न हुई, इसे शब्दब्रह्म भी कहा जाता है।

परमेश्वर की सिसृक्षारूप माया-वृत्ति से अव्यक्तरूपा त्रिगुणा विन्दुरूपिणी प्रकृति उत्पन्न होती है। इसके विन्दु-नाद-बीज ये तीन अंश होते हैं। इनमें विन्दुरूप अंश शुद्ध चेतन होता है। इसी से शब्दब्रह्म का अपर पर्याय परा वाक् उत्पन्न होती है, जो ज्ञानप्रधान तथा वर्ण-पद आदि विभाग से रहित होती है। जब तक सृष्टि रहती है, तब तक इस परा वाक् की भी स्थिति रहती है, यहाँ यावत्सृष्टिस्थायित्वरूप तथा प्रवाहनित्यत्वरूप इसका नित्यत्व माना जाता है। (ग्रन्थकार इस परा-वाक् को त्रिकालाबाध्य नहीं मानते, यह विषय आचार्य श्रीभर्तृहरि से विरुद्ध है।) अस्तु परा वाक् के विषय में कुछ विशेष कहने जा रहे हैं—सूक्ष्मामित्यादि कारिकाओं से।

अर्थ से पृथक् स्वरूप नहीं है जिसका, ऐसा जो तत्तद्-घट-पट आदि रूप से अभिव्यक्त (प्रकाशित) होने वाला वाक्तत्त्व, वह अतिसूक्ष्म है, एक ही है,—कुछ विद्वानों ने उसे नानारूप में भेद को प्राप्त होकर चित्त में सन्निविष्ट पाया।

अभिष्यन्दमाना शब्द का अर्थ है—तत्तद् घट-पट आदि रूप से अभिव्यक्त होने वाली।

अन्यामिव का अर्थ है—भेदवाली जैसी, (वस्तुतः भेद वाली-नहीं) आत्म शब्द का अर्थ यहाँ चित्त है, न कि निरञ्जन आत्मा।

प्राण तथा अपान के मध्य में परा-नामिका वाग्देवी सर्वदा विराजती है। मुख के भीतर कण्ठ-तालु आदि स्थानों में वायु के संयोग-विशेष से वही परा वाक् वर्ण का विग्रह धारण करती है, इस अवस्था में इसका नाम वैखरी कहा जाता है। यह शब्दप्रयोक्ताओं की प्राणवृत्ति पर आधारित है। इस वैखरी का कारण मध्यमा नामक वाक्तत्त्व है। वह हृदय देश में अभिव्यक्त होती है, क्योंकि शब्दब्रह्म का बुद्धि में आया हुआ जो क्रमिक (उच्छून) रूप उसको उपादान रूप में लेकर प्राणवृत्ति का आश्रय लेती है, (इसमें शब्द तथा अर्थ का भेद प्रतीत होता है, केवल प्रयोक्ता को ही सुनाई पडती है) !

इसकी भी कारणभूत नाभिप्रदेश में अभिव्यक्त होने वाली पश्यन्ती नामक वाक् कहलाती है, इसमें सब प्रकार के क्रम का अभाव होता है, अत एव इसमें शब्द अर्थ का विभाग नहीं होता (यह समस्त पदार्थो को देखती है, इसलिये इसका पश्यन्ती नाम यथार्थ है)।

इसकी भी कारणभूत (विवर्त्युपादानभूत) सर्वतोभाव से विनाशरहित स्वरूपभूत अन्तर्ज्योति परा वाक् कही जाती है।

सूक्ष्मामर्थेन इत्यादि श्रुति तथा "प्राणापानान्तरे देवी········+········इत्यादि महाभारत की कारिकायें श्रीभर्तृहरि के वाक्यपदीय में भी (१-१४४) स्पष्टरूप में वर्णित हैं।

महाभारत के हरिवंशग्रन्थ में भी परा-वाक् के सम्बन्ध में कहा गया है कि—हे परमात्मन्! सभी अक्षरों के मध्य में तुम अकार हो, तथा वर्णरूपध्वनियों से अभिव्यक्त होने वाले स्फोट भी तुम्हीं हो।

इस प्रकार घट-पट आदि शब्दों के स्फोट रूप होने से उनके नित्य होने पर भी उनका घट-पट आदि अर्थ तो अनित्य ही है। उन अर्थों में घट आदि शब्दों का योग्यतारूप सम्बन्ध आचार्य कैयट ने माना है, वह योग्यता तादात्म्यरूप है, अर्थ के अनित्य होने से उनमें रहने वाला तादात्म्यरूप सम्बन्ध भी अनित्य हो गया, ऐसी दशा में "सिद्धे शब्दार्थसम्बन्धे" इस वार्तिक से विरोध हो गया। क्योंकि वार्तिक की दृष्टि से उस शब्द—अर्थ के सम्बन्ध को सिद्ध अर्थात् नित्य होना चाहिये।

इसका समाधान ग्रन्थकार ने "कारणताऽवच्छेदक-धर्मरूपः सम्बन्धः" इस वाक्य से किया। इसका आशय है कि—योग्यता शब्द से कारणता का अवच्छेदक धर्म लिया जाता है। वह धर्म शब्द में रहने वाला है, शब्द के नित्य होने से उसकी भी नित्यता सिद्ध हुई। वह धर्म वाच्यवाचकभावसम्बन्धरूप है। ऐसा पहले कहा गया है। तादात्म्यसम्बन्ध इसका द्योतक है। शब्द में रहने वाली अर्थविषयक बोध की कारणता का यही वाच्यवाचकभावसम्बन्ध संसर्गविधया अवच्छेदक (नियामक) है।

वाच्यवाचकभावरूप शक्ति के द्योतक तादात्म्य को भी शक्ति पद से व्यवहृत किया जाता है।

अब यह जिज्ञासा होती है कि 'तत्त्वमसि' इस वाक्य का शुद्ध अखण्डैकरस सच्चिदानन्द ब्रह्म अर्थ है, वह ब्रह्म निर्धर्मक है, उसमें युक्त वाक्य का तादात्म्यसम्बन्ध मानने से सधर्मत्व आ जायगा, जो सिद्धान्त-विरुद्ध है।

इस पर भी समाधान करते हैं कि—तादात्म्य-सम्बन्ध उसमें अवश्य है, पर वह अध्यासित (आरोपित) है, इससे कुछ भी सिद्धान्त-विरोध नहीं है। यदि वास्तविक तादात्म्य होता तो निर्धर्मकत्व की हानि होने से सिद्धान्त-विरोध होता॥ १६॥

वि० टि०—'शब्दब्रह्माभवत् परा' इस अंश की व्याख्या में ग्रन्थकार ने परा रूप शब्द-ब्रह्म को सोत्पत्तिक एवं यावत् सृष्टिस्थायित्वरूप से अनित्य ही स्वीकार किया है। वाक्यपदीयकार ने 'अनादिनिधनं ब्रह्म' कहते हुये त्रिकालाबाधितत्वरूप नित्यत्व उसमें माना है। इस विरोध को दूर करने के लिये—'शब्दब्रह्माऽभवत्परा' इस वाक्य में 'अभवत्' शब्द का 'उत्पन्न हुआ' अर्थ न मानकर 'अभिव्यक्त हुआ' ऐसा

तद्ग्रहश्च "नेह नानास्ति" इत्यादिनिषेधवाक्यमनने सति शमदमादिसम्पन्नस्यातिशुद्धचित्तस्यैवेति न दोषः। यद्वा, शब्दाद्विशिष्टबोध एव, अखण्डार्थस्तु मानसबोधविषय एव। यद्वा, निषेधवाक्यसहकारेण धर्मोपलक्षिते शक्तिग्रहात् तदुपलक्षिताखण्डार्थस्यैव बोध इत्यादि द्रष्टव्यम्।

कु०—ननु तत्त्वमसीत्यादिवाक्यश्रवणेऽस्मदादीनामप्यखण्डब्रह्मबोधापत्तिरत आह-तद्ग्रहश्चेति। वाक्यमननं, वाक्यार्थमननम्। तच्च साधकबाधकप्रमाणोपन्यासरूपयुक्तिभिरनुचिन्तनम्। शमोऽन्तरिन्द्रियनिग्रहः। दमो बहिरिन्द्रियनिग्रहः। सम्पन्नस्येति।

उभाभ्यामेव पक्षाभ्यां यथा खे पक्षिणो गतिः।
तथैव ज्ञानकर्मभ्यां प्राप्यते शाश्वती गतिः॥

इति वचनेन कर्मसहितस्यैव तत्त्वज्ञानस्य मोक्षहेतुत्वात्। ननु वाक्यजन्यज्ञानस्य कथं संसर्गानवगाहित्वमिति चेत्। सत्यम्। तात्पर्यविषयत्वमेव वाक्यजन्यज्ञाने तन्त्रम्। अस्ति चात्रापि विशुद्धे ब्रह्मणि वेदान्तानां तात्पर्यमिदमेवाखण्डार्थत्वम्। ननु ब्रह्मणो महावाक्यार्थज्ञानविषयत्वे "अदृष्टो द्रष्टा, अश्रुतः श्रोता" इतिश्रुतिविरोध इति चेन्न। अविद्यया आवृतस्यैव स्वरूपस्य आवरणनिरासाय महावाक्यजन्यज्ञानविषयत्वात्। निरुपाधिकस्य तु आवरणाभावान्नास्ति श्रुतिजन्यज्ञानेन सम्बन्धः। ननु व्यवहारमार्गे वेदान्तिभिरपि पदार्थकल्पनाऽवश्यमङ्गीकार्या। अन्यथा वाक्यार्थस्यापूर्वत्वेन वाक्यार्थे वाक्यसङ्केतग्रहाभावाद् बोध एव न स्यात्। तस्मादखण्डयोर्वाच्यवाचकभावो न सम्भवतीत्यस्वरसादाह। यद्वेति अखण्डार्थत्वं-संसर्गानवगाहियथार्थज्ञानजनकत्वम्। तत्त्वमसीत्यादिवाक्यमेव ब्रह्मप्रत्यक्षं जनयतीत्यद्वैतसिद्धान्तविरोधमाशङ्क्याह—यद्वेति। उपलक्षणीभूतधर्माणां चासत्वान्नाद्वैतसिद्धान्तहानिः।

अर्थ 'धातूनामनेकार्थत्वात्' सिद्धान्त से मान लिया जाय, तथा यावत् सृष्टिस्थायित्व से 'यावत् सृष्टि अभिव्यज्यमानत्व, अर्थ किया जाय, अर्थात् जब तक सृष्टि रहती है, तब तक उस तत्त्व की अभिव्यक्ति होती है, प्रलयकाल में अनभिव्यक्ताऽवस्था रहती है। सृष्टिकाल में ही प्रवाहरूप से अभिव्यक्ति चलती है, इस रूप से व्याख्या की जा सकती है।

'तत्त्वमस्यादिवाक्यस्य,—'तत्त्वमसि' इस श्रुतिवाक्य में तीन पद हैं—तत्, त्वम्, असि। यहाँ तत्पद सर्वज्ञ चित् (ब्रह्म) का वाचक है, त्वम् पद अल्पज्ञ चित् (जीव) का वाचक है। इसमें भागत्याग लक्षणा से सर्वज्ञत्वरूप धर्म का त्याग कर देने से विशेष्यभूत चित् का ही शेष रहता है, उसी के अभेद में असि पद तात्पर्य का ग्राहक माना जाता है।

तादात्म्यमूलकस्य सम्बन्धत्वे अर्थभेदात्तत्तादात्म्यापन्नशब्देषु भेदौचित्येनार्थभेदाच्छब्दभेद इत्युपपद्यते। समानाकारत्वमात्रेण तु 'एकोऽयं शब्दो नानार्थः' इति व्यवहारः। तस्य निरूपकाश्रयभेदाभ्यां भेद इत्येके ।। १७ ।।

अर्थभेदाच्छब्दभेद इति। नन्वेवं वेदे पठितस्य शब्दस्य विनियोगकालेऽर्थान्तरे प्रयोगाच्छब्दभेदापत्तिरिति चेदत्रोक्तं हरिणा—

मन्त्रास्त्वविनियोगेन लभन्ते भेदमूहवत्।
तान्याम्नायान्तराण्येव, पठ्यते कश्चिदेव तु ॥ १ ॥

इति मन्त्राणां सर्वेषां वेदत्वमेव। वेदे तु कश्चिदेव मन्त्रः पठ्यत इति तदर्थः। नन्वस्मिन्पक्षे "एकः शब्दो नानार्थः" 'अक्षाः पादा माषा इति भाष्यं कथमु'पपद्यतामत-आह—समानाकारत्वेति। वस्तुतोऽर्थभेदाच्छब्दभेद इत्ययुक्तम्। 'कुटीभार्य' इत्यत्र समानायामाकृतौ भाषितपुंस्कत्वाभावान्न पुंवदिति भाष्यासङ्गतेः, सामर्थ्यादिना ऐक्योपपादने बीजाभावात् इति चेत्सत्यम्। 'विषयेण तु नानालिङ्गकरणात्' इत्यादिना भाष्यकृतैव शब्दैक्यं दर्शितम्। 'आन्यभाव्यं तु कालशब्दव्यवायात्, इत्यादिना च शब्दभेदो दर्शितः। तस्य-तादात्म्यस्य। ततश्च शब्दभेदः तादात्म्यभेदश्चेति प्रथमः

'प्रकृष्टप्रकाशः चन्द्रः' 'सोऽयं देवदत्तः' इत्यादि लौकिक वाक्यों से भी अखण्ड एक ही अर्थ चन्द्र तथा देवदत्त का बोध होता है। इसी प्रकार उक्त श्रुतिवाक्य से अखण्ड ब्रह्म का बोध (प्रत्यक्ष) होता है। इस अर्थ में उक्त वाक्य की शक्ति (तादात्म्यरूप सम्बन्ध) ही है। क्योंकि तात्पर्यविषयी-भूत अर्थ के प्रतिपादक को ही वाक्य कहा जाता है। अखण्ड ब्रह्म में ही उक्त श्रुतिवाक्य का तात्पर्य है। जैसे 'सोऽयं देवदत्तः' इस ज्ञान में तत्पद से देशान्तरस्थत्व की प्रतीति हो रही है, चक्षुरिन्द्रिय का सन्निकर्ष न होने पर भी 'सोऽयम्' इस वाक्य के सहकार से चक्षुरिन्द्रिय भी तत्ताविषयक-प्रत्यक्ष का जनक माना जाता है। ऐसे ही सखण्डार्थप्रतिपादक भी श्रुतिवाक्य 'नेह नानास्ति किञ्चन' इस वाक्य के सहकार से अखण्ड ब्रह्म का प्रतिपादक माना जाता है। प्राचीन वेदान्ती के मत में दशमस्त्वमसि इत्यादि वाक्य से जैसे प्रत्यक्ष ज्ञान होता है, ऐसे ही 'तत्त्वमसि' इस श्रुतिवाक्य से भी प्रत्यक्ष ही होता है, यह प्रत्यक्ष मानस होता है। इसमें प्रमाता ही विषय है। अन्तःकरणवृत्त्यवच्छिन्न चैतन्य तथा प्रमातृरूपविषय चैतन्य इन दोनों के शरीरान्तर्गत एकदेश में स्थित, तथा एक काल में वर्तमान होने से दोनों के अभेद होने से प्रत्यक्ष हो जाता है। प्रमाणचैतन्य तथा विषयचैतन्य का एकदेशस्थत्व एवं एककालिकत्व ही वेदान्त-दर्शन में प्रत्यक्षत्व का प्रयोजक है।

जैसे सूर्यकान्तमणि में प्रतिफलित सूर्य दाहक होता है, ऐसे ही प्रमातृरूप विषयाकार अन्तःकरण की वृत्ति में प्रतिबिम्बित ब्रह्म स्वप्रकाश ही होता है ॥ १६ ॥

पक्षः। शक्तिनिरूपकः अर्थः, शक्त्याश्रयः शब्दः तदुभयभेदाद्भेद इत्यर्थः। यत्तूक्तं कुसुमाञ्जलौ—

'शक्तिभेदो न चाभिन्नः स्वभावो दुरतिक्रम' इति।

अस्यार्थः—शक्तिभेदो न, चो हेतौ अभिन्नो यतः शक्तिशक्तिमतोरभेदात्। ननु स्वभावादेवैकस्य नानाकार्यकारित्वं, तत्रोक्तं-स्वभावो दुरतिक्रम इति। कार्यजननस्वभावस्यानुवर्तमानत्वादेककारणेन कार्यान्तरस्याप्यापत्तिरिति तन्मते एकस्य दण्डस्य घटहिंसाद्यनेककार्यजनकत्वं न स्यात्। किञ्च सोऽयमित्यत्र प्रत्यभिज्ञायां यदि सादृश्यमेव बीजं स्यात् तदा सोऽयं ककार इत्यत्रापि तथात्वापत्तौ ककारादीनामप्यैक्योपपत्तिरिति॥ १७॥

क०—तद्ग्रहश्चेति। तादात्म्यग्रहश्चेत्यर्थः। तथा च तस्यैव बोधो नास्माकमिति न शङ्कोक्तदोषस्तदाह—न दोष इति। उक्तापिसूचितं सर्वसाधारणं पक्षान्तरमाह—यद्वेति। विशिष्टे शक्त्यग्रहेण ततोऽपि लाघवादाह—यद्वेति। अनयोरपि पक्षयोर्बोधस्तस्यैवेति भावः। एतेन तस्य भावस्तत्त्वमित्यपास्तम्। तदाह—इत्यादीति। बोधकत्वस्य शक्तित्वेऽर्थभेदाच्छब्दभेद इति पक्षोक्तिसम्भवाभावः। एकस्यैव शक्तिलक्षणाभ्यां भिन्नार्थबोधकत्वस्य दृष्टत्वेनैकत्रभिन्नार्थबोधजनकत्वे विरोधाभावात्। इच्छायाः शक्तित्वेऽपि एकस्मिन्नेकविषयलाभेच्छानां दर्शनेनाविरोधस्यैव सत्त्वात् तदेतद् ध्वनयन् आह—तादात्म्यमूलकस्येति। वाच्यवाचकभावस्य। न तु परोक्तस्येतिभावः। नन्वेवमेकस्य नानार्थत्वधीः कथमत आह। समेति। तस्य। तादात्म्यस्य। क्वचित्तथैव पाठः॥ १७॥

सरला—जब यह सिद्ध हो गया कि तत्त्वमसि वाक्य अखण्ड ब्रह्म का प्रतिपादक है, उसके साथ इस वाक्य का अध्यासिक तादात्म्य है। ऐसी दशा में उक्त श्रुतिवाक्य के श्रवण से सभी को तादृश ब्रह्म का बोध (प्रत्यक्ष) हो जाना चाहिये। इस शङ्का का निराकरण करते हैं कि—तद्ग्रहश्च............इत्यादि।

अर्थात् 'नेह नानाऽऽस्ति किञ्चन, इत्यादि निषेध वाक्य के अर्थ का मनन करने से शम-दम-तितिक्षा आदि से सम्पन्न अतिशुद्धचित्तवाले किन्हीं किन्हीं महापुरुषों को ही उस अखण्ड ब्रह्म का प्रत्यक्ष सम्भव है।

मनोरूप अन्तरिन्द्रिय का निग्रह शम कहलाता है। रसना-नेत्र आदि बहिरिन्द्रिय का निग्रह दम कहा जाता है। क्षुधा-तृषा आदि द्वन्द्व का सहन करना तितिक्षा है। इन सबों से युक्त, तथा नित्य नैमित्तिक कर्मों के अनुष्ठान से शुद्ध जो चित्त, उसी के सहकार से उक्त वाक्य का श्रवण शुद्धब्रह्म के साक्षात्कार में जनक होता है।

जैसे आकाश में पक्षी की दोनों पक्षों से ही गति होती है। ऐसे ही बाधकप्रमाणों के निरास तथा साधकप्रमाणों के स्थापन के द्वारा 'नेह नानास्ति किञ्चन,

इत्यादि वाक्यार्थ का मनन, तथा नित्यनैमित्तिक कर्मानुष्ठान-इन दोनों से ही शाश्वती गति की प्राप्ति सम्भव है, अर्थात् ब्रह्म-प्रत्यक्ष सम्भव है।

निष्कर्ष यह कि जहाँ चित्त शुद्ध है, वहाँ 'तत्त्वमसि' महावाक्य का गुरू के द्वारा श्रवण होते ही प्रत्यक्ष हो जाता है, वहाँ पर वाक्य सहकारी कारण माना जाता है, शुद्ध चित्त की प्रधानकारणता है। 'मनसैवेदमाप्तव्यम्, श्रुति का तात्पर्य महावाक्य सहकृतमन से है। जहाँ पर महावाक्य की दीक्षा तो हो गयी, उससे ब्रह्म-प्रत्यक्ष भी हुआ, पर असम्भावना तथा विपरीत-भावना से वह अकिञ्चित्कर होता है। अतः 'नेह नानाऽस्ति किञ्चन' इत्यादि वाक्यार्थ के मनन तथा वेदविहित कर्मों के अनुष्ठान से चित्त-शुद्धि होने पर प्रत्यक्ष होगा, वहाँ महावाक्य के श्रवण का सहकारी शुद्ध चित्त होगा, इस प्रकार महावाक्यजन्य-प्रत्यक्ष में भी शुद्ध मन की सहकारिता है ही, यह प्रत्यक्ष भी मानस ही प्रत्यक्ष कहा जायगा, न कि चाक्षुष। इसी प्रकार जिन-जिन वेदान्त वाक्यों से जायमान ज्ञान का विषय आत्मा होगा, वहाँ-वहाँ सर्वत्र प्रत्यक्ष ही ज्ञान होगा। 'नेह नानाऽस्ति किञ्चन' इस वाक्य से द्वैततादात्म्यापन्न ब्रह्म में नानात्वोपलक्षित द्वैतपादार्थ कुछ भी नहीं है, इस प्रकार वर्तमान काल में द्वैत की सत्ता का निषेध हो रहा है। अब शङ्का होतो है कि श्रुतिवाक्य से अप्राप्त द्वैत का निषेध श्रुतिवाक्य से कैसे किया गया ?।

इसका समाधान है कि—'सदेव सोम्येदमग्र आसीत्' यह श्रुति 'नेह नानाऽऽस्ति किंचन' से पूर्व है, जिस का अर्थ है—"इदंपदार्थद्वैततादात्म्यापन्नं सद् ब्रह्मतत्त्वम्, तत्कर्तृकोऽग्रकालाऽवच्छिन्नसत्तानुकूलो व्यापारः" अर्थात् 'इदं पद का अर्थ जो द्वैत उसके साथ तादात्म्य को प्राप्त जो सत् (ब्रह्मतत्त्व) तत्कर्तृक अग्रकालिक सत्तानुकूल व्यापार, इससे द्वैत की प्रसक्ति समझनी चाहिये। तथा 'तस्मादेतद् ब्रह्म नामरूपमन्नं च जायते' इत्यादि श्रुतियों से नामरूपात्मक द्वैत की प्रसक्ति जाननी चाहिये।

यद्यपि तद्धर्मिक तद्वत्ताबुद्धि के प्रति तद्धर्मिक तदभाववत्ता-निश्चय प्रतिबन्धक होता है। प्रकृत स्थल में प्रापक वाक्य में द्वैतसत्ता विशेषणीभूत है। तथाऽपि जैसे 'घटवद् भूतलम्' इस बुद्धि के प्रति 'भूतले घटो-नास्ति' इस निश्चय की प्रतिबन्धकता मानी जाती है; अनुभवानुरोध से ऐसे ही यहाँ भी मानना चाहिये। अथवा मणि-मन्त्रादि न्याय से प्रतिबन्धकता प्रसिद्ध ही है।

अव प्रश्न यह होता है कि— जहाँ मन एवं वाणी नहीं जा सकती, वह ब्रह्म है, ऐसी स्थिति में 'यतो वाचो निवर्तन्ते'—इत्यादि श्रुतियों का विरोध आ जाता है, इसका परिहार यह है कि—ब्रह्म का स्वरूप दो प्रकार का है। एक तो वह जो अविद्या से आवृत अर्थात् ढका हुआ हैं, दूसरा वह जो अविद्या से अनावृत है।

इसमें आवरण नाश के लिए आवृत ब्रह्म का ही तत्त्वमस्यादि वाक्यजन्य ज्ञान होता है। 'यतो वाचोनिवर्तन्ते'—इत्यादि श्रुतियाँ अनावृत ब्रह्म विषयक है।

व्यवहार-दशा में वेदान्तियों को भी व्यवहारमार्ग से ही पद-पदार्थ से वाक्यार्थबोध करना; अतः उनके मत में भी वाक्य से पहले सखण्डार्थविषयकबोध का होना ही उचित हैं। इस दृष्टि से कहते हैं—"यद्वा–इति। अथवा शब्द अर्थात् तत्त्वमस्यादि वाक्य से संसर्गावगाही तदभिन्नत्वत्कर्तृकसत्तारूप विशिष्टार्थ विषयक बोध ही होता है। संसर्गानवगाही अखण्डार्थविषयक निर्विकल्पक बोध मानसरूप अर्थात् विशुद्ध मन से होता है। वह मानस प्रत्यक्ष तत्त्वमस्यादि वाक्य जन्य नहीं होता।

परन्तु ऐसा मानने पर तत्त्वमस्यादि वाक्य से ही अखण्डब्रह्मविषयक प्रत्यक्षात्मक बोध होता है, न कि मन से, ऐसा जो वेदान्त सिद्धान्त उससे विरोध हो जाता है। इस पर समाधान करते हैं—"यद्वा निषेधवाक्यसहकारेण धर्मोपलक्षिते शक्तिग्रहात् तदुपलक्षिताखण्डार्थस्यैव बोध इत्यादि द्रष्टव्यम्"। आशय यह है कि "नेह नानास्ति" इत्यादि निषेध-वाक्यार्थ के मननरूप सहकार से परोक्षत्व धर्म से उपलक्षित चिद्रूप ब्रह्म में तत्पद की, तथा अपरोक्षत्वरूप धर्म से उपलक्षित चिद्रूप ब्रह्म में त्वं पद की शक्ति मानकर उस शक्ति के ज्ञान से उक्त धर्म से उपलक्षित चिद्रूप अखण्डब्रह्म का ही प्रत्यक्षात्मक बोध होता है।

उपलक्षणीभूत धर्म का यह स्वभाव है कि वह शक्तिज्ञान में बिषय बनता है, केवल अन्य से उपलक्षित की व्यावृत्ति के लिये। शब्दजन्यज्ञान में विषय नहीं होता। जैसे त्यदादिशब्दों की बुद्धिविशेषविषयत्व से उपलक्षित तत्तद्घटत्वादिधर्मावच्छिन्न में भासमान होकर घटत्वादिनानाशक्यताऽवच्छेदकों का अनुगमक होगा, पर शाब्दबोध में विषय नहीं होगा, घटोऽस्ति, तमानय-यहाँ पर तद्शब्द से शाब्दबोध में घटत्वाऽवच्छिन्न ही भासेगा; 'घटमानय' यही बोध होगा, न कि 'बुद्धिविषयं घटमानय'।

ऐसे ही प्रकृत में 'तत्त्वमसि' इस वाक्य से जायमान प्रत्यक्षात्मक ज्ञान में अखण्ड चिद्रूप ब्रह्म ही भासेगा, न कि परोक्षत्वादि से सम्बद्ध। यह प्रत्यक्ष मानस ही है, चाक्षुष नहीं। पर प्रधानतया महावाक्य से जन्य होने से शब्दजप्रत्यक्ष कहा जाता है, मन तो ज्ञानमात्र में कारण होता ही है, पर यहाँ तो वह अतिशुद्धरूप में अपेक्षित है। यह रीति भागत्यागलक्षणा से भिन्न है।

अब तादात्म्यमूलक सम्बन्ध के विषय में कुछ विशेष वता रहे हैं—तादात्म्य सम्बन्ध मूल अर्थात् ज्ञापक है जिसमें ऐसा जो सम्बन्ध, वह वाच्यवाचकभावरूप है। उसको शक्तिरूप माना जाता है। उस शक्ति के विषयीभूत अर्थ के भेद होने पर उन अर्थों से तादात्म्य को प्राप्त शब्दों का भी भेद होना उचित है। अतः अर्थभेद से शब्द का भेद मान्य हुआ।

अब यहाँ सन्देह होता है कि ऐसी स्थिति में 'सरूपाणामेकशेषः'—इस सूत्र में भाष्यकार ने कहा कि 'एकोऽयं शब्दो नानार्थः' अर्थात् 'अक्षाः, पादाः, माषाः' ये एक ही शब्द नाना अर्थों में प्रयुक्त होते हैं। जैसे अक्षशब्द विभीतकाक्ष (बहेड़ा) शकटाक्ष

अन्ये त्वेकत्रैवाम्रफले रूपरसगन्धादीनां भिन्नानां तादाम्यवद् एकत्रैव शब्देऽनेकार्थनिरूपितानि भिन्नानि तादात्म्यानीत्याहुः। परे तु निरूपकभेदेऽपि तादात्म्यमेकमेवेति शक्त्यैक्यमेवेत्याहुः। "हलोऽनन्तराः" (अष्टा० सू० १-१-७) इति सूत्रे सरूपसूत्रे च भाष्ये सूचितमिदं

कु०—भिन्नानि तादात्म्यानीति। अर्थभेदेऽपि न शब्दभेदः। अनन्तव्यक्तिकल्पनापत्तेस्तस्मादेकवृन्तगतानेकफलवदेकस्मिन् शब्दे नानार्थसम्बन्ध इति भावः। अस्मिन्पक्षे "तद् यः सारण्यके ससीमके ग्रामशब्दो वर्तते तमभिप्रेत्योच्यते अनन्तराविमौ ग्रामौ" इति भाष्यं व्यक्तिभेदमारोप्य। अत्र शब्दैक्यमते पक्षद्वयं, शक्यतावच्छेदकभेदेऽपि शक्तिरेकैव, शक्यतावच्छेदकभेदाच्छक्तिरपि भिन्नैवेति। शक्यतावच्छेदकं च शक्यताऽच्छेदकतात्पर्याप्त्यधिकरणं नातः सूर्याचन्द्रमसोर्भेदात्पुष्पवन्तपदे नानार्थता। आद्यपक्षे यथा वायौ रूपसमवायसत्त्वेऽपि रूपनिरूपितत्वविशिष्टसमवायो नास्तीति रूपवत्ता बुद्धिर्न भवति। एवं तदर्थनिरूपितत्वविशिष्टशक्तिस्मरणाभावान्नैकार्थबोधकालेऽपरार्थबोधः। शक्तिभेदाच्च नानार्थत्वव्यवहारः सर्वार्थनिरूपितवृत्तीनां वर्ततइत्येकशब्दोपात्तत्वादेकत्वं न्याय्यमित्याहुः। किञ्च शक्तिभेदे गौरवमित्यपि बोध्यम्। ननु संकेतस्याननुगतत्वात् सम्बन्धत्वासम्भव इत्यत आह–सर्वजातीयैरिति। ईश्वरकृतानामस्मदादिकृतानां च सङ्केतानां व्याख्यातृभेदेन नानाविधसङ्केतानां च सङ्केतत्वे नैव सम्बन्धतेत्यर्थः।

समव्याप्ततयेति। सहचरिततयेत्यर्थः। आनयपदं घटसम्बद्धानयनपदार्थबोधकं घटपदसम्बद्धत्वादित्येवं व्याप्येन शब्देन व्यापकस्यार्थस्यानुमानादिति भावः। अत एवोक्तं गौतमेन "पूरणप्रदाहपाटनानुपपत्तेश्च सम्बन्धाभाव" (गौ०सू० ५३।अ०२।पा०१) इति। अग्निशब्दोच्चारणे मुखदाहापत्तेर्न शब्दार्थयोर्व्याप्यव्यापकभाव इति तदर्थः। तार्किकमते तु शब्दस्याकाशनिष्ठतया व्यधिकरणत्वान्न तेनानुमानमितिभावः। पक्षेति। पक्षः सन्दिग्धसाध्यवान्। पक्षधर्मताज्ञानं, हेतोः पक्षवृत्तित्वज्ञानम्। अर्थव्याप्यशब्दवदिदमिति परामर्शं विनापि शाब्दबोधान्न तस्यानुमितित्वमिति भावः।

(गाड़ी के दोनों पहियों को मिलाने वाला अक्ष दण्ड) देवनाक्ष (जुआ खेलने में साधनीभूत पासा) इन तीन अर्थों में प्रयुक्त होता है, यह भाष्य कैसे संगत होगा। जबकि आपने अर्थभेद से शब्द का भेद मान लिया। इस पर समाधान करते हैं कि—समान आकार (आनुपूर्वी) होने से उक्तभाष्य की संगति हो जायगी, उस तादात्म्य का निरूपक एवं आश्रय के भेद से भेद मानना चाहिये।

तादात्म्य का निरूपक-अर्थ होता है, शब्द आश्रय होता है, अर्थ से निरूपित तादात्म्य शब्द में रहता है, अतः अर्थ-भेद, शब्द-भेद, तादात्म्यभेद-यह एक पक्ष हुआ, ऐसा कुछ आचार्यों का मत है।। १७।।

पक्षत्रयम् । सर्वजातीयैः सङ्केतैरस्य सम्बन्धत्वेनैव ज्ञानं, तदेव च बोधसाधनमिति बोध्यम । न च तयोस्तादात्म्यस्वीकारे समव्याप्तता शब्दादनुमानमेव स्यादर्थस्येति प्रमाणान्तरत्वभङ्गः । पक्षधर्मताज्ञानाद्यनपेक्षतया तस्य प्रमाणान्तरत्वात् । सिद्धिसत्त्वे इच्छां विनापि बोधदर्शनाच्च ॥ १८ ॥

नन्वियमनुमितिर्व्याप्तिज्ञानाद्यनपेक्षा विलक्षणैव । अन्यथा भिन्नविषयकप्रत्यक्षं प्रति शाब्दसामाग्र्या अनुमितिसामग्र्याश्च प्रतिबन्धकताद्वयकल्पने गौरवमत आह—सिद्धिसत्त्वे इति । पर्वते वह्निनिश्चयोत्तरं पर्वते वह्न्यनुमितिर्जायतामितीच्छयैवानुमितिर्भवति । शाब्दबोधस्तु निश्चयसत्त्वेऽपीच्छां विनैव भवतीति वैषम्यमिति भावः । यद्यपि शब्दार्थयोस्तादात्म्याभावेऽपि घटमानयेत्यादिपदान्यर्थविषयस्मारितपदार्थसंसर्गज्ञानपूर्वकाणि आकाङ्क्षादिमत्पदकदम्बत्वात्, इत्यनुमाने वैयधिकरण्याभावादनुमितिः सम्भवति, तथापि शब्दार्थयोस्तादात्म्ये व्याप्यव्यापकभावस्य झटित्युपस्थितिरित्यतः तत्पक्षे निराकरणमिदम् ॥ १८ ॥

क०—आश्रयाभेदेऽपि निरूपकभेदादेव तादात्म्यभेद इत्यर्थभेदेऽपि शब्दैक्यमिति पक्षमाह-अन्ये त्विति । आदिना स्पर्शसंख्यादयः । तादात्म्यवत् । तादात्म्यानीवेत्यर्थः । अन्यथैकतादात्म्यमादाय सर्ववत्ताबुद्धिप्रसङ्गः, तथा च शक्तिनानात्वमेवेति भावः । पक्षद्वयादपि लाघवादाह–परे त्विति । अपिः आश्रयभेदसमुच्चायकः । एकमेवेति । स्वतो भेदस्तु न, गौरवात् । तत्तन्निरूपितत्वविशिष्टतादात्म्यसम्बन्धेन तद्वत्ताविरहान्नोक्तापत्तिरितिभावः । अत्र मानमाह—हलोऽनन्तेति । तत्र हि "सर्वत्रातज्जातीयकं व्यवधायकं भवति कथमनन्तराविमौ ग्रामाविति ग्रामशब्दोऽयं बह्वर्थ, अस्त्येव शालासमुदाये वर्तते" इत्याद्युक्त्वा 'तद् यः सारण्यक' इत्याद्युक्तम् । केचिदर्थभेदेन शब्दभेदमिच्छन्ति । प्रत्यभिज्ञानं तु सामान्यनिबन्धनम् । अन्ये त्वेकशब्दत्वम्, तत्र चानेकशक्तियोगः, एकशक्तित्वं, वेति मतविकल्पः । तत्र यदा एकशब्दत्वपक्षस्तदा 'तद्यः सारण्यक' इति भाष्यं शक्तिभेदादुपचरितभेदाश्रयम् । भेदपक्षे तु 'ग्रामशब्दोऽयं बह्वर्थ' इति भाष्यमभिन्नसामान्यनिमित्तैकत्वाध्यवसायाश्रयम्' इति कैयटेनोक्तम् । ग्रामशब्दोऽयमित्यस्य, तद्यःसारण्यक इत्यस्य चाविरोधायाह—केचिदिति । 'अन्यायश्चानेकार्थत्वम्' इति तद्भावः । सामान्यं च ग्रामशब्दत्वादि ।

अन्ये त्विति । व्यक्तिभेदकल्पनायां गौरवमिति तद्भावः । तत्र चेति । निरूपकभेदाच्छक्तिभेद इति भावः । एकेति । समवायैकत्वनये रसो रूपवानित्यादिप्रयोगवदन्यार्थबोधकालेऽन्यार्थबोधो वारणीयः । तदर्थसम्बन्धेन शक्त्यग्रहात् तत्तदर्थविशिष्टशक्तिभेदेन च नानार्थत्वव्यवहार इति भावः । तत्र पदेति । एकशक्तित्वपक्षे त्वर्थभेदादुपचरितभेदाश्रयमिति बोध्यम् । ग्रामशब्दोऽयं बह्वर्थ इति तु मुख्यार्थमेव । अत्र

सर्वार्थनिरूपितवृत्तीनां वर्तत इत्येकशब्दबोध्यत्वेनाभेदबोधनादेकशक्तित्वपक्षो भाष्य-बोधितः। तत्र वर्तनक्रियाऽस्तिक्रियायाः कर्त्री'इत्युद्द्योते उक्तम्। एवं सरूपसूत्रेऽपि बोध्यम्। प्रत्यर्थमित्यस्यार्थमर्थं प्रतीति वदता भवताऽन्त्यं मतद्वयं सूचितम्। तदाह— सरूपेति। ननु तादात्म्यमूलकशक्तिज्ञाने त्वेतज्ज्ञानं न बोधजनकमत आह—सर्वेति। भेदघटितसङ्केतैरध्याससङ्केतैश्चेत्यर्थः। अस्य। तादाम्यमूलकसम्बन्धस्य। एतेनोक्त-व्यावृत्तिः। एवमग्रेऽपि। तदेवेति। तत्त्वेन ज्ञानमेवेत्यर्थः। अनुपपत्तिग्रहस्य तदभावे एव सत्त्वमिति भावः।

वैशेषिकरीत्या शङ्कते। न चेति। तयोः—शब्दतदर्थयोः। अनुमानमेवेति अनुमितिरेवेत्यर्थः। इत्थं च तत्प्रयोगो घटमानयेत्यादिपदानि तात्पर्यविषयस्मारित-पदार्थसंसर्गज्ञानपूर्वकाणि आकाङ्क्षादिमत्पदकदम्बकत्वात् 'पटमानय' इत्यादिपदक-दम्बवदिति। तथा चानेन संसर्गज्ञानसिद्धौ ज्ञानावच्छेदकतया पदार्थसंसर्गसिद्धिः सम्भवतीति शब्दो न पृथक्प्रमाणमितिभावः। तदाह प्रमाणान्तेति। शब्दो न पृथक्प्रमाण-मितिभावः। तदाह प्रमाणान्तेति शब्दस्येति भावः। तत्र तावत् नैयायिकरीत्योत्तरयति। पक्षेति। आदिना व्याप्त्यादिप्रतिसन्धानपरिग्रहः। तथा च तदभावदशायामपि शाब्द-बोधस्यानुभविकतया तदानीमनुमितिसामाग्र्यभावेन तदसम्भवाच्छब्दस्य प्रमाणान्तर-त्वमावश्यकम्। तदाह। तस्येति। शब्दस्येत्यर्थः। ननु शब्दस्य प्रमाणान्तरत्वे सर्वत्र शाब्दबोधजनकसामग्र्यन्तरकल्पने गौरवमिति सर्वत्र शाब्दबोधस्थले व्याप्त्यादिप्रति-सन्धानकल्पनमेव सम्यक्। तथा सति क्लृप्तसामग्र्यन्तराकल्पनेन लाघवमत आह। सिद्धीति ॥ १८॥

अब तादात्म्य के आश्रयभूत शब्द के एक होने पर भी अर्थरूप निरूपक के भेद से तादात्म्य में भेद मानकर अर्थभेद, तादात्म्यभेद, तथा शब्द के एकत्व का द्वितीय पक्ष कहने का उपक्रम कर रहे हैं।

सरला—अन्य आचार्यों का कहना है कि-एक ही आम्रफल में जैसे रूप रस गन्ध आदि भिन्न-भिन्न पदार्थों का भिन्न-भिन्न तादात्म्य माना जाता है न कि एक। ऐसे ही शब्द में अनेकार्थ से निरूपित भिन्न-भिन्न तादात्म्य मानना चाहिये।

पुनः परे तु—शब्द से तृतीयपक्ष दिखाते हैं–निरूपकभेद होते हुए भी तादात्म्य एक ही है, अतः उससे वाच्यवाचकभाव शक्ति भी एक है, आश्रयभूत शब्द की एकता तो सुतरां सिद्ध है। अतः अर्थभेद, तादात्म्य का ऐक्य, शब्द का ऐक्य, यह तृतीय पक्ष हुआ। "हलोऽनन्तराः संयोगः" इस सूत्र के भाष्य में तथा सरूपसूत्र के भाष्य में यह पक्ष-त्रय ध्वनित है।

वि० टि०—"हलोऽनन्तराः संयोगः" इस सूत्र में कहा गया है–'ग्रामशब्दोऽयं-बह्वर्थः' इस कथन से आया कि अर्थ के भेद में भी शब्द का ऐक्य, अन्यथा शब्दभेद में ग्रामशब्द का बह्वर्थत्व असम्भव हो जाता। पुनः "तद्यः सारण्यके ससीमके

सस्थण्डिलके वर्तते" इस भाष्योक्ति से आता है कि अर्थ के भेद से शब्द का भेद हो जाता है।

सरूपाणां सूत्र के भाष्य में कहा गया है—"प्रत्यर्थं शब्दाभिनिवेशः"। इससे सिद्ध होता है कि प्रत्येक अर्थ के प्रति शब्द का उच्चारण होता है। अतः अर्थभेद-तादात्म्यभेद तथा शब्दभेद, यह एक पक्ष हुआ। पुनः भाष्यकार ने कहा कि—"नेदमेव प्रत्यर्थम् अर्थमर्थं प्रति, इति। यदपि ह्यर्थौ अर्थौ प्रति तदपि प्रत्यर्थमेव। यदपि अर्थानर्थान् प्रति तदपि प्रत्यर्थमेव"। इस कथन से आया कि अर्थ के भेद में भी शब्द का ऐक्य ही रहता है।

यद्यपि 'हलोऽनन्तराः' के भाष्य से दो ही पक्ष स्पष्ट हुये, तादात्म्य-भेद या तत्प्रयुक्त शक्तिभेद की उपलब्धि तो उस भाष्य से नहीं होती, तथापि "अस्ति शाला-समुदाये वर्तते' इस कथन से 'वर्तते' पद के द्वारा वृत्ति (शक्ति) की भी एकता सिद्ध हो जाती है, क्योंकि 'वर्तते, पद में वृतुधात्वर्थ वृत्ति मात्र विवक्षित है, लडर्थ अविवक्षित है। अतएव उक्त वाक्य में अस्ति पद चरितार्थ हुआ, नहीं तो पुनरुक्ति हो जाती, इस प्रकार से "अस्ति शालासमुदाये वृत्तिः" यह अर्थ हुआ, इस प्रकार प्रत्येक अर्थों में वृत्ति के कथन से अर्थभेद, तादात्म्यभेद, वृत्तिभेद भी ज्ञात होता है। निरूपक भेद से तादात्म्य-भेद पक्ष में अर्थ भेद-तादात्म्यभेद (शक्ति भेद) शब्द का ऐक्य, यह एक पक्ष। आश्रयभूत शब्द के ऐक्य से तादात्म्य में ऐक्य, अतः अर्थभेद, तादात्म्यैक्य शब्दैक्य, यह दूसरा पक्ष। अर्थ-भेद, तादात्म्य-भेद, तथा शब्दभेद, यह तीसरा पक्ष तो स्पष्ट ही रहता है, जब शब्द तथा अर्थ भिन्न है, तो तादात्म्य भेद (वृत्तिभेद) रहेगा ही ? इससे सिद्ध हुआ कि. दो-दो. या बहुत अर्थों के प्रति एक-एक शब्द का उच्चारण हो सकता है। अर्थात् अर्थभेद होने पर भी तादात्म्य एक तथा आश्रयभूत शब्द भी एक होता है। कोई-कोई आचार्य अर्थभेद के साथ तादात्म्य-भेद मानते हुए शब्द का ऐक्य मानते हैं। इस प्रकार तीनों पक्ष भाष्योक्ति द्वारा सिद्ध हुए।—

संकेत नानाप्रकार के होते हैं—जैसे 'अयमेतच्छक्यः' यह अर्थ इस शब्द का शक्य है, 'अत्रास्य शक्तिः' इस अर्थ में इस शब्द की शक्ति है, "अस्य शब्दस्येदमर्थ-जातमभिधेयम्" इस शब्द का यह अर्थ-समुदाय वाच्य है, 'अस्येदं नामधेयम्, इस अर्थ का यह शब्द वाचक है, 'अयं गौः' यह गौ है—इत्यादि तादात्म्यरूप तथा उक्त ईश्वरे-च्छारूप। इन बहुविध संकेतों से तादात्म्यमूलक वाच्यवाचकभाव सम्बन्ध का सम्ब-न्धत्वरूप से ही ज्ञान होता है, संकेतत्वरूप से नहीं। वही ज्ञान शाब्दबोध में उपयोगी होता है। अथवा सम्बन्धत्वरूप से ही इसका ज्ञान शाब्दबोध में साधन होता है, न कि स्वरूप से ज्ञान।

अब प्रत्यक्ष एवं अनुमान दो ही प्रमाण मानने वाले वैशेषिकों के मत से शङ्का कर रहे हैं—न चेत्यादि।

शब्द एवं अर्थ में तादात्म्यसम्बन्ध स्वीकार करने से दोनों में समान रूप से व्याप्तिसम्बन्ध हो गया, अर्थात् शब्द का व्याप्य, तादात्म्यसम्बन्ध से अर्थ हो गया, तथा अर्थ का व्याप्य उसी सम्बन्ध से शब्द हो गया, इस प्रकार दोनों एक दूसरे के व्याप्य तथा व्यापक बन गये। जैसे प्रमेयत्व तथा अभिधेयत्व परस्पर स्वरूपसम्बन्ध से समव्याप्त हैं, अतः परस्पर एक दूसरे का अनुमापक हो जाता है, जैसे 'घटोऽभिधेयः प्रमेयत्वात्' अथवा घटः प्रमेयः अभिधेयत्वात्। ऐसे ही प्रकृत स्थल में भी 'पदं तादात्म्येन पदार्थवत् तादात्म्येन पदात् अर्थात् पदविशिष्टत्वात्, तात्पर्य यह कि घटादि पद-रूप पक्ष में घट आदि अर्थ साध्य है तादात्म्यसम्बन्ध से। तथा इसी तादात्म्यसम्बन्ध से उक्त पक्ष में घट आदि पद भी सम्बद्ध होकर हेतु बने हैं। यहाँ पर घट आदि पद में पुनः उसी पद का तादात्म्य उच्चारण भेद से बनाना चाहिये, जैसे "वा धातौ वा सादृश्यं प्रयोगभेदेन बोध्यम्।"

वि० टि०—वैशेषिक दर्शन में तो प्रकारान्तर से शब्दप्रमाण का खण्डन किया है। जो रत्नप्रभा टीका में दिखाया गया है–एते पदार्थाः परस्परं संसर्गवन्तः आकाङ्क्षादिमत्पदैः स्मारितत्त्वात्, पटमानय इत्यादि–पदार्थवत्। यहाँ पर 'आकाङ्क्षादिमत्पदस्मारितत्व, व्याप्य हो कर हेतु है, तथा पदार्थों का परस्पर संसर्गवत्त्व, व्यापक होकर साध्य है, 'एते पदार्थाः' से गृहीत पदार्थ पक्ष है। व्याप्यता तथा व्यापकता का नियामक सम्बन्ध प्रायः स्वरूप है, कहीं व्यापकताऽवच्छेदक सम्बन्ध भिन्न भी हो सकता है। इसी प्रकार पदपक्षक भी अनुमान का प्रयोग दिखाया गया है, प्रकृत में अनुपयुक्त होने से यहाँ नहीं लिख रहे हैं।

इस प्रकार पद एवं अर्थ की समव्याप्ति से पदहेतुक पदार्थ की अनुमिति हो जाने से शब्द को अनुमानप्रमाण में गतार्थ कर लेना चाहिये, स्वतन्त्रप्रमाण क्यों माना जाय ? इस पर समाधान करते हैं कि 'पक्षधर्मताज्ञानाद्यनपेक्षतया तस्य प्रमाणान्तरत्वात्' पक्षधर्मताज्ञान आदि पद से व्याप्तिज्ञान परामर्शरूप ज्ञान की अपेक्षा न करते हुये शब्द से शाब्दबोध देखा जाता है, अतः शब्द को अतिरिक्त प्रमाण मानना चाहिये।

तात्पर्य यह कि—अनुमिति के प्रति पक्षधर्मता 'पक्ष में हेतु का रहना' का ज्ञान तथा व्याप्तिज्ञान तथा परामर्श, ये कारण हैं।

जैसे धूम हेतुक बह्नि की अनुमिति में 'पर्वत धूमवाला है' यह पक्षधर्मताज्ञान होता है, पुनः धूम में वह्नि की व्याप्ति का स्मरण होता है, फिर 'वह्निव्याप्य धूम वाला पर्वत है' इस प्रकार परामर्श रूप ज्ञान होता है, तब 'पर्वत वह्निमान् है' यह अनुमिति होती है। इस प्रकार यहाँ पदरूप पक्ष में पदरूप हेतु की वृत्तिता का ज्ञान, 'अर्थव्याप्यं पदम्' इस पद में अर्थ की व्याप्ति का ज्ञान, पुनः 'अर्थव्याप्य पदवानयम्' 'अर्थ से व्याप्य पद वाला यह है' ऐसा परामर्श रूप ज्ञान, शब्द-जन्य शाब्दबोध में अपेक्षित नहीं होता। शब्द तो इन ज्ञानों की अपेक्षा न करता हुआ शक्तिज्ञान-आकाङ्क्षा-

किञ्च पदमात्रात्पदार्थप्रत्ययस्य जायमानस्यानुमितित्वासम्भवः। पदेभ्यः स्मृतिरेवेति तु न युक्तं, तत्तानुल्लेखत्, वाक्यादपि तदापत्तेश्च।

किञ्च 'शाब्दयामि' इत्यनुव्यवसायान्न स्मृतित्वमनुमितित्वं वा तज्जन्यप्रत्ययस्य।

कु०—ननु सिद्धिसत्त्वेऽनुमितिरिव शाब्दबोधोऽपि न भवति समाने विषये प्रत्यक्षसामग्र्यबलवत्त्वेन तदनन्तरं शाब्दबोधस्यानुपयोगादत आह—किञ्चेति। ननु पदश्रवणानन्तरं पदार्थस्मरणे 'एते पदार्थाः, परस्परं संसर्गवन्तः, आकाङ्क्षादिमत्पदस्मारितत्वात्' इत्यनुमानमस्त्वित्यस्वरसादाह—पदमात्रादिति। व्याप्तिस्मरणादिकं विनापीति भावः। शाब्दबोधे पदार्थस्मरणं व्यापारः तथा च पदार्थानां स्मृतिरेव नातिरिक्तप्रमितित्वमिति तार्किकमतं निराकरोति। स्मृतिरेवेति। एकसम्बन्धिज्ञानस्यापरसम्बन्धिस्मारकत्वात्। ननु पदेभ्योऽर्थे स्मृते ततोऽनुमितिः कल्प्यते इत्यत आह—न युक्तमिति। किञ्चैतन्मते पदार्थस्मरणमेव शाब्दबोधे हेतुः। तथा चावान्तरवाक्यार्थबोधकाले तस्य नष्टत्वात् ततो महावाक्यार्थबोधो न स्यात्। तस्मात्पदप्रयोज्या उपस्थितिरेव हेतुः। सा चावान्तरवाक्यार्थबोधरूपैवेत्यदोषः। तत्तानुल्लेखादिति। तत्ता पूर्वानुभूतता, तां बुध्या विषयीकृत्यैव स्मरणोदयादिति भावः। वाक्यादपीति। तथा च वाक्यादपि स्मरणस्यैवापत्तौ अनुमितिशाब्दबोधयोरुच्छेद इत्यर्थः। न चापूर्ववाक्यार्थस्थले पूर्वमनुभवाभावात्स्मरणासम्भव इति वाच्यम्। खण्डशः प्रसिद्धानां पदार्थानां संसर्गाणां च स्मरणसम्भवात्।

ज्ञानादि के द्वारा ही शाब्दबोधरूप कार्य करता है, अतः वह प्रमाणान्तर कोटि में आरूढ है।

अनुमिति स्थल में 'पर्वत अग्निमान् है' ऐसा पक्ष में साध्य निश्चयरूप सिद्धि के रहने पर 'पर्वतेऽग्निमनुमिनुयाम्' 'पर्वत में अग्नि की अनुमिति करूँ' ऐसी इच्छा (सिषाधयिषा) होने से ही अनुमिति हो सकती है। क्योंकि सिषाधयिषा अनुमिति में उत्तेजक है, साध्यसिद्धि की प्रतिबन्धकता को समाप्त कर देती है।

परन्तु शाब्दबोध करने में विधेय का निश्चय रहने पर भी शाब्दबोध होता है। जैसे 'घटवद् भूतलम्' यह प्रत्यक्षात्मकनिश्चय रहते हुये भी सिषाधयिषा के बिना ही 'घटवद् भूतलम्' इस वाक्य के उच्चारण से शाब्दबोध होता ही है, इस वैधर्म्य से भी शाब्दज्ञान अनुमितिरूप नहीं हो सकता।

यदि यह कहें कि शाब्दानुमिति पक्षधर्मताज्ञानादि की अपेक्षा न करने वाली विलक्षण ही—अनुमिति है। अन्यथा विभिन्न विषयक प्रत्यक्ष के प्रति शाब्दबोध की तथा अनुमिति की सामग्री को प्रतिबन्धक मानने में गौरव होगा। ऐसा कहना भी उचित नहीं है, क्योंकि व्याप्तिज्ञानादि की अपेक्षा न करने वाली अनुमिति अनुभव का विषय नहीं है॥ १८॥

किञ्च तथानुव्यवसायप्रमोजिकायः शाब्दत्वजातेस्तदवच्छिन्ने आकाङ्क्षादिज्ञानहेतुत्वस्य च कल्पनावश्यकत्वे तद्वृत्त्यनुमितित्वस्य व्याप्तिस्मृत्यादेश्च कल्पने गौरवम् ।

तथानुव्यवसायेति । तादृशानुव्यवसायात् शाब्दत्वजातिः कल्पनीयैव तदवच्छिन्नं प्रति आकाङ्क्षादिज्ञानस्य च हेतुत्वमवश्यं कल्पनीयमेवेति किमनुमितित्वादिकल्पनयेत्यर्थः । सिद्धिसत्त्वेऽपीति । पर्वते वह्निज्ञानानन्तरमनुमितिर्न भवति, शाब्दबोधस्तु शब्दप्रयोगानुपाती दुर्निवार इति भावः । ननु सिद्धिसत्त्वेऽपि परार्थानुमितिवत् शाब्दबोधोऽपि सम्भवतीति चेन्न । अनुमित्सायां सत्यामेवानुमितेरुदयात् । परार्थानुमितौ पर्वतो वह्निमान्, धूमात्, यो यो धूमवान् सोऽग्निमानित्यादिकं पञ्चावयवात्मकं वाक्यं प्रयुज्यते, शाब्दबोधस्तु परप्रयुक्तात् वाक्यात्स्वस्य भवतीति भेदात् । प्रतिबध्यत्वेति । शाब्दातिरिक्तज्ञानं प्रति सिद्धिः प्रतिबन्धिकेति वक्तव्यं स्यादित्यर्थः ।

नाशादेवेति । ज्ञानस्य क्षणिकत्वात् प्रत्यक्षनाशोत्तरक्षणेऽनुमितिरित्यर्थः । ननु एकक्षणविलम्बेऽनुभवविरोधो नास्तीत्यत आह—सर्वत्रेति । सिद्धिनाशानन्तरक्षणे एवानुमितेरापत्तेस्सिषाधयिषाकालेऽप्यनुमितिर्न स्यादित्यर्थः । अत एव यत्र वह्निव्याप्यधूमवान्पर्वतो वह्निमानिति प्रत्यक्षं ततः सिषाधयिषा तत्रानुमित्युत्पत्तये सिषाधयिषाविरहविशिष्टसिद्ध्यभावकल्पनेति तार्किकाः । ऋष्यादिव्यवहारात् शक्तिग्रह इति पूर्वमुपपादितम् । ऋष्यादिव्यवहारश्च साधुष्वेवेति साधूनामेव वाचकत्वम् ॥ १९ ॥

क०—ननु सिद्धिप्रतिबध्यतावच्छेदककोटौ शाब्दान्यत्वं निवेश्यते इति नायं दोषोऽत आह—किञ्चेति । यत इति शेषः । एवमग्रेऽपि । मात्रशब्दोऽवधारणे । (पक्षसाध्ययोरभावादिति भावः) हेतोरुक्तस्यासम्भवादिति भावः । ननु पदात्पदार्थोपस्थितिर्नानुमितिः, किन्तु स्मृतिः, इति नायं दोषोऽत आह—पदेभ्य इति । एवोऽनुमितिशाब्दबुद्धिनिरासाय । तत्तेति । पूर्वानुभूततारूपतत्तेत्यर्थः सोऽयमित्यादाविव स इत्येवमित्यर्थः । ननु तदभावेऽपि फलानुरोधेन तदङ्गीकारोऽत आह—वाक्यादपीति । अपिः पदसमुच्चायकः । तदापत्तेश्च स्मरणापत्तेश्च । सम्बन्धिज्ञानतयैव पदज्ञानवत्तदुपयोग इति भावः ।

ननु फलबलात्पदार्थोपस्थितेः पूर्वं नियमतो वाक्यार्थांशोद्बोधकासमवधानकल्पनमत एव 'वस्नसादौ' 'हरेऽवे' इत्यादौ च विशिष्टशक्त्यैव संसर्गांशे उद्बोधकासमवधानात्प्राक् पदार्थोपस्थितिमात्रं ततस्तदंशेऽप्युद्बोधकसमवधाने तद्विषयको वाक्यार्थबोधः । अत एवापूर्वो वाक्यार्थ इति प्रवादः सङ्गच्छते । अपूर्वत्वं च शाब्दबोधप्राक्क्षणवर्तितज्जनकशब्दजन्यस्मृत्यविषयत्वम् इति न ततः स्मृतिरत आह—किञ्च शाब्देति । शाब्दयामीत्याकारकशब्दत्वावच्छिन्नावगाहिसर्वसिद्धानुव्यवसायेन शाब्दत्वजातिसिद्धिरत एव तदवच्छिन्नकरणतया शब्दस्य प्रमाणत्वसिद्धिरिति भावः । तज्जेति ।

किञ्च सिद्धिसत्वेऽपि शाब्दबोधोदयेनानुमितेश्चानुदयेन सिद्धिप्रतिबध्यतावच्छेदककोटौ शाब्दातिरिक्तत्वविशेषणदाने गौरवम्। न च तत्प्रत्यक्षादिज्ञाननाशादेव तत्रानुमिति। अनुभवविरोधात्। सर्वत्रतथापत्तेश्चेति दिक्॥ १९॥

शब्दजेत्यर्थः। अत एव नानुमितं न साक्षात्कृतं किन्तु शब्दादेवावगतमित्यनुभवः सङ्गच्छते।

ननु यथा पदार्थोपस्थितेः स्मृतित्वमते शब्दजन्यत्वमात्रेण परं तस्यामपीतरस्मृतिविलक्षणः शाब्दयामीति व्यवहारः न तु वाक्यज्ञानपदार्थोपस्थितिकार्यतावच्छेदकीभूतजातिविशेषाक्रान्तता तस्याः। तथा वाक्यात्स्मृतावपि तद्व्यवहारोऽत आह। किञ्चेति। तथेति। शाब्दयामीत्याकारकेत्यर्थः। तदवच्छिन्ने शाद्बत्वावच्छिन्ने तद्वृत्तीति। शाब्दवृत्तीत्यर्थः। आदिना (परामर्शः) पक्षधर्मताज्ञानादिसंग्रहः।

ननु नेदं गौरवमुक्तयुक्तिभ्यामत आह। किञ्चेति। इदं गौरवं विघटयितुं शङ्कते। न चेति। तत्प्रत्यक्षेति। अनुमितिविषयार्थ प्रत्यक्षेत्यर्थः। आदिनानुमित्यादीनां सङ्ग्रहः। नाशादेवेत्येवेन सिद्धिसत्वनिरासः। तदानीं तस्याः प्रतिबन्धकत्वेन तदनुदयात्। (नाशरूपकारणाभावादेव तदापत्तेरभावात्)। तत्र (शाद्बबोधस्थले) सिद्धिस्थले। एवं च तत्सत्वे तदुदयो नैवेति न तत्र विशेषणदानमिति न गौरवमिति भावः। (अनुभवेति। सिद्धिसत्वे शाब्दबोधोदयस्यानुभूयमानत्वेन तत्र तत एव सा इति अस्याऽनुभवविरुद्धत्वात् (१) अनुभवति) सिद्धिसत्त्वे इच्छासत्वेऽपि अनुमितेरनुभूयमानत्वेन तस्यैव तद्धेतुत्वमित्यस्यानुभवविरुद्धत्वात्।

ननु विसंवाद्यनुभवो नेष्टसाधकोऽत आह—सर्वत्रति। प्रसिद्धशाब्दबुद्धिभिन्नवह्न्याद्यनुमिति विषयेऽपि तथा सुवचत्वेन सर्वत्रानुमितिसामान्ये तन्नाशोत्तरमेव जायमानत्वापत्तेश्चेत्यर्थः। तथा चेच्छोत्तेजकत्वोच्छेदापत्तिः। अथ सिद्धिसत्वेऽपि इच्छायामनुमित्युदयानुभवात् तत्र तथा दुर्वचमिति ब्रूषे, तर्हि, अत्रापि सिद्धिसत्वे शाब्दबोधोदयानुभवेन तथा दुर्वचमितितुल्यमिति तत्प्रयुक्तगौरवं दुरुद्धरमेवेति भावः। (यावत्प्रतिबन्धकभावस्थले इत्यर्थः। तथापत्तेश्चेति। तत्तदभावस्यैव हेतुत्वापत्तेश्चेत्यर्थः। तथा च प्रतिबध्यप्रतिबन्धकभावमात्रोच्छेदापत्तिरिति भावः[२], किञ्चानुमितेरसम्भवात्। न च गौरस्तितावान्स्वधर्मिकान्वयबोधानुकूलाकाङ्क्षाद्याश्रयपदोपस्थापितत्वात् घटवदित्यनुमानं सुलभम् इति वाच्यम्, गवादेः पदोपस्थापितत्वाद्यभावग्रहदशायां गौरस्तीत्यादितोऽन्वयबोधानापत्तेः। पदजन्या हि पदार्थोपस्थितिः स्वरूपसत्येवान्वयबुद्धावुपयुज्यते न तु

---

१. पाठान्तरम् क्वचित् पुस्तके ( ) चिह्नान्तर्गतम्।

२. इदं च पाठान्तरं पुस्तकान्तरे ( ) चिह्नान्तर्गतम्।

ज्ञाता, प्रमाणाभावात्। पदैरनुपस्थितस्यापि तदुपस्थितत्वग्रहादन्वयधीप्रसङ्गाच्च। न च 'गौः' पदमस्तित्ववद्गोज्ञानपूर्वकोच्चारणविषयः अस्तिपदसाकाङ्क्षपदत्वात् यन्नैवं तन्नैवं यथा आकाशमित्यनुमानमिति वाच्यम्। गवादिपदानां ज्ञानपूर्वकोच्चारितत्वाद्यभावनिश्चयदशायां जायमानसर्वजनीनानुभवसिद्धबोधस्यासङ्गत्यापत्तेः। गवादिनिष्ठमुख्यविशेष्यताशालिबोधस्यैवमप्यनुपपादनाच्च। अपि च शाब्दबोधोत्तरं नानुमिनोमीत्यनुव्यवसायान्न शाब्दत्वमनुमितित्वव्याप्यम्। न च तस्य व्याप्त्यादिज्ञानघटितसामग्रीजन्यानुमितित्वावच्छिन्नाभावविषयकत्वान्न दोष इति वाच्यम्। व्याप्त्यादिप्रतिसन्धानविरहदशायामपि तस्योत्पत्त्या तद्विषयकत्वासम्भवादिति दिक्। तदाह—दिगिति॥ १९॥

सरला—यदि यह कहा जाय कि व्याप्तिज्ञानादि की अपेक्षा न करने वाली अनुमिति न हो, परन्तु शाब्दबोध को अनुमितिरूप मानते हुये हम साध्यसिद्धि को शाब्दबोध से भिन्न अनुमिति में प्रतिबन्धक मानेंगे। इस पर समाधान करते हैं कि—

केवल पद-ज्ञान से जायमान पदार्थ-ज्ञान को अनुमिति कहना सम्भव नहीं है। तथा स्मृतिरूप भी नहीं कह सकते, क्योंकि पदजन्यपदार्थ-ज्ञान में तत्ता का (पूर्वानुभूतता का, अर्थात् पहले से विषय का अनुभूत होने का उल्लेख) नहीं होता। स्मृति में 'सा मे माता' इत्यादि रूप से माता के विषय में 'सा' इस पद से तत्ता भासित हो रही है।

यदि कहें कि पदार्थज्ञान में तत्ता का भान न होने पर भी लाघव के कारण उसको स्मृतिरूप मान लेंगें, तो इस पर दोष देते हैं–कि फिर तो वाक्य से जायमान वाक्यार्थ-ज्ञान को भी तुल्य न्याय से स्मृतिरूप मानना होगा।

वस्तुतः वाक्यार्थ के अपूर्वत्व-सिद्धान्त (पूर्व में ज्ञात न होना) की रक्षा के लिये, तथा वाक्यजन्य सविकल्पक वाक्यार्थ-ज्ञान के पश्चात् होने वाले 'शाब्दयामि' इस अनुव्यवसाय (मानसप्रत्यक्ष) के कारण उसे स्मृति या अनुमिति नहीं माना जा सकता, अपितु दोनों से भिन्न शाब्दबोध ही माना जायगा। 'शाब्दयामि' का अर्थ है—शाब्दबोध (शब्दजन्य-बोध) कर रहा हूँ। वहाँ 'स्मरामि' या 'अनुमिनोमि' ऐसा अनुव्यवसाय नहीं होता।

यदि यह कहें कि वाक्यजन्य-वाक्यार्थज्ञान को अनुमितिरूप मानते हुये 'शाब्दयामि' अनुव्यवसाय के अनुरोध से उसमें अनुमितित्व की व्याप्यभूत शाब्दबुद्धित्व जाति मान लें, तो इस पक्ष में अनुमितिरूप एक ही ज्ञान मानने में लाघव होगा। इस शङ्का पर ग्रन्थकार कहते हैं 'किं च तथाऽनुव्यवसायप्रयोजिकायाः शाब्दत्वजातेः' इत्यादि।

आशय यह कि यदि शाब्दत्वजाति अनुमितित्व की व्याप्यभूत होकर स्वीकृत हुयी, तो शाब्दबुद्धित्व से अवच्छिन्न शाब्दबोध के प्रति आकाङ्क्षा आदि के ज्ञान को

तो अन्वय-व्यतिरेक सहचार के अनुरोध से कारण मानना ही पड़ेगा, साथ ही उसकी अनुमितिरूपता से व्याप्तिज्ञानादि कारण की कल्पना में निष्प्रयोजन गौरव होगा।

तथा अनुमिति के प्रति साध्य-सिद्धि प्रतिबन्धक होती है। शाब्दबोध तो सिद्धि रहते हुये भी हो जाता है। अतः साध्यसिद्धि को शाब्दबुद्धिरूप अनुमिति से भिन्न अनुमिति में प्रतिबन्धक मानना होगा, यह भी गौरव होगा।

इसी बात को ग्रन्थकार कहते हैं कि सिद्धि रहते हुये शाब्दबोध होता है, अनुमिति नहीं होती, अतः सिद्धि की प्रतिबन्ध्यताऽवच्छेदककोटि में शाब्दातिरिक्तत्व विशेषण देना होगा। अर्थात् "साध्यसिद्धिनिष्ठप्रतिबन्धकतानिरूपितप्रतिबन्ध्यतावत् शाब्दत्वावच्छिन्नेतरत् अनुमितित्वावच्छिन्नम्" इस प्रकार से संकोच करने में भी गौरव होगा।

यद्यपि सिद्धि प्रतिबन्धक है, तथापि उसके निश्चयात्मक ज्ञान-रूप होने से तृतीय क्षण में उसके नाश के पश्चात् ही शाब्दबोधरूप अनुमिति की जाय, तो अभी कहा हुआ प्रतिबन्ध्य-प्रतिबन्धकभाव का गौरव समाप्त हो जायगा।

साध्यनिश्चय रहते हुये भी अनुमिति का होना अनुभवसिद्ध है, अतः उसके नाश के अनन्तर शाब्दबोधरूप अनुमिति की उत्पत्ति मानना अनुभव-विरुद्ध होगा, यदि एक क्षण का विलम्ब अतिसूक्ष्म होने से वह अनुभव-विरोध का आपादक नहीं होगा, तो इस पर कहते हैं कि—ऐसा मानने पर सर्वत्र शाब्दबोधरूप अनुमिति से भिन्न अनुमिति में भी सिद्धि-नाश के अनन्तर ही अनुमिति को स्वीकार करना तुल्यन्याय से उचित होगा, ऐसी स्थति में अनुमिति के प्रति सिद्धि की प्रतिबन्धकता का सिद्धान्त भग्न हो जायगा।

तथा 'वह्निव्याप्यधूमवान् पर्वतो वह्निमान्' इस प्रकार साध्य-वह्नि का चाक्षुष-प्रत्यक्षरूप निश्चय के पश्चात् यदि 'पर्वते वह्निमनुमिनुयाम्' 'पर्वत में वह्नि की अनुमिति करूँ' ऐसी इच्छा (सिषाधयिषा) हो गयी, तो वहाँ पर अनुमिति होती है, इसीलिये 'सिषाधयिषाविरहविशिष्टसिद्ध्यभाव, इस पक्षताके लक्षण में 'सिषाधयिषाविरह' यह सिद्धि में विशेषण संगत होता है। तात्पर्य यह कि यदि सिद्धि का अभाव मात्र पक्षता का लक्षण रहे, तो उक्त स्थल में प्रतिबन्धक सिद्धि के रहने से अनुमिति नहीं हो सकेगी, सिषाधयिषाविरहरूप विशेषण देने पर यहाँ अनुमिति की इच्छारूप सिषाधयिषा वर्तमान है, उसके विरह से विशिष्ट सिद्धि नहीं है, अपितु सिषाधयिषा समकाल सिद्धि है, जो प्रतिबन्धक नहीं है, इसलिये अनुमिति होती है। यदि सिद्धि (साध्यनिश्चय) के नाश होने पर ही अनुमिति की उत्पत्ति मानेगें, तो सिषाधयिषा के समय में भी अनुमिति होना इष्ट है, वह न हो सकेगी, क्योंकि उक्त स्थल में सिद्धि वर्तमान है, सिषाधयिषा भी वर्तमान ही है, सिद्धि का नाश नहीं हुआ है ॥ १९ ॥

सा च शक्तिः साधुष्विवापभ्रंशेष्वपि, शक्तिग्राहकशिरोमणेर्व्यवहारस्य तुल्यत्वात् । व्यवहारदर्शनेन च पूर्वजन्मानुभूतशक्तिस्मरणम् । अत एव बालानां तिरश्चां च बोधः । न हि तेषां तदैव तत्सम्भव इत्यन्ये । न च साधुस्मरणात्ततो बोधः ।

ते साधुष्वनुमानेन प्रत्ययोत्पत्तिहेतवः ।
अम्बाम्बेति यदा बालः शिक्ष्यमाणः प्रभाषते ।।
अव्यक्तं तद्विदां तेन व्यक्ते भवति निश्चयः ।

कु०—इदानीं मतान्तरमाह । सा चेति । ननु व्यवहारदर्शनस्य कथं शक्तिग्राहकत्वं तद्बोधकशब्दाभावात् शक्तिग्रहाभावे इष्टसाधनत्वग्रहाभावात्स्तनपाने प्रवृत्त्यनापत्तेरत आह—व्यवहारदर्शनेनेति । व्यवहारदर्शनमुद्बोधकविधया स्मारकमेवेति लाघवम् । जीवनादृष्टमिवोद्बोधकमित्यर्थः । अत एव—पूर्वजन्मानुभूतस्मरणस्वीकारादेव । अन्यथा इष्टसाधनताज्ञानाभावात् स्तनपानादौ प्रवृत्तिर्न स्यात् । पश्वादीनां च जडप्रायाणां प्रतिनियतजात्यनुसारेणैव नियतैव काचित्प्रतिभा बोध्यते, अतस्तेषामप्यनादिवासनैव बीजमिति भावः । तदैव—आद्यबोधकाले एव । तत्सम्भवः—शक्तिग्रहसम्भवः । न चेति । वाच्यमित्यत्रान्वयः । तदुक्तं हरिणा—

असाधुरनुमानेन वाचकः कैश्चिदिष्यते ।

इति । वाचक इत्यस्य बोधक इत्यर्थः । अयम्भावः । न हि विद्वांसोऽपभ्रंशादेव साक्षादर्थं पश्यन्ति इति नापशब्दानामर्थेन सम्बन्धः । अपशब्दास्तु सादृश्यात्साधुशब्दमनुमापयन्ति । साधुस्मरणादिति यदुक्तं तत्रैव मानमाह–ते साधुष्विति । ते असाधवः । साधुषु । साधुस्मरणेन । बालः अव्यक्तं भाषते, साधुविदां व्यक्ते निश्चयो भवतीत्यर्थः । तज्ज्ञानम्—साधुस्मरणम् ।

विनापीति । अयम्भावः, अर्थगत्यर्थः शब्दप्रयोगः' । अर्थावगतेश्चापशब्देभ्योऽप्यविशिष्टत्वात्तेषामप्यर्थेन सम्बन्ध इति । एतदर्थबोधकं किञ्चित्साधुपदं भविष्यतीत्यनुमानाद् बोध इति मतं निराकरोति-नार्थेति । शक्ततावच्छेदिकाया आनुपूर्व्या ज्ञाने एव वाच्यस्योपस्थितेरित्यर्थः । तद्वाचकतदादिपदस्मरणाद् बोध इत्यपि निराकरोति । अननुभवाच्चेति । ननु पामराणां घटादिपदे शक्तिग्रहाभावात्कथं तत्सादृश्यमूलकोगगरीशब्दे भ्रम इत्याशङ्क्याह—पूर्वपूर्वेति । यस्य शक्तिग्रहपूर्वको भ्रमस्तद्वदित्यर्थः । घटत्वविशिष्टेति । घटनिरूपिताया घटपदनिष्ठायाः शक्तेः गगरीपदे भ्रमो न सम्भवति वर्णभेदरूपविशेषदर्शनसत्त्वात् न च अकरचरणादिमत्त्वनिश्चयानन्तरं स्थाणौ पुरुषत्वभ्रमो भवति ।

इति हर्युक्तेः। अनुमानमत्र ज्ञानं, साधुविषयस्मरणेनेत्यर्थः। तद्विदां साधुविदाम्। असाधोः साधुप्रकृतिकत्वात्सादृश्येन तज्ज्ञानमिति वाच्यम्, साधुस्मरणं विनापि बोधानुभवात्। तद्वाचकसाधुशब्दमजानतां बोधानापत्तेश्च। तदर्थज्ञापकत्वेन स्मरणं तु नार्थोपस्थापकं शक्ततावच्छेदकानुपूर्व्यग्रहात्, तद्वाचकसर्वनामस्मरणाननुभवाच्च, उच्चारितस्यैव बोधकत्वेन स्मृतसाधुतो बोधासम्भवाच्च।

न च शक्तिभ्रमाद्बोधः, पूर्वपूर्वभ्रमाच्चोत्तरोत्तरभ्रम इति पामराणां शक्त्यग्रहेऽपि तदभ्रमोपपत्तिरिति वाच्यम्, घटत्वादिविशिष्टघटादिरू-

---

यदि चेति। अशक्त्या गगरीशब्दोऽनेनोच्चारित इत्याद्यपुरुषेण ज्ञाते ततो-द्वितीयपुरुषस्य गगरीशब्द एव बोधक इति भ्रम इत्यर्थः। तादात्म्यमुपगम्येवेति। अपभ्रंशाः साधुशब्दैरभेदमिवापन्ना अर्थस्य प्रकाशका इत्यर्थः। तादात्म्यस्येति। अयम्भावः—अयमर्थ इत्यभेदेन व्यवहारादध्यासलक्षणं शब्दार्थयोस्तादात्म्यं, स एव मुख्यः संबन्धः सम्बन्धान्तरकल्पने तु तस्यापि सम्बन्धान्तरं कल्प्यमित्यनवस्थानात्, प्रतीतावर्थस्यापि विषयभावेनापेक्षणात्, परतन्त्रत्वसामान्यात्सम्बन्धत्वव्यवहार इव-शब्देनेति। साध्वसाध्वोस्तादात्म्यस्य तात्त्विकत्वे चासाधूनामपि बोधकत्वमागतमिति ग्रन्थकार एव आहार्धेन—तादात्म्यमुपगम्येव शब्दार्थस्य प्रकाशका, इत्यर्थाभिप्राये-णाह—इवशब्देनेति। इवशब्देन शक्तेर्भ्रमः सूचित इत्यर्थः ॥ २० ॥

क०—एवं शक्तिं निरूप्य प्रागुक्ततदाश्रयविषये परमतखण्डनाय विशेषमाह—सा चेति। वाच्यवाचकभावाख्येत्यर्थः। शक्तीति। तद्ग्राहकतादात्म्येत्यर्थः। मतान्तर-माह—व्यवेति। चस्त्वर्थे। इदं दृढयति। अत एवेति। शक्तिस्मरणाङ्गीकारादेवेत्यर्थः। ननु स्मरणवद्ग्रहोऽपि तेषां सम्भवतीति किमिति तत्पक्षत्यागोऽत आह—न हीति। तेषाम्। बालादीनाम्। तदैव बोधप्राक्काले एव। तत्सम्भव इति। अयोग्यत्वादिति भावः। अत्रान्ये इत्यरुचिबीजन्तु प्राथमिकसर्गादौ नैतत्संभव इति। अत्र नैयायिकाः "व्युत्पन्नानां साधुस्मरणात् बोधो,ऽव्युत्पन्नानां शक्तिभ्रमाद्बोध, इति न तेषु शक्ति-कल्पना" इति। तत्राद्यपक्षं खण्डयति—न चेति। ततः। अपभ्रंशात्। वैयाकरणस्या-पोदमावश्यकमिति सूचयितुमाह—ते साधुष्विति। यद्यपि 'हेतव' इत्यग्रे—

तादात्म्यमुपगम्येव शब्दार्थस्य प्रकाशकाः।
न शिष्टैरनुगम्यन्ते पर्याया इव साधवः ॥ १ ॥
न यतः स्मृतिशास्त्रेण तस्मात्साक्षादवाचकाः ॥ २ ॥

इति। अग्रेऽम्बाम्बेति हरिग्रन्थे दृश्यते तथाप्यनुपयुक्तत्वादत्रानुल्लेखः।

पार्थनिरूपिताया घटादिपदवृत्तित्वेन गृहीताया भिन्नानुपूर्वीकत्वरूप-विशेषदर्शनसत्त्वेन साधारणधर्मदर्शनाभावेन च गगरीपदादौ भ्रमानुपपत्तेः। यदि तु अशक्त्या केनचिद् 'गगरी' इति प्रयुक्तेऽम्बाम्बेत्यादाविव घट इति साधुशब्दस्मरणात्प्रयोज्यस्य बोधे तटस्थस्य गगरीशब्दादेवास्य बोध इति भ्रमेणाद्यस्य शक्तिभ्रमस्तन्मूलकश्चान्येषामपि। तदुक्तं हरिणा—

एवं साधौ प्रयोक्तव्ये योऽपभ्रंशः प्रयुज्यते।
तेन साधुव्यवहितः कश्चिदर्थोऽभिधीयते ॥ ३ ॥

इत्यस्य निश्चय इत्यस्मादग्रिमस्येव विवक्षितार्थस्य तावतैव लाभादिति भावः। ननु स्मरणाद् बोधेऽनुमितिघटितहर्युक्तेः कथं हेतुत्वमत आह। अनुमेति। तदसम्भवात् व्याप्तिग्रहादिविलम्बेन तस्यानियतपूर्ववृत्तित्वाच्च। अत्र, न तु सर्वत्रेति भावः। तावताप्यनुभवाद्यसम्भवादाह साध्विति। साधुष्विति विषयसप्तमीत्याह—विषयेति। यदा तादृशो बालः अव्यक्तं तत्प्रभाषते तदा तद्विदां। तेनापभ्रंशेन। व्यक्ते साधुशब्दज्ञाने निश्चयो भवतीत्यर्थः। तदेतद्धृदि निधायाह–तद्विदामिति। एतेन तद्रहितानां तदभावेऽपि न क्षतिरिति सूचितम्। अत एवैतस्यात्रोल्लेखः। अन्यथार्धश्लोकेनैव निर्वाहेऽस्याधिक्यं स्पष्टमेव। ननु एकसम्बन्धीति रीत्या स्मरणं सति सम्बन्धेऽत्र तु न सोऽत आह—असाधोरिति। तथा च तद्घटकयत्किञ्चिद्वर्णादिरेव साधारणधर्म इति भावः। तज्ज्ञानम्-साधुस्मरणम्। तत्रादौ विशेषव्युत्पन्नस्थले दोषमाह—साध्विति। ननु तादृशानुभवे एव विप्रतिपत्तिः, कारणं विना कार्यानुभवस्य क्वाप्यभावेन मानाभावश्च, फलबलेन तस्य नियमेन कल्पनं चातस्तत्र न दोषोऽतः सामान्यव्युत्पन्नस्थले दोषमाह—तद्वाचकेति। अपभ्रंशबोध्यार्थवाचकेत्यर्थः।

ननु व्युत्पन्ना द्विविधाः तत्तद्वाचकसंस्कृतविशेषज्ञानवन्तः, तद्विकलाश्च। तत्राद्यानां तथाबोधेऽपि द्वितीयाऽनुपपत्तिर्दत्ता सा न युक्ता तेषां सामान्यज्ञानसत्त्वेन तदर्थज्ञापकत्वेन रूपेण तत्साधुस्मरणाद्बोधसंभवादत आह—तदर्थेति। अपभ्रंशबोध्यार्थज्ञापकत्वेन। वस्तुतः तद्वाचकसाधुस्मरणाद् बोधसम्भवादत आह–तदर्थेति। अपभ्रंशबोध्यार्थज्ञापकत्वेन। वस्तुतस्तु तद्वाचकसाधुस्मरणमित्यर्थः। स्थापकमिति। तथा च बोधः सुतरां नेति भावः। आनुपूर्वीग्रहस्य यथा कारणत्वमावश्यकं तथाग्रे स्फुटीभविष्यति।

नन्वेवमपि सर्वनामस्मृतेस्तेषां बोध इति नोक्तदोषोऽत आह—तद्वाचकेति। बुद्धिस्थत्वेन तद्वाचकेत्यर्थः। नन्वननुभवे विप्रतिपत्त्यादिदोषः प्रागुक्त एवातः सर्वसाधारणप्रबलदोषमाह—उच्चारितेति। इदं चाग्रे स्फुटीभविष्यति। एतेन फलबले-

तादात्म्यमुपगम्येव शब्दार्थस्य प्रकाशकाः । इति ।

इवशब्देन तदुपगमस्य भ्रमत्वं सूचितम् । तादात्म्यस्य शक्तित्वं-च स्पष्टमेवोक्तम् ।। २० ।।

नानुमितिसामान्यानियमेन कल्पनमिति तन्नव्योक्तमपास्तम् । संस्कृतैरयमर्थो न बुद्धः किन्त्वेतदुक्तभाषयेति व्युत्पन्नव्यवहाराच्चेत्यपि बोध्यम् । तस्मात् सामान्यव्युत्पन्नस्थले दोषस्तदवस्थ एव, उक्तहरिस्तु परमतानुवादक इति न तद्विरोधदोषः । एतद्विरुद्धस्यापि हरेर्वक्ष्यमाणत्वादिति भावः ।

अथ तदुक्तद्वितीयपक्षं खण्डयति । न च शक्तीति । पामराणामिति शेषः । ननु तेषां शक्त्यग्रहे कथं तद्भ्रमोऽत आह—पूर्वपूर्वेति । चस्त्वर्थे । तदिति । शक्तिभ्रमे-त्यर्थः । सिद्धान्तमतेनाह । घटत्वेति । परमते तु तत्पदार्थघटितेश्वरेच्छाया इत्यादौ बोध्यम् । अत एव तत्तत्पदार्थघटितव्याप्तेर्न भ्रमः इति तत्र नैयायिकाः । घटेऽन्वयोऽस्य गृहीतायाः शक्तेरिति शेषः । नव्यनैयायिकोक्तयुक्तिं खण्डयितुमाह—यदि त्विति । अशक्तेत्यस्य घटशब्दे प्रयोक्तव्य इत्यादिः । दृष्टान्तेन प्रागुक्तहर्युक्तरीतिः सूचिता । आद्यस्य-तटस्थस्य । इदं वैयाकरणस्याप्यवश्यकमिति सूचयितुमाह—तदुक्तमिति । ते साध्विति पूर्वार्धात्ते इत्यनुवर्तते । अपभ्रंशाः तादात्म्यशक्तिमुपगम्येव न तु वस्तुतः । स्वीकृतशब्दार्थस्य प्रकाशका इत्यर्थः । तदाह—चेति । एतेनोपगम्यैवेति नैयायिकपाठो भूषणकृदादीनां साधुस्मरणोपयोगित्वेनैतत्पाठश्चापास्तः । नन्वनेन तादात्म्योपगमसादृश्याङ्गीकारोक्तावपि तस्य शक्त्युपकारकत्वेन तद्भिन्नत्वात्कथं शक्तिभ्रमो हर्युक्तोऽत आह—तादात्म्येति । चः प्राग्वत् । तथोक्त्येति भावः । अत एव तस्यापि पदनिष्ठश-क्त्युपकारकत्वाच्छक्तिरिति व्यवहार इति प्रागुक्तम् ।। २० ।।

सरला—वह वाच्यवाचकभावरूप शक्ति जैसे साधुशब्दों में रहती है, वैसे ही अपभ्रंशों में भी रहती है। क्योंकि शक्ति के ग्राहकों (ज्ञापकों) में शिरोमणिभूत व्यवहार दोनों में समानरूप से है। यदि कहें कि व्यवहार दर्शनशक्ति का ज्ञापक नहीं हो सकता, क्योंकि जन्म के काल में उसके ज्ञापक शब्द का अभाव रहता है। तव शक्तिग्रह के अभाव में इष्ट साधनत्व ज्ञान के न होने से बालक की स्तनपान में प्रवृत्ति न हो सकेगी, इस पर कहते हैं कि–पूर्वजन्म सम्बन्धी व्यवहार जो इष्ट था, उससे 'स्तनं पिब' इत्यादि की शक्ति गृहीत थी। इस जन्म में तद्विषयक संस्कार उद्बुद्ध हुआ, उसमें माता से प्रयुक्त शब्द का श्रवण तथा जीवनादृष्ट कारण है। उस उद्बुद्ध संस्कार से शक्ति की स्मृति हुयी। इसी प्रकार पश्वादिकों को भी मनुष्यों से उच्चारित प्रथम शब्द के श्रवण से पूर्वजन्म (मनुष्यजन्म) में जो शक्ति उसका झटिति स्मरण हो जाता है। पशुओं एवं बालकों की प्रवृत्ति को देखकर उनके भी शाब्दज्ञान का अनुमान करना चाहिए, क्योंकि शब्द-श्रवण के पश्चात् उस बोध की

इस स्थिति में 'यह वर्ण पूर्व है, यह पर है' इत्याकारक प्रत्यक्ष का विषय जो इदं शब्द (यह शब्द) तद्घटित जो अभिलाप उससे अभिलप्यमान बोध्यमान जो पौर्वापर्य उसका ज्ञान सम्भावित न हो सकेगा, जिसका प्रभाव यह होगा, कि 'इको यणचि' इत्यादि सूत्र व्यर्थ हो जायँगे, क्योंकि अच् से अव्यवहितपूर्व इक् के स्थान में यह सूत्र यण् आदेश का विधान करता है, वर्णों के यौगपद्य (एक काल में स्थित होना) न बनने से 'यह पूर्व है', 'यह पर है' ऐसा व्यवहार कैसे होगा ? दो वस्तु वर्तमान हों, तभी उनमें यह व्यवहार हो सकेगा, प्रकृत में (यहाँ) तो एक वर्ण उच्चरित होकर विनष्ट हो गया, तब दूसरा उच्चरित होता है। इस स्थिति में नष्ट वर्ण का प्रत्यक्षविषयक प्रत्ययार्थबोधक इदंशब्द से ग्रहण कैसे होगा ? वर्णों की ऐसी स्थिति में 'परः सन्निकर्षः संहिता' इस सूत्र के भाष्यकर्ता महामुनि पतञ्जलि के अनुभव से सिद्ध जो पदों का प्रत्यक्षात्मक ज्ञान, वह भी उपपन्न न हो सकेगा। यदि न्यायदर्शन की रीति से कहें कि पूर्व वर्ण के स्थितिकाल में 'द्वितीयवर्ण की उत्पत्ति मान कर दो वर्णों में पूर्व-पर का व्यवहार कर लेंगे' तो यह नहीं कह सकते, क्योंकि पूर्व-वर्ण के नाश हो जाने पर अन्य प्रयत्न से अन्य वर्ण उत्पन्न होता है।

'गौः' शब्द का उच्चारण करते समय वागिन्द्रिय से जब तक गकार का उच्चारण करेंगे, उस समय में औकार का नहीं कर सकेंगे, इस प्रकार जिस प्रयत्न से एक वर्ण उच्चारित किया जाता है, उसी प्रयत्न से उस वर्ण का विनाश हो जाने पर उस प्रयत्न का उपसंहार करके (उस प्रयत्न को समाप्त करके) अन्य प्रयत्न का ग्रहण करके द्वितीय वर्ण उच्चारित होता है, ऐसा सिद्धान्त उसी 'परः सन्निकर्षः' सूत्र के भाष्य से ज्ञात होता है।

यदि यहाँ यह शङ्का करें कि उत्तर-वर्ण के प्रत्यक्षकाल में संस्कारवशात् अव्यवहितोत्तरत्व सम्बन्ध से पूर्ववर्ण का सम्बन्धी उसका उत्तरवर्ण माना जायगा, इसी प्रकार उसके उत्तरवर्ण के प्रत्यक्षकाल में उपस्थित जो अव्यवहितोत्तरत्वसम्बन्ध से पूर्व वर्णविशिष्ट उत्तर-वर्ण, उसका भी उसी सम्बन्ध से वैशिष्ट्य (सम्बन्धित्व) उसके उत्तर-वर्णों में गृहीत करेंगे। इस प्रकार पद का प्रत्यक्ष या समूहालम्बन स्मरण सुलभ हो जायगा, 'सरो,-रसः' 'नदी-दीन', 'राज-जरा' इत्यादि स्थल में भेद भी सिद्ध रहेगा। अथवा-जैसे एक तरङ्ग दूसरे तरङ्ग को उत्पन्न करता है, इसी प्रकार पूर्व-पूर्व वर्ण शब्दजशब्द न्याय से अन्तिम वर्ण के प्रत्यक्ष-पर्यन्त स्वसजातीय वर्ण को उत्पन्न करते हुए वर्तमान रहते हैं। वीचि-तरङ्ग दृष्टान्त से इस स्थल में इतना भेद अवश्य है—एक तरङ्ग दूसरे तरङ्ग को उत्पन्न करके नष्ट हो जाता है, पर वर्ण अपने सजातीय वर्ण को उत्पन्न करके भी नष्ट नहीं होता, अपितु चरमवर्ण प्रत्यक्षपर्यन्त वर्तमान ही रहता है, इस रीति से घट-पट आदि पदों के प्रत्यक्ष की असिद्धि नहीं होगी।

इस प्रकार न्यायदर्शन की दृष्टि से पद-प्रत्यक्ष के दो उपाय बताये गये। पर ये दोनों पक्ष युक्त नहीं हैं, पहले पक्ष में 'यह वर्ण पूर्व है—यह वर्ण पर है' यह अभि-

लाप अर्थात् शाब्दिक प्रत्यक्ष-व्यवहार नहीं बन सकेगा, क्योंकि विनष्ट तथा विद्यमान पदार्थों का अव्यहितोत्तरत्व-सम्बन्ध असम्भव है प्रथम पक्ष में पद की समूहालम्बन स्मृति मानने पर प्रत्यक्षबोधक इदं-शब्द (यह-शब्द) से घटित वाक्य द्वारा व्यवहार नहीं बनेगा। द्वितीय पक्ष में उक्तरीति से पद का प्रत्यक्ष स्वीकार करने पर भी पद की सत्ता (विद्यमानता) नहीं बनेगी, क्योंकि यह प्रत्यक्ष भ्रमात्मक ही होगा, भ्रमात्मक ज्ञान से वस्तु की सत्ता नहीं सिद्ध होती, शुक्ति में रजत का भ्रम होने पर रजत की विद्यमानता वहाँ नहीं हो जाती। यदि कहें कि दूसरे पक्ष में घट पद का प्रत्यक्ष भ्रमरूप नहीं है, अपितु प्रमारूप है, क्योंकि अन्तिम वर्ण अकार के प्रत्यक्ष तक घ-घ-घ रूप से घकार-अ अ अ रूप से अकार, ट-ट-ट रूप से टकार विद्यमान ही है, तो यह पक्ष भाष्य तथा अनुभव के विरुद्ध होने से अमान्य है, अस्तु दोनों पक्षों में पद के असत् होने से उसमें अर्थनिरूपित शक्ति तथा व्यञ्जना-वृत्ति कैसे रहेगी ? यदि अविद्यमान ही पद में वृत्ति की आश्रयता मानेंगे तो 'नष्ट घट जलवान् है' ऐसा भी व्यवहार प्रामाणिक होने लगेगा।

अविद्यमान दशा में भी जल का घट में आश्रयता सम्बन्ध, तथा उसी दशा में घट का जल के साथ आश्रयतानिरूपकत्व-सम्बन्ध आप के मत में मानने में बाधा न होगी, तथा इस प्रकार के सम्बन्धादि का ज्ञान प्रमारूप (यथार्थरूप) हो जायगा। इस प्रकार पद एवं वाक्य के अविद्यमान होने से शब्द तथा अर्थ का वृत्तिरूप-सम्बन्ध कथमपि नहीं बन सकेगा। इसी बात को वाक्यपदीयकार कह रहे हैं—कि वाक्य का अर्थ यदि शब्द की शक्ति से अलभ्य है, तो पद का अर्थ भी पद की शक्ति से अलभ्य हो जायगा। जैसे पदों का समुदायरूप वाक्य असत् है, ऐसे ही वर्णसमुदाय-रूप पद भी असत् है, दोनों का अर्थ के साथ सम्बन्ध असम्भव है। न्यायसम्मत उक्त दोनों पक्षों में 'एक पद है' ऐसी बुद्धि, तथा 'वही यह कृष्ण पद है' ऐसी बुद्धि की उपपत्ति न हो सकेगी, क्योंकि पद वर्णसमूह तथा अनित्य है।

यदि कहा जाय कि—घट पद यद्यपि कालभेद से भिन्न-भिन्न होते हैं, तथापि एकजातीय बुद्धि का विषय अथवा एकबुद्धि का विषय होता है, इसलिये उसमें एक-बुद्धिविषयत्वरूप उपाधि (सखण्डधर्म) रहने से 'एकं पदम्' अथ च 'तदेवेदं कृष्णपदम्' इत्यादि बुद्धि का निर्वाह हो जायगा। ऐसी स्थिति में कदाचित् तज्जातीयमिदं पदम् अर्थात् 'तज्जातीय यह पद है' ऐसा भी व्यवहार होना चाहिए, परन्तु 'तदेवेदं पदम्, 'वही यह पद है, ऐसा ही व्यवहार नियम से होता है।

यदि ऐसा कहा जाय कि पूर्व नख-केश आदि के नाश होने पर पुनः जब नये नख, केश उत्पन्न हो जाते हैं, तब 'तदेवेदं नखम्', 'वही यह नख है', 'त एवेमे केशाः', 'वही ये केश हैं', ऐसा व्यवहार सादृश्यमूलक प्रत्यभिज्ञा के बल से होता है, ऐसा ही पद वाक्य-स्थल में भी स्वीकार कर लेंगे तो यह भी ठीक नहीं है, वहाँ भी 'तज्जातीय-

मिदं नखम्', 'उस नख के सजातीय (सदृश) यह नख है', ऐसी आपत्ति आयेगी, यदि कहें कि वहाँ तो यह इष्ट की ही आपत्ति है। तो ऐसा कहना उचित न होगा, क्योंकि एक बुद्धि के विषय तो तन्तुकपाल आदि अवयव भी होते हैं, उन्हीं की एकबुद्धि-विषयतारूप धर्म से पट-घट पदार्थों की एकता अर्थात् एक पट, एक घट आदि व्यवहार बन जायँगे, फिर अवयवों से अतिरिक्त अवयवी पदार्थ स्वतन्त्र क्यों माने जाँय, जो आप के सिद्धान्त से विरुद्ध हो जायगा।

तथा दोनों पक्षों में—उच्चारणभेद से भिन्न हुए पदों में शक्ति का ज्ञान सम्भव न होगा, क्योंकि पद-शक्ति यदि व्यक्तिभूत घटादि अर्थ में मानी जाय, तो घटादि-व्यक्ति के अनन्त (नाना) होने से घटादि पदों की अनन्तशक्ति हो जायगी, यह गौरव होगा। यदि किसी एक ही घट पद की शक्ति मानेंगे, तो अन्य घट पदों में शक्ति-ग्रह न होने से व्यभिचार दोष आ जायगा। क्योंकि बोध तो उन घट पदों के उच्चारण से भी होता ही है, पर आप के मत में उनमें शक्ति है ही नहीं, किसी एक ही में है, ऐसी स्थिति में शक्ति–ज्ञानरूप कारण के अभाव में अर्थ-बोध होने से अन्वय-व्यभिचार दोष माना जायगा।

अतः जिस पद में शक्ति का ज्ञान हो गया है, वह पद गृहीतशक्तिक कहलाता है, उसी से अर्थ-बोध होता है, वही अर्थबोध का जनक होता है, ऐसा जो सर्वसिद्ध नियम माना गया है, उसी नियम में यह व्यभिचार-दोष समझना चाहिये।

यदि कहें कि शक्तताऽऽवच्छेदक अर्थात् शक्तता (शक्ति) की नियामिका जो आनुपूर्वी (घकारोत्तर जो अकार तदुत्तर जो टकार, तदुत्तर जो अकार, उसमें रहने वाला धर्म) वह तो सभी घटादि पदों की एक है, उसके एक होने से शक्ति की एकता सिद्ध हो जायगी, इस प्रकार आनन्त्य एवं व्यभिचार-दोष का निराकरण हो जायगा, तो यह भी कथन युक्तिसंगत नहीं है, क्योंकि आनुपूर्वीरूप धर्म भी अव्यव-हितोत्तरत्वरूप सम्बन्ध से घटित होने से भिन्न भिन्न होता है, क्योंकि अव्यवहितो-त्तरत्व धर्म क्षणरूप काल से घटित होता है। अतः अव्यवहितोत्तरत्व के अनुगत रूप न होने से उससे घटित आनुपूर्वी भी पद के प्रत्येक उच्चारण में भिन्न-भिन्न होजायगी, अतः उसके शक्तिनियामकत्व पक्ष में भी वही पूर्वोक्त दुरवस्था अर्थात् आनन्त्य एवं व्यभिचारदोष बना ही रहेगा।

यदि यह कहा जाय कि—अव्यवहितोत्तरत्व के भिन्न-भिन्न होने पर भी 'तादृशाव्यवहितोत्तरत्व' अर्थात् पूर्व-अव्यवहितोत्तरत्व के सदृश जो अव्यवहितोत्तरत्व धर्म, वह तो सर्वत्र अनुगत ही रहेगा, उसी से घटित आनुपूर्वी को लेकर शक्तताऽ-वच्छेदकता का निर्वाह कर लेंगे; तो यह भी संभव न होगा, क्योंकि इस रीति में भी 'तादृशत्व', उसका सादृश्य-ज्ञान होना कठिन होगा, क्योंकि तच्छब्दघटित तादृश का भाव तादृशत्व है, तच्छब्द सर्वनाम होने से अपने सभी अर्थों का वाचक होता है,

न कि किसी नियत अर्थ का। यदि यह कहा जाय कि—व्यवधानाभावे सति अर्थात् व्यवधान के न रहते हुये 'घ' के ज्ञान का जो ध्वंस तद्विशिष्ट जो ज्ञान, तद्विषय टत्व ही घट-पद की आनुपूर्वी है, उसका निश्चय मन से ही किया जाता है, तो इस पक्ष में भी ज्ञान-व्यक्तियों के भेद से फिर भी आनुपूर्वी नाना हो जायगी।

यद्यपि घटादिपदों में अन्तिम वर्ण अकारादि से व्यज्यमान घटादिपदों में रहने वाली घटादिपदत्व-रूप नाना जातियाँ शक्तता की नियामिका, अथ च बोध-कारणता की नियामिका मान लेने से शक्ति का अनुगम हो जायगा, इस स्थिति में तो कोई दोष नहीं रहेगा।

तथापि अनन्त-जाति की कल्पना करने में ज्ञानगौरव इस पक्ष में भी होगा ही। तथा पदों का वास्तविक स्वरूप न सिद्ध होने से उनमें अर्थनिरूपित शक्त्यादि वृत्तियों की आश्रयता का असम्भव तथा उनमें उक्त जातियों का भी असम्भव रहेगा ही।

इस प्रकार शब्दानित्यत्ववादी न्यायादिशास्त्रों के पक्ष का खण्डन करके 'अत्रोच्यते' से अपने सिद्धान्त का वर्णन ग्रन्थकार प्रारम्भ करते हैं—

टि०—शब्दानित्यत्ववादी ने अपने मत की उपपत्ति में दो प्रकार बताया है। एक तो—पूर्व-पूर्व वर्णों के श्रावण-प्रत्यक्ष से उत्पन्न संस्कारों के सहित अन्त्यवर्ण का जो प्रत्यक्ष, उससे जायमान संस्कार से सकलवर्णविषयक स्मरण हो जाने से घट आदि पदों से अर्थबोध हो जाता है। अथवा दूसरा मत यह है—शब्दजशब्दन्याय से घकारादि वर्ण अन्तिम वर्ण के श्रावणप्रत्यक्ष तक उत्पन्न होते ही रहते हैं, इस प्रकार एक ही काल में 'घ–अ–ट–अ' इन चारों का प्रत्यक्ष हो जाता है, यह दोनों मत महाभाष्यादि के सिद्धान्त से विरुद्ध हैं। प्रथम मत में तो वर्णों के प्रौर्वापर्य रूप-क्रम की स्मृति-विषयता न बनने से 'नदी-दीन' 'जरा-राज' इत्यादि स्थलों में अभेद हो जायगा। देखा जाता है कि परसों जो संस्कार का विषय बना, तथा कल (गतदिवस में) जो संस्कार का विषय हुआ, इन दोनों में परसों के संस्कारविषयीभूत पदार्थों की स्मृति न होकर कल के संस्कारविषय पदार्थों की स्मृति हो जाती है, तथा दश वृक्षों को क्रमशः देखा, पर चौथे पाँचवे की स्मृति हुयी—प्रथम-द्वितीयादि की नहीं हुयी, ऐसी दशा में कालिक, दैशिक दोनों प्रकार के क्रमों का सम्बन्ध स्मृति में नहीं भासता; अतः प्रथम मत सर्वथा अमान्य हुआ।

दूसरा मत भी युक्तिसंगत नहीं है, क्योंकि इस पक्ष में भी एक ही साथ सभी वर्णों के श्रावणप्रत्यक्ष होने से पौर्वापर्यविशिष्ट वर्णघटित पद का स्वरूप उपपन्न नहीं होगा, प्राथमिक उत्पत्तिक्रम का आरोप कर यदि पौर्वापर्य का ज्ञान किया जायगा, तो वही पूर्वोक्त आपत्ति आ जायगी, अथ च भ्रमात्मक ज्ञान वस्तु की सत्ता का साधक नहीं होता।

२—टि०—"एकजातीय बुद्धिविषयत्वौपाधिकी, एकं पदम्" यह प्रतीति पदगत-एकत्वविषयक नहीं है, अपितु घटादि पदों की भिन्नता होने पर भी घटादि-पदों की जो एकजातीय-बुद्धि उसके कारण वह प्रतीति बन जायगी, अर्थात् घटादि-पदविषयक जो एकसमूहालम्बनात्मक स्मृति-रूप बुद्धि (शब्द के उच्चारणभेद से स्मृति में भेद होने पर भी उसमें स्मृतित्व-जाति एक है) तद्गत जो एकत्व-धर्म उसका घटादि पदों में आरोप करके 'एकं पदम्' यह प्रतीति संगत हो जायगी। अथवा पूर्वोक्त जो स्मरणात्मक बुद्धि, वह तो एक ही है, उसी का एकत्व-धर्म पद में आरोपित करके उक्त प्रतीति हो जायगी।

रत्नप्रभा-टीका में एकार्थविषयकबोधजनकपदघटकवर्णविषयक होने से—घटादिपदघटकघकाराकारादि-विषयक बुद्धियों के अनेक होने पर भी, अर्थगत एकत्व से एकजातीय मानकर एकजातीय-बुद्धिविषयत्वरूप उपाधि से 'एकं पदम्' यह प्रतीति बन जायगी, ऐसा कहा गया है, वह पक्ष गौरवग्रस्त है।

उपाधि का धर्म उपधेय में आरोपित होता है। जैसे जपा-पुष्परूप उपाधि का लोहितत्व-धर्म स्फटिकमणि में आरोपित करके 'लोहित-स्फटिक' ऐसा व्यवहार होता है।

३—टि०—आनुपूर्वी-पूर्वस्य पश्चात् अनुपूर्वम्, पश्चादर्थेऽव्ययीभावसमासः। अनुपूर्वं भाव आनुपूर्वी, पौर्वापर्यम्, व्यवधान न रहते हुये घ विषयक ज्ञान के ध्वंस से विशिष्ट जो ज्ञान उसका विषय जो ट—शब्द, तद्वृत्ति धर्म, घटशब्द की आनुपूर्वी है, किन्तु मूलकार का यह कथन संकेत-मात्र है, वस्तुतः व्यवधान न रहते हुये घ-ज्ञान-ध्वंसविशिष्ट जो अकार का ज्ञान, उसके ध्वंस से विशिष्ट जो टकार-ज्ञान, उसके ध्वंस से विशिष्ट जो अकार-ज्ञान, तद्विषय जो अकार तन्निष्ठ-धर्म को आनुपूर्वी कहना चाहिये; ध्वंस का वैशिष्ट्य ज्ञान में सामानाधिकरण्य-सम्बन्ध (एक काल में एक आत्मा में रहना) से जानना चाहिए। अर्थात् पूर्ववर्ण के श्रावणप्रत्यक्ष-रूप ज्ञान का ध्वंस जिस आत्मा में, जिस काल में हो, उसी आत्मा में, उसी काल में, अपरवर्ण का जो ज्ञान, उसका विषय जो वर्ण उसमें वर्तमान धर्म को आनुपूर्वी समझना चाहिये, यदि पूर्ववर्ण के ज्ञान के ध्वंसाधिकरण क्षण में उत्पन्न अन्यवर्ण का जो ज्ञान, उसमें तथा पूर्ववर्णज्ञान ध्वंस के अधिकरणीभूत आद्य-क्षण में अतिरिक्तकाल का व्यवधान न हो। अर्थात् पूर्ववर्णज्ञान के ध्वंस का अधिकरण जो प्रथम-क्षण उसी में द्वितीयवर्ण का श्रावणप्रत्ययक्षरूप ज्ञान होना चाहिए, उसके बीच में अतिरिक्तकाल का व्यवधान न हो।

४—शक्ततावच्छेदकत्वे सैव दुरवस्था—यद्यपि वाच्यवाचक-भावरूप शक्ति के आश्रय अर्थ एवं पद दोनों होते हैं, तथापि घट-पट आदि अर्थ वाच्य या शक्य कहे जाते हैं, घट-पट आदि शब्दों को वाचक या शक्त कहा जाता है, इसलिये घट-पट

अत्रोच्यते । प्रलये नियतकालपरिपाकानां सर्वप्राणिकर्मणामुपभोगेन प्रलयाल्लीनसर्वजगत्का माया चेतने ईश्वरे लीयते । लयश्चायमपुनःप्रादुर्भावफलको नात्यन्तिको नाशः । उत्तरसर्गानुपपत्तेः ।

कु०—स्फोटस्यैव वाचकत्वं दर्शयितुमाह—अत्रोच्यते इति । प्रलये भौतिकादिप्रलये । महाप्रलयस्वीकारे तु सर्वकर्मणामेव नाशो भवति, ततश्च शेषकर्माभावे पुनः शरीरारम्भानापत्तेः । अत एव यदिह रमणीयचरणास्ततः शेषेणेत्यादि श्रूयते । नियतेति । नियतकालं परिपाको भोगो येषाम् । लीनसर्वजगत्केति । भुक्तभोग्यानां प्राणिनां मायायां लयः । तस्याश्चेश्वरे इत्यर्थः । एवञ्च कारणनाशात्कार्यनाश इति तार्किकोक्तमयुक्तम् । तथा च रज्जूरगादिवदपृथग्भूतानामात्मन्यध्यस्तानां वियदादीनां शुद्धे ब्रह्मणि लयो भवति । स च मृदि घटस्येवानुपलब्धिरूपः, किन्तु रज्ज्वामहेरिव । तत्र बुद्धिवृत्तेरपि लीनत्वादेनं न कश्चिद्वेद । स च लयः कालविशेषावधिसापेक्षः । तत्र लीनं सर्वमुत्थानसंकल्पं विना सुप्तवत्तिष्ठति तस्यामवस्थायाम् । यथा जतु काष्ठसंयोगेषु(१)-पृथङ्न दृश्यते, यथा वा जलसैन्धवरसौ एकलीभूतौ पृथक्त्वेन नानुभूयेते तथाऽत्र न तमृतेऽन्यत् ज्ञायते रज्ज्वामिव सर्पबाधे तदतिरिक्तवत्, अत एवाहङ्कारशून्यत्वान्न प्रमाता । साक्ष्यभावान्न द्रष्टा । साक्षिवृत्तेरपि लयान्न ज्ञाता । चरमान्तःकरणवृत्त्या ब्रह्मविद्याख्यया प्रपञ्चं विषयीकरोति । एवञ्च सर्वं जगदुपसंहृत्य शुद्धचिन्मात्ररूपेणावतिष्ठते । तदुक्तं हरिणा—

प्रकृतौ प्रविलीनेषु भेदेष्वेकत्वदर्शिनाम् ।
द्रव्यसत्त्वं प्रपद्यन्ते स्वाश्रया एव जातयः ॥ इति ॥

आदि अर्थों में वाच्यता या शक्यता रहती है, घट-पट आदि शब्दों में वाचकता या शक्तता रहती है । अर्थवृत्ति घटत्व-पटत्व आदि जातियाँ वाच्यता या शक्यता की अवच्छेदिका (नियामिका) होती हैं । पद-वृत्ति घटपदत्व-पटपदत्व आदि धर्म वाचकता या शक्तता के अवच्छेदक होते हैं ।

वह घटपदत्व अखण्डपदस्फोटपक्ष में तो जातिरूप है, परन्तु सखण्डपक्ष में घकारोत्तर, अकारोत्तर, टकारोत्तर जो अकार तद्गत धर्म-रूप है, इसी को आनुपूर्वी कहते हैं । क्षणघटित होने से यह भिन्न-भिन्न होती है ।

अतः ज्ञानघटित आनुपूर्वी पक्ष का स्वीकार किया गया, इस पक्ष में 'व्यवधानाभावे सति' कहने से अव्यवहितोत्तरत्व का लाभ हो गया, अब श्रवणेन्द्रिय से इसका प्रत्यक्ष न होकर मन से होगा । ज्ञान-विषयकमानसप्रत्यक्षरूप ज्ञान, ज्ञानविषयविषयक होने से घकाराकार-टकाराकार को भी विषय कर लेगा । परन्तु ज्ञानरूप व्यक्ति के भेद में इस पक्ष में भी वह दोष आ ही गया ॥ ४४ ॥

---

१. हस्तलिखितपुस्तके नकाररहितः पाठः ।

नापि सर्वथाऽभानम्। प्रतिभासमात्रशरीरस्य मिथ्यावस्तुनोऽनवभासे तदभावस्यैवापत्तेः। किन्तु सुप्तेव तिष्ठति, कार्यप्रवृत्त्यभावात्। स्वप्रतिष्ठेश्वरप्रकाशस्यात्यन्तनिर्विकल्पकतया तद्बलाद्भासमानाऽप्य-

---

मूलप्रकृत्या ब्रह्मणा वा ये जगत एकत्वमभेदेन पश्यन्ति तेषां मते निरन्वयविध्वंसाभावान्महासामान्यरूपे तस्मिन्मूलकारणे लयमात्रं महाप्रलय इति शक्तिरूपेषु पदार्थेषु यथायथं शक्तियोगः, द्रव्यात्मना तदानीमपि जातीनां सत्त्वं द्रव्यान्तरस्याभावात्। ईश्वरे इति। यथा स्फटिके जपाकुसुमसन्निधानातप्राक्तत्वावभासस्तत्रैव स्फटिकांशप्रमोषे यद्गगनत्वावभासः, एवं शुद्धायां चिति मायोपाधिसान्निध्यादीश्वरत्वाध्यासः। सोऽयमात्मा आवरणविक्षेपशक्त्या अविद्याया आश्रयः। तत्राऽऽवरणांशेन शुद्धरूपतिरोधानं विक्षेपांशेन ईशादिस्थूलदेहान्तानां प्रतिभासः। तयोर्विवृत्तौ शुद्धचित्(१)स्वरूपेणावतिष्ठते। लयश्चायमिति नात्यन्तिक इत्यत्रान्वयः। अत एव सहस्रयुगपर्यन्तं लयः। आत्यन्तिकलयस्तु मुक्तावेव। प्रतिभासमात्रेति। रज्जौ सर्पावभासवदद्वैतनये मिथ्याभूतस्य प्रपञ्चस्य अनादिमिथ्यावभासनिमित्तकल्पनयैव सत्त्वात्। मायाकल्पितत्वमपि हि व्यवहारदृष्टयैव, न वस्तुतः। प्रातीतिकतद्रूपेणैव व्यवहारस्योत्पन्नत्वात्। तदभावस्येति। आत्यन्तिकस्येति शेषः। सुप्तेवेति। कार्याजनकत्वात्सुप्ता इव तिष्ठतीत्यर्थः। प्रधानांशतमस्समुद्रेकेणान्यानवभासो हि स्वापः। तथा च कर्मविक्षेपसंस्कारसहितलक्षणाविद्यावशेषतासाम्येन स्वापसादृश्यं लयस्य। तत्र ह्यन्तःकरणादयोऽविद्यायां सूक्ष्मरूपेण शक्तिरूपेण वासनाभिः सहावतिष्ठन्ते। एवञ्च सूक्ष्मरूपेण स्थिता शक्तिः स्थूलरूपेण विवर्तते। एतेन शक्तिमिश्रिताद् ब्रह्मणः पुनः शक्तेः कथमुत्पाद इत्यपास्तम्।

स्वप्रतिष्ठेति। स्वरूपमात्रे प्रतिष्ठितस्येश्वरप्रकाशस्येत्यर्थः। प्रकाश्यप्रकाशकहीनस्येति यावत्। अनौपाधिकचैतन्यं हि तस्य स्वरूपम्। विषयविषयिणोर्भेदाभावाद्धर्मान्तरस्य चाभावादिति भावः। अत्यन्तेति। तार्किकप्रसिद्धनिर्विकल्पकं धर्मधर्मिविषयम्। ब्रह्मात्मकं तु ज्ञानं निर्विषयमेव। प्रातिपदिकार्थमात्ररूपेणावस्थितं निर्विकल्पकमविद्याकृतभेदनिवृत्तौ शुद्धरूपेणावस्थानात्। अभानप्रायैवेति। मायाया भाने तु चित्तेः सविकल्पकत्वापत्तौ निर्विकल्पकत्वं भज्येत। अपरिपक्वेति। अभुक्तेत्यर्थः। संस्कारस्यानादित्वाच्च न पूर्वसर्गकर्मशेषविरोधः। नन्वीश्वरस्यानादित्वे "तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेय" इति सृष्टिसमये आगन्तुकमोक्षणं कथमुपपद्यतामिति चेत्। सत्यम्। यथा विषयेन्द्रियसन्निकर्षाज्ज्ञेवोपाध्यन्तःकरणवृत्तिभेदा जायन्ते, एवं सृज्यमानप्राणिकर्मवशेन परमेश्वरोपाधिभूतायां मायायां वृत्तिभेदा "इदमिदानीं स्रष्टव्यम्" इत्याकारका जायन्ते। प्राप्तपरिपाकैः। उपस्थितपरिपाकैः। प्राणिकर्मपरिपाकवशेन सिसृक्षावशात् "एकोऽहं बहु स्याम्" इति भगवतो बुद्धिर्भवति। अबुद्धेति। अविद्या परस्येश्वरस्य

---

१. चितिरूपेण इति पाठान्तरम्।

भानप्रायैव। ततोऽपरिपक्वप्राणिकर्मभिः कालवशात् प्राप्तपरिपाकैः स्वफलप्रदानाय भगवतोऽबुद्धिपूर्विका सृष्टिर्मायापुरुषावाविर्भवतः। ततः परमेश्वरस्य सिसृक्षात्मिका मायावृत्तिर्जायते। ततो बिन्दुरूपमव्यक्तं त्रिगुणं जायते। इदमेव शक्तितत्त्वम्। तस्य बिन्दोरचिदंशो

स्वभावो लीलेति चोच्यते। नन्वसङ्गोदासीनस्य परमार्थतो निरतिशयस्य शक्तिशक्तिमतोरभेदेन शक्तेरप्यभावाच्च स्रष्टत्वासम्भव इत्यत आह—मायापुरुषाविति। तदुक्तं सूतसंहितायाम्—

ब्रह्मरूपात्मनस्तस्मादेतस्माच्छक्तिमिश्रितात्। इति।

शक्तिमिश्रितात्—मायोपहितात्। मायाशबलादिति यावत्। अयं भावः—अद्वितीयस्य ब्रह्मणः क्रीडाया असम्भवादिच्छोत्पद्यते, सैव माया। तदुक्तं काशीखण्डे—

यदेकलो न शक्नोषि रन्तुं स्वैरचर प्रभो।
तदिच्छा तव योत्पन्ना सैव शक्तिरभूत्तव॥
त्वमेको द्वित्वमापन्नः शिवशक्तिप्रभेदतः॥ इति।

कार्यरूपबिन्दोस्त्रैविध्यमाह—बीजमिति। शक्तिरित्यर्थः। चिदचिन्मिश्रः—तत्सम्बद्धः। चिदंशः—ब्रह्मरूपः॥ ४५॥

क०—एवं पूर्वपक्षे वाचकस्वरूपं वक्तुमादौ तदुपयोगिनामरूपसृष्टिप्रक्रियां वक्तुमादौ परमतासाङ्गत्याय तदुपयोगगिप्रलयस्थितिपूर्विकां सृष्टिप्रक्रियामाह—प्रलय इत्यादिना। प्रलये—खण्डप्रलये। नियतेति हेतुगर्भं विशेषणम्। सर्वत्वं प्राणिविशेषणम्। उपेति। तत्फलभोगेनेत्यर्थः। ईश्वरे—ब्रह्मणि। लयश्चेति। मायाया इति शेषः। आत्यन्तिक इत्यस्य व्याख्या पुनरिति(१)। तेषां प्राणिनामित्यर्थः। उत्तरेति। तस्य च "धाता यथापूर्वम्" इत्यादिश्रुत्या सिद्धत्वादिति भावः। मात्रपदेन व्यावहारिकत्वादिव्यवच्छेदः। अनवेति। सर्वथेत्यादिः। इष्टापत्तावुक्त एव दोषः। लयादेवाह—सुप्तेवेति। न तु सुप्ता तदसम्भवादिति भावः। (२) अत एवाह—कार्येति। अभानप्रायत्वेऽपि मध्यमणिन्यायेन हेतुरयम्। तदानीमपि तत्सत्त्वमाह—स्वप्रतिष्ठेति। न तु सूर्यादिप्रकाशवदिति भावः। अतएव सर्वथेतरनिरपेक्षत्वेनान्यनिर्विकल्पकं वैलक्षण्यमाह—अत्यन्तेति। अत एवाह—तद्बलादिति। प्राग्वदेवाह—प्रायैवेति। अथ तन्त्रप्रतिपादितसृष्टिप्रक्रियामाह—तत इति। ततः—प्रलयानन्तरम्। प्राणीति। प्राण्यन्तरेत्यर्थः। स्वफलेति। स्वस्वकर्मफलेत्यर्थः।

---

१. तस्या वैयर्थ्यमाह—अपुनरिति। इति पाठान्तरम् ख० पु०।
२. तत्र हेतुमाह—कार्येति। इति हस्तलिखितपुस्तके पाठान्तरम्।

बीजम्, चिदचिन्मिश्रोंऽशो नादः, चिदंशो बिन्दुरिति । अचिच्छब्देन शब्दार्थोभयसंस्काररूपाऽविद्योच्यते ॥ ४५ ॥

एतेन वैषम्यादिनिरासः । तत्र स्वस्य फलाभिसन्धेरभावादाह—अबुद्धीति । तयोः प्रकाशरूपा सृष्टिरित्यर्थः । अनेन कर्मणां मायायाश्चानादित्वमुक्तम् । ततः—उभयप्रादुर्भावानन्तरम् । ततः—मायावृत्त्युत्पत्त्यनन्तरम् । मायावृत्तित एवेति भावः । त्रिगुणम्—सत्त्वरजस्तमोगुणात्मकम् । अस्यावश्यकतामाह—इदमेवेति(१) । ईश्वरस्येति भावः । (२)त्रिगुणत्वं सफलयति—तस्येति । व्युत्क्रमेणेति भावः । अचिच्छब्देनात्र न माया, तस्या मूलभूतत्वेन एतदनंशत्वादाह—अचिदिति । तत्स्वरूपमाह—शब्देति ॥ ४५ ॥

सरला—इस प्रकार दर्शनान्तरीय पक्ष का प्रत्याख्यान करके वाचक शब्द के वास्तविक स्फोटात्मक-स्वरूप को बताने के लिये सृष्टि, स्थिति एवं प्रलय की प्रक्रिया का निरूपण करते हैं—अत्रोच्यते, इत्यादि वाक्य से । खण्ड-प्रलय में सभी प्राणियों के कर्मों का नियत-काल में उपभोग होने से एक ही साथ क्षय होने से समस्त प्रपञ्च को अपने में लीन करती हुयी माया (अविद्या) चेतन (परमात्मा) में लीन हो जाती है । यह लय आत्यन्तिक नाश-रूप नहीं है, जिससे पुनः प्रपञ्च का प्रादुर्भाव न होवे, किन्तु उत्तरकालिक सृष्टि के अनुरोध से पुनः प्रादुर्भाव-फलक है ।

सर्वथा प्रपञ्च का भान न होना भी लय का स्वरूप नहीं कहा जा सकता, क्योंकि मिथ्या-प्रपञ्च का अनादि आभास भी मिथ्या ही है, उसका यदि अवभास भी न माना जाय तो शशविषाण के समान प्रपञ्च के अत्यन्ताभाव की ही स्थिति समक्ष आ जायगी । अतः प्रपञ्च-रूप कार्य की उत्पत्ति उस समय न करने से सोयी हुयी के सदृश-माया सूक्ष्म-रूप में रहती है ।

दूसरे से अप्रकाश्य स्वयं प्रकाश-स्वरूप परमेश्वर अनुपाधिक दशा में अत्यन्त निर्विकल्पक रूप में माना जाता है, उसके सम्बन्ध से भासमान होती हुयी भी माया अभासित ही मानी जाती है, क्योंकि उस समय माया के द्वारा प्रपञ्च-रूप कार्य का अभाव रहता है । इसी कार्य-दर्शन से ही उसका ज्ञान होता है, उसके अभाव से माया

---

१. अत्रान्यसम्मतिमाह—इदमेवेति । तदुक्तं शेषागमसारे भोजराजेन—

"पुंसो जगतः कृतये मायातस्तत्त्वपञ्चकं भवति ।
कालो नियतिश्च तथा कला विद्या च रागश्च" ॥ इति ।

तत्त्वपञ्चकं–शिवशक्तिसदाशिवेश्वराविद्यात्मकम् । एतानि मायासहितानि शुद्धान्येकादश ।

२. त्रिगुणत्वं सफलयन्नवान्तरभेदं तत्तत्संज्ञं कथयति—तस्येति । इति पाठान्तरं द्वितीयपुस्तके ।

अस्माद् बिन्दोः शब्दब्रह्मापरनामधेयं वर्णादिविशेषरहितं ज्ञानप्रधानं सृष्ट्युपयोग्यवस्थाविशेषरूपं चेतनमिश्रं नादमात्रमुत्पद्यते। एतज्जगदुपादानमेव रवपरादिशब्दैर्व्यवह्रियते।

बिन्दोस्तस्माद्भिद्यमानाद्रवोऽव्यक्तात्मकोऽभवत्।
स एव श्रुतिसम्पन्नैः शब्दब्रह्मेति गीयते॥

कु० – रव–परादीति। रवशब्देन पराशब्देन चोच्यत इत्यर्थः। तस्मात्पराद्बिन्दोरव्यक्तो रवोऽभूदित्यर्थः। मूलाधार इति। षण्णवत्यङ्गुलो देहायामः। तत्राष्टचत्वारिंशन्मितमधस्तादुपरि च परित्यज्य मध्ये मूलाधारः। तदाहुः—

पाय्वन्ताद्(१)द्व्यङ्गुलादूर्ध्वं लिङ्गाच्च द्व्यङ्गुलादधः।
मध्यमेकाङ्गुलं यच्च देहमध्यं प्रचक्षते॥ इति॥

नवाङ्गुलोर्ध्वतस्तस्मादस्ति कन्दोऽण्डसन्निभः।
चतुरङ्गुलविस्तारस्तन्मध्यं नाभिरुच्यते॥ इति॥

कुण्डलिनी(२) मूलप्रकृत्यात्मिका महदादिभिर्वेष्टिता सर्पवत्तिष्ठति। मूलाधारादुत्थितः पवनो नाडीद्वारेण कार्याणि करोतीति पातञ्जले स्पष्टम्। सङ्गीतरत्नाकरेऽपि—

गुदलिङ्गान्तरे चक्रमाधाराख्यं चतुर्दलम्।
अस्ति कुण्डलिनी ब्रह्मशक्तिराधारपङ्कजे॥

का भान नहीं होता, फिर भी उसकी सत्ता तो है ही, इसीलिये 'सुप्ता इव तिष्ठति, भासमानाऽपि' इन शब्दों का प्रयोग किया गया है। इसके पश्चात् प्राणियों के जो कर्म अपरिपक्व अर्थात् फल देने में उन्मुख नहीं थे, वे समय पाकर प्राप्त-परिपाक अर्थात् फल देने के लिये उन्मुख हो गये। अब परमेश्वर की अबुद्धिपूर्विका सृष्टि चल पड़ी, उसका आरम्भ माया तथा पुरुष के प्रादुर्भाव से हुआ। इसके पश्चात् परमेश्वर की सिसृक्षा-रूप सृष्टि करने की इच्छा-रूप माया की वृत्ति उत्पन्न होती है।

ततः त्रिगुणात्मक (सत्त्वरजस्तमो-रूप) अव्यक्तावस्था वाले विन्दु-नामक पदार्थ का प्रादुर्भाव होता है, इसी को शक्तितत्त्व भो कहा जाता है। इस विन्दु में तीन अंश होते हैं, अचिद्-रूप (अज्ञानरूप) अंश बीज कहलाता है, चिद् तथा अचिद् मिलकर नाद कहे जाते हैं, शुद्ध चिन्मात्र अंश को विन्दु ही कहते हैं, अचित् शब्द से अविद्या कही जाती है, जो शब्द तथा अर्थ के संस्काररूप में मानी जाती है॥ ४५॥

---

१. "पाय्वन्तादप्यङ्गुलात्" इति पाठो हस्तलिखितपुस्तकद्वयेऽपि दृश्यते।
२, "कुण्डलीमूल" इति पाठो दृश्यते।

इत्युक्तेः । एतत्सर्वगतमपि प्राणिनां मूलाधारे संस्कृतपवनचलने-नाभिव्यज्यते ज्ञातमर्थं विवक्षोः पुंस इच्छया जातेन प्रयत्नेन योग एव मूलाधारस्थपवनसंस्कारः तदभिव्यक्तं शब्दब्रह्म स्वप्रतिष्ठतया(१) निष्पन्दं परा वागित्युच्यते । तदुक्तं हरिणा—

आधाराद् द्व्यङ्गुलादूर्ध्वं मेहनाद्द्व्यङ्गुलादधः ।
एकाङ्गुलं देहमध्यं तप्तजाम्बूनदप्रभमिति ॥

पवनस्योत्पत्तिश्च मूलाधारे भवति । तदुक्तम्—

देहेऽपि मूलाधारेऽस्मिन्समुद्यति समीरणः ॥ इति ।

अत एव तस्य मूलाधारे व्यञ्जकत्वम् । सर्वगतमपि—सर्वत्र व्याप्तमपि । पवन-संस्कार इति । इच्छया जातेन प्रयत्नेन मूलाधारस्थः पवनो युज्यत इत्ययमेव संस्कार इत्यर्थः । शब्दब्रह्मेति । अयम्भावः—यथा विषयेन्द्रियसन्निकर्षादिकारणवशेन जीवो-पाध्यन्तःकरणवृत्तिभेदा जायन्ते, तथा सृज्यमानप्राणिकर्मवशेन परमेश्वरोपाधिभूतमा-यायां वृत्तिभेदा जायन्ते इति । एतेन पूर्वोक्तप्रक्रियायां ब्रह्मणो निमित्तकारणत्वावगमात् "एतस्मादात्मन" इति श्रुतौ "जनिकर्तुः" इत्यपादानलक्षणपञ्चम्यनापत्तिरित्यपास्तम् । "स ऐक्षत, एकोऽहं बहु स्याम्" इति श्रुतौ ईक्षितृत्वश्रवणेन निमित्तत्वाद्बहुवचनश्रवणेन चोपादानत्वस्यापि स्वीकारात् । तथा च हेताविति निमित्तपञ्चम्यपि तन्त्रेण बोध्या । एवञ्च शुद्धब्रह्मणो निर्विकारत्वमेव । ऋग्वेदेऽपि "वागेव विश्वा भुवनानि जज्ञे, वाचक-इत्सर्वममृतं यच्च मर्त्यम्" इति । "छन्दोभ्य एव प्रथममेतद्विश्वं विवर्तते" इति च । स्वप्रतिष्ठतयेति । आधारान्तरनिराकरणायैतत् । निष्पन्दम्—शून्यम्(२) । पश्यन्त्यां स्पन्दसामान्यमेवास्ति स्पन्दविशेषस्तु मध्यमायाम् । अनादीति । आदिनिधनरहितं शब्दोपग्राह्यतया शब्दतत्त्वं स्थितिप्रवृत्तिप्रविभागादिशब्देन उच्यते । तच्चाक्षरनिमित्त-त्वादक्षरं प्रत्यक्चैतन्ये निवेशितस्य परबोधार्थमभिव्यक्तेः अर्थभावेन विवर्तते तत्त्वाद-प्रच्युतमेकं भेदानुकारेणासत्यानेकरूपतां प्राप्नोति । अभिधाशक्तिप्रवृत्तिमात्रं शब्दात्मकं ब्रह्मैव तत्तत्पदार्थरूपेण विवर्तते । यतः शब्दरूपाज्जगतो विकाराः क्रियन्ते इति । यत इति । नात्रारम्भवादः परिणामवादो वा विवक्षितः किन्तु विवर्तवादः । यथा रज्जुः स्वयमविकृतैव सती मायया सर्पाकारेण विवर्तते । कारणस्वरूपाविरोधे च कार्यप्रति-भासः । अतो ब्रह्मणो निर्विकारत्वान्न नित्यत्वविरोधः ॥ ४६ ॥

---

१. "निस्स्यन्दम्" इत्यपि पाठः ।

२. निस्स्यन्दम्—स्यन्दशून्यम् । इति हस्तलिखितपुस्तकद्वयेऽपि पाठः ।

अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरम् ।
विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यतः ।। इति ।। ४६ ।।

क०—अत एवाह—अस्मादिति। अव्यक्तात्त्रिगुणादित्यर्थः। तत्र रजसः प्रवर्तकत्वादिति भावः। आदिना पदादि। शब्दार्थयोः सामान्यतो गुणाभावादाह—ज्ञानेति। मात्रपदेनांशान्तरव्यवच्छेदः। सृष्ट्युपयोगित्वं विशदयति-एतदिति। तथा च श्रुतिः—"वागेव विश्वा भुवनानि जज्ञे" इति। आदिना शब्दब्रह्मादिपरिग्रहः। आचार्योक्तिमाह—विन्दोरिति। उक्तं हि प्रपञ्चसारे—

प्रकृतिः पुरुषश्चैव नित्यौ कालश्च सत्तम ।

इत्युपक्रम्य प्रकृतिमुपवर्ण्य कालभेदमुक्त्वा,

प्रकृतेश्च क्वचित्कालो विकृतिं प्रतिपादयेत् ।
सा तत्त्वसंज्ञा चिन्मात्रज्योतिषः सन्निधेस्तदा ।।
विचिकीर्षुर्घनीभूता क्वचिद(१)भ्येति विन्दुताम् ।
कालेन भिद्यमानस्तु स विन्दुर्भवति त्रिधा ।।
स्थूलसूक्ष्मतरत्वेन तस्य द्वैविध्यमिष्यते ।
स विन्दुर्नादबीजत्वभेदेन च निगद्यते ।।

इत्युक्त्वोक्तं तैर्विन्दोरिति। उभयत्र रव इति पाठः। एवमग्रेऽपि भिद्येति हेतुगर्भं विशेषणम्। अंशत्रययुक्तादित्यर्थः। वर्णादिविशेषरहितत्वादाह—अव्यक्तेति। तदेव स्पष्टयति—एतदिति। अत एवाह—सर्वेति। एतेनैतदाद्यवस्थात्रयस्यैव वैखरीभिन्नस्य सर्वप्राणिषु सार्वदिकस्येश्वरशक्तिरूपत्वेन व्यापकत्वेऽपि तत्तत्स्थाने योग्यादेरभिव्यक्तेस्तत्स्थानस्थेत्युच्यते इति सूचितम्। मूलेति। कुण्डलिन्यामित्यर्थः। जातेन तत्रैव तदिति। तादृशपवनचलनेन तत्रैवाभिव्यक्तमित्यर्थः। परत्वोपपत्तये हेतुगर्भं विशेषणमाह—स्वप्रेति। अक्षरम्—व्यापकम्। विवर्तत इत्यनेन पश्यन्त्यादयोऽप्यस्या विवर्त्ता एवेति सूचितम्। अर्थभावेन—अर्थस्वरूपेण। ननु तस्य पश्यन्त्यादिविवर्तसम्भवेऽपि तेन रूपेण कथं विवर्तो विरुद्धत्वादत आह—प्रक्रियेति। यतो यस्माज्जगत उत्पत्तिरित्यर्थः शब्दार्थोभयसंस्काररूपाविद्यामिश्रितत्वेनाविरोधादिति भावः। शक्तिशक्तिमतोरभेदादियं चेतनैव। अत एव शारदादावित एव सर्वसृष्टिः स्पष्टमेवोक्ता, अस्याश्चेतनत्वं च। एवञ्चैतद्विवर्तभूतं पश्यन्त्याद्यवस्थात्रयमपि चेतनमिति बोध्यम्। इत्थं हि तत्रोक्तम्—

सच्चिदानन्दविभवात्सकलात्परमेश्वरात् ।
आसीच्छक्तिस्ततो नादो नादात् विन्दुसमुद्भवः ।।

१. भ्योर्वीति पाठान्तरम् ।

परशक्तिमयः साक्षात्त्रिधाऽसौ भिद्यते पुनः ।
विन्दुर्नादो बीजमिति तस्य भेदाः समीरिताः ॥
विन्दुः शिवात्मको बीजं शक्तिर्नादस्तयोर्मिथः ।
समवायः समाख्यातः सर्वागमविशारदैः ॥
रौद्री विन्दोस्ततो नादात् ज्येष्ठा बीजादजायत ।
वामा ताभ्यः समुत्पन्ना रुद्रब्रह्मरमाधिपाः ॥
सज्ञानेच्छाक्रियात्मानो वह्नीन्द्वर्कस्वरूपिणः ।
भिद्यमानात्परात् विन्दोरव्यक्तात्मा ततोऽभवत् ॥
शब्दब्रह्मेति तं प्राहुः सर्वागमविशारदाः ॥ इति ।

समवायः सम्बन्धः क्षोभ्यक्षोभकरूपः सृष्टिहेतुः । भिद्यमानादिति । पराद्विन्दोरित्यनेन(१) शक्त्यवस्थारूपो यः प्रथमो विन्दुस्तस्मादव्यक्तात्मा वर्णादिविशेषरहितोऽखण्डो नादमात्रं रव उत्पन्नः । तत्स्वरूपमेवाह—शब्देति । तदुक्तमाचार्यैः—

स रवः श्रुतिसम्पन्नैः शब्दब्रह्मेति कथ्यते ॥ इति ।

उक्तं च "क्रियांशात्परम्" इति ईश्वरप्रत्यभिज्ञायाम् ।

यत इच्छति तज्ज्ञातुं कर्तुं वा स्वेच्छया क्रिया ।
अनन्तरं हि तत्कार्यज्ञानदर्शनशक्तिना ॥
ज्ञानशक्तिस्तदर्थं हि योऽसौ स्थूलः समुच्चयः ।
सा क्रियाशक्तिरुदितो ततः सर्वं जगत्परम् ॥
इति पदार्थादर्शे च ॥ ४६ ॥

सरला—इस विन्दु से शब्दब्रह्म नाम वाला नाद उत्पन्न होता है, इसमें वर्ण-पद-वाक्य का भान नहीं होता, यह ज्ञानप्रधान स्वरूप-वाला है, सृष्टि के लिये उपयोगी जो अवस्था-विशेष, उससे संपृक्त तथा चेतन-तत्त्व से मिश्रित इसका स्वरूप होता है। यह समस्त जगत् का उपादान (समवायि) कारण ही माना जाता है, इसको 'रव' तथा 'परा' शब्द से संबोधित किया जाता है।

प्रपञ्चसार ग्रन्थ में कहा भी गया है कि–उस स्थूल द्वितीय विन्दु के फूटने से अव्यक्त रव (ध्वनि) हुआ, उसी रव को शब्दब्रह्म नाम से भी संकेतित किया गया है। यह शब्दब्रह्म सर्वत्र व्याप्त होता हुआ भी प्राणियों के मूलाधार में (गुदचक्र के ऊर्ध्वभाग में) संस्कार-युक्त पवन के चलने से अभिव्यक्त होता है।

---

१. "शक्त्यवस्थारूपः" इति पाठान्तरम् ।

वर्णों के उच्चारण की इच्छा से उत्पन्न जो प्रयत्न उसका वायु के साथ योग होने ही से पवन का संस्कार माना जाता है। उससे अभिव्यक्त जो शब्दब्रह्म वह स्वप्रतिष्ठ होने से स्पन्दन (स्फुरण) से रहित "परा वाग्" कहा जाता है। इसी बात को आचार्य श्री हरि ने भी कहा है–कि आदि अन्त से रहित, व्यापक जो ब्रह्म वही शब्दतत्त्व है। इसी का प्रथम विवर्त जगत् का मूलभूत वेद है। यही वृक्ष-नदी-पर्वत आदि रूप में विवर्त को प्राप्त हुआ है। जैसे रस्सी में सर्प की भ्रान्ति होती है, वहाँ रस्सी का विवर्त सर्प है। ऐसे ही परब्रह्म (शब्दब्रह्म) का विवर्त समस्त जगत् है, यही अतात्त्विक अन्यथाभाव, अर्थात् अपने स्वरूप में वर्तमान रहते हुए अन्य रूप से प्रतीति का विषय होना–विवर्त-भाव की प्राप्ति है।

१—वि०—वेदान्तदर्शन की रीति से व्याकरणदर्शन भी शब्दब्रह्म को प्रपञ्च का निमित्त तथा उपादान भी मानता है।

'तदैक्षत' उस ब्रह्म ने ईक्षण किया, उससे प्रपञ्च उत्पन्न हुआ, इस श्रुति से निमित्त-कारणता तथा 'बहु स्याम्, प्रजायेय' (छान्दोग्य उप०–६।२।३) श्रुति से विवर्त्युपदान-कारणता सिद्ध होती है।

जैसे इन्द्रिय-विषय-संयोगरूप कारण से जीव की उपाधि अन्तःकरण की अनेक वृत्तियाँ उत्पन्न होती है। ऐसे ही प्राणियों के कर्मों की फलोन्मुखता होने पर परमेश्वर की उपाधिभूत माया में वृत्तियाँ उत्पन्न होती है—उसी में प्रथमवृत्ति सिसृक्षा (सृष्टि करने की इच्छा) कहलाती है।

अतः तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः, आकाशाद् वायुः— (तैत्ति० उप० २।१।१) इस श्रुतिवाक्य में "जनिकर्तुः प्रकृतिः" इस सूत्र से ब्रह्म की अपादान-संज्ञा भी चरितार्थ हुयी। लूतातन्तुन्याय से निमित्तता एवम्, उपादानता दोनों पक्ष की संगति के लिये 'तस्माद्वा एतस्मादात्मनः' इस पञ्चम्यन्त पद में तन्त्र मानना चाहिये। इस प्रकार मायारूप उपाधि से प्रपञ्च की कारणता आने पर भी अनुपहित परा-रूप शब्दब्रह्म तो निर्विकार अकारण ही है।

एक विशेष यह भी है कि परा-वाक् को मञ्जूषाकार यावत् सृष्टिस्थायिनी मानते हुये उसकी सावधिक नित्यता स्वीकार करते हैं, न कि त्रिकालाबाध्यत्वरूप नित्यत्व। परन्तु आचार्य श्री भर्तृहरि उसको अनादिनिधन, अक्षर-पद से संकीर्तित करते हुये वेदान्तवेद्य ब्रह्म से अभिन्न मानते हैं। यद्यपि वाक्यपदीय में पश्यन्ती, मध्यमा एवं वैखरी की ही चर्चा प्रतिपदोक्त मिलती है; तथापि—अत्रातीतविपर्यासः केवलामनु-पश्यति–इस कारिका में केवला पद से परा का भी संकेत समझा जा सकता है। अन्यथा सूक्ष्म पश्यन्ती रूप में ही शब्द-ब्रह्म को बताया गया है—आद्य-चक्र से चलता हुआ वह संस्कृत-पवन जब नाभिचक्र पर आया, तब उससे वही

तदेव नाभिपर्यन्तमागच्छता तेन वायुनाऽभिव्यक्तं मनोविषयः पश्यन्तीत्युच्यते। एतद् द्वयं सूक्ष्मतमसूक्ष्मतरमीश्वराधिदैवं योगिनां समाधौ निर्विकल्पकसविकल्पकज्ञानविषय इत्युच्यते(१)।

ततो हृदयपर्यन्तमागच्छता तेन वायुना हृदयदेशेऽभिव्यक्ततत्तदर्थविशेषतत्तच्छब्दविशेषोल्लेखिन्या बुद्ध्या विषयीकृता हिरण्यगर्भदेवत्या

कु०—तदेव—शब्दब्रह्मैव। सूतसंहितायामपि—

सोऽहं ब्रह्म न संसारी न मत्तोऽन्यत्कदाचन।
इति विद्यात्स्वमात्मानं स समाधिः प्रकीर्तितः॥ इति।

निर्विकल्पकेति। तत्त्वं च चिन्मात्रविषयकत्वम्।

समाधिस्तु समाधानं जीवात्मपरमात्मनोः।
ब्रह्मण्येव स्थितिर्या सा समाधिः प्रत्यगात्मनः॥ इति।

योगिनामिति। युक्त्या न। बुद्ध्या। निश्चयात्मिकया। हिरण्यगर्भदेवत्या। तद्रूपप्रणवरूपत्वेन वोपस्थिता दर्शिता। निराधारस्य चोपासनासम्भावादाधारोऽप्युक्तचेतनाधिष्ठानमन्तरेणाचेतनानां प्रकाशकत्वासम्भवादधिष्ठातृदेवताकीर्तनम्। व्यानोदानाभ्यामिति। तथा च श्रूयते "अयं यः प्राणापानयोः सन्धिः स व्यानः यो व्यानः सा वाग्" इति। तथा योगशास्त्रेऽपि—

पराशब्दवाच्य-शब्दब्रह्म अभिव्यक्त अवस्था में आकर मन का विषय बन गया, उसका मानस-प्रत्यक्ष हुआ, अब उसकी पश्यन्ती संज्ञा हो गयी। परा तथा पश्यन्ती ये दोनों शब्दब्रह्म सूक्ष्मतम तथा सूक्ष्मतर रूप हैं, इनका अधिष्ठाता देवता ईश्वर है। योगियों की निर्विकल्पक-समाधि में परा तथा सविकल्पक समाधि में पश्यन्ती का प्रत्यक्ष होता है।

पश्यति सर्वं प्रपञ्चं स्वस्मिन् या सा पश्यन्ती, दृश् धातु से कर्ता अर्थ में शतृ-प्रत्यय हुआ। तथा 'परया दृश्यते या सा पश्यन्ती' परा से जो देखी जाती है, दृश् धातु से कर्म अर्थ में बाहुलक के बल से शतृप्रत्यय हुआ, इस प्रकार दो व्युत्पत्ति हुयी। यही पश्यन्ती-वाक् समस्त प्रपञ्च का मूल है, परा वाक् का प्रथम-विवर्त है। इसी को वेद-वाक् भी कह सकते हैं।

यही 'वागर्थाविव संपृक्तौ पार्वती-परमेश्वरौ' में पार्वतीरूप है। तन्त्रग्रन्थों में "सृष्टि के आरम्भ मे परावाक् की दो तरङ्गें प्रस्फुटित हुयीं। एक तो संविदंश-प्रधान तरङ्ग पश्यन्ती नाम से प्रसिद्ध हुयी, यह संवित्प्रधान होने से प्रकाशकत्व-शक्ति

१. "मनोविषयम्" इति, "ज्ञानविषयम्" इति च नपुंसकलिङ्गनिर्देशः क्वचित् पुस्तकान्तरे दृश्यते।

परश्रोत्रग्रहणायोग्यत्वेन सूक्ष्मा मध्यमा वागित्युच्यते। स्वयं तु कर्णपिधाने सूक्ष्मतरवाय्वभिघातेन उपांशुशब्दप्रयोगे च श्रूयमाणा सेत्याहुः। एतदवस्थात्रयमपि सूक्ष्मतमसूक्ष्मतरसूक्ष्मप्रणवरूपम्।

सैव चास्यपर्यन्तं गच्छता तेन वायुना कण्ठदेशं गत्वा मूर्धानमाहत्य परावृत्य तत्तत्स्थानेष्वभिव्यक्ता परश्रोत्रेणापि ग्रहणयोग्या विराडधिदेवत्या

हानोपादानचेष्टादि व्यानकर्मेति चोच्यते।
उदानकर्म तत्प्रोक्तं देहस्योन्नयनादि यत्॥ इति।

श्लिष्टव्यक्तेति। व्यक्तवर्णा अव्यक्तवर्णा च साधुरसाधुश्चेत्यादिकेत्यर्थः॥ ४७॥

क०—तदेव—पराख्यशब्दब्रह्मैव। वायुनेति। नाभिदेशे इति शेषः। मनोविषय इति पाठः। तस्याजहल्लिङ्गत्वात्। एवमग्रेऽपि। पश्यन्तीति। सूक्ष्मरूपेणावस्थितस्येषत्स्थूलरूपप्रापणरूपविमर्शोन्मुखी बहिर्मुखस्य सदवस्थासामान्यज्ञानात्मिका पश्यदवस्थेश्वरशक्तिरूपत्वात्पश्यन्तीत्यर्थः। उपाधेः प्रत्याख्यानात्सूक्ष्मतमेऽपि सूक्ष्मतरत्वं नानुपपन्नम्। अत एव वक्ष्यति—सूक्ष्मतमेत्यादि। यथाक्रममाह—निर्वीति। अभिव्यक्तेति। पश्यन्त्येवेत्यर्थः। बुद्ध्या—अन्तःकरणेन। परेति। एतदाशयेनैव शब्दतत्त्वविद्भिः शब्दस्यावस्थाचतुष्टयमाम्नातम्।

वैखरी शब्दनिष्पत्तिर्मध्यमाऽश्रुतिगोचरा।
उद्यतार्था च पश्यन्ती सूक्ष्मा वागनपायिनी॥ इति।

अश्रुतिगोचरेति च्छेदः। सा श्रुतिगोचरा न, किन्त्वन्तःकरणग्राह्या, वैखर्येव श्रुतिग्राह्येत्यर्थः। मध्यमेति। परम्पराध्यस्ताभेदेषत्स्थूलज्ञानज्ञेयनादात्मकजगद्रूपा तस्य तथैव पानकरसन्यायेन विमर्शिनी मध्यमा बुद्धिर्यस्या इति व्युत्पत्त्या मध्यमेत्यर्थः। तत्फलमाह—स्वयमिति। तुर्वैलक्षण्ये। निमित्तान्तरमाह—सूक्ष्मेति। आहुः। तत्त्वविदः। एतासां क्रमेण स्वरूपाण्याह—एतदिति।

से सम्पन्न हुयी। दूसरी तरङ्ग आनन्दांशप्रधान हुयी, जिसे परमेश्वर कहा जाता है। इसी से आकाशादि अर्थ-सृष्टि हुयी, प्रथम तरङ्ग पश्यन्ती से मध्यमा प्रभृति शब्दसृष्टि हुयी" ऐसा कहा गया है। 'वागेव विश्वा भुवनानि जज्ञे' इत्यादि श्रुतियों से अर्थसृष्टि में भी वाक्तत्त्व की कारणता सिद्ध होती है वह वाक्तत्त्व 'वाग्वै ब्रह्म' इस श्रुति से ब्रह्मरूप ही है। अतः निमित्तता, उपादानता दोनों उसमें माननी चाहिये। 'तस्माद्वा एतस्मादात्मनः' के द्वारा आत्मोपादानक-प्रपञ्च की सिद्धि होती है। ऐसी दशा में प्रपञ्च को उभयोपादानात्मक मानना चाहिये।

जैसे कोई कपड़ा कार्पास एवं कौशेय (रेशम) उभय-तन्तुओं से निर्मित उभयोपादानक होता है॥ ४६॥

वैखरी वागित्युच्यते । प्रणव एव व्यानोदानाभ्यां सह वैखरीरूपं प्रतिपद्यते । अत एव हरिणा व्याकरणस्य त्रिविधा वाग् विषय इत्युक्तम् ।

वैखर्या मध्यमायाश्च पश्यन्त्याश्चैतदद्भुतम् ।
अनेकतीर्थभेदायास्त्रय्या वाचः परम्पदम् ॥

सैव च । मध्यमैव च । परावृत्त्येति । मुखदेशं प्राप्येति शेषः । अपिना स्वश्रोत्रम् । अपञ्चीकृतभूतकार्यसमष्टिः सूक्ष्मशरीरोपहितो हिरण्यगर्भः । पञ्चीकृतभूतकार्यसमष्टिः स्थूलशरीरोपहितो विराट् । एतदुभयभिन्ना ईश्वरः । अधिदेवतमेतानि त्रीणि रूपाणि । वैखरीति । ज्ञानज्ञेयबोधकस्पर्शिनी । तेनैकप्रयत्नेन वक्त्रे स्वसहायेन प्राणाख्यवाय्वभिहतताल्वादिस्थानकरणजनितैर्वाय्वादिपरिणामैर्वर्णात्मकनादविशेषैरस्मदादिश्रोत्रग्राह्यैः कृतसंस्कारान्तःकरणवृत्त्या क्रमवन्नादमयीव परस्परतादात्म्याध्यासवत् ज्ञानज्ञेयनादरूपेण गृह्यमाणा विशेषेण कठिनत्वात् वैखरीत्यर्थः । तदभिव्यञ्जकवर्णात्मकनादा अपि वैखरीत्युच्यन्ते । तदुक्तम्—वैखरी शब्दनिष्पत्तिरिति ।

ननु वैखर्याः किं स्वरूपमत आह—प्रणव इति । सूक्ष्मेत्यादिः । वैखरीत्वोपपत्तये आह—व्यानोदानाभ्यां सहेति । तेनाभिव्यक्ताविति शेषः । उदानस्य तत्र सत्त्वात्, व्यानस्य सर्वशरीरगतत्वेन तत्रापि सत्त्वादिति भावः । अत एव—पराया वर्णादिविशेषरहितत्वेनाव्यक्तत्वादेव । तदेवाह—वैखर्या इति । अनेकतीर्थभेदायास्त्रय्या वैखर्या मध्यमायाः पश्यन्त्याश्च वाचः । एतद्(१)परं पदं स्थानमित्यद्भुतमित्यर्थः । तीर्थमुपायः प्रकार इति यावत् । (२)तदाह–श्लिष्टेति । वर्णांशे भेदद्वयम् । इदं पदाद्यंशे तदाह—प्राप्तेति । ध्वन्यंशे आह—दुन्दुभीति । रूपा चेति । या तस्या इति शेषः । व्याख्यातमिदं व्याख्यातृभिः । तत्र स्वपरोभयश्रोत्रविषया वैखरी, मध्यमा हृदयदेशस्था पदप्रत्यक्षानुपपत्त्या व्यवहारकारणम् । पश्यन्ती तु लोकव्यवहारातीता । योगिनां तु तत्रापि प्रकृतिप्रत्ययविभागावगतिरस्ति परायां तु नेति त्रय्या इत्युक्तम् ।

स्वरूपज्योतिरेवान्तः परा वागनपायिनी ।
तस्यां दृष्टस्वरूपायामधिकारो निवर्तते ॥

इत्युक्तेः । आह खल्वपि चत्वारि वागिति ऋङ्मन्त्र (३)इति । स च्त्थं—

चत्वारि वाक्परिमिता पदानि, तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः ।
गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति, तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति ॥ इति ।

---

१. एतद् व्याकरणम्, अद्भुतं–विलक्षणं, परमुत्कृष्टं, पदं स्थानमित्यर्थः । इति पाठोऽत्र दृश्यते ।

२. तत्र प्रकृत्यर्थमाह—क्लिष्टेति । इति पाठान्तरम् ख० पु० ।

३. 'ऋक्तन्त्रे' इति पाठान्तरम् ।

इति । एतत्—व्याकरणम् । अनेकतीर्थेति । श्लिष्टव्यक्तवर्णरूपा प्राप्तसाधुभावाऽपभ्रष्टा दुन्दुभिवेणुवीणादिशब्दरूपा चेत्यर्थः ॥ ४७ ॥

वाचः परिमितानि शास्त्रे निर्णीतानि सूक्ष्मतर-सूक्ष्मस्थूलस्थूलतररूपाः परा–पश्यन्ती–मध्यमा–वैखर्याख्या अवस्थाः । एवं चत्वारि पदानि, (१)यानि मनीषिणोऽध्यात्मकुशला ये ते विदुस्तासां मध्ये त्रीणि पदान्यवस्था गुहायामाधारनाभिहृदयेषु निहितानि नेङ्गयन्ति सर्वेषां ज्ञानविषया न भवन्ति, चतुर्थं वैखर्याख्यं मनुष्या वदन्ति, मनुष्यवदने प्रकटीभवतीत्येवमृग्भाष्ये माधवेन, नृसिंहोत्तरतापनीभाष्ये गौडपादैश्च व्याख्यातः । श्रीपतञ्जलिना तु नामाख्यातोपसर्गनिपाताश्चत्वारि पदानीत्यादिना पदचतुष्टयज्ञानसाध्यमनीषित्वसम्पत्तिरूपव्याकरणप्रयोजनपरतयाऽपि व्याख्यातः । उभयत्राप्यस्य तात्पर्यमभियुक्तव्याख्यानबलादवगम्यते । एवमन्येष्वपि निरुक्तादिव्याख्यातेष्वर्थेष्विति बोध्यम् । नन्दिकेश्वरकाशिकायामपीदमुक्तम् ।

अकारः सर्ववर्णाग्र्यः प्रकाशः परमेश्वरः ।
आद्यमन्तेन संयोगादहमित्येव जायते ॥
इकारादिलकारान्ता वर्णाः समभवन्ततः ।
सर्वं परात्मकं पूर्वं ज्ञप्तिमात्रमिदं जगत् ॥

ज्ञप्तेर्बभूव पश्यन्ती मध्यमा वाक् ततः परम् ।
वक्त्रे विशुद्धचक्राख्ये वैखरी सा मता ततः ॥

वृत्तिवृत्तिमतोरत्र भेदलेशो न विद्यते ।
चन्द्रचन्द्रिकयोर्यद्वद्यथा वागर्थयोरपि ॥ इति ॥

इदमेवाभिप्रेत्य वागर्थाविवेत्युपमां चकार कालिदास इति दिक् ॥ ४७ ॥

सरला - अब नाभिचक्र से ऊपर आता हुआ वही संस्कृत-पवन हृदयदेश में पहुँच कर पश्यन्तीरूप ब्रह्म को अभिव्यक्त करता है, अर्थात् उसके आवरण को दूर करता है, अब अर्थ-विशेष तथा शब्द-विशेष का पृथक्-पृथक् प्रकाश करनेवाली बुद्धि से गृहीत होती हुयी वाक् मध्यमा-पद से कही जाती है, यह वाक् हिरण्यगर्भ नामक देवता से अधिष्ठित दूसरे व्यक्ति को न सुनायी पड़ने वाली है, जिसके हृदय में अभिव्यक्त होती है, उसी को सुन पड़ती है, इसीलिये यह सूक्ष्मा कही जाती है ।

स्वयं अपने दोनों कर्णच्छिद्रो को बन्दकर लेने पर सुन पड़ती है, तथा सूक्ष्मतर वायु के आघात से उपांशुशब्द के प्रयोग में भी इसका श्रवण होता है ।

---

१. "तानि" इति पाठान्तरं पुस्तकान्तरे ।

तत्र मध्यमायां यो नादांशस्तस्यैव स्फोटात्मनो वाचकत्वेनाक्षतिः। स च यद्यप्येकोऽखण्ड एकैकवर्णेनाप्यभिव्यज्यते तथाऽप्यन्त्यवर्णाभिव्यक्तो बोधहेतुः। अतो नैकवर्णजाभिव्यक्त्युत्तरमर्थप्रत्ययः। तत्र च व्यञ्जकरूपप्रतिबिम्बनात्तद्रूपरूषितैव तदभिव्यक्तिरित्येकोऽपि नानात्वमिवापन्नः

कु०—अन्त्यवर्णाभिव्यक्त इति। तदाहुः—"सकृत्प्रतिपद्यमानो नावधार्यते अभ्यासेन तु स्फुटावभासः" इति। प्रथमाक्षरेण हि आभासमात्रं जन्यते तदुत्तरोत्तरवर्णकलापेन तु स्फुटतरपरिच्छेदः। संस्कारविशेषोत्पादनद्वारेणाभिव्यक्तिविशेषस्य रत्नादौ दृष्टत्वात्। रूषिता—छुरिता। तथा च व्यञ्जकभेदोपाधिकः स्फोटभेद इति भावः। जपाकुसुमादीति। तदुक्तं हरिणा—

यथा रक्तगुणे तत्त्वं कषाये व्यपदिश्यते।
संयोगिसन्निकर्षात्तु वस्त्रादिष्वपि गृह्यते॥

यह शब्दब्रह्म की तीनों अवस्था सूक्ष्मतम-सूक्ष्मतर-सूक्ष्म प्रणवरूप में समझनी चाहिये। अब वही मुखप्रदेश को आता हुआ कण्ठदेश को प्राप्त जो संस्कृत-पवन वह मूर्धा को आहत कर ऊपर जाने का मार्ग न पाकर पीछे लौटता हुआ मुख के अन्तर्गत तालु, मूर्धा आदि स्थानों से उसी मध्यमा वाक् को अभिव्यक्त करता है, अब दूसरे को भी सुनायी पड़नेवाली यह वाक् 'वैखरी' संज्ञा से कही जाती है, इसके अधिष्ठात्री देवता विराट् भगवान् हैं।

व्यान एवं उदान वायु के साथ प्रणव ही वैखरीरूप में प्रकाशित होता है। इसीलिये वाक्यपदीय में आचार्य श्रीभर्तृहरि ने पश्यन्ती-मध्यमा एवं वैखरी इन्हीं तीनों को व्याकरण-शास्त्र से संस्कारार्ह माना है। क्योंकि परा-वाक् सूक्ष्मतम-प्रणवरूपा 'स्वरूपज्योतिः' ही है, वह संस्कारयोग्या नहीं है।

वैखरी-मध्यमा-तथा पश्यन्ती ये तीनों अनेक भेदवाली हैं, इन तीनों का संस्कारक व्याकरण-शास्त्र अद्भुत है। कारिका में एतत्-पद व्याकरणशास्त्र का परामर्शक (बोधक) है। "अनेक-तीर्थभेदायाः" की व्याख्या में कहते हैं—श्लिष्टवर्ण (अव्यक्तवर्ण) तथा व्यक्त स्पष्ट उच्चरितवर्णरूप साधुभाव को प्राप्त, अथ च साधुभाव को अप्राप्त, दुन्दुभि-वेणु-वीणा आदि वाद्यों के शब्दरूप में—इस प्रकार अनेक भेदवाली तीनों वाक् हैं।

'चत्वरि वाक् परिमिता पदानि' इस ऋग्वेद के मन्त्र में सुस्पष्ट इन चारों का निरूपण मिलता है॥ ४७॥

यथा जलचाञ्चल्येनेन्दुप्रतिबिम्बस्य चञ्चलत्वेन ग्रहणम्। यथा च स्फटिकादेर्जपाकुसुमाद्युपाधिवशात्तद्रूपरूषितस्य भानम्। यथा च मुखे मणिकृपाणदर्पणाद्यभिव्यञ्जकवशाद्दैर्घ्यवर्तुलत्वादिभानं तद्वत्। प्रतिबिम्बसमर्पकाश्च संस्कारास्ते च स्थिरा एव।

यथा रक्ते गुणे विद्यमानं तत्त्वं रक्तत्वं स्वाश्रयसमवायात्कषाये रक्तद्रव्ये व्यवह्रियते तथा सम्बन्धिनोः सम्बन्धाद्वस्त्रेऽपि रक्तत्वं व्यवह्रियत इत्यर्थः। ननु उप-समीपवर्तिनि स्वीयं धर्ममादधातीति उपाधिरिति व्युत्पत्त्या जपाकुसुमोपाधिको लोहितः स्फटिक इति प्रत्ययोऽस्तु, स्फटिकलौहित्ये जपाकुसुममुपाधिरिति प्रयोगः कथमिति चेत्, सङ्क्रामकत्वमेव तत्र सप्तम्यर्थः। समर्पकाः—आपादकाः। समाधत्ते—सहस्रदीपेति।

ननु जपाकुसुमाद्युपाध्यभावेऽपि स्फटिकबोधवत् केवलस्फोटस्याभिव्यक्त्यापत्तिरत आह—उपाधिभिन्नेति। येन क्रमेणेति। ध्वनिसमानाकारैव स्फोटाभिव्यक्तिरिति भावः। चित्तभित्तौ–चित्तदेशे। ननु टकारव्यञ्जनदशायां घकारस्य नष्टत्वात् कथं तदुत्तरत्वग्रह इत्यत आह—दैशिक एवेति। ननु घटाकारस्फोटस्याभिव्यक्तत्वात्सर्वदा तदर्थबोधापत्तिरत आह—तदुपरागेति। उपरागोऽवभासस्तद्बोध्यो योऽर्थस्तदाकारा या वृत्तिस्तदतिरिक्तवृत्तिरित्यर्थः। अयम्—स्फोटः। आन्तरत्वादिति। अयम्भावः–स्फोटो द्विविधः–आभ्यन्तरो बाह्यश्च। तत्राभ्यन्तरो बुद्ध्यनुसंहृतिरूपः। बाह्यस्तु जातिव्यक्तिभेदाद्द्विविधः। सङ्घातवर्तिनो जातिरेव वाचिकेत्याद्यः। एकोऽनवयवः शब्द इति व्यक्तिस्फोटः। व्यञ्जकेति। व्यञ्जकसमानाकारस्यैव व्यङ्ग्यस्य सङ्केतग्रह इत्यर्थः। अर्थबोधइति। अप्रसिद्धपर्यायश्रवणेऽर्थबोधो नेत्यर्थः॥ ४८॥

क०—एवं सृष्टिप्रक्रियामुक्त्वाऽपि प्रकृतमुत्तरमाह—तत्रेति। परादीनां मध्ये इत्यर्थः। परापश्यन्त्योर्योगिज्ञानविषयत्वादाह—मध्यमायामिति। नादांशः। नादसम्बन्धिविमर्शकशब्दरूपोंऽशः। तत्रैव विमृश्यांशस्यार्थस्य वाच्यत्वमग्रे वक्ष्यति। तस्य चेतनाचेतनमिश्रत्वात्। अत एवाह—स्फोटात्मन इति। अक्षतिः। प्रागुक्तानन्त्यव्यभिचारप्रयुक्तशक्तिग्रहासम्भवादिदोषाभावः। नन्वेवं तस्य स्वरूपसतो वाचकत्वे सर्वदार्थबोधापत्तिः, प्रत्येकं वर्णाभिव्यक्तस्य तत्त्वे प्रथमवर्णाभिव्यक्तादपि तदापत्तिः, वर्णाभिव्यक्तस्य तत्त्वे तद्धेतोरेवेति न्यायेन तत एव बोधोपपत्त्यैतद्वैय्यर्थ्यापत्तिः प्रागुक्तरीत्या समूहासम्भवाच्चात आह—स चेति। स्फोटरूपनादांश इत्यर्थः। उक्तहेतोरेवानुवदति—एकोऽखण्ड इति। अपिर्व्युत्क्रमे। अखण्डोऽपीत्यर्थः(१)। ननु समुदितानां व्यञ्जकत्वे

---

१. अपिना समुदायसमुच्चयः। तथा च सर्वदाऽर्थप्रतीतिवारणेऽपि एकवर्णाभिव्यक्त्यनन्तरमर्थबोधापत्त्यादिरेवेति भावः। इति ग० पु० पाठः।

न चैवमनेककालिकतत्तद्वैखर्यभिव्यक्ते औपाधिकनानात्वात्तवाप्यनुगमाय जातिरावश्यकी । सहस्रदीपाभिव्यक्तपटस्येव (१) अनेकजपाकुसुमाभिव्यक्तस्फटिकस्येव च नानात्वाभावात् । (२) उपाधिभिन्नव्यञ्जकाभावान्न कदापि वर्णराहित्येन तत्प्रत्यक्षम् । येन क्रमेण च चित्ते संस्कारास्तेनैव क्रमेण व्यञ्जकरूपरूषितता तस्येति स्वीकारान्न सरो रस इत्यनयोरविशेषः । तत्र च तद्रुत्तरत्वग्रहश्चित्तभित्तौ दैशिक एव ।

तद्धेतोरिति न्यायेन तत एव बोधोपपत्त्या तद्वैयर्थ्यापत्त्या प्रागुक्तरीत्या समुदायासम्भवेन चाह—एकैकेति । तथा च न सर्वदाऽर्थप्रतीतिरिति भावः । अत एवाह—तथापीति । अन्त्यवर्णबुद्धिरपि पूर्वपूर्ववर्णानुभवाहितसंस्कारसहकृतैव तद्व्यञ्जिकेति बोध्यम् । व्यक्तः । व्यक्त एव । न चैवम् एकेनैव तेन तद्व्यञ्जने इतरवैयर्थ्यमिति वाच्यम् । यथा हि रत्नतत्त्वस्य प्रतीन्द्रियसन्निकर्षमभिव्यक्तावपि द्वाभ्यां तिसृभिश्च जनितसंस्कारसहकृतपरिपाकरूपसहकारिसम्पत्त्या जनिते चरमप्रत्यये विशदं चकास्ति रत्नतत्त्वम्, न प्राक्षु प्रत्ययेषु, तथा स्फोटः प्रत्येकमभिव्यक्तोऽपि चरमवर्णजाभिव्यक्तिजसंस्कारसहकृतपरिपाकवन्मनःपरिणामे चकास्ति । एवञ्च तदनन्तरमेवार्थधीर्न ततः प्राक् तदाह—अत इति । नन्वेवमपि तस्यैकत्वेन सकृदभिव्यक्तात्सर्वार्थबोधापत्तिरत आह—तत्र चेति । स्फोटे इत्यर्थः । वस्तुतो नानात्वाभावस्य वक्ष्यमाणत्वादाह—नानात्वमिवेति । तद्रूषिताऽभिव्यक्तिस्त्वित्त्थम्–अविभागमपि पदं वाक्यं च नानेव भागवदिवावयविप्रतीत्यनुसारेण व्यञ्जयन्ति वर्णाः स्वोपरागवश्यादिति । अत एव स्फुट्यते वर्णैः, स्फुटत्यर्थोऽस्मादिति द्विविधं स्फोटशब्दनिर्वचनं कृतम् । अत्रासम्भावनावारणायोपाधिधर्मस्योपधेये भानविषयानेकदृष्टान्तपूर्वमाह—यथेत्यादिना । मणीति । तदुक्तं हरिणा—

यथा मणिकृपाणादौ रूपमेकमनेकधा ।
तथैव ध्वनिषु स्फोट एक एव विभिद्यते ॥ इति ।

आदिना नानात्वादि । तद्वद् वस्तुतो धर्मरहितोऽप्यभिव्यञ्जकतज्जसंस्कारवशात् तद्धर्मवानिव प्रतीयते । ननु वर्णानां युगपदसत्त्वस्योक्तत्वात्कथं तेषां प्रतिबिम्बोऽत आह—प्रतीति । वर्णप्रतिबिम्बसमर्पकास्तु संस्कारा एवेत्यर्थः । एवेन तद्व्यावृत्तिः । ननु तेषामपि नष्टत्वम्, पूर्वगुणस्य स्वोत्तरजातगुणनाश्यत्वादत आह—ते चेति । ते त्वित्यर्थः । तेषामपि सविषयत्वात् यागजसंस्कारवत् यावत्कार्यमिति भावः ।

एवम् । तेषां तत्र प्रतिबिम्बाङ्गीकारे । कालभेदेन तस्यापि भेदादाह—अनेकेति । व्यक्ते—स्फोटे । आवश्यकीति । आनन्त्यव्यभिचारवारणायेति भावः । दीपेति । पर्याये-

---

१. घटस्येति पाठान्तरम् ।

२. यद्वा न चैवमुपाध्युपगमे स्फटिकस्य स्वच्छत्ववत् कदाचित् वर्णरहितस्यापि पदस्य प्रत्यक्षत्वापत्तिरत आह–उपाधीति । एवञ्च बाधितैव प्रतीतिरिति भावः ।

तदुपरागनाशिका च (१) तद्बोध्यार्थाकारवृत्त्यतिरिक्तवृत्तिरेव। अयश्चान्तरत्वाच्छ्रोत्रग्राह्यवैखरीसंस्कृतान्तःकरणग्राह्य एव। व्यञ्जकरूषितस्य तस्यैवार्थे सङ्केतग्रहः। अतो घटकलशादिपर्यायाभिव्यक्ते स्फोटे गृहीतशक्तिकस्य पुंसोऽप्रसिद्धपदश्रवणे नार्थबोधः॥ ४८॥

णेति भावः। जपेति। नीलपीतादिद्रव्यसन्निधानेनानेकविधतया गृहीतस्य चेत्यपि बोध्यम्। नानात्वेति। वास्तवेत्यादिः। नन्वेवमपीदमेकं पदमित्यादिप्रत्यक्षेण स्फोटग्रहो यत्र तत्र वर्णानवभासात् प्रागुक्तदोष एवेति आह—उपाधीति। नन्वेवमपि प्रतिबिम्बने क्रमाभावात्सरो रस इत्यादौ दोष एवेति आह—येनेति। चस्त्वर्थे। वर्णोच्चारणक्रमसत्त्वादिति भावः। आत्मगुणत्ववारणायाह—चित्ते इति। अनुभवक्रमस्य बाधात्स्मृतिक्रमे च नियामकत्वेऽप्यत्र तदभावादाह—तेनैवेति। नन्वेवमपि तेषां सर्वेषां कालैक्येन तद्वदत्र कालघटिततदुत्तरत्वग्रहासम्भवेन कथमविशेषवारणमत आह—तत्र चेति। प्रतिबिम्बरूपे चेत्यर्थः। एवेन तद्व्यावृत्तिः। अत एव भित्तावित्युक्तम्। एकाग्रप्रदेशस्थघटपटकुड्यादिवत्। नन्वेवमपि तदुत्तरं सर्वदा तद्बोधापत्तिरत आह—तदुपेति। तत्प्रतिबिम्बेत्यर्थः। तत्र चेत्याद्युक्तिमुपपादयन् अस्य श्रोत्रग्राह्यत्वं निराचष्टे—अयं चेति(२)। उक्तः स्फोटश्चेत्यर्थः। हृदयदेशस्थत्वादाह—आन्तरेति। तत्र तत्त्वं च येन तदुल्लेखस्तत्त्वम्। अत एव प्राक् बुद्धेस्तद्विशेषणम्। एवेन श्रोत्रग्राह्यत्वस्य शुद्धान्तःकरणग्राह्यत्वस्य च व्यवच्छेदः। अत एव प्रागुक्तसिद्धिः। नन्वेवमपि पर्यायवाचकशब्देषु एकः स्फोटो नाना वा, नान्त्यः, अनन्तानां तेषां तेषु शक्तीनां च कल्पनामपेक्ष्य क्लृप्तवर्णेष्वेव शक्तिकल्पनस्य लघुत्वात्। नाद्यः, घटकलशादिपर्यायवाचकाभिव्यक्ते स्फोटे गृहीतशक्तिकस्य पुंसोऽप्रसिद्धतत्पदश्रवणेऽप्यर्थप्रत्ययापत्तेः, प्राग्गृहीतशक्तिकस्यैव स्फोटस्य तेनाभिव्यञ्जनात्। न च तत्तत्पर्यायवाचकाभिव्यक्तस्फोटे शक्तिग्रहस्तत्तत्पर्यायवाचकशब्दश्रवणेऽर्थधीहेतुरिति वाच्यम्। एवं हि प्रतिपर्यायवाचकं शक्तिग्रहावश्यकत्वे तत्तत्पर्यायवाचकगतशक्तिग्रहहेतुताया एव युक्तत्वात्। तव तु तत्तत्पर्यायवाचकाभिव्यक्तगतशक्तिग्रहत्वेन हेतुत्वे गौरवात्। अत आह व्यञ्जकेति। रूषितस्यैव तस्येत्यर्थः(३) स्फोटे एकस्मिन्। नार्थेति। कारणाभावात्(४)॥ ४८॥

---

१. "तद्बोध्यार्थाकारवृत्तिरेव" इत्येव पाठो द्वितीयपुस्तके।

२. नन्वस्याभिव्यक्तिः प्रागुक्ततत्रचेत्याद्युक्ता, तेनान्तः तदर्थं श्रोत्रग्राह्यत्वनिरासमाह अयञ्चेति। इति पाठान्तरम् ग० घ० पु०।

३ एवं स्फोटपर्यायेति पर्यायवाचकेत्यर्थः। इत्यधिकः पाठः क्वचित्।

४. वक्तृश्रोतृव्यवहारस्य सर्वदा वैखरीसम्बद्धस्यैव सत्त्वेन तज्जन्यवासनावासितलोकबुद्ध्या वर्णरूषितपदस्यैव सर्वदावगाहनादिति भावः।

सरला—परा-पश्यन्ती-मध्यमा–वैखरी इन चारों वाणियों के मध्य में परा-पश्यन्ती तो योगियों के ज्ञान के विषय होने से उन दोनों को छोड़कर हमलोगों के व्यवहार के योग्य मध्यमा में जो नादांश चेतनरूप है, वही स्फोटरूप है, वही अर्थ का वाचक (प्रकाशक) है। वह स्फोट यद्यपि अखण्ड है, एक है, प्रत्येक वर्ण से भी अभिव्यक्त होता है, तथापि अन्तिम वर्ण से अभिव्यक्त होकर ही अर्थबोध में हेतु होता है। अर्थात् अर्थ का बोध कराता है। इसलिये समुदायघटक एक वर्ण से अभिव्यक्त होकर अर्थबोध नहीं करा पाता। व्यञ्जक-ध्वनि के रूप का चिदंश आत्मा में प्रतिबिम्बन होने से ध्वनिरूप से व्याप्त होकर ही स्फोट की अभिव्यक्ति होती है, अतः स्फोट यद्यपि आत्मरूप एक ही है, तथापि ध्वनिरूप की व्याप्ति होने से ध्वनि के अनेक होने से स्फोटात्मक आत्मा भी अनेक सा प्रतीत होता है। जैसे जल की चञ्चलता से उसमें प्रतिबिम्बित चन्द्रमा भी चञ्चल प्रतीत होता है, जैसे जपापुष्प-रूप उपाधि के कारण स्फटिक-मणि भी लोहितवर्ण का भासित होने लगता है। जैसे मुख में मणिरूप अभिव्यञ्जक के कारण वर्तुलाकार प्रतीति होती है, अर्थात् मणि अत्यन्त स्वच्छ द्रव्य है, उसमें मुख का प्रतिबिम्ब मणि के समान वर्तुलाकार (गोलाकार) प्रतीत होता है। कृपाण (तलवार) में उसका प्रतिबिम्ब कृपाण जैसा दीर्घ अर्थात् लम्बा प्रतीत होता है। दर्पण में उसका प्रतिबिम्ब चतुष्कोणाद्याकार में भासता है, जैसा व्यञ्जक, वैसा ही व्यङ्ग्य का प्रकाश होता है। इसी प्रकार स्फोटरूप आत्मा भी ध्वनियों के आकार का हो जाता है। ध्वनि के प्रतिबिम्ब का समर्पक ध्वनि-जन्य-संस्कार माना गया है, वह तो स्थिर ही रहता है। जब तक स्फोट से अर्थ का बोध नहीं हो जाता, तब तक इन संस्कारों की स्थिरता माननी चाहिये, अन्यथा अर्थबोधरूप कार्य की उपपत्ति कैसे होगी। अर्थबोध के पश्चात् इनका नाश भी मानना चाहिये, नहीं तो सर्वदा अर्थबोध होता ही रहे। ऐसा टीकाकारों का मत है।

१—**टी०**— वस्तुतः व्याकरणदर्शन तो बौद्ध-पदार्थवादी है, इसलिये सभी विषयों के संस्कार तो आज के नहीं, अनादिकाल से आत्मा (अन्तःकरण) में वर्तमान ही हैं, आगे भी रहेंगे ही। केवल ध्वनि (वर्ण) के श्रवण से उनका उद्बोधन होता है, वे उद्‌बुद्ध होकर ही प्रतिबिम्बादि कार्य में सहकारी होते हैं। उनका उद्बोधन तो ध्वनि-श्रवण समनुपाती है, अतः सर्वथा उनके रहने पर भी अनुद्‌बुद्धावस्था में प्रतिबिम्बनाभाव से अर्थ-बोध नहीं होगा, इसी दृष्टि से ग्रन्थकार ने संस्कारों को 'स्थिरा एव' कहा है, अर्थात् स्थिर ही हैं, एवकार से अस्थिरत्व की व्यावृत्ति होती है। इसी व्याख्यान में शाब्दिक-सिद्धान्त की रक्षा लघाव-पुरस्सर हो रही है।

कला टीकाकार ने तो "पूर्वगुणस्य स्वोत्तर-जातगुणनाश्यत्वात्" कहकर न्याय-सिद्धान्त की सरणि का भी लङ्घन कर दिया, न्यायदर्शन तो 'योग्यविभु-विशेषगुणा-

नाम्' में योग्य विशेषण देकर प्रत्यक्षयोग्य गुणों के लिये ही स्वोत्तरवर्ति गुणनाश्यत्व की चर्चा करता है।

'यावत्कार्यपर्यन्तं स्थिराः' रत्नप्रभाकार का ऐसा कहना भी सिद्धान्त-विरुद्ध एवं गौरवग्रस्त है। यह शङ्का हो सकती है—कि अनेक काल में उच्चरित वैखरी-वाक् से अभिव्यक्त स्फोट का औपाधिक-भेद से भेद हो जाने से आप के मत में भी स्फोट के नाना होने से अननुगम-दोष आ जायगा, अतः शक्ति के अनुगम के लिये स्फोट-गत जातिविशेष की कल्पना से गौरव-दोष आ जायगा।

तार्किकों की ऐसी शङ्का पर वैयाकरणों का समाधान ग्रन्थकार लिखते हैं—सहस्रदीप····इत्यादि। भाव यह कि एक पट (कपड़े) को हजारों-दीपक से प्रकाशित कीजिये, तो क्या वह पट नाना हो जायगा ? अनेक जपा-पुष्पों से एक स्फटिक को उपरक्त कीजिये, तो क्या स्फटिक अनेक हो जायँगे ?, नहीं, वह तो एक ही रहेगा। ऐसे ही वैखरी से अभिव्यक्त होने पर भी स्फोट एक ही रहेगा, उसमें नानात्व नहीं आयेगा। ध्वनिरूप उपाधि से भिन्न कोई भी पदार्थ स्फोट का व्यञ्जक नहीं हो सकता। अतः तद्रूप उपाधि के विना स्फोट के प्रत्यक्ष का सम्भव नहीं।

अविद्या है, ऐसा उक्त सूत्र का तात्पर्य है, इससे अविद्या को अध्यासरूपता स्पष्ट हो रही है, यही तो 'अहमिदम्' रूप से बताया गया ।

व्यास जो के सूत्रों में भी इससे अतिरिक्त अविद्या का संकेत न होने से उनको भी यही अविद्या अभिप्रेत है, ऐसा लक्षित होता है । इसीलिए 'पञ्चवृत्तिर्मनोवद् व्यपदिश्यते' इस सूत्र में "दूसरे मत यदि निषिद्ध न हों, तो अनुमत (अभिमत) माने जाते हैं" इस नीति से योगदर्शन में प्रसिद्ध प्रमाण-विपर्यय-विकल्प-निद्रा तथा स्मृति ये पाँचों वृत्तियाँ मन की ही हैं, ऐसा भाष्य में कहा है ।

जैसे पाँचों ये वृत्तियाँ वेदान्तसूत्रों में न होने पर भी वेदान्तदर्शन में 'परमतमिति' नोति से गृहीत होती हैं । ऐसे ही अध्यासरूप अविद्या भी गृहोतप्राय है; क्योंकि स्वसिद्धान्त में अविद्या का कोई लक्षण किया नहीं, तथा अध्यासरूप अविद्या का निषेध भी नहीं किया है ॥ ८६ ॥

व्युत्पत्तिर्दर्शिता । एवं च सिद्धं भ्रमस्तत्संस्काररूपा चाविद्येति । सा च जन्यैवेति नैकविज्ञानेन सर्वविज्ञानप्रतिज्ञाभङ्गः ॥ ८७ ॥

परमार्थसारेऽप्युक्तम्—

हिमफेनबुद्बुदा इव जलस्य धूमोद्गमो यथा वह्नेः ।
तद्वत्स्वभावभूता मायैषा कीर्तिता विष्णोः ॥
एनां द्वैतविकल्पभ्रमस्वरूपां विमोहिनीं मायाम् । इति ।

व्याख्यातमिदं प्राग् मूले एव 'अन्यथाग्रहणजनकं तु पूर्वपूर्वभ्रमजं संस्कारजालं तत्तत्प्राणिनां भोगजनकमदृष्टं चेति बोध्यमिति' तदाह—सङ्क्षेपेणैतदिति । पर्यवसितमाह–एवञ्चेति । उक्तमानसत्त्वे चेत्यर्थः । भ्रमः प्रपञ्चः । प्रागुक्तमेवाह—सा चेति । द्विविधा चेत्यर्थः । तदपीति । प्राक्कारिकोक्तमपीत्यर्थः ॥ ८७ ॥

क०—अन्यदप्याह–परेति । तत्रादावविद्यास्वरूपमेवाह–हिमेति । हिमादयो यथा जलस्य स्वभावाः जलेन सम्बद्धाः, धूमोद्गमहेतुता यथा वह्नेः स्वभावस्तद्वत् विष्णोर्माया विष्णुस्वभावभूता विष्णुना स्वभाववन्नित्यसम्बद्धैवेति । कीर्तिता । एतत्तदन्धकारमित्यत्रेति शेषः । अथैतन्निर्वर्तिकां भावनामाह––एनामिति । द्वैतम् । नामरूपे । विकल्पाः । भेदाः । तद्विषयभ्रमजनिकां जीवान् विमोहयन्तीम् । मायाम् । असदर्थप्रकाशकां वासनारूपाम् । अस्योत्तरार्द्धेन "उत्सृज्य सकलनिष्कलमद्वैतं भावयेद् ब्रह्म" इत्यनेन अन्वयः । तथा च द्वितीयावृत्तेर्न भ्रमविषयद्वैतकल्पनारूपां तत्कारणवासनारूपां

सरला—अविद्या अध्यास (भ्रम) रूप है, तथा जन्य है, इस अंश में पुनः प्रमाण देते हैं । परमार्थसार में भी—रज्जु (रस्सी) में सर्प नहीं है, अर्थात् त्रिकाल में रज्जु सर्प नहीं है, फिर भी किस कारण से उसके देखने से भय होता है, यदि कहें कि सर्प की भ्रान्तिरूप अविद्या से भय होता है, तो ऐसे ही आत्मा में द्वैत की भ्रान्ति अविद्या है, यह द्वैतभ्रम सत्य नहीं है । अनात्मा 'प्रपञ्च देहादि' में आत्मा की भ्रान्ति ही तो अन्धकार अर्थात् अविद्या है, मूर्खजन इसी अविद्या के कारण वासुदेव को 'सब के आत्मा हैं' ऐसा नहीं समझते । द्वितीय श्लोक में एतद्-शब्द का अर्थ है 'भ्रान्तिरूप' । उत्तरार्द्ध से–सत्य वस्तु नहीं जान पाते हैं जिससे, वह है अविद्या, इस रूप से अविद्यापद की व्युत्पत्ति दिखायी गयी है । इस प्रकार सिद्ध हुआ कि—अविद्या भ्रम तथा तज्जनक संस्काररूप है, तथा वह जन्य है, इस रूप से ब्रह्म ही नित्य सर्वकारण है, अतः उस एक कारण के विज्ञान से सभी कार्य-वर्ग का विज्ञान हो जाता है, इस अभिप्राय की श्रुतिसम्मत-प्रतिज्ञा का भङ्ग नहीं हुआ ॥ ८७ ॥

स्वभावभूता तज्जननस्वभावत्वात्तस्य, जलादेः फेनादिजनकत्वस्वभाववत्। आध्यासिकसम्बन्धेन तस्या नित्यसम्बद्धत्वाद् विष्णौ तत्स्वभावारोप इति बोध्यम्। विमोहिनोमुपाधिस्थस्य स्वस्य।

तदुक्तं तत्रैव—

विमोहयतीवात्मानं स्वमायया द्वैतरूपया देव। इति।

वास्तवमोहाभावात् इवेति। तेनारोपित एव मोह इति बोध्यम्। अत एव तृतीये "सामान्यात्तु" इतिसूत्रे भगवत्पादैरुक्तम्—'नहि ब्रह्मातिरिक्तं किञ्चिद् अजं सम्भवति "सदेव सोम्येदमग्र आसीद्, एकमेवाद्वितीयम्" इत्यवधारणात्, एकविज्ञानेन सर्वविज्ञानप्रतिज्ञानाच्च' इति। अत एव "न वियदश्रुतेः" इत्यधिकरणे वियदादीनामजन्यत्वे "प्रतिज्ञा-

---

चोत्सृज्य "नेह नानास्ति किञ्चन" इति श्रुतिबलादसत्त्वेन निश्चित्य, सकलेत्यत्रानुस्वारलोपश्छन्दोऽनुरोधात्, सकलं दृश्यं निष्कलमद्वैतं ब्रह्मैवेति भावयेत्, आदरनैरन्तर्याभ्यां तथा भावनां कुर्यात् इत्यर्थकं न तन्निवर्तिका भावनोक्ता। प्रकृताऽनुपयोगादत्र तदनुल्लेखः। तदाह—स्वभावेति। तस्य। विष्णोः। नन्वेवं तस्य कथं सा स्वभावभूता तद्द्वारातुर्यरूपाच्छादनं पूर्वकारिकोक्तम्। एतत्वे सिद्धान्तभङ्गापत्तेरत आह—आध्येति। तथा चेत्यादि। नित्येति। व्यावहारिकेत्यर्थः। तत्स्वभावेति। मायास्वभावकत्वेत्यर्थः। तथा च सा तत्स्वभावभूतेति भावः। उपाधिस्थस्य विमोहनमाह—तदुक्तमिति। तदपीत्यर्थः। तत्रैव। परमार्थसार एव। विश्वादित्रिभिः स्वकार्यं दर्शयति—विमोहेति। द्वैतं नामरूपे तदेव स्वरूपं यस्यास्तया स्वमायया, आत्मानं—उपाध्यवच्छिन्नम्, आत्मानं जीवादिकं, मोहो मिथ्याज्ञानं, तद्वन्तमिव करोति। वस्तुतस्तदभावादिवेति। तेन च स्वस्वरूपाज्ञानं तेषामुपलभ्यते। स्वयमेव गुहायां पुरुषमात्मानमित्यस्योत्तरार्द्धं बोध्यम्। अनुल्लेखः प्राग्वत्। तदाह—वास्तवेति। अत एव तस्या जन्यत्वादेव। तृतीये। तद्द्वितीये "परमतः सेतून्मानसम्बन्धभेदव्यपदेशेभ्यः" इति पूर्वपक्षसूत्रेण "अथ य आत्मा स सेतुः" इति श्रुत्या ब्रह्मणः सेतुव्यपदेशेन ब्रह्म सद्वितीयं सेतुत्वात् रामसेतुवद् इत्यनुमानेन ब्रह्मणः परं वस्त्वस्तीत्युक्तौ समाधिमाह—सामान्यात्त्विति। तुः पूर्वपक्षनिरासार्थः। सेतुशब्दो मृद्दार्वादिमये लोके रूढो नहि तादृशसेतुत्वम् ब्रह्मणः; किन्तु स यथा जलव्यवस्थापक एवं ब्रह्मणोऽपि सर्वजगन्मर्यादाव्यवस्थापकत्वेन तत्सादृश्यात्तद्व्यपदेश इत्यर्थः। सदेवेति। इदं प्रपञ्चभिन्नमग्रे सृष्टेः प्राक्काले आसीत्तत्सदेव, न तु बौद्धसम्मतमसत्तथाद्वितीयं सजातीयस्वगतधर्माभाववत् एकमेवेत्यस्येदं विवरणम्। एकेति।

हानिरव्यतिरेकाच्छब्देभ्यः" इति सूत्रेण एकविज्ञानेन सर्वविज्ञानप्रतिज्ञा-भङ्ग आपादितः। मृत्पिण्डादिदृष्टान्तेन कारणज्ञानेन कार्यस्यासत्यत्व-ज्ञानमिति हि ततो लभ्यते। तदुक्तम्—"अव्यतिरेकाच्छब्देभ्यः" इति। शब्दाच्च प्रकृतिविकृतिन्यायेनाव्यतिरेकात्प्रतिज्ञासिद्धिरवगम्यत इति तदर्थः। एतेनाकाशस्याजन्यत्वे एकविज्ञानेन सर्वविज्ञानप्रतिज्ञाभङ्गापादनमभ्युच्चयः, अविद्यानुरोधेन सर्वपदसंकोचस्यावश्यकत्वेनाकाशातिरिक्त-परत्वेनापि तत्संकोचादित्यपास्तम्।

यथैकेन मृत्पिण्डेन सर्वं मृण्मयं विज्ञातं स्यात् मृत्पिडो मृद्, मृदित्येव सत्यं, सत्यत्वं च स्वविकारापेक्षया। तथा सत्यज्ञानादिरूपत्वेन ब्रह्मणि ज्ञाते विकारः सर्वोऽप्यसत्यो ब्रह्मैव सत्यमिति ज्ञानमित्यर्थः। तस्यास्तत्त्वे तु एतद्विरोधः स्पष्ट एव। अत एव। तस्या जन्यत्वादेव। न वियदिति। उत्पद्यत इति शेषः। वियद् गगनादि नोत्पद्यते, अश्रुतेः। छान्दोग्ये भूतसृष्टौ तदश्रवणात्। यद्यपि "आत्मन आकाशः सम्भूतः" इति श्रुतिरस्ति, तथापि सा गौणार्थबोधिकेति पूर्वपक्षसूत्रार्थः। इत्यधिकरणे। आकाशाधिकरणे। आकाशपदं तत्रोपलक्षणमित्याह—वियदादीनामिति। अजन्यत्वे तेनैव सूत्रेण पूर्वपक्षिते सति तदग्रिमपञ्चमसूत्रमात्रमाह—प्रतिज्ञेति। हानिरिति पाठो न त्वहानिरिति। भङ्ग इति। एतेनाहानिरिति पाठं कल्पयित्वाऽन्यथा व्याचक्षाणा वृत्तिकारादयः परास्ताः। अविद्याया जन्यत्व एवैतत्सङ्गतिः। अन्यथा तत्र प्रतिज्ञाभङ्गस्यावश्यकत्वेनादोषत्वेनात्र तदापादानासङ्गतिः स्पष्टैव। एकविज्ञानेन सर्वविज्ञानं प्रागुक्तरीत्या न त्वन्यथेत्युक्तमेव। तदर्थं हेतुभूतमाह—मृत्पिण्डादीति। हि यतः। आदिना लोहमण्यादीति। ततः। प्रतिज्ञा-वाक्यात्। कथमित्याह—तदुक्तमिति। तदुक्तार्थलाभ इत्येतदुक्तम्। पूर्वखण्डस्यैव तदापादकत्वम्, अव्येति तु सिद्धान्तखण्ड इत्याह—अव्येति। बहुत्वमार्षमित्याह—शब्दाच्चेति। चस्त्वर्थे "एतदात्म्यमिदं सर्वम्" इत्यादिश्रुतिवाक्यात्त्वित्यर्थः। अव्येति (१)। ब्रह्मप्रपञ्चयोः स च "सदेव" इत्यादिः। "तदैक्षत तत्तेजोऽसृजत" "ऐतदात्म्यमिदं सर्वम्" इत्यादिश्च। अनुवृत्तं तत्साकारप्रश्लेषमित्याह—प्रतिज्ञासिद्धिरिति।

---

१. तन्यायेन ब्रह्मप्रपञ्चयोः कार्यकारणयोरप्यतिरेकादन्यतरभेदाभावात्ततः प्रपञ्चे भिन्ने तत्त्वत्वाभावादित्यर्थः। अनेकतत्त्वत्वे एकविज्ञानेन सर्वविज्ञानं न केनापि रूपेणोपपादयितुं शक्यमिति भावः। तदर्थः। तत्खण्डार्थः। एकदेश्युक्ति वेदान्तिह्येकेऽविद्यायाः जन्यत्वे एव एतत्सङ्गतिरन्यथा तत्र प्रतिज्ञाभङ्गस्यावश्यकत्वेन तदापादनासङ्गतिः स्पष्टैवेति भाव। इति कथयन्ति, तदुक्तिमित्यर्थः। तदेतद्ध्वनयन् दूषयति। एतेनेति। उक्तरीत्या तस्यास्तत्त्वेनेत्यर्थः। तस्याजन्यत्वं सूत्रसम्मतमपीति न तदनुरोधेन तत्सम्भव इत्यर्थादाह—किञ्चेति। इति ख० पु० पाठः।

किञ्च, तत्रैव "यावद्विकारं तु विभागो लोकवद्" इतिसूत्रेण कार्यत्वस्य भेदव्याप्यत्वबोधकेनाकाशस्येवाविद्याया अतत्त्वबोधनात्। विकारः कार्यम्, विभागो भेदः। अस्ति ह्याकाशे पृथ्व्यादिभेदः। एवमविद्यायां शुद्धब्रह्मभेदसत्त्वात्कार्यत्वमापतति, ब्रह्मणि तु न किञ्चिन्निरूपितो भेदः, अधर्मकत्वेन वैधर्म्यसम्भावनाऽभावात्। 'एष एव हि भेदाभेदहेतुर्वा यद्वैधर्म्यम्' इति प्रकाशकाराद्युक्तेः।

न च अजन्यं सत् यदविनाशितदन्यत्वरूपमत्र कार्यत्वं साध्यम्, पराधीनसत्ताकत्वरूपं वा कार्यत्वं साध्यम्। अविद्याया अजन्यत्वेऽपि ब्रह्मण्यध्यस्तत्वेन पराधीनसत्ताकत्वम्, विनाशित्वाच्चाद्यमपि तत्रेति वाच्यम्। सामान्यप्रवृत्तसूत्रस्य सङ्कोचेन व्याख्याने मानाभावात्। अविद्याया अजन्यत्वबोधकसूत्रान्तराभावाच्च। आकाशस्याप्यध्यस्तत्वेनान्त्ये तत्रापि जन्यत्वं न सिद्ध्येत्। "अजामेकाम्" इति श्रुतिरविद्याया अनादित्वबोधिका,

---

वेदान्तिमतं दूषयति—एतेनेति। उक्तरीत्या तस्यास्तत्त्वेनेत्यर्थः। अन्यथाह—किञ्चेति। तत्रैव। आकाशाधिकरण एव। यावदिति सूत्रार्थमाह—कार्यत्वेति। भेदनिष्ठव्यापकतानिरूपितव्याप्यत्वेत्यर्थः। सूत्रात्तथैव प्रतीतेः। तच्चान्यूनानतिरिक्तवृत्तित्वरूपं बोध्यम्। यावद्विकारजातं विभागो दृश्यते लोके घटादेर्विकारस्यैव विभक्तत्वदर्शनादिति। यतोऽत आकाशोत्पत्त्यसम्भवाशङ्का न कार्येत्येतत्सूचकस्तदाह—आकाशस्येवेति। अतत्त्वेति। कार्यत्वेत्यर्थः। ननु तत्र तयोरेवानुल्लेखात्कथमुक्तः सूत्रार्थोऽत आह—विकारः कार्यमित्यादि। यद्यपि समनियतत्वं तयोस्तथापि कार्यत्वस्य संदिग्धत्वात् भेदस्य प्रत्यक्षत्वात्तेन तदनुमानमित्याशयेनोक्तमुपपादयति–अस्ति हीत्यादि। यथा लोके कार्यकारणभेदः, घटे मृद्भेदः मृद्वृत्तिघटत्ववत्त्वेन वैधर्म्यसत्त्वात्, मृदि तु न घटभेदः, घटेऽपि मृत्त्वसत्त्वेन मृदि घटवैधर्म्याभावात्तथाह—एवमिति। शब्दतोऽनुक्तेराह—आपततीति। वैपरीत्यातिप्रसङ्गं निराचष्टे—ब्रह्मेति। अधर्मेति। "निष्क्रियं निष्कलं शान्तं निरवद्यं निरञ्जनम्", "अमृतस्य परं सेतुम्" इति, "साक्षी चेताः केवलो निर्गुणश्च" इत्यादि, "कारणं परमेशानो यः शुद्धोऽप्युपचारतः" इति च श्रुतिस्मृतिभ्यां तथा बोधनादिति भावः। अभावादित्यप्रकारप्रश्लेषः। तस्य तत्त्वासम्भवादाह—भेदहेतुर्वेति। प्रकाशेति। काव्येत्यादिः। प्राचीनवेदान्तिमतमाह—न चेति। ततो लघुभूतं वृत्तिकारादिमतमाह—परेति। तथा च आकाशादयः असन्त पराधीनसत्ताका वा, स्वसमानसत्ताकभेदवत्त्वात्, घटशरावादिवद् इति प्रयोगो बोध्यः। प्रत्यासत्त्यादेर्व्युत्क्रमेण तथासति स्वेष्टमाह—

"अनादिमायया सुप्तो यदा जीवः प्रबुध्यते ।
अजमनिद्रमस्वप्नमद्वैतं बुध्यते तदा" ॥

इति भाष्योक्ता सम्प्रदायविदुक्तिश्च तस्या अजन्यत्वे न मानम् । आद्याया रूपकेणोपपत्तेः । अत एव "अजामेकाम्" इति श्रुतौ 'तेजोऽबन्नानामव्याकृतनामरूपा प्रागवस्था अजारूपकेण निर्दिष्टा' इति भाष्ये उक्तम् । अनादित्वमपि परम्परानादित्वेनेति वक्ष्यामः । "अक्षरात्परतः परः" इति श्रुतावविद्याया अक्षरत्वश्रुतेश्च । तद् यदि यथाकथञ्चित् तत्त्वज्ञानात्प्रागनिवृत्तेः, तर्हि अनादित्वमपि तथैवास्तु । न च तस्या जन्यत्वे मूलकारणेऽनवस्थापत्तिः, ब्रह्मणस्तूपाधिसहकारं विना न जनकत्वम्, अत एव परमाण्वादीनां नित्यत्वं परैः स्वीकृतमिति वाच्यम् । वासनारूपाविद्यासहकारेण स्थूलाविद्यायास्तत्सहकारेण च सूक्ष्माविद्याया ब्रह्मजन्यत्वेनानवस्थापत्त्यभावात् ॥ ८८ ॥

अविद्याया इति । अविनेति । एकसत्वेऽपि द्वयं नास्तीति न्यायेनेति भावः । सङ्कोचकमपि नेत्याह—अविद्याया इति । तद्रीत्यैव अन्त्ये दोषान्तरमप्याह—आकाशेति । किञ्चेत्यादिः । ब्रह्मणीति शेषः । एवं च प्रकृतासिद्ध्या सूत्रासङ्गतिरेवेति भावः । ननु तद्बोधकसूत्रान्तराभावेऽपि श्रुत्यादिकं तथास्तीति तत्सङ्कोच आवश्यक इत्यत आह—अजामिति । श्वेताश्वतरोपनिषत्स्थेयम् । (१) तत्तात्पर्यबोधकं हेतुगर्भं विशेषणमाह—अविद्येति । स्वापः आवरणमेव । प्रबोधः तद्भङ्गः । निद्रा गाढावरणम् । स्वप्नोऽल्पावरणम् । यदा "तत्त्वमसि" इत्युपदेशकाले प्रबुध्यते—मायानिद्रां त्यजति, तदा जन्मलयस्थित्यवस्थाशून्यमद्वैतमीश्वरमात्मानं तत्त्वेनानुभवतीत्यर्थः । सा । तादृशी । सा च तस्यास्तत्त्वे न मानमित्यर्थः । आद्यायाः । श्रुतेः । अभिहितस्तदर्थः । रूपकेणेति । तेनापीत्यर्थः । प्रकारान्तरमपि अस्तीति तदर्थः । अत्र भाष्यसम्मतिमाह—अत एवेति । तस्यात्रान्यथोपपत्त्या तद्गमकत्वादेवेत्यर्थः । तेज इति । तेजोजलपृथिव्यादीनां न व्याकृते नामरूपे यया सा प्रागवस्थेत्याद्यर्थः । उक्ताशयेनैवाह—अजेति । द्वितीयोपपत्तिमाह—अनादित्वमपीति । कार्यजननसमर्थस्थूलरूपाविद्यायाः प्रलयेऽभावेन अवश्यं तत्परम्पराभ्युपगमात् । सूक्ष्मरूपमादाय तत्त्वे घटादेरप्येवमनादित्वापत्तिर्न चेदं तत्तवेष्टमिति भावः । वक्ष्येति । अनुपदमेवेति भावः । उक्तश्रुत्यादितस्तत्त्वमभ्युपेत्यापि तस्यास्त्वत्सिद्धान्तभङ्गापत्तिः । श्रुत्यन्तरादिति । दोषान्तरमाह—अक्षरादिति । परत इत्यनेन पुरुषः पर इत्यनेन शुद्धं

---

१. 'ननु श्रुतिवत्साक्षादजात्वस्य तत्रानुक्तेः कथं परा तत्र मानमतस्तद्विशेषणमाह—अविद्येति' इति ख० पु० पाठः ।

ब्रह्म। एवं च नाशस्याप्यभावे द्वैतमोक्षाभावयोरापत्तिरिति भावः। अत एवाह—तद्यदीति। अक्षरत्वमित्यर्थः। उच्यते इति शेषः। अक्षरमर्यादयाऽलाभादाह—यथेति। वचनेऽस्यान्वयः। तत्त्वमेवाह—तत्वज्ञानादिति। तथैव परम्परानादित्वेनैवासिद्धान्ते तदुक्तदोषं खण्डयति—न चेति। तथा च तद्धिया तस्या अजन्यत्वमिति तदाशयः। ननु केवलब्रह्मण एव तत्त्वमास्तामिति न सा, अत आह—ब्रह्मेति। शक्तिहीनस्य प्रवृत्त्यनुपपत्तेस्तथा च सा दोष एवेति भावः। अत एव अनवस्थाभयादेव। सांख्यादिमतसङ्ग्रहायाह—आदीनामिति। वासनेति। पूर्वतनसंस्कारैरित्यर्थः। एतत्सर्गे आह—स्थूलेत्यादि। तद्। स्थूलाविद्या। कालभेदेन तत्तद्व्यक्तिभेदेन च स्वस्मिन्स्वापेक्षा नाप्येकद्वारकस्वापेक्षा स्वस्मिन्निति न परस्पराश्रयान्योन्याश्रयौ। एवं च सोपाधिकस्य तस्यैव मूलकारणत्वेन सा न, एतयोः पौर्वापर्यानवस्था तु बीजाङ्कुरन्यायेनेष्टैव द्वयोर्मिथ्यात्वेन तुल्यतया तद्व्यवस्थापनापलपत्वे नानाग्रहादिति भावः॥ ८८॥

सरला—पुनः पूर्वोक्त विषय में परमार्थसार का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं—हिम-फेन आदि जैसे जल के स्वभाव हैं, धूम की उत्पत्ति की कारणता जैसे अग्नि का स्वभाव है, ऐसे ही भगवान् विष्णु की माया विष्णु की स्वभाव-भूत है, अर्थात् विष्णु से नियमरूप से सम्बद्ध है। नामरूपात्मक द्वैत का जो विकल्पभेद उसके भ्रम को उत्पन्न करने वाली, जीवों को मोह में फँसाने वाली, असत् अर्थ को प्रकाशित करने वाली इस माया को त्याग कर ब्रह्म की भावना करनी चाहिए। भगवान् विष्णु का स्वभाव-भूत अर्थात् भ्रम को उत्पन्न करना स्वभाव है। यही भ्रमरूप अविद्या है। जैसे जल आदि से हिम आदि का जनन स्वभाव है। आध्यासिक (आरोपित) सम्बन्ध से माया विष्णु से नित्यसम्बद्ध होने से विष्णु में अविद्यास्वभाव का आरोप है।

उपाधि में स्थित जो स्व अर्थात् जीवात्मा, उसको मोह लेने वाली अविद्या है, यह भी वहीं कहा गया है। नामरूपात्मक द्वैतरूप अपनी माया से विष्णुदेव जीवों को मानो मोहित करते हुए प्रतीत होते हैं। वास्तविक मोह के न होने से श्लोक में इव-शब्द का प्रयोग किया गया है, इसलिये वह मोह आरोपित ही है, न कि वास्तव, ऐसा समझना चाहिए।

इसीलिए 'सामान्यात्तु' इस सूत्र में भगवान् श्रीशंकराचार्य ने कहा है कि ब्रह्म से भिन्न कोई अज (अजन्य) नहीं है। हे सौम्य, यह प्रपञ्च आगे सत् रूप ही था, 'एक ही अद्वितीय ब्रह्म है' इस निश्चय से, तथा एकविज्ञान से, सर्वविज्ञान की प्रतिज्ञा से ब्रह्मभिन्न कुछ भी अजन्य नहीं है। अतः अविद्या की जन्यता सूचित हुई। ब्रह्म से अतिरिक्त अविद्या, आकाशादि सब अनित्य हैं, इसीलिए "न वियदश्रुते" आकाश उत्पन्न नहीं होता, उसकी उत्पत्ति की बोधिका श्रुति नहीं प्राप्त होती, इस अधिकरण में आकाशादि की अजन्यता अर्थात् नित्यतापक्ष में एकविज्ञान से सर्वविज्ञान की

प्रतिज्ञा की हानि हो जायगी। मृत्पिण्ड आदि दृष्टान्त के द्वारा कारण (उपादान) के ज्ञान से उसके कार्य की अस यता का ज्ञान हो जाता है, यही उक्त सूत्र से ज्ञान होता है। 'अव्यतिरेकाच्छब्देभ्यः' का तात्पर्य है कि--प्रकृतिविकृतिन्याय से 'उपादान कारण' से कार्य का अव्यतिरेक अर्थात् अभेद होने से उक्त प्रतिज्ञा की सिद्धि हो जाती है।

एवं च "येनाश्रुतं भवति" इत्यादि श्रुतिवाक्य भी एकविज्ञान की प्रतिज्ञा के समर्थक हैं। इस प्रकार अविद्या तथा आकाशादि का अनित्यत्व (जन्यत्व) सिद्ध हो जाने पर आकाश की अजन्यता अर्थात् नित्यतापक्ष में सर्वविज्ञानप्रतिज्ञा की हानि का दोष तो अभ्युच्चय मात्र है, अर्थात् व्यर्थ है। जैसे सेना में वास्तविक योद्धा के अतिरिक्त कुछ संख्या-वृद्धि के लिए भी होते हैं, वैसे ही यह प्रतिज्ञाहानि मुख्य दोष नहीं है; क्योंकि वेदान्तमत में अविद्या के अजन्य होने से उसके अनुरोध से सर्वविज्ञान के सर्वपद के अर्थ में अविद्या से अतिरिक्त का ही ग्रहण आवश्यक है, इसी प्रकार आकाश के भी अजन्यतामत में उससे भी अतिरिक्त सर्वपद में लेना चाहिए, सर्वपदार्थ में संकोच कर सर्वविज्ञान प्रतिज्ञा का समन्वय करना चाहिए, ऐसा प्रकार बताने वाले परास्त हो गये।

तथा "यावद् विकारम्......" इस सूत्र से कार्यत्व में भेद की व्यापकता का बोध हो रहा है। इस सूत्र में विकारपद का कार्य-अर्थ है, विभाग-पद से भेद-अर्थ का बोध होता है, यद्यपि सूत्र के स्वारस्य से यावद्विकारम् अर्थात् जो-जो विकृत है, कार्य है; वह-वह दूसरे से विभक्त अर्थात् भिन्न होता है, ऐसी प्रतीति होने से कार्यत्व की व्याप्यता एवं भेद की व्यापकता सिद्ध होती है, तथापि परस्पर समव्याप्ति होने से भेद की व्याप्यता तथा कार्यत्व की व्यापकता का लाभ भी सुलभ है। असिद्ध का साधन उचित होता है, अतः ऐसा मानना ठीक है।

आकाश में पृथिवी-जल आदि भेद के ज्ञान से कार्यत्व की अनुमिति हो जायगी, इसी प्रकार अविद्या में भी शुद्धब्रह्म का भेद-ज्ञान होने से कार्यत्व (जन्यत्व) का ज्ञान सुशक है। यदि कहें कि इस पद्धति से ब्रह्म में भी कार्यत्व का ज्ञान होने लगेगा; क्योंकि उसमें भी ता प्रपञ्च का भेद है, इस पर समाधान करते हैं कि—ब्रह्म में किसी का भी भेद नहीं है, वह तो निर्धर्मक है, फिर भेदरूपधर्म की उसमें स्थिति नहीं बन सकती। इस रीति से वैधर्म्य विविधधर्मवत्ता को सम्भावना का अभाव होने से काव्यप्रकाशकार का कथन पूर्णरूप से संगत हुआ कि--"जो यह भेद अथवा भेदहेतु है, यही तो वैधर्म्य (विविधधर्मवत्ता) है।

यदि कहें कि अजन्य होकर जो अविनाशी हो, उससे जो भिन्न वह कार्य होता है, उसमें कार्यत्व रहता है। अथवा पराधीन (कारण के अधीन) सत्ता है जिसकी, वह कार्य होता है, उसमें कार्यत्व-धर्म रहता है, यही कार्यत्व भेद-ज्ञान से साध्य मानेंगे, अविद्या के अजन्य होने पर भी ब्रह्म में अध्यस्त होने से पराधीन (ब्रह्माधीन) सत्तावाली अविद्या हुयी, अतः उसमें द्वितीय-कोटि का कार्यत्व सिद्ध हो जायगा। अथ च अविद्या हमारे (वेदान्ती के) मत में विनाशिनी होने से प्रथमकोटि का कार्यत्व भी उसमें साध्य बन जायगा।

इसका उत्तर ग्रन्थकार देते हैं कि 'यावद् विकारम्' इस सूत्र में सामान्य रूप से कार्यत्व को मानकर अनुमान की प्रवृत्ति न करके विशेषरूप से संकुचित कार्यत्व की साध्यता मानकर सूत्र का लगाना अस्वारसिक होगा।

इस व्याख्यान में कोई प्रमाण नहीं है, तथा अविद्या के अजन्यत्व का बोधक कोई अन्य सूत्र नहीं है, जिसके अनुरोध से इस सूत्र में कार्यपद का संकुचित अर्थ करके अविद्या के अजन्यत्व का समर्थन किया जाय। तुल्यन्याय से आकाश के भी ब्रह्म में अध्यस्त होने से उसका भी जन्यत्व नहीं सिद्ध हो सकेगा।

यदि कहें कि अविद्या के अनादित्व (अजन्यत्व) का बोधक अन्यसूत्र न होने पर भी 'अजामेकाम्' यह श्रुतिवाक्य तो अनादित्व का बोधक मिल रहा है, तथा अनादिमाया से सुप्त (सोता हुआ) जीव जब प्रबोध में आता है, तब अज अद्वितीय ब्रह्मतत्त्व का साक्षात्कार करता है। इस प्रकार की भाष्य में उक्त जो सम्प्रदायविदों की उक्ति, वह भी अविद्या के अजन्यत्व का बोध करा रही है, इससे अविद्या को अजन्य मानना पड़ेगा। इस पर समाधान करते हैं--कि "अजामेकाम्" इस श्रुति से तो अजा (बकरी) रूपक से भी अर्थात् अविद्या में अजात्व (छागीत्व) का आरोप करके भी उक्त श्रुति की संगति लग जायगी। जैसे मुख में चन्द्रत्व का आरोप करके चन्द्रप्रयुक्त व्यवहार करते हैं, ऐसे अविद्या में अजात्वारोप करके उसी का लोहितत्व, शुक्लत्व, कृष्णत्वधर्म तथा बहुतरप्रजासर्जनकर्तृत्व आदि का आरोप कर व्यवहार किया गया है।

इसीलिये 'अजामेकाम्' इस श्रुति में अग्नि-जल-अन्न के जो अव्याकृत (सूक्ष्म) नाम, रूप हैं, जिसमें ऐसी सृष्टि की पूर्वावस्था अजारूपक से कही गयी है।

उपमान तथा उपमेय के अभेदारोप में रूपकालङ्कार होता है, अभेदारोप में भोग्यत्वरूप साधारणधर्म कारण होता है। "अनादिमायया सुप्तः" इस श्रुतिवाक्य

में अनादित्व का प्रतिपादन भी प्रत्येक प्रलय में स्थूलरूप अविद्या के अभाव से सृष्टि के आदि में उसकी उत्पत्ति होने से अविद्या की परम्परा मानना आवश्यक है, इस रीति से अनादित्व भी उसका बन जायगा।

तथा "अक्षरात् परतः परः" इस श्रुति से भी अविद्या का अनादित्व सिद्ध होता है, इस श्रुति में अक्षरपद से अविद्या का ही ग्रहण किया गया है, अन्यथा वस्तुगत्या अक्षरतत्त्व तो अजन्यत्वे सति अनन्तत्वविशिष्ट ब्रह्म के लक्षण से आक्रान्त होता है, उसके ग्रहण से द्वैत की आपत्ति हो जायगी।

अब आपके (वेदान्ती के) मत में अविद्या का अक्षरत्व क्या है ? यदि आप कहें कि 'ब्रह्मसाक्षात्कार से पूर्व अविद्या की निवृत्ति का न होना, यही अक्षरत्व है', तो हम भी कहेंगे कि सृष्टि के मध्य में बारम्बार विनाश न होना ही अविद्या का सापेक्ष अनादित्व है।

अब यह शङ्का होती है कि अविद्या यदि जन्य है, तो मूलकारण ब्रह्म में अनवस्था-दोष की आपत्ति आ जायगी; क्योंकि मायारूप उपाधि के सहकार के विना सृष्टि की जनकता ब्रह्म में सम्भावित नहीं है, ऐसी दशा में एक अविद्या जब जन्य अर्थात् उत्पन्न होगी, तभी उसके सहकार से ब्रह्म में सृष्टि की जनकता बनेगी, तो प्रश्न यह होता है कि अविद्या भी जन्य होने से सृष्टि के भीतर प्रथमचरण है। जब वह उत्पन्न हुयी, तो उसकी उत्पत्ति के लिये ब्रह्म में उससे भी पहले अविद्यारूप सहकार की आवश्यकता पड़ेगी, वह भी जन्य होने से उत्पन्न होगी, पुनः उसकी उत्पत्ति के लिये उससे भी पूर्व अविद्या के सहकार की आवश्यकता। इस प्रकार अविद्या की परम्परा मानने से अनवस्था आ पड़ी। इसी आपत्ति के भय से न्यायशास्त्र में परमाणु आदि कारणों को नित्य माना गया है।

इस पर समाधान करते हैं कि वासनारूप अविद्या के सहकार से स्थूला अविद्या, उसके सहकार से सूक्ष्मा अविद्या ब्रह्म से जन्य होती है, अतः अनवस्थादोष का निराकरण हो गया। तात्पर्य यह हुआ कि सूक्ष्मा-अविद्या की उत्पत्ति में ब्रह्म को स्थूला-अविद्या का सहकार रहता है, स्थूला-अविद्या की जन्यता में वासना-(संस्कार) रूप सूक्ष्मा-अविद्या का सहकार अपेक्षित होता है। इस प्रकार कालभेद तथा तत्तद्व्यक्ति-भेद से अपने में अपनी अपेक्षा हो सकती है, परस्पराश्रयत्वादि दोष भी नहीं होगें। तथा सोपाधिक ब्रह्म ही मूल कारण है, इसलिये अनवस्था-दोष नहीं है। दोनों अविद्यायें तो मिथ्या ही हैं, इनमें पौर्वापर्य की अनवस्था तो बीजाङ्कुर-न्याय से इष्ट ही है। मिथ्या के व्यवस्थापन में आग्रह कैसा ? ॥ ८८ ॥

अत एव "प्रकाशादिवन्नैवं परः" इति सूत्रे भाष्ये 'मूलप्रकृत्यनभ्युपगमेऽनवस्थाप्रसङ्गाद्या मूलप्रकृतिरभ्युपगम्यते, तदेव नो ब्रह्म' इत्युक्तम्। तव त्वजन्याविद्यायामपि तत्सत्त्वात्तदेव नो ब्रह्मेत्यस्यासङ्गतिः स्पष्टैव। अत्र कार्यत्वमात्रं साध्यम्, न तु यद्भेदस्तत्कार्यत्वम्। तेन घटानां परस्परं कार्यत्वाभावेऽपि परस्परं भेदव्यवहारोपपत्तिः। अरोपितधर्मवति भेदो विकारत्वं चास्त्येव। रज्जूरगस्थले आरोपितोरगत्वेनैव रज्जुविकारत्वव्यवहारात्। किञ्च,

सर्वशक्तिमयो ह्यात्मा शक्तिमण्डलताण्डवैः।
संसारं तन्निवृत्तिं च करोत्यविरतोदयम्॥

इति स्मृतौ शक्तिमण्डलत्वेन मायोक्ता।

मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्।
अस्यावयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वमिदं जगत्॥

क०—अत्र मानमाह—अत एवेति। तादृशस्य तस्यैव तत्त्वाङ्गीकारादेवेत्यर्थः। ननु जीवस्येश्वरांशत्वे जीवगतदुःखेन तस्यापि दुःखित्वापत्तिः, पादादिगतदुःखेनाङ्गिनो दुःखित्ववदत आह—प्रकाशादीति। यथा जीवो दुःखी, नैवं परमात्मा। यथा सौरश्चान्द्रो वा प्रकाशो नभो व्याप्य वर्तमानो वक्रकाष्ठाद्युपाधिकृतं वक्रभावमापन्नोऽपि वस्तुतो न तत्त्ववान्, यथा वा घटादिषु गच्छत्सु गच्छन्निवाकाशो वस्तुतो न तथा, तद्वदिति सूत्रार्थः। मूलेति। अनादिभूतेत्यर्थः। तत्सत्त्वात्। मूलप्रकृतित्वसत्त्वात्। तदर्थमेव तदङ्गीकारात्। मम तु ब्रह्मण्येव तादृशे तत्त्वमिति नासङ्गतिः। एतेन घटकतया तथाप्यापत्तिरेवेत्यपास्तम्। सामान्यरूपेणानुगतयोस्तयोः सहकारित्वेन तत्राप्यदोषाच्च। तयोर्निमित्तकारणत्वेनादोषाच्च। ननूक्तरीत्या तादृशकार्यत्वस्यैवासाध्यत्वेऽपि प्रत्यासत्त्या विशेषकार्यस्य साध्यत्वस्य लाभात्सङ्कोचावश्यकत्वमेवेति तथैवास्तामत आह—अत्रेति। तत्साध्यकानुमाने इत्यर्थः। मात्रम्। कार्त्स्न्ये। साधकस्य तथैव सत्त्वात्। (१) तत्फलं कथयन् तदेवाह—तेनेति। व्यक्तिभेदमादायेति भावः। अस्ति हीत्यादिना प्रागपि तथैवोपपादितम्। ननु तेषां निर्धर्मकत्वेन कथं सोऽत आह—आरोपितेति। प्रपञ्च इत्यर्थः। सर्वशक्तिर्माया सा च ब्रह्मणा भेदाभेदाभ्यामनिर्वचनीयेति तस्य तन्मयत्वम्। अन्यदप्याह—किञ्चेति। मायासाक्षित्वाच्च तत्राधिष्ठानं व्यवहारोऽपि। अवीति। संसारविशेषणम्। मण्डलत्वेन तत्समूहत्वेन। तथा च सावयवत्वं लब्धम्। स्पष्टं

---

१. 'तदेव ध्वनयन् तत्फलं कथयति—तेनेति' ख० पु० पाठः।

इति श्रुतौ चाविद्यायाः सावयवत्वमुक्तम्। तेन जन्यत्वमावश्यकम्, घटादिवत्। अस्यावयवेत्यत्र सन्धिरार्षः। यद्वा अस्य महेश्वरस्य, मायावयवानामेव च तदवयवत्वम्, तद्विशिष्टस्यैव महेश्वरत्वात्।

किञ्च, सत्तास्फूर्त्यनुरोधेन तस्या ब्रह्मकार्यत्वमावश्यकम्। वासनासमूहरूपाविद्याया अपि योगिनां सत्त्वेन स्फूर्तिसत्त्वात्।

किञ्च, चतुर्थपादस्याद्याधिकरणे "तद्धेदं तर्ह्यव्याकृतमासीद्" इति श्रुतेः 'इदं व्याकृतं नामरूपं विभिन्नं जगत् प्रागवस्थायां परित्यक्तव्याकृतनामरूपं बीजशक्त्यवस्थम्' इत्यर्थं दर्शयित्वा 'परमेश्वराधीना त्वियमस्माभिः प्रागवस्था जगतोऽभ्युपगम्यते। अर्थवती च सा। न तया विना परमेश्वरस्य स्रष्टृत्वं सम्भवति। शक्तिहीनस्य प्रवृत्त्यनुपपत्तेः। अविद्यात्मिका हि सा बीजशक्तिः परमेश्वराश्रया' इति भाष्ये उक्तम्।

तत्तत्कार्यबीजशक्तीनामानन्त्येऽपि बीजशक्तिरित्येकवचनं जात्यभिप्रायेण। अनेन हि वासनानामेवाविद्यात्वं स्पष्टमेवोक्तम्। प्रतिषिद्धसर्वविशेषस्यापि ब्रह्मणोऽविद्यया सर्वशक्तियोगः 'सर्वज्ञं सर्वशक्तियोगं

तद्बोधिकां श्रुतिमाह—मायामिति। प्रकृतसाधकमुभयतात्पर्यमाह—तेनेति। सावयवत्वेनेत्यर्थः। नन्वेवमस्या अवेत्युचितमत आह—अस्येति। एतद्दोषभियैवाह—यद्वेति। ननु न साऽवयवोऽत आह—मायेति। तत् मायामायिनमित्युक्तेः। अन्यदप्याह—किञ्चेति। अविद्यायामिति शेषः। ननु तत्सत्त्वे एव न मानमत आह—वासनेति। अपिना स्थूलाविद्यापरिग्रहः। अन्यदप्याह—किञ्चेति। तस्यैवार्थमाह—विभिन्नमिति। अव्येत्यस्यार्थमाह—परीति। तत्स्वरूपमाह—बीजेति। नन्वधिष्ठानसत्त्वेऽपि फलाभावोऽत आह—अर्थेति। फलवती चेत्यर्थः। तदेवाह—न तयेति। तन्नाम कथयन्नुपसंहरति। तस्यादिः अविद्येतीति। सा प्रागवस्था। अत्र यथासङ्गति परिहरति—तदिति। अनेन। भाष्येण। एवेन तदाश्रयातिरिक्तविद्याव्यवच्छेदः। तच्चोक्तरीत्या गौणं बोध्यम्। भाष्यान्तरे इत्यर्थः। एतदिति। एतत्सदृशेत्यर्थः।

ननु तस्य प्रागुक्तश्रुत्यादिभिः शुद्धत्वप्रतिपादनात्कथं तस्यास्तदाश्रयत्वमत आह—प्रतीति। नेति नेत्यादिश्रुतिभिरिति भावः। सर्वेति। तत्तत्कार्यबीजभूतसर्वशक्तिसम्बन्ध इत्यर्थः। स चाध्यासिको बोध्यः। अत एवाश्रयाश्रयिभाव इति भावः। सर्वशक्तीति महेति च बहुव्रीही। अन्यत्र। भाष्यान्तरे। ननु तासामेवाविद्यात्वेन कथं भेदोक्तिरत आह—अत्रेति। ननु विशेषणद्वयेन भेदस्तयोः स्यादत आह—शक्तीति। तथा च व्याख्यान-

महामायं च तद्ब्रह्म' इत्यन्यत्रोक्तम्। अत्राविद्ययेत्यस्य पूर्वैतद्विध-मिथ्याज्ञानजन्यवासनयेत्यर्थः। शक्तिसमूह एव च महामायेति बोध्यम्।

एतेनाविद्याऽजन्या कश्चिद् भावपदार्थो वासनाश्रय इत्यपास्तम्। अतिरिक्ततत्कल्पने मानाभावात्। अत एव प्रपञ्चस्यैककारणकत्वप्रवाद-निर्वाहः। स्वजन्यातिरिक्तसहकार्यनपेक्षत्वात्॥ ८९॥

व्याख्येयभावस्तयोरिति न भेद इति भावः। यद्वा पौनरुक्त्यं परिहरति—शक्तीति। तथा च पूर्वेण प्रत्येकं तत्सम्बन्धबोधनम्, द्वितीयेन तत्समूहसम्बन्धबोधनमिति भावः। वेदान्तिमतं खण्डयति—एतेनेति। अस्यार्थमाह—अतीति। उक्तरीत्यैव तदुपपत्तेरिति भावः। अत एव। अतिरिक्ततदभावादेव। ननु सिद्धान्तेऽपि प्रपञ्चजनने तत्सहकारापेक्ष-णात्तद्भङ्ग एव, अत आह—स्वजन्येति। सा च स्वकल्पितैव, मायालये इव तज्जननेऽपि सहकार्यन्तरानपेक्षणात्। आविर्भावतिरोभावयोरेवोत्पत्तिविनाशपदार्थत्वात्॥ ८९॥

सरला—यह शङ्का होती है कि—जीव यदि ईश्वर का अंश है, तो जीव के दुःख से ईश्वर को भी दुःखित्व की आपत्ति आ जायगी, जैसे जीव के हाथ या पाद या किसी भी अङ्ग में दुःख होने पर अङ्गी जीव को भी दुःखी देखा जाता है। इसका समाधान करते हैं कि—जैसे सूर्य या चन्द्र का प्रकाश आकाश को व्याप्त करके वर्तमान होता है, वह वक्र काष्ठादिरूप उपाधि के कारण वक्रभाव को प्राप्त होता है, अर्थात् वक्राकार प्रतीत होता है। पर वस्तुतः उस आकार का नहीं होता।

ऐसे ही परमेश्वर जो परतत्त्व है, वह भी जीव के दुःख से वस्तुतः दुःखवाला नहीं होता, इसी प्रकार "प्रकाशादिवन्नैव परः" इस सूत्र की व्याख्या है। इसी सूत्र के भाष्य में यह शङ्का को गयी है कि यदि मूलप्रकृति अनादि न मानो जाय, तो पूर्वोक्त अनवस्था दोष आ जायगा, उसके निरास के लिए जो मूलप्रकृति अनादिरूप में मानी जायगी, वही हमारे मत में ब्रह्मरूप है, ऐसा क्यों न माना जाय? आप वेदान्तियों के मत में अजन्य जो अविद्या, वही मूलप्रकृतिरूप में मानी जाती है। अतः वही ब्रह्मरूप है, ऐसा आप मान नहीं सकते, ऐसी दशा में "तदेव नो ब्रह्म" ऐसा भाष्यकार का कथन आपके मत में असंगत हो गया। हमारे शाब्दिकों के मत में तो अविद्या जन्य है, मूलप्रकृतित्व (अनादित्व) रूप धर्म तो अविद्या में है नहीं; किन्तु ब्रह्म ही में है, अतः "तदेव नो ब्रह्म" इस भाष्य की असंगति नहीं होगी।

पूर्वप्रसक्त कार्यत्व तथा भेद का व्याप्यव्यापक-भाव में सामान्य रूप से कार्यत्व साध्य समझना चाहिये, न कि विशेषरूप से, अर्थात् जिसका भेद हो, उसी का कार्यत्व साध्य हो, ऐसा नहीं; क्योंकि घटों का परस्पर भेद तो है, पर एक दूसरे

में कार्यत्व नहीं है, इसलिये परस्पर कार्यत्व के अभाव में भी भेद-व्यवहार की उपपत्ति अक्षत रहो। अब यह शङ्का होती है कि जहाँ पर रज्जु में सर्प आदि का भ्रम होता है, वहाँ पर भी सर्प को रज्जु का विकार (विवर्त) कहा जाता है, यह कैसे समझा जाय ? इसका समाधान करते हैं कि—रज्जु में सर्पत्व का आरोप करके आरोपित-सर्पत्व वाली रज्जु का सर्प विकार कहा जाता है, इसी प्रकार अन्यत्र भी शुक्ति आदि स्थल में रजतत्व के आरोप से रजत को शुक्ति (सीपी) का विकार समझना चाहिये।

ब्रह्म में भो प्रपञ्च के धर्म का आरोप करके प्रपञ्च को भी ब्रह्म का कार्य समझना चाहिए। अविद्या के अजन्यत्व के निषेध में अन्य प्रमाण प्रस्तुत कर रहे हैं—

"सर्वशक्तिसम्पन्न परमात्मा अपने शक्तिमण्डल अर्थात् शक्तियों की समूहरूप माया से निरन्तर संसार का आविर्भाव तथा निवृत्ति अर्थात् तिरोभाव करता रहता है" इस अर्थवाली 'सर्वशक्तिमयो ह्यात्मा' इस स्मृति में शक्तिमण्डलपद से माया का बोध कराया गया है। तथा—

"माया को प्रकृति तथा मायावान् को महेश्वर समझना चाहिये। इसी माया के अवयवों से सारा विश्व व्याप्त है" इस अर्थवाली "मायां तु प्रकृतिम्" इत्यादि श्रुति में भी अविद्या को सावयव कहा गया है, इससे अविद्या का जन्यत्व आवश्यक है, जैसे घट आदि पदार्थ सावयव होने से जन्य हैं। श्रुति में "अस्यावयवभूतैः" इस पद में "अस्या अवयवभूतैः" ऐसा पदच्छेद आवश्यक है; क्योंकि अविद्या-शब्द स्त्रीलिङ्ग है, तो दीर्घसन्धि कैसे हो गयी ? इस पर समाधान करते हैं कि उक्तपद में आर्ष-प्रयोग होने से सन्धि मान लेनी चाहिये, अर्थात् यकार के लोप की असिद्धि नहीं माननी चाहिये। अथवा "अस्य अवयवभूतैः" यही पद का स्वरूप समझना चाहिये, अब 'अस्य' पद से महेश्वर का ग्रहण करके श्रुतिवाक्य का अर्थ जानना चाहिये, इस पक्ष में माया के अवयवों को महेश्वर का भी अवयव समझना चाहिये; क्योंकि माया से विशिष्ट ही चेतन को महेश्वर कहा जाता है।

पुनरपि—सत्ता एवं स्फूर्ति के अनुरोध से अविद्या को ब्रह्म का कार्य मानना आवश्यक है; क्योंकि सत्ता तथा स्फूर्ति (चेष्टाजनक ज्ञान) ये दोनों ब्रह्म के स्वभाव हैं, अविद्या भी ब्रह्मजन्य होने से ब्रह्म का अंश है, अतः उसमें भी उक्त दोनों धर्म भासते हैं, वासना (संस्कार) समूहरूप सूक्ष्म-अविद्या तथा स्थूल-अविद्या भी योगियों के अन्तःकरण में रहती ही है, अतः सत्तावाली होकर उन्हें भी स्फूर्ति कराती है, इसी स्फूर्तिरूप कार्य से अविद्यारूप कारण की अनुमिति करनी चाहिए। अथ च चतुर्थपाद के प्रथम अधिकरण में "तद्धेदं तर्ह्यव्याकृतमासीत्" इस बृहदारण्यक-श्रुतिवाक्य का भाष्यकार भगवान् शंकर ने "यह व्याकृत नाम-रूप से विभिन्न जगत् पूर्व अवस्था में व्याकृत (स्थूलरूपवाला) नाम, रूप को छोड़कर बीजशक्ति की

अवस्था में था" यह अर्थ दिखलाकर "यह जगत् को पूर्वावस्था परमेश्वर के अधीन होती है, ऐसा हम सबको समझना चाहिए, यह बीजशक्ति की अवस्था अर्थवती (प्रयोजनवाली) है, उसके विना परमेश्वर सृष्टि करने में समर्थ नहीं होता। शक्तिरहित की प्रवृत्ति कैसे सम्भव होगी ? अविद्यारूप वह बीजशक्ति परमेश्वर के आश्रित होती है"। ऐसा व्याख्यान किया है। इस भाष्य में तत्तत्कार्यजनक बीजशक्तियों के अनन्त होने पर भी 'बीजशक्तिः' ऐसा एकवचनान्त प्रयोग बीजशक्तियों में रहनेवाली बीजशक्तित्वरूप जाति के एकत्व के तात्पर्य से किया गया है। इस भाष्य-व्याख्यान से अविद्यापद से वासनाओं का ही ग्रहण स्पष्टतया प्राप्त होता है, यद्यपि श्रुतियों में ब्रह्म शुद्ध अर्थात् सभी विशेषों से रहित कहा गया है, फिर भी ब्रह्म में अविद्या के द्वारा समस्त शक्तियों का योग समझना चाहिए, जैसा कि शारीरक-भाष्य में "सर्वज्ञ सर्वशक्तिमय महामायावान् ब्रह्म है" ऐसा कहा है। पूर्व-भाष्य में अविद्यापद से पूर्वकालिक जो एतादृश मिथ्याज्ञान, उससे जन्य वासना (संस्कार) का ग्रहण करना चाहिये, न कि 'विद्या का अभाव अविद्या' ऐसा समझना। दूसरे भाष्य में सर्वशक्ति-योग तथा महामायम्, ये दो विशेषण परमेश्वर के हैं। इससे यह ध्वनित होता है कि शक्ति तथा माया में भेद है, इस शङ्का पर कहते हैं कि शक्तिसमूह ही महामाया हैं, अर्थात् सर्वशक्तियोगरूप विशेषण से प्रत्येक शक्ति का पृथक्-पृथक् सम्बन्धबोध कराया गया। 'महामायम्' इस दूसरे विशेषण से शक्तियों के समूह का एककालिक सम्बन्धबोध कराया। अथवा महामायापद की व्याख्या सर्वशक्तियोग-पद से की गयी है। अथवा 'अविद्यया सर्वशक्तियोगम्' में अविद्या से बीजशक्तिरूप सूक्ष्म अविद्या का योग कहा गया, इस पक्ष में अविद्यया की तृतीया अभेदार्थक है। महामाया-पद से स्थूल-अविद्या का ग्रहण किया गया है।

इस रीति से भाष्यकार का व्याख्यान समझ लेने पर जो वेदान्त्येकदेशी "अविद्या को अजन्य तथा वासनासमूह से अतिरिक्त वासना का आश्रयभूत एक भाव पदार्थ है" ऐसा मानते हैं, उनका मत भाष्यविरुद्ध होने से अमान्य हो गया; क्योंकि वासनासमूह से अन्य अविद्या की कल्पना में कोई प्रमाण नहीं मिलता। इसीलिये सकलप्रपञ्च का एक ही कारण है, वह ब्रह्म है, वह अपने से जन्य जो अविद्या, उसी की सहकारिता की अपेक्षा सृष्टि-रचना में करता है, उससे अतिरिक्त की नहीं, ऐसा नियम लाघवमूलक क्लृप्त है। आप यदि अजन्य अविद्या को सहकारिता का पक्ष लेंगे, तो उक्त नियम जो निर्णीत है, उसका भङ्ग होगा, वह अप्रमाणिक होगा।

यह अविद्या अधिष्ठानभूत ब्रह्म में कल्पित है। जैसे उसके लय में अन्य सहकारी की अपेक्षा नहीं होती, ऐसे ही उसकी उत्पत्ति में भी अन्य सहकारी की अपेक्षा नहीं होती। उत्पत्ति तथा विनाश पद से आविर्भाव एवं तिरोभाव में तात्पर्य है, न कि असत् पदार्थ की उत्पत्ति एवं पदार्थ के ध्वंसाभाव में तात्पर्य है ॥ ८९ ॥

यत्तु "प्रकृतिश्च प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधाद्" इति सूत्रे भाष्ये च 'ब्रह्मैवोपादानकारणं निमित्तकारणं च' इत्युक्तम्। तस्य स्वसमकक्ष-निमित्तकारणाभावे तात्पर्यम्। इतोऽपि अविद्यायां जन्यत्वमावश्यकम्। अन्यथा प्रतिज्ञादृष्टान्तोपरोधः स्यादेवेति बोध्यम्। अत एव विष्णुपुराणे—

प्रजापतिपतिं विष्णुमनन्तमपराजितम्।
प्रधानपुंसोरजयोः कारणं कार्यभूतयोः॥

इति स्मर्यते। अजयोरिति रूपकं स्वातन्त्र्यनिरासाय। तद्ध्वननायैव कारणं कार्यभूतयोरित्युक्तम्। यद्वा, एतत्सृष्टौ तज्जन्मानुपलम्भाद-जत्वम्, पूर्वकल्पान्ते जन्यत्वमादाय कार्यभूतयोरित्युक्तम्। 'यत्तत्सूक्ष्मम-विज्ञेयम्' इति प्रकृत्य—

"तस्मादव्यक्तमुत्पन्नं त्रिगुणं द्विजसत्तम"। इति।
"अव्यक्तं पुरुषे ब्रह्मन्निर्गुणे सम्प्रलीयते"।

क०—नन्वेवं स्वजन्यसापेक्षत्वं लब्धम्, तच्च सूत्रभाष्योभयविरुद्धमत आह—यत्त्विति। ब्रह्म प्रकृतिरुपादानं चकारान्निमित्तकारणमिति प्रतिज्ञादृष्टान्तयोरनुप-रोधात् अगौणार्थत्वात्। छान्दोग्ये "तमादेशमप्राक्ष्यो येनाश्रुतं श्रुतं भवत्यमतं मतम-विज्ञातं विज्ञातम्" इति एकविज्ञानेन सर्वविज्ञानमिति प्रतिज्ञा, तदुपपादकदृष्टान्तः "सोम्यैकेन मृत्पिण्डेन सर्वं मृन्मयम्" इत्यादिः प्रागुक्तः। निमित्तस्योपादानाद्भेदे तदसङ्गतिः स्पष्टैवेत्यर्थः। इदमपि प्रकृतिसाधकमित्याह—इतोऽपीति। अस्मात्सूत्रात् भाष्यादपीत्यर्थः। उपरोधः तयोरसामञ्जस्यम्। अत एव। तस्या जन्यत्वादेव। सृजति हिरण्यगर्भादिपतिं, प्रधानमव्यक्तम्। नन्वजयोः कार्यभूतयोरिति मिथो विरुद्धमत आह—अजयोरिति। सादृश्येन पराधीनत्वप्रतिपादनादाह—स्वातन्त्र्येति। तत्पदेन निरासः। नन्वेवं न पुष्टिरपरस्य, किञ्च वैपरीत्यमेवास्त्यतः प्रागुक्तरीत्यैवाह—यद्वेति। एतत्सृष्टौ एतत्सृष्टिमध्ये कल्पान्ते तत्समाप्तौ सत्याम् अन्तिमकल्पसर्गायेति भावः। तस्या अजन्यत्वे स्पष्टन्दोषान्तरमाह—यत्तदिति। तस्मादित्यस्यार्थसूचनायेदम्। उत्पत्तिवत् लयोऽपि तत्रेत्याह—अव्यक्तमिति। अत्र स्पष्टमुत्पत्तिलयावुक्ताविति तत्त्वमेव सिद्धम्, तदाह—एतदिति। एतत्पोषणेनेत्यर्थः। सूत्रेति। प्रकृतिश्चेत्यादिसूत्रेत्यर्थः। उक्तेति। अजापदा-दिघटितानामित्यर्थः। "अजामेकाम्" इत्यत्रापि पूर्वार्द्धे इवोत्तरार्धेऽप्येवमेव जडत्वो-पाधिविशिष्टस्यैव जीवत्वेनोपाधेश्च जन्यत्वेन विशिष्टे ईदृशाजन्यत्वस्यैव वाच्यत्वा-दिति भावः। यद्वा विशेष्यांशमादायाजत्वं बोध्यम्। अत एव वक्ष्यति—विशेष्यांशमिति।

इति च भाष्योदाहृतस्मृत्यन्तरविरोधश्च । एतदुपबृंहणेन सूत्रस्वरसेन चोक्तजातीयश्रुतीनां मदुक्तव्याख्यैवोचिता । तदुक्तं चरके पतञ्जलिना—

आदिर्नास्त्यात्मनः क्षेत्रपारम्पर्यमनादिकम् । इति ।

प्रकृतिं पुरुषं चैव क्षेत्रं क्षेत्रज्ञमेव च ॥

इति प्रघट्टके गीतायां वासनासमूहरूपाविद्याया अव्यक्तशब्देन क्षेत्रत्वोक्तेः ॥ ९० ॥

तत्र सम्मतिमाह—तदुक्तमिति । तत्पारम्पर्यमनादि, न तु तदिति परम्परानादित्वेनैवानादित्वं न त्वजन्यत्वरूपमित्यर्थः । आत्मातिरिक्तत्वेनाविद्याया अपि क्षेत्रत्वेन तत्रापि पारम्पर्यस्यैवानादित्वं युक्तम्, उक्तयुक्तेरिति भावः । नन्वेवमपि क्षेत्रस्य तत्त्वं लब्धम्, न त्वविद्यायाः, तस्यास्ततो भिन्नत्वात् गीतायां चतुर्णां भेदेनोक्तत्वादत आह—प्रकृतिमिति । अव्यक्तेति । तदर्थकप्रतिशब्देनेत्यर्थः । प्रकृतिरूपं क्षेत्रम्, पुरुषरूपं क्षेत्रज्ञमिति तदर्थं तद्व्याख्यातारः ॥ ९० ॥

सरला—पूर्वप्रसङ्ग में ब्रह्म के सृष्टि-जनन में स्वजन्य की सहकारिता कही गयी, इस पर विपक्षी विद्वान् दोष दे रहे हैं कि यह कथन सूत्र तथा भाष्य दोनों से विरुद्ध है; क्योंकि "जन्माद्यस्य यतः" इस सूत्र से लक्षित ब्रह्म प्रपञ्च के प्रति उपादान-कारण है, अथवा निमित्तकारण ? इस संशय में 'स ईक्षत' इत्यादि श्रुति के बल से निमित्तकारणता ही प्राप्त होती है । इस पूर्वपक्ष में "प्रकृतिश्च....." इस सूत्र का अवतार करते हैं, इसका अर्थ है—सर्वविज्ञानप्रतिज्ञा तथा मृत्पिण्ड-दृष्टान्त इन दोनों के अनुरोध से ब्रह्म को उपादानकारण मानना चाहिये, तथा 'स ईक्षत लोकान्नुत्सृजे' इस श्रुतिवाक्य से निमित्तकारणता भी प्राप्त होती है, इसमें ब्रह्म की उपादानकारणता अजन्य अविद्यारूप उपाधि से सम्पन्न होती है, निमित्तकारणता उस अविद्यारूप उपाधि से उपहित ब्रह्म की चेतनाशक्ति से सम्पन्न होती है । शाब्दिकाचार्यों के मत में तो अविद्या ब्रह्म से जन्य होकर उसकी उपादानकारणता में सहकारिणी बनती है, अतः प्रपञ्च में निमित्तकारणता हुई । ऐसी दशा में निमित्तकारण का उपादान से भेद होने पर प्रकृतस्थल में सूत्र एवं भाष्य का विरोध आया । इस पर समाधान करते हैं कि ब्रह्म के समकक्ष होकर निमित्तकारण कोई नहीं है, इसमें तात्पर्य है । यही बात "ब्रह्मैवोपादानकारणं निमित्तकारणं च" इस वाक्य में एव-

शब्द से सूचित की गयी है, एव-शब्द का तात्पर्य होता है, अन्य की व्यावृत्ति। यहाँ पर स्वजन्य अविद्या भी सहकारिणी होने से यद्यपि निमित्तकारण है, फिर भी ब्रह्म के समान होकर तो कोई निमित्त नहीं है, बस इसी में एवकार के कथन से भाष्य का परमतात्पर्य है। इस प्रसङ्ग में भी अविद्या को ब्रह्म से जन्य (आविर्भूत) मानना आवश्यक है, अन्यथा (नहीं तो) अविद्या के अजन्यत्व पक्ष में उक्त प्रतिज्ञा तथा दृष्टान्त दोनों का बाध हो जायगा, यदि प्रपञ्च का मूलकारण एक ही हो, तभी सर्वविज्ञान की प्रतिज्ञा, मृत्पिण्डादि दृष्टान्त की संगति बन सकती है। हमारे मत में तो अविद्या भी ब्रह्म से जन्य है, अतः एक ही मूलकारण का सिद्धान्त सुस्थिर हो जाता है। इसीलिये विष्णुपुराण में कहा गया है कि—प्रजापति के भी पति, अनन्त, अपराजित विष्णु कार्यभूत अजासदृश प्रकृति एवं जीव के कारण हैं। इस पद्य में 'अजयोः' यह प्रधान (प्रकृति) पुमान् (जीव) का रूपक है, अर्थात् प्रकृति–पुरुष दोनों में अजात्वधर्म का आरोप है, उसका तात्पर्य है कि प्रकृति तथा जीव, ये दोनों स्वतन्त्र नहीं हैं, जैसे अजा (बकरी) रस्सी से बँधी रहती है, स्वतन्त्र नहीं रहती। इसी बात को 'कारणं कार्यभूतयोः' से भी बता रहे हैं। अथवा इस सृष्टि में जन्म न होने से अजत्व, पूर्वकल्प के अन्त में जन्म होने से 'कार्यभूतयोः' कहा गया। तथा अविद्या यदि जन्य न मानेंगें, तो भाष्य में उदाहृत अन्य स्मृति का भी विरोध हो जायगा, वह इस प्रकार है—"यत्तत्सूक्ष्ममविज्ञेयम्" इस प्रकरण में—"हे द्विजसत्तम ! उस परम मूलकारण से सत्त्व-रजः-तमः इन तीन गुणों से युक्त अव्यक्त अर्थात् प्रकृति उत्पन्न हुयी" तथा—"हे ब्रह्मन् ! अव्यक्त (प्रकृतितत्त्व) निर्गुण पुरुष में लीन होता है", इन अर्थों में दो स्मृतिवाक्य, उत्पत्ति तथा प्रलय का स्पष्ट निरूपण कर रहे हैं। इस स्मृतिबल से तथा सूत्र के स्वारस्य से अविद्या को अजत्वबोधक श्रुतियों की व्याख्या मेरी रीति से ही करना उचित है।

चरकसंहिता में महामुनि पतञ्जलि भी—आत्मा का आदि न होने से वह अनादि है, तथा क्षेत्र (प्रकृति) की परम्परा होने से अनादिता है, ऐसा कहकर क्षेत्र अर्थात् अविद्या की परम्परारूप अनादिता बताये हैं।

क्षेत्र-शब्द का अविद्यारूप अर्थ श्रीमद्भगवद्गीता में कहा गया है—'प्रकृतिं पुरुषं चैव क्षेत्रं क्षेत्रज्ञमेव च' इस प्रकरण में वासनासमूहरूप अविद्या अव्यक्त-शब्द से प्रतिपादित है, उसी को क्षेत्र कहा गया है ॥ ९० ॥

किञ्च, ब्रह्माण्डपुराणे तस्या ब्रह्मणि लय उक्तः ।

स्थूलं विलाप्य करणे करणं निदाने
तत्कारणं करणकारणवर्जिते च ।
इत्थं विलाप्य यमिनः प्रविशन्ति यत्र
तं त्वां हरिं विमलबोधघनं नमामः ।। इति ।

करणं महदादि । निदानं प्रकृतिः । तत्कारणं प्रकृतिरूपकारणम् । करणकारणवर्जिते ब्रह्मणि । अनेनापि तदतिरिक्तस्य करणकारणसाहित्यं सूचितम् । विलाप्येत्यनेन समूलमुन्मूलनमुक्तम्, न तु प्रलये इवाविभागेनावस्थानम् । अत्र ब्रह्मणि लयोक्त्या तस्य तदुपादानत्वमुक्तम् । उपादानकारणे एव लयस्य "यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते । येन जातानि जीवन्ति । यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति" इति श्रुत्या बोधनात् । 'यस्य हि यत उत्पत्तिस्तस्य तत्र लयो न्याय्यो मृदीव शरावस्य । न च मनसो वागुत्पद्यते' इति शांकरभाष्याच्च ।

किञ्च, अनुत्पत्तिकत्वे तस्या नाशानापत्तिः । तदुक्तं न्यायभाष्ये वात्स्यायनेन—'न चानुत्पत्तिधर्मकं किञ्चिद्व्ययधर्मकं प्रतिज्ञातुं शक्यम्' इति । प्रागभावस्यापि न नाशः । उत्पत्त्यनन्तरं तत्प्राक्कालाभावेन तद्व्यवहाराभावोपपत्तेः । एवं जीवानामप्युपाधिवैशिष्ट्येन जन्यत्वमावश्यकम् । अत एव श्रुतौ 'लोहस्थाग्नेर्विस्फुलिङ्गा इव जीवा' इत्युक्तम् ।

क०—अन्यदप्याह—किञ्चेति । स्थूलं षोडशकं विकारभूतम् । महद् । आदिप्रकृतिविकृतिरूपम् । अनेनापि । करणेत्यादिनापि । प्रोपसर्गस्वरसादाह—विप्रविलाप्येति । तत् । ब्रह्म । प्रलये । तदादौ । स्वाशयमाह—अत्रेति । तत्रैव लये भाष्यसम्मतिमप्याह—यस्य हीति । न चेति । न हीत्यर्थः । तथा च न तस्यास्तत्र लय इति भावः । अन्यदप्याह—किञ्चेति । तस्या इत्यस्य मध्यमणिन्यायेनान्वयः । अविद्याया इति तदर्थः । व्ययो नाशः । नन्वेवं प्रागभावस्याजन्यस्य नाशस्यार्वाचीननैयायिकैरङ्गीकारात्तद्विरोधो भाष्यस्य अतो भाष्याशयमाह—प्रागिति । आकाशादिवत्तस्य नित्यत्वात् । नन्वेवं घटाद्युत्पत्तावपि तत्प्रतीत्यापत्तिरत आह—उत्पत्तीति । घटादीत्यादिः । उपपत्तेरिति ।

परमार्थसारेऽपि—

एकस्मात् क्षेत्रज्ञाद् बह्वचः क्षेत्रज्ञजातयो जाताः ।
लोहस्थादिव दहनात्समन्ततो विस्फुलिङ्गकणाः ॥

इत्युक्तम् । 'क्षेत्रोत्पत्तिरेव तदुत्पत्तिः' इति तद्व्याख्यातारः । विशेष्यांशमादाय तेषां नित्यत्वोक्तिरपि । किं बहुना घटादेरप्येवमेव जन्यत्वम् । तत्तदाकारादिविशिष्टब्रह्मण एव घटादित्वात् ॥ ९१ ॥

अस्य 'इति तदाशयः' इति शेषः । (१) प्रसङ्गादाह—एवमिति । अविद्यावदित्यर्थः । अत एव । तेषां जन्यत्वादेव । अस्योभयत्राप्यन्वयः । जीवभेदोऽप्येवमेवेत्याह—एकस्मादिति । यथा हन्यमानाल्लोहगताद्वह्नेः समन्ततः समस्तदेशोपाधिका विस्फुलिङ्गाः कणाः पृथगिव जाता इव च भान्तीत्यर्थः । तथा एकस्मात् क्षेत्रज्ञाद् अन्तर्यामिणः क्षेत्रज्ञजातयो ब्रह्मादिस्थावरान्ता जाता इव भान्तीत्यर्थः, "यथाऽग्नेः क्षुद्रा विस्फुलिङ्गाः स्फुरन्ति एवमेवैतस्मादात्मनः सर्व एवात्मानो व्युच्चरन्ति" इति श्रुतेः । श्रुतावपि इवेति शेषः । तदभिप्रेत्याह—क्षेत्रोत्पत्तिरिति । तत् । श्रुतीत्यर्थः । अविरोधायाह—विशेष्यांशेति । तेषाम् । जीवानाम् । उपसंहरन् सर्वत्रैवमित्याह—किं बह्विति । एवमेव उपाधिजन्यत्वेनैव ॥ ९१ ॥

सरला—अविद्या की जन्यता में ब्रह्माण्डपुराण का वचन प्रमाणरूप में प्रस्तुत करते हैं—'स्थूलं विलाप्य करणे"—इत्यादिरूप से, अभिप्राय यह है कि—योगी-जन स्थूल-देहादि अहङ्कारान्त को क्रमशः करण (महत्तत्त्व) में, महत्तत्त्व को निदान अर्थात् प्रकृति में, प्रकृतिरूप कारण को करण-कारण से रहित ब्रह्म में विलीन करके जहाँ प्रवेश करते हैं, ऐसे विमलबोधरूप श्रीहरि को हम नमस्कार करते हैं। इस श्लोक में 'करणकारणवर्जिते' पद से ब्रह्म का ग्रहण करने से ब्रह्म से भिन्न पदार्थ करण-कारण साहित्य वाले हैं, यह सूचित होता है, विलाप्य-पद कहकर समूल उन्मूलन का बोध कराते हैं, न कि प्रलय के समान अविभक्त होकर स्थित होना । यहाँ पर करणकारणवर्जित ब्रह्म में प्रकृति के लय का कथन करने से ब्रह्म प्रकृति (अविद्या) का उपादानकारण है, ऐसी सूचना कर रहे हैं; क्योंकि "यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते"....इत्यादि श्रुति से उपादानकारण में ही उपादेय (कार्य) का लय कहा गया है। जिसकी जिससे उत्पत्ति होती है, उसका उसी में लय होना उचित है, जैसे घट-शराव आदि का मृत्तिकारूप उपादान में लय होता है। मन से वाक् की उत्पत्ति नहीं होती, अतः वाक् का मन में लय नहीं होता, इस आशय वाले शांकरभाष्य से भी

---

१. 'विशेषं प्रतिपादयितुमाह--एवमिति' इति ख-पुस्तके पाठः ।

तदुक्तं परमार्थसारे—

यद्वद्दिनकर एको विभाति सलिलाशयेषु सर्वेषु ।
तद्वत्सकलोपाधिष्ववस्थितो भाति परमात्मा ॥ इति ।

भाति, विशेष्यतयेत्यर्थः । अत एव 'द्रव्यं नित्यम्' इति महाभाष्य उक्तमित्युपरिष्टाद्वक्ष्यामः । उपाधिसन्निवेशादिशब्दैश्च ब्रह्मैव, पूर्वपूर्ववासनावशात्परमात्मन एवोपाध्यादिरूपेण तद्वैशिष्ट्येन भानात् । अत

क०—अत्र मानमाह—तदुक्तमिति । ननु लोके सुखादिवैचित्र्यादनुभवसिद्धमात्मनानात्वम्, गौतमादितन्त्रेषु च तथैवोक्तं तत्कथं सर्वगतमेकं ब्रह्म तदेवात्मेत्युक्तमित्याशङ्क्य तन्नानात्वमपि भ्रम एवौपाधिकं चेत्याह—यद्वदिति । यथा एक एवाकाशस्थो दिनकरस्तत्तज्जलेषु प्रतिहतचक्षुषा उपाधिभेदात्पूर्ववासनावशाच्च नानात्वेन गृह्यते, तद्वत्सकलोपाधिष्ववस्थित एक एवात्मा नानात्वेन भातीत्यर्थः । अत एव सुखादिवैचित्र्यमुपपन्नम् ।

"यथा स्वयंज्योतिरात्मा विवस्वानेषोऽभिन्नो बहुधैकोऽनुगच्छन् ।
उपाधिना क्रियते भेदरूपो देवः क्षेत्रेष्वेवमजोऽयमात्मा" ॥

इति श्रुतेः ।

उपादान में ही लय की पुष्टि होती है । इससे अविद्यारूप प्रकृति की ब्रह्म से उत्पत्ति स्पष्ट सिद्ध होती है । यदि फिर भी अविद्या को अनुत्पत्तिधर्म वाली मानेगें, तो फिर उसका नाश भी न हो सकेगा, यही बात श्रीवात्स्यायन ने न्यायभाष्य में कही है कि—कोई वस्तु अजन्य होकर व्ययधर्मा (नाशवान्) नहीं हो सकती । इसीलिये अजन्य प्रागभाव का भी नाश नहीं होता; किन्तु उत्पत्ति के पश्चात् उसके (प्राक्काल) के न होने से उसका (प्रागभाव का) व्यवहार नहीं होता ।

इसी प्रकार अविद्या के समान जीवों की भी उपाधि के साहित्य से उत्पत्ति मानना आवश्यक है । अत एव श्रुति में कहा गया है कि—लोहपिण्ड में स्थित अग्नि के विस्फुलिङ्ग (कण) के समान जीवों को समझना चाहिये । परमार्थसार में भी कहा गया है कि—एक ही अन्तर्यामी क्षेत्रज्ञ से अनेकों ब्रह्मादिस्थावरान्त क्षेत्रज्ञजातियाँ उत्पन्न हुयी सी प्रतीत होती हैं, जैसे लोहस्थ अग्नि से बहुतर विस्फुलिङ्ग अग्निकण चारों दिशा में उत्पन्न होते प्रतीत होते हैं । क्षेत्र (अविद्या) की उत्पत्ति से समस्त भूतादिप्रपञ्च की उत्पत्ति समझनी चाहिए, ऐसा इस पद्य के व्याख्याताओं का मत है । विशेष्यभूत ब्रह्मतत्त्व को लेकर ही जीवों की भी नित्यता मानी जाती है, इस दृष्टि से घटादि पदार्थों की भी नित्यता विशेष्यांश से, तथा जन्यता घटत्वादि या कम्बुग्रीवादिमती आकृतिरूप उपाधि के द्वारा समझनी चाहिए । इस प्रकार तत्तत् आकार-धर्म आदि से विशिष्ट ब्रह्म ही घटादि रूप में अभिव्यक्त होता है ॥ ९१ ॥

एव 'सर्वशब्दानां ब्रह्मैव वाच्यं वाचकं च' इति हरिणा सिद्धान्तितं सङ्गच्छते। अत एव हिरण्यगर्भस्य कार्यब्रह्मेति व्यवहारः। तथा च 'सामीप्यात्तु तद्व्यपदेशः' इति सूत्रे 'ब्रह्मसामीप्यादपरब्रह्मण्यपि ब्रह्मशब्दः, कार्यमेव हि ब्रह्म विशुद्धोपाधिसम्बद्धं क्वचित्कैश्चिद्विकारधर्मैर्मनोमयत्वादिभिरुपासनायोपदिश्यमानमपरमिति स्थितिः' इति भाष्ये उक्तम्। अविद्याया जन्यत्वादेव 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जलान्' इतिश्रुतिर्द्वन्द्वगर्भा ब्रह्मातिरिक्तसर्वत्वावच्छिन्नविषये एकरूपा भवति। विष्णुपुराणेऽपि—

ज्ञानमेव परं ब्रह्म ज्ञानं बन्धाय चेष्यते।
ज्ञानात्मकमिदं विश्वं न ज्ञानाद्विद्यते परम्॥

"यथा भिन्नजलेष्वेक आदित्यो भासते पृथक्।
एक आत्मा शरीरेषु भिन्नवद्भासते तथा"॥

इति व्यासस्मृतेश्च। तदाह—भातीति। अत एव। तस्य विशेष्यतया सर्वत्र भानादेव। उक्तम् "सिद्धेशब्द" इति वार्तिकव्याख्यावसरे। उपरिष्टात् अत्रैव जातिस्फोटनिष्कर्षप्रस्तावे। ननु तत्तदाकारादिरूपोपाध्यादेस्ततो भेदलाभेन द्वैतापत्तिरत आह—उपेति। तैरपि। श्रुत्यादिस्थैरिति शेषः। उच्यते इति शेषः। (१) नन्वेवं तस्य नित्यत्वापत्तिरत आह—पूर्वेति। तथा च तत्कृतमेव तस्य द्वैविध्यमिति तस्य न तत्त्वमिति भावः। तदिति। उपाध्यादीत्यर्थः। (२) अत एव। सर्वबोधत्वस्य ब्रह्मण्येव सत्त्वादेव। अत एव। विशेषणांशमादाय तस्य जन्यत्वादेव। कुत्रासौ अत आह—तथा चेति। तदभिप्रेत्यैव चेत्यर्थः। ननु नपुंसकब्रह्मशब्दस्य परस्मिन्नेव मुख्यत्वात्कथमपरस्मिन्प्रयोगोऽत आह—सामीप्यादिति। तुः शङ्कानिरासे। परमेव ब्रह्म सत्यकामत्वादिगुणयुक्तं कार्यब्रह्मेत्युच्यते। तथा च तत्सामीप्यात्तद्व्यपदेशः। मुख्यासम्भवाल्लक्षणया प्रयोग इत्यर्थः। तथा च श्रुतिः—"मनोमयः प्राणशरीरो भारूपः सत्यसंकल्प आकाशः

---

१. 'नन्वेकस्य कथमुभयतो भानमत आह—पूर्वेति'। इति ख० पुस्तके पाठः।

२. 'तत्त्वं चोक्तरीत्या शुद्धस्येति भावः। जीवनिरासायाह—विशुद्धोपेति। तत्त्वञ्च तदुपाधेस्तद्व्यामोहकत्वम्, क्वचिद् अधिकारिविशेषत्वम्, मनोमयत्वम् अनिश्चयज्ञानात्मकत्वम्। आदिना निश्चयज्ञानात्मकत्वरूपविज्ञानमयत्वादि। स्पष्टं चेदं तैत्तिरीये बृहदारण्यके च। सर्वस्य ब्रह्मरूपत्वे प्रमाणभूतश्रुत्या अविद्याया अन्यत्वमपि बोधितमिति सिंहावलोकनन्यायेनाह—अविद्याया' इति ख० पुस्तके पाठः।

विद्याविद्ये च मैत्रेय ज्ञानमेवोपधारय । इति ।
निरुपाधिब्रह्मैव विद्या सोपाधि तदेवाविद्येति तदर्थः ।

तदुक्तमाचार्यैः 'द्विरूपं हि ब्रह्मावगम्यते नामरूपविकारभेदोपाधि-विशिष्टं तद्विपरीतं च सर्वोपाधिविवर्जितम्' इति । अत्रावगम्यते इत्युक्त्या व्यवहारमात्रे ब्रह्मणो विशेष्यत्वमुक्तम् । अन्त्यन्तु योगिभिः समाधाववगम्यत इति बोध्यम् ॥ ९२ ॥

सर्वकर्मा सर्वकाम" इत्यादि । ब्रह्मेति । परेत्यादिः । किं तदपरमित्यत आह--कार्यमेवेति । (१) शुद्धस्योपासनासम्भवात् सर्वस्य ब्रह्मरूपत्वं प्रमाणभूतश्रुत्या अविद्याया जन्यत्वमपि बोधितमित्याह--अविद्याया इति । अत्र सर्वमिति प्रकृतिसाधकम् । तज्जेति (२) तत्साधकम् । जं च लं च अन् च जलान्, तस्य जलान् । ततो जातम्, तेन जीवितम्, तत्र लीनमित्यर्थः । तदाह--द्वन्द्वेति । अन्यथाऽविद्यान्यविषयतया सङ्कोचनीया स्यादिति भावः । तस्य सर्वत्र विशेष्यत्वे मानान्तरमप्याह--विष्णुपुराणेऽपीति । स्वाशयमाह--निरूपेति । एवमर्थे मानमाह--अत्रेति । अन्येषामनधिकारादाह--अन्त्यमिति ॥ ९२ ॥

सरला—तत्तद् आकृति से विशिष्ट ब्रह्म ही घटादिरूप में भास रहा है, इस अंश में प्रमाण प्रस्तुत कर रहे हैं--तदुक्तं परमार्थसारे—लोक में सुख, दुःख आदि के वैचित्र्यदर्शन से जीवात्मा का नानात्व अनुभवसिद्ध है, ऐसी स्थिति में 'आत्मा एक है', ऐसा कहना उचित नहीं है, इस पर समाधान करते हैं कि—जैसे एक

---

१. 'तज्जलानित्यस्येति शान्त उपासीतेति शेषः । सर्वमिदं ब्रह्म यतस्तत् सर्वं तज्जलान् । जायते इति जम्, लीयते इति लम्, अनितीत्यन्, स्फूर्त्यादिमत् तत्सम्बन्धेन जलान् । तज्जलानिति हेतोः, सर्वत्र रागद्वेषादिशून्यतया शान्तो भूत्वा सर्वमिदं ब्रह्म ततो भिन्नं तत्त्वमित्युपासीत । अर्थाद् ब्रह्मैवेति श्रुत्यर्थः । उक्तरीत्या जीव एव ब्रह्माभेद इति न; किन्तु सर्वत्र इत्याशयकेन सर्वत्र शास्त्रदृष्ट्या ब्रह्माभेदो ज्ञेयः । सर्वमित्यादिश्रुतिरूपात्मकस्मृत्यादिप्रसिद्धादुपदेशादित्यर्थकेन द्वितीयपादाद्यसूत्रेण 'सर्वत्र प्रसिद्धोपदेशाद्' इत्यनेन स्पष्टमिदमुक्तम् । तदाह —द्वन्द्वेति । जं च लं च अन् जलान् च तस्य जलान्, ततो जातम्, तेन जीवितम्, तत्र लीनमित्यर्थः । तदभेदस्य प्रतिपाद्यत्वादाह--ब्रह्मातीति अन्यथाऽविद्यान्यादिः' । इति ख० पु० पाठः ।

२. 'अत एव तस्योभयरूपेण भानादेव, वाचकं सर्वशब्दरूपं ब्रह्मैव प्रागुक्तरीत्या सिद्धान्तितम्, आगमसमुच्चये' इति ख० पुस्तके पाठः ।

ही सूर्य आकाश में स्थित होता हुआ सभी जलाशयों में प्रतिबिम्बरूप से प्रकाशित होता है। ऐसे ही परमात्मा सभी उपाधियों में प्रतिबिम्बित होकर भासित होता है। ऐसा भासना विशेष्यतया होता है। इसीलिये महाभाष्य में द्रव्य को नित्य कहा गया है, आगे चलकर इस विषय को हम कहेंगें। उपाधि-सन्निवेशादि आकृति आदि के बोधक शब्दों से ब्रह्म का ही बोध होता है; क्योंकि पूर्व-पूर्व वासनाओं के कारण उपाधि-आकृति आदि रूप से अथवा तद्विशिष्टत्वरूप से परमात्मा का ही भान हो रहा है। इसीलिये सभी शब्दों का ब्रह्म ही वाच्य है; तथा सभी अर्थों का ब्रह्म ही वाचक है, ऐसा श्रीभर्तृहरि का सिद्धान्त है। अत एव हिरण्यगर्भ के लिये कार्यब्रह्म का व्यवहार किया जाता है। तथा—"सामीप्यात्तु तद्व्यपदेशः" इस सूत्र में भाष्यकार भगवान् श्रीशंकर ने "ब्रह्म के सामीप्य से अपरब्रह्म में भी ब्रह्मशब्द का प्रयोग होता है। विशुद्ध उपाधि से सम्बद्ध परब्रह्म ही कहीं किन्हीं मनोमयत्व आदि विकारधर्मों के द्वारा उपासना के लिये उपदिश्यमान होकर अपरब्रह्म कहलाता है, ऐसी लोक की स्थिति है, ऐसा कहा है।

अविद्या की जन्यता मानने से ही यह सभी प्रपञ्च ब्रह्म से जायमान हैं, ब्रह्म में लीन होता है, ब्रह्म में ही प्राण ग्रहण करता है, एतदर्थबोधक "सर्वं खल्विदम्" यह श्रुति द्वन्द्वसमास से घटित होकर ब्रह्म से भिन्न सर्वत्वावच्छिन्न (सभी प्रपञ्च) के विषय में एकरूप से चरितार्थ होगी। यदि अविद्या जन्य न मानेंगे, तो सर्वपदार्थ अविद्या से अतिरिक्त लिया जायगा। एकरूपता भङ्ग हो जायगी। विष्णुपुराण में भी "सर्वत्र ब्रह्म ही विशेष्यतारूप से भासित हो रहा है" यह विषय कहा गया है—ज्ञान ही परब्रह्म है, ज्ञान ही बन्धन का भी कारण है।

यह समस्त विश्व ज्ञानात्मक ही है, ज्ञान से अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। हे मैत्रेय! विद्या एवं अविद्या ये दोनों ज्ञान ही समझो। उपाधि-रहित ब्रह्म ही विद्या है, उपाधिसहित वही ब्रह्म अविद्या है, ऐसा उस श्लोक का अर्थ है, यही बात भगवान् शंकर कहे हैं, कि—ब्रह्म के दो रूप देखे जाते हैं, नाम रूप जो विकारविशेषरूप उपाधि, उससे विशिष्ट एकरूप, सभी उपाधियों से रहित दूसरा रूप। इस भाष्य में 'अवगम्यते' इस पद के कहने से व्यवहारमात्र में ब्रह्म की विशेष्यता कही गयी है; क्योंकि वही तो प्रधानतया व्यवहार का विषय होता है। सर्वोपाधिरहित ब्रह्म तो योगियों के द्वारा समाधि में ज्ञात होता है, ऐसा समझना चाहिये ॥ ९२ ॥

परमार्थसारेपि—

विज्ञानान्तर्यामिप्राणविराड्देहजातिपिण्डान्ताः ।
व्यवहारस्थस्यात्मन एतेऽवस्थाविशेषाः स्युः ।। इति ।

यद्यपि विज्ञानं ब्रह्मैव, तथापि नामवैशिष्ट्येनावस्थात्वमुक्तम् । विपरीतं ज्ञानं मायापि विज्ञानमत्र । एते विज्ञानादय आत्मनो भ्रमरूपाः प्रतिभासमात्रविषया अवस्था इत्यर्थः । अनेन सर्वोपाधीनां तद्विशेष्याणां च ब्रह्मरूपत्वमुक्तम् । तदप्युक्तं तत्रैव—

रज्ज्वां नास्ति भुजङ्गः सर्पभयं भवति हेतुना केन ।
तद्व द्द्वैतविकल्पभ्रान्तिरविद्या न सत्यमिदम् ।।

क०—अत्र मानान्तरमप्याह—परेति । तान् अवस्थाभेदानेवाह—विज्ञानेति । ब्रह्मैव । शुद्धब्रह्मैव । "विज्ञानं ब्रह्म" इति श्रुतिः । एवेन तस्यावस्थावत्त्वनिरासः । नामेति । विज्ञानपदवत्त्वेन सोऽप्यवस्थाविशेष इत्यर्थः । (१) विपरीतमिति । ज्ञान-विरोधीत्यर्थः । माया । अविद्या । अपिः । पूर्वसमुच्चये । अन्तर्यामी । शुद्धसत्त्वगुण-मायारूपाविद्योपाधिः । "एष ते आत्मान्तर्याम्यमृत" इति श्रुतेः । प्राणः । गुणत्रयो-पाधिको ब्रह्मविष्णुरुद्रसंज्ञः उत्पत्तिस्थितिसंहारकृत् । यद्वा प्राणः सूत्रात्मा लिङ्गशरीर-समष्ट्यभिमानी हिरण्यगर्भः । "वायुर्वै गौतम तत्सूत्रम्" इति श्रुतेः ।

प्राणस्तु प्रणवे ज्ञेयो जीविते परमात्मनि ।
इन्द्रिये वायुभेदे च बलान्तर्यामिणोरपि ।।

